ANANTA SATSANG · BILINGUAL SCRIPTURE LIBRARY

Satsaṅga-sudhā

सत्सङ्ग-सुधा

Twenty Discourses on Faith, Prayer, Divine Refuge, and Inner Peace

A Saint (anonymous)

Original text with a fresh English translation

About this edition

> A complete bilingual edition of the anonymous saint's twenty devotional discourses published by Gita Press in 1952, moving from prayer and trust in divine grace through discipline of thought, love, refuge, worship, freedom from fear, and the search for peace.

Source edition: Complete 192-scan image-container facsimile, including cover, contents, editorial note, 188 numbered pages, and the intentionally blank source leaf. Gita Press, Gorakhpur

Contents

1 मुखपृष्ठ, विषय-सूची एवं निवेदन
Cover, Contents, and Editorial Note

2 प्रार्थना
Prayer

3 प्रभुके साथ सम्पर्क
Contact with the Lord

4 इच्छाशक्ति या प्रभुकृपापर विश्वास
Willpower or Faith in the Lord's Grace

5 चाहने योग्य सत्य वस्तु
The True Object Worth Desiring

6 प्रभुका आदेश
The Lord's Command

7 विचारोंका संयम
Discipline of Thought

8 मनकी सँभाल
Care of the Mind

9 हमारा जगत्
Our World

10 श्रद्धाका बीज बोयें
Sow the Seed of Faith

11 समयका सदुपयोग
The Right Use of Time

12 दुःखके कारण
The Causes of Suffering

13 काम या प्रेम
Desire or Love

14 दुःखनाशका अमोघ उपाय
The Unfailing Means to End Suffering

15 भगवान्‌की ज्योति जगा लें
Kindle the Light of the Lord

16 प्रभुका आश्रय
Refuge in the Lord

17 भगवान्‌का सम्बन्ध ही सच्चा सम्बन्ध है
Relationship with the Lord Is the Only True Relationship

18 भगवान्‌की पूजा-आरती
Worship and Ārati of the Lord

19 मानसिक विष और उसके त्यागके उपाय
Mental Poison and the Means to Renounce It

20 भयकी निवृत्ति
Freedom from Fear

21 शान्तिकी खोज
The Search for Peace

CHAPTER 1

मुखपृष्ठ, विषय-सूची एवं निवेदन
Cover, Contents, and Editorial Note

Source coverage: 1–3

ORIGINAL

॥ श्रीहरिः ॥

सत्सङ्ग-सुधा

एक साधु

[मुखपृष्ठपर भगवान् विष्णुका चित्र]

ENGLISH TRANSLATION

In the Name of Śrī Hari

Satsaṅga-sudhā

By a Saint

[The cover bears an image of Bhagavān Viṣṇu.]

ORIGINAL

॥ श्रीहरिः ॥

विषय-सूची

1. प्रार्थना - १
2. प्रभुके साथ सम्पर्क - ११
3. इच्छाशक्ति या प्रभुकृपापर विश्वास - २९
4. चाहने योग्य सत्य वस्तु - ३८
5. प्रभुका आदेश - ४५
6. विचारोंका संयम - ५०
7. मनकी सँभाल - ५९
8. हमारा जगत् - ६६
9. श्रद्धाका बीज बोयें - ७५
10. समयका सदुपयोग - ८६
11. दुःखके कारण - ९२
12. काम या प्रेम - १०३
13. दुःखनाशका अमोघ उपाय - ११६
14. भगवान्‌की ज्योति जगा लें - १२४
15. प्रभुका आश्रय - १३५
16. भगवान्‌का सम्बन्ध ही सच्चा सम्बन्ध है - १४३
17. भगवान्‌की पूजा-आरती - १५३
18. मानसिक विष और उसके त्यागके उपाय - १६३
19. भयकी निवृत्ति - १७४
20. शान्तिकी खोज - १८३

ENGLISH TRANSLATION

In the Name of Śrī Hari

Contents

1. Prayer - 1
2. Contact with the Lord - 11
3. Willpower or Faith in the Lord's Grace - 29
4. The True Object Worth Desiring - 38
5. The Lord's Command - 45
6. Discipline of Thought - 50
7. Care of the Mind - 59
8. Our World - 66
9. Sow the Seed of Faith - 75
10. The Right Use of Time - 86
11. The Causes of Suffering - 92
12. Desire or Love - 103
13. The Unfailing Means to End Suffering - 116
14. Kindle the Light of the Lord - 124
15. Refuge in the Lord - 135
16. Relationship with the Lord Is the Only True Relationship - 143
17. Worship and Ārati of the Lord - 153
18. Mental Poison and the Means to Renounce It - 163
19. Freedom from Fear - 174
20. The Search for Peace - 183

ORIGINAL

॥ श्रीहरिः ॥

निवेदन

इस पुस्तकमें प्रकाशित लेख हमारे एक अति निकटस्थ ऐसे साधुके द्वारा बड़े आग्रह करनेपर लिखे गये हैं, जो अपना नाम प्रकट नहीं करना चाहते। इन लेखोंमें 'भगवान्‌के विश्वास' की बड़ी ही महत्त्वपूर्ण बातें हैं। इनसे पाठकोंको विशेष लाभ उठाना चाहिये।

गोरखपुर

श्रावण-शु० १५, सं० २००९

हनुमानप्रसाद पोद्दार

ENGLISH TRANSLATION

In the Name of Śrī Hari

Editorial Note

The articles published in this book were written, at our repeated urging, by a saint very close to us who does not wish to reveal his name. They contain matters of great importance concerning faith in Bhagavān. Readers should derive special benefit from them.

Gorakhpur

Śrāvaṇa Śukla 15, Vikrama Saṃvat 2009

Hanuman Prasad Poddar

CHAPTER 2

प्रार्थना

Prayer

Source coverage: 4–13

ORIGINAL

।। श्रीहरिः ॥

प्रार्थना

जिस समय हमारे चारों ओर विपत्तिके बादल मँडराने लगते हैं, अन्धकार छा जाता है, कोई साथी नहीं रहता, पथ दिखानेवाला भी कोई नहीं होता, उस समय-यदि हमारे अन्दर थोड़ी भी आस्तिकता रहती है तो हम बरबस भगवान्‌की ओर मुड़कर पुकार उठते हैं- 'नाथ ! रक्षा करो, पथ दिखाओ।' तथा हममेंसे बहुतोंका यह अनुभव है कि पुकार लगते ही ऐसे विचित्र ढंगसे हमारी रक्षा हो जाती है कि जिसकी कल्पनातक नहीं हो सकती। ऐसा क्यों होता है ? इसीलिये कि भगवान् अपने सम्पूर्ण ज्ञान, अनन्त सामर्थ्य, अनन्त सौहार्दको लिये नित्य हमारे साथ हैं, उनसे हृदयका संयोग होते ही उनकी सम्पूर्ण शक्ति हमारी आवश्यकता पूर्ण करनेके लिये प्रकट हो जाती है। जहाँ उनकी अप्रमेय शक्ति अपरिसीम सौहार्दको व्यक्त होनेका अवसर मिला कि काले बादल बिखर गये, निर्मल प्रकाश छा गया, भार हर लेनेवाले साथी आ पहुँचे, सुविस्तीर्ण निष्कण्टक पथ दीख गया तथा कृतज्ञतापूर्ण हृदयसे प्रभुके चरणोंमें सिर नवाकर हम गन्तव्यकी ओर चल पड़े।

किन्तु प्रभुसे हमारे हृदयका यह संयोग स्थायी नहीं हो पाता, इस क्षणके बाद हमारा जीवन भगवत्-प्रार्थनामय नहीं बन जाता । अनुकूल परिस्थिति आते ही हम प्रभुको भूलने लगते हैं, 'प्रभुकी प्रार्थना ऐसी अद्भुत चमत्कारकी वस्तु है' यह स्मृति भी हम धीरे-धीरे खो बैठते हैं। इनसे भिन्न कुछ ऐसे प्राणी भी हैं, जो स्वाभाविक प्रायः भगवान्‌की

ENGLISH TRANSLATION

[Sanskrit] Shri Hari.

Prayer

When clouds of adversity begin to hover all around us, darkness prevails, there remains no companion, and there is no one to show the path, at that time - if even a little faith remains within us, we helplessly turn towards God and cry out - 'O Lord! Protect me, show me the path.' And it is the experience of many of us that as soon as the call is made, our protection happens in such a peculiar manner that one cannot even imagine it. Why does this happen? It is because God is always with us with His absolute knowledge, infinite power, and infinite affection; as soon as our heart unites with Him, His entire power manifests to fulfill our need. The moment His immeasurable power and boundless affection get an opportunity to express themselves, the dark clouds scatter, clear light spreads, burden-relieving companions arrive, a vast thornless path becomes visible, and bowing our heads at the feet of the Lord with a grateful heart, we proceed towards our destination.

However, this union of our heart with the Lord does not become permanent; after this moment our life does not become full of prayer to God. As soon as favorable circumstances arrive, we begin to forget the Lord, we gradually lose even the memory that 'Prayer to the Lord is such an object of wondrous miracle.'

Distinct from these, there are some such beings too, who naturally and often pray to God.

ORIGINAL

प्रार्थना करते हैं। उनमें सब तो नहीं, पर अधिकांश कैसी प्रार्थना करते हैं, यह विचारणीय है। संक्षेपमें कहनेपर उनकी प्रार्थनाका रूप यह है -- 'नाथ ! मुझे अमुक वस्तु दो, अमुक प्रकारसे दो और अमुक समयमें दो ।' अर्थात् कौन-सी वस्तु मिले इसका निर्णय तो हम कर ही देते हैं। उस वस्तुकी प्राप्ति किस उपायसे हो तथा किस समय हो, यह भी हम ही पहलेसे उन्हें सूचित कर देते हैं । मानो भगवान्में यह ज्ञान नहीं कि वे हमारी यथार्थ आवश्यक वस्तुका निर्णय कर सकें, उसकी प्राप्तिका उपाय स्थिर कर सकें तथा ठीक समयपर हमें लाकर दे सकें। होना तो यह चाहिये कि हम प्रार्थना करें कि 'नाथ ! तुम्हारी जो इच्छा हो, वह मुझे दो, जिस प्रकारसे देना चाहो, उस प्रकारसे ही दो तथा जब देना चाहो तभी दो।' क्योंकि उनके समान या उनसे बढ़कर सर्वज्ञ तथा सर्वथा निर्मल शुभचिन्तक हमारे लिये और कौन होगा; किन्तु यह न करके हम प्रभुके सामने अपनी क्षुद्र भावनाओंको ही रखते हैं। फिर भी यह प्रार्थनाकी श्रेणीमें अवश्य है, क्योंकि उस समय हमारे हृदयका प्रभुसे संयोग तो होता ही है। भगवान् ऐसी प्रार्थनासे नाराज बिल्कुल नहीं होते, वे तो कभी भी किसीपर भी किसी कारणसे भी नाराज होते ही नहीं; किन्तु ऐसी प्रार्थनाओंका यथोचित परिणाम हमें तुरन्त मिल ही जाय यह निश्चित नहीं। वे सफल भी हो सकती हैं, नहीं भी; क्योंकि प्रभुके अनन्त मङ्गलमय विधानसे अविरोधी प्रार्थनाएँ ही तत्क्षण सफल होती हैं । जो प्रार्थीके लिये परिणाममें अहितकर प्रार्थनाएँ हैं, वे सफल नहीं होतीं। परम मङ्गलमयसे अमङ्गलका दान किसीको मिल ही नहीं सकता । उपर्युक्त दोनोंसे अतिरिक्त कुछ ऐसे मनुष्य भी होते हैं, जो भगवान्से केवल भगवान्के लिये- भगवत्प्रेमके लिये ही प्रार्थना करते हैं। जगत्की किसी वस्तुकी चाह उनके मनमें नहीं होती।

ENGLISH TRANSLATION

Of them, not all, but what kind of prayer the majority make, is worth considering. Stated briefly, the form of their prayer is this - 'O Lord! Give me such and such object, give it in such and such manner, and give it at such and such time.' That is to say, we ourselves make the decision of which object should be received. By what means that object should be attained and at what time, this too we ourselves inform Him in advance. As if God does not possess the wisdom to determine our truly necessary object, fix the means of its attainment, and bring it to us at the right time. What ought to be done is that we should pray, 'O Lord! Whatever Your will is, give me that, in whatever manner You wish to give, give it in that very manner, and whenever You wish to give, give it only then.' Because who else could be as omniscient and absolutely pure a well-wisher for us, equal to Him or greater than Him? But instead of doing this, we place only our petty desires before the Lord. Nevertheless, this is certainly in the category of prayer, because at that time the union of our heart with the Lord does occur. God is not at all displeased with such a prayer, He is never displeased with anyone for any reason whatsoever; but it is not certain that we will immediately get the proper result of such prayers. They may be successful, or they may not be; because only those prayers which are non-contradictory to the Lord's infinitely auspicious ordinance become successful instantly. Those prayers which are ultimately detrimental to the supplicant do not succeed. No one can ever receive a gift of inauspiciousness from the supremely Auspicious One.

Apart from the above two, there are some such people too, who pray to God only for God - only for divine love. There is no desire for any object of the world in their mind.

ORIGINAL

विषयोंका प्रलोभन उन्हें जरा भी नहीं सताता । उनका हृदय सहज और सतत भगवान्‌से जुड़ा हुआ होता है।

इस तीसरी श्रेणीकी प्रार्थनामें तो प्रार्थीको कुछ सीखनेकी आवश्यकता नहीं होती, प्रार्थनाकी सारी विधियाँ उसकी प्रार्थनामें सहज ही वर्तमान रहती हैं। वास्तवमें सच्ची और कल्याणमयी भगवत्प्रार्थना है भी यही, मानव-जीवनकी सफलता भी इसी प्रार्थनामें है। क्षुद्र भोगोंके लिये भगवान्‌से प्रार्थना करना तो भगवान्‌की कृपामयतापर, उनके परम मङ्गलमय विधानपर अविश्वासका ही द्योतक है। मानो भगवान्‌को हमारी चिन्ता नहीं, हमारी आवश्यक वस्तु वे हमें नहीं दे रहे हैं, ऐसी भावना हमारी अन्तश्चेतनामें छिपी होती है । फिर भी हमें तो वहाँसे आगे बढ़ना है, जहाँ हम खड़े हैं। यदि हम प्रभुपर सर्वथा निर्भर नहीं हो सकते तो पूर्ण निर्भरताका स्वाँग भरनेसे काम नहीं चलता, हमें तो अपने मानसिक धरातलके अनुरूप ही मार्ग अपनाना पड़ेगा। हममेंसे अधिकांश पूर्ण निर्भरताका मार्ग नहीं ग्रहण कर सकते, अतः पहलेकी दो प्रार्थनाओंको ही हमलोग अपनाते हैं; किन्तु इन दोनों प्रार्थनाओंमें भी कुछ जाननेयोग्य बातें हैं, उन्हें जानकर समझकर फिर की हुई प्रार्थना बड़ी मूल्यवान् होती है। वह प्रार्थना जीवनको नीचे स्तरसे उठाकर भगवान्‌के दिव्य आलोकमें पहुँचा देती है।

१ - भगवान्‌से हम जिस वस्तुके लिये प्रार्थना करते हैं, उस वस्तुकी तीव्र चाह हमारे मनमें हो, यदि उस वस्तुके बिना भी हमारा काम किसी चीजसे चल जाता हुआ दीखता हो तो समझना चाहिये कि उस वस्तुकी तीव्र चाह हमारे मनमें नहीं है।

२ - उस वस्तुको पाना ही है, यह दृढ़ निश्चय हो। यदि वस्तुकी प्राप्तिमें रह-रहकर उत्साह शिथिल पड़ जाता हो तो मानना चाहिये कि निश्चय दृढ़ नहीं है।

ENGLISH TRANSLATION

The temptation of worldly objects does not torment them even a little. Their heart remains naturally and constantly connected with God.

In this third category of prayer, the supplicant has no need to learn anything; all the methods of prayer remain naturally present in his prayer. In reality, the true and beneficent prayer to God is this alone, and the success of human life also lies in this prayer. To pray to God for petty pleasures is indeed an indicator of disbelief in God's grace and His supremely auspicious ordinance. As if God does not care for us, He is not giving us our necessary object; such a feeling remains hidden in our inner consciousness. Still, we have to move forward from where we stand. If we cannot entirely depend on the Lord, then making a pretense of complete dependence does not work; we will have to adopt a path corresponding to our mental level. Most of us cannot adopt the path of complete dependence, hence we people adopt only the first two prayers; however, there are some things worth knowing in these two prayers as well, a prayer made after knowing and understanding them is very valuable. That prayer lifts life from a lower level and brings it into the divine light of God.

1 - The object for which we pray to God, there should be an intense desire for that object in our mind; if it seems our work can go on with something else even without that object, then it should be understood that there is no intense desire for that object in our mind.

2 - There should be a firm resolve that the object must be attained. If enthusiasm repeatedly becomes slack in the attainment of the object, then it should be believed that the resolve is not firm.

ORIGINAL

३ - पूर्ण धैर्य हो। प्रार्थना आरम्भ करनेके बाद फल प्रकट
होनेतक अधीरताकी छाया भी मनको न छू पावे, साथ ही फल प्रकट
हुआ कि नहीं यह देखनेकी ओर वृत्ति ही न जाय । बीज बोकर जलसे
सींचकर फिर तुरन्त ही उसे उखाड़कर देखा नहीं जाता कि बीजमें अङ्कुर
लगा या नहीं ।४ - प्रार्थनाका तार न टूटे । फल प्रकट होनेतक यथासाध्य
अनवरत अविराम पूर्ण तत्परताके साथ प्रार्थना चलती रहे ।५ - यह अखण्ड अविचल विश्वास मनमें निरन्तर
जागरूक रहे
कि प्रभु यहाँपर अवश्य हैं, यह वस्तु वे हमें दे सकते हैं, अवश्य देंगे ।
जो कोई भी उनके सामने जिस वस्तुके लिये उपस्थित होता है, उसे वे
वह वस्तु अवश्य देते हैं । हमें भी वे अवश्य देंगे । हमें यह वस्तु निश्चय
ही मिलेगी। इसमें तनिक भी सन्देह नहीं ।६ - किन्तु प्रार्थनाके समय प्रभुके समक्ष उस वस्तुके लिये रोना,
रोनेकी आवश्यकता नहीं है । प्रार्थनाका रूप तो होना चाहिये - प्रभुसे
हृदयका मिलन, हृदयका एकीकरण, प्रभुके रूपमें तन्मयता, अंशका
अंशीमें मिल जाना; प्रभुके समग्र ऐश्वर्य, समग्र वीर्य, समग्र यश, समग्र
श्री, समग्र ज्ञान और समग्र वैराग्यमें अपनी सत्ता खो देना। इसमिलनका आनुषङ्गिक परिणाम होगा इच्छाकी पूर्ति
- इष्ट वस्तुकी
प्राप्ति । कल्पना करें, गलित कुष्ठसे शरीर पीड़ित है अथवा भयानक
फोड़ा होकर उसमें मवाद भर आया है, वेदनासे प्राण व्याकुल हैं । इनसे
त्राण पानेके लिये हम प्रभुसे प्रार्थना करने चलें । अब यह नहीं कि हम
अपने मानसिक नेत्रोंके सामने गलित कुष्ठका चित्र रखकर उसका
चिन्तन आरम्भ करें, फोड़ेका विकराल रूप प्रभुके सामने रखें ।

ENGLISH TRANSLATION

3 - There should be complete patience. After starting the prayer, until the fruit manifests, even the shadow of impatience should not touch the mind, and also the tendency should not go towards seeing whether the fruit has manifested or not. After sowing a seed and watering it, one does not immediately uproot it to see whether the seed has sprouted or not.4 - The thread of prayer should not break. Until the fruit manifests, as far as possible, the prayer should continue incessantly, ceaselessly, and with complete readiness.5 - This unbroken, unwavering faith should remain constantly awake in the mind that the Lord is certainly present here, He can give us this object, He will certainly give it. Whoever presents himself before Him for whatever object, He certainly gives that object to him. He will certainly give to us as well. We will definitely get this object. There is not even the slightest doubt in this.6 - But at the time of prayer, crying before the Lord for that object, there is no need to cry. The form of prayer should be - union of the heart with the Lord, integration of the heart, absorption in the form of the Lord, the merging of the part into the Whole; losing one's existence in the Lord's absolute opulence, absolute valor, absolute fame, absolute beauty, absolute knowledge, and absolute dispassion. Thisincidental result of union will be the fulfillment of desire - the attainment of the desired object. Imagine, the body is afflicted with festering leprosy or a terrible boil has occurred and filled with pus, the life force is distressed with agony. To get relief from these, let us proceed to pray to the Lord. Now, it is not that we should start contemplating by placing the picture of festering leprosy before our mental eyes, or place the frightful form of the boil before the Lord.

ORIGINAL

ऐसा करना तो प्रार्थनाकी पद्धतिसे दूर चले जाना है। हमें तो चाहिये कि हम प्रभुके उस निरामय स्वरूपका चिन्तन करें, जिसमें विकृति नहीं, अभाव नहीं, दुर्गन्ध नहीं, मलिनता नहीं; जो अनिन्द्य सुन्दर है, सर्वथा सर्व ओरसे सदा पूर्ण है, अनन्त सौरभका निवास है और जो परम दिव्य है। उनकी वह निरामय, मञ्जु, सर्वथा सुरभित, ज्योतिर्मय सत्ता हमारे शरीरके अणु-अणुमें व्याप्त है, ऐसी दृढ़ भावना हम बार-बार करें। प्रभुसे अनुप्राणित हमारे इस शरीरका अणु-अणु रोगसे शून्य, मनोहर, सुन्दर, नित्य पूर्ण, सुवासमय, एक चिन्मय ज्योतिसे उद्भासित हो रहा है, ऐसा अनुभव करनेका बारम्बार हम प्रयास करें। कुष्ठकी, फोड़ेकी हमें सर्वथा विस्मृति हो जाय; उसके स्थानपर अविकारी, सम्पूर्ण, नित्य रुचिर, सुरभिमय, परमोच्चल प्रभुकी सत्ता व्यक्त दीखने लगे, ऐसी चेष्टा हमारी हो। विश्वास एवं लगनके साथ ऐसी धारणा करनेपर ऐसी भावना हो जाना कठिन नहीं है। तथा भावना दृढ़ हुई कि प्रभुका दिव्य चमत्कार हमारे अनजानमें ही उस गले शरीरपर, फोड़ेसे व्याकुल त्वचापर प्रकट हो जायगा। यह कल्पना नहीं, ध्रुव सत्य है। भारतीय शास्त्र तो ऐसे अगणित प्रमाणों से भरे हैं ही। आज भी ऐसी घटनाएँ प्रत्यक्ष होती हैं। इस विज्ञानयुगके प्रतिभाशाली विज्ञानवेत्ताओंकी दृष्टिके सामने भी होती हैं, हुई हैं। नोबेल पुरस्कार-विजेता, संसारप्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं सर्जन डॉक्टर अलेक्सिस कारेलका कहना है कि उन्होंने स्वयं आँखोंसे देखा है—एकमात्र केवल प्रार्थनासे कुछ ही क्षणोंमें मुँहके घाव, शरीरके अन्य घाव, कैंसर, मूत्राशयके रोग और यक्ष्मा आदि रोगोंसे पीड़ित रोगियोंके ये रोग मिट गये हैं।

अच्छा, रोगसे मुक्त होनेकी बात तो ठीक। हमें तो धन चाहिये। घरमें युवती कन्या है, उसका विवाह करना है, पर भरपेट भोजनके

ENGLISH TRANSLATION

To do so is to stray far from the true method of prayer. What we ought to do is meditate upon that taintless, healthy nature of the Lord, in which there is no deformity, no lack, no foul odor, and no impurity; which is impeccably beautiful, completely and eternally full in every respect, the abode of infinite fragrance, and supremely divine. Let us repeatedly hold the firm conviction that His taintless, charming, utterly fragrant, and luminous presence permeates every single atom of our body. Let us strive again and again to experience that every particle of our body, animated by the Lord, is free from disease, captivating, beautiful, eternally complete, sweet-scented, and radiant with a conscious divine light. May we completely forget the leprosy or the boil; instead, let our endeavor be such that the immutable, complete, ever delightful, fragrant, and supremely resplendent presence of the Lord becomes visibly manifest. Upon holding such a contemplation with faith and devotion, it is not difficult for such an inner feeling to arise. And once this feeling becomes steadfast, the Lord's divine miracle will manifest upon that decaying body, upon the skin tormented by sores, entirely unbeknownst to us. This is not imagination, but absolute truth. The Indian scriptures are indeed filled with countless proofs of this. Even today, such occurrences are witnessed directly. They happen and have happened before the very eyes of brilliant scientists in this age of science. The Nobel Prize winner, world-renowned scientist and surgeon Dr. Alexis Carrel states that he has seen with his own eyes that solely through prayer, within just a few moments, oral sores, other bodily wounds, cancer, bladder diseases, tuberculosis, and other afflictions have vanished in patients suffering from them. Well, being freed from disease is fine. But we need wealth. There is a young daughter at home whose marriage must be arranged, yet there is not enough food to eat one's fill,

ORIGINAL

लिये अन्न नहीं है, शरीर ढकनेके लिये पर्याप्त वस्त्र नहीं है। क्या भगवत्-प्रार्थनामात्रसे हमें धन मिल जायगा? अवश्य मिल जायगा, किन्तु प्रार्थना ठीक-ठीक होनी चाहिये। अन्य आवश्यक बातोंके साथ-साथ हमें प्रार्थनाके समय अपनी दरिद्रताकी भावना, अपनी गिरी हुई स्थितिकी स्मृति मिटा देनी होगी। उसके स्थानपर हम प्रभुके सर्वसम्पन्नमय रूप, अनन्त श्रीसम्पन्न सत्ताका स्मरण करें, उसमें अपना मन डुबा दें। 'यह अनन्त आकाश, अपरिसीम सागर, विस्तीर्ण भूभाग, ऊँची पर्वतमालाएँ, नदी-निर्झर, सरोवर, वन, उपवन, पशु, पक्षी, कीट, पतङ्ग, भूजन्तु, सोना, रूपा, हीरा, मोती, नीलम, पन्ना, पुखराज—इन अगणित वैभवोंके निर्माण करनेवाले जो प्रभु हमारे अन्दर नित्य वर्तमान हैं, उनमें अपने मनको लीन करें। हम ऐसी भावना करें कि प्रभुका अनन्त वैभव हमारे चारों ओर फैला हुआ है, उसपर हमारा अधिकार है, क्योंकि हम तो उनके हैं। भगवान्‌के नेत्रोंसे यह स्पष्ट अनुभव करें कि प्रभुकी अनन्त विभूति हमें तो प्राप्त ही है। हमारे लिये तो किसी अभावकी कल्पना ही नहीं है। विश्वासपूर्वक यदि वास्तवमें हम ऐसी भावना दृढ़ कर सकें तो निश्चित है हमारे लिये आवश्यक इच्छित धनकी व्यवस्था प्रभुके विधानसे होकर ही रहेगी।

सारांश यह कि हम जो वस्तु चाहते हैं उसके अभावकी ओरसे वृत्तियोंको हटाकर यह वस्तु जिन प्रभुमें पूर्णरूपसे नित्य वर्तमान है, उनमें केन्द्रित करें। 'हम अमुक वस्तु नहीं है, अमुक नहीं हैं', इस प्रकारके चिन्तनसे विरत होकर जहाँ हमारी चाहकी वस्तु पूर्णरूपमें सदा अवस्थित है, उसका चिन्तन करें।

७—यह बात ध्यानमें रखनेकी है कि विश्वस्रष्टा प्रभुके ही हम एक अंश हैं। अतः प्रभुके गुण हममें भी अंशरूपसे अवश्य वर्तमान हैं।

ENGLISH TRANSLATION

no grain for sustenance, and not enough clothes to cover the body. Will we receive wealth merely through prayer to God? We will certainly receive it, but the prayer must be performed properly. Along with other essential considerations, at the time of prayer we must erase the feeling of our poverty and the memory of our degraded condition. In their place, let us remember the Lord's all-affluent form and His infinitely prosperous presence, immersing our mind in it. Let us absorb our mind in the Lord who eternally dwells within us, the creator of these countless splendors-"this infinite sky, boundless ocean, vast expanse of land, lofty mountain ranges, rivers, streams, lakes, forests, groves, beasts, birds, insects, moths, earth-creatures, gold, silver, diamonds, pearls, sapphires, emeralds, and topazes." Let us cultivate the feeling that the Lord's infinite wealth is spread all around us and that we have a claim upon it, because we belong to Him. Through the eyes of God, let us distinctly experience that the Lord's infinite opulence is already attained by us. For us, there is no conception of any lack whatsoever. If we can truly make such a conviction firm with faith, it is certain that the arrangement of our required and desired wealth will inevitably take place through the Lord's divine ordinance. The essence is that, turning our mental faculties away from the lack of the object we desire, we should center them upon the Lord in whom that object is eternally present in its entirety. Desisting from such thoughts as "we do not have such-and-such a thing, we lack such-and-such," let us contemplate that wherein the object of our desire is eternally established in its full perfection. It must be kept in mind that we are an integral part of the Lord, the Creator of the universe. Therefore, the qualities of the Lord are also certainly present in us in partial measure.

ORIGINAL

प्रभुने सृष्टिसे पूर्व यह सङ्कल्प किया—‘एकोऽहं बहु स्यां प्रजायेय’ मैं एक ही बहुत हो जाऊँ। इस चिन्तन-सङ्कल्पका परिणाम यह हुआ कि यह विशाल विश्व सृष्ट हुआ, मूर्त हो गया। तो चिन्तनके द्वारा वस्तुका निर्माण करनेकी शक्ति हमारे अन्दर भी अवश्य है, क्योंकि हम विश्वस्रष्टाके अंश जो ठहरे। इसीलिये हम भी चिन्तनके द्वारा अपने लिये वस्तुका निर्माण कर सकते हैं; करते हैं। यह नियम है। हमारे प्रत्येक विचार मनसे सृष्ट होनेपर बाहर भी उसके अनुरूप ही आकार धारण करते हैं। यदि प्रार्थनाके समय हम अभावका, मलिनताका ही चिन्तन करें—'नाथ! देखो, इस वस्तुके अभावमें मुझे कितना कष्ट हो रहा है, हाय! मेरी कैसी गिरी दशा है।' इन भावोंकी ही आवृत्ति करते रहें तो अभावजन्य व्यथाकी, पतनकी मूर्तियाँ ही निर्मित होंगी तथा प्रभुकी पूर्ण परम सौन्दर्यमयी सत्तासे हमारे हृदयका क्षणिक संयोग होकर भी ये विचारकी अशुभ मूर्तियाँ बीचमें व्यवधान बनती जायँगी। पर ठीक इससे विपरीत यदि हम प्रार्थनाके समय ऐसा चिन्तन आरम्भ करें—'हमें तो सब कुछ प्राप्त है, हमारा सब कुछ सुन्दर है, नाथ! तुम्हारी कृपासे मैं कितने आनन्दमें हूँ; किस प्रकार मैं प्रतिक्षण ऊपर उठ रहा हूँ।' ऐसे विचारके समय महामहिम प्रभुसे हमारा संयोग तो हो ही रहा है, साथ ही इष्टप्राप्तिजन्य सुखकी, उत्थानकी शुभ मूर्तियाँ भी निर्मित हो रही हैं। विचारोंसे निर्मित ये शुभ मूर्तियाँ हमारे लिये सहायक बनती जा रही हैं। करुणासागर भगवान्‌की ओरसे जो कृपाकी लहरें हमारी ओर आती रहती हैं, उन्हें ये मूर्तियाँ बड़े वेगसे आकर्षित करने लगती हैं। देखते-ही-देखते हमारे शुभ विचार भगवान्‌के मङ्गलमय विधानसे जुड़ जाते हैं तथा फिर हमारे लिये बाहर एक शुभसे पूर्ण संसार मूर्त हो जाता है। तुरन्त ही वे प्रतिकूल परिस्थितियाँ मिट जाती हैं तथा उनके

ENGLISH TRANSLATION

Before creation, the Lord resolved: [Sanskrit] "I am one; let Me become many; let Me propagate." The result of this contemplative resolve was that this vast universe was created and took physical form. Thus, the power to create things through thought certainly exists within us as well, since we are portions of the Creator of the universe. For this very reason, we too can create things for ourselves through contemplation; and indeed we do. This is a law. Each of our thoughts, upon being conceived by the mind, takes on a corresponding form in the external world as well. If, at the time of prayer, we contemplate only lack and unworthiness-"O Lord! Behold, how much distress I am suffering in the absence of this thing; alas, what a fallen state is mine!"-and if we keep repeating these feelings, then only forms of misery born of lack and degradation will be created, and even though our heart experiences a momentary union with the full, supremely beautiful presence of the Lord, these inauspicious thought-forms will continually act as an obstacle in between. But directly contrary to this, if at the time of prayer we begin to contemplate thus-"We have already attained everything; all that is ours is beautiful; O Lord, by Your grace, how blissful I am; how I am rising higher with every passing moment"-during such contemplation, not only is our union with the glorious Lord taking place, but auspicious forms of elevation and of the happiness born of attaining our desired goal are also being fashioned. These auspicious forms created by our thoughts become our aids. They begin to attract with great velocity the waves of grace that continually flow toward us from the Lord, the ocean of compassion. In no time at all, our auspicious thoughts align with the benevolent ordinance of the Lord, and then a world full of auspiciousness materializes for us externally. Instantly, those adverse circumstances dissolve, and in their

ORIGINAL

स्थानपर हमारी मनोवाञ्छित परिस्थिति प्रकट हो जाती है। कहनेका तात्पर्य यह कि किसी वस्तुके लिये प्रार्थना करनेपर हमारे अन्दर जो विचारके द्वारा वस्तु-निर्माण करनेकी शक्ति है, इसको भी सहायक बना लेना चाहिये। यह बाधक न बन जाय इस बातसे सावधान रहना चाहिये। हर्ष, उत्थान, पूर्णता आदिकी भावना करना अपनी उस शक्तिको सहायक बना लेना है और विषाद, निराशा, शोक तथा दुःखकी भावना करना उन्हें बाधक बना लेना है।८—प्रार्थनासे पूर्व धीरतापूर्वक हमें विचार कर लेना चाहिये कि हमारी इच्छित वस्तु, जिसके लिये हम प्रार्थना करने जा रहे हैं, कहीं दूसरेके हितकी विरोधी वस्तु तो नहीं है? मान लें यह इच्छा उत्पन्न हुई कि 'हमारे अमुक शत्रुका विनाश हो जाय' तथा इस इच्छाकी पूर्तिके लिये हम प्रार्थना करने चलें—तो इसकी पूर्तिके लिये प्रार्थनाका आधार हमें भगवान्‌में कदापि नहीं मिलेगा। हम अपने भ्रान्त मलिन मनसे प्रभुमें ऐसे आधारका आरोप कर लें यह बात दूसरी है, पर वास्तवमें ऐसी प्रार्थनाके लिये आश्रय भगवान्‌में है ही नहीं। प्रभुमें किसीके भी प्रति शत्रुत्व अथवा द्वेषकी कल्पना ही जो नहीं है। उनकी दृष्टिमें उनके सिवा और है ही क्या जिसके प्रति वे द्वेष करें! अपने-आपके ही प्रति किसीका द्वेष होता है क्या? अतः ऐसी प्रार्थना करनेवालेको तो निराश ही होना पड़ेगा। काकतालीय-न्यायसे कोई घटना घट जाय और हम उसे अपनी प्रार्थनासे हुई मान लें तो यह तो हमारी बुद्धिका भ्रम है। वास्तवमें भगवान्‌में ऐसी प्रार्थनाका बीजतक टिकनेका स्थान नहीं है। हमें चाहिये कि यदि ऐसी इच्छा हमारे मनमें कभी जाग्रत् हो तो उस इच्छामें हम पहलेसे ही सुधार कर लें। हम यह इच्छा करें कि हमारा वह विरोधी, जिसे हम शत्रु मानते हैं, उसका

ENGLISH TRANSLATION

stead our cherished circumstances manifest. What this implies is that when praying for anything, we should make the power of creating things through thought, which resides within us, an ally as well. One should take care that it does not turn into an obstacle. To cultivate feelings of joy, elevation, and completeness is to turn that power into an aid, whereas harboring feelings of dejection, despair, grief, and sorrow is to make it an obstacle. Before praying, we should calmly reflect on whether the object of our desire, for which we are about to pray, is somehow detrimental to another's welfare. Suppose the desire arises that "may such-and-such an enemy of ours be destroyed," and we proceed to pray for the fulfillment of this desire-we will never find any ground in God for fulfilling it. It is another matter if we impute such a ground to the Lord through our deluded and impure mind, but in truth, there is no shelter in God for such a prayer at all. For in the Lord, there is no conception of enmity or malice toward anyone. In His eyes, what else exists besides Himself toward which He could harbor ill will! Does anyone ever harbor hatred toward one's own self? Therefore, one who makes such a prayer will have to face disappointment. If some event takes place by sheer coincidence and we consider it to be the result of our prayer, this is merely an illusion of our intellect. In reality, in God there is no room for even the seed of such a prayer to endure. Should such a desire ever awaken in our mind, we ought to rectify it beforehand. Let us wish instead that our adversary, whom we deem an enemy, may

ORIGINAL

हृदय विशुद्ध हो जाय और वह हमसे प्रेम करने लगे तथा इस इच्छाकी पूर्तिके लिये हम प्रार्थना करने चलें। प्रार्थनाकी यही कुञ्जी अपना लें। अनन्त प्रेमार्णव प्रभुमें मनको तन्मय कर दें। यह भावना करें, विश्वके अणु-अणुमें प्रभुका प्रेम भरा है, अणु-अणुसे दिव्य प्रेम झर रहा है, मेरे हृदयमें प्रेमकी सरिता प्रवाहित हो रही है, मेरे चारों ओर प्रेमका सागर हिलोरें ले रहा है। कोई शब्द सुन पड़े तो भावना करें कि 'ओह ! प्रभुके प्रेमसे सना यह शब्द कितना मधुर है।' कैसा भी स्पर्श प्राप्त हो, सोचें, 'ओह ! कितना प्रेमिल स्पर्श है।' कैसा भी रूप क्यों न दीखे, अनुभव करें कि 'ओह ! प्रभुका प्रेम तो इस रूपके अणु-अणुमें व्याप्त है।' रसनेन्द्रियको जिस रसकी अनुभूति हो, नासिकाका जिस गन्धसे संयोग हो, सोचें—'इस रसमें, इस गन्धमें प्रभुका दिव्य प्रेम ही तो ओतप्रोत है।' फिर हम देखेंगे हमारे उस विरोधीमें, जिसका हम विनाश चाहते थे, प्रेममय प्रभुका चमत्कार प्रकट हो गया है। हमारी प्रार्थना सफल हो गयी है। इसका निष्कर्ष यह है, पर-हित-विरोधी अपवित्र इच्छामें सुधार करके उसे प्रभुसे जुड़नेलायक पवित्र बनाकर फिर हम प्रार्थना करें।

९—मनसे यह धारणा निकाल दें कि प्रभु हमारी प्रार्थनासे दबकर हमारी इच्छाकी पूर्तिके लिये (जैसे खुशामदसे राजी होकर यहाँका अफसर कर देता है वैसे) अपने परम मङ्गलमय विधानमें हेर-फेर कर देंगे। प्रभुका मङ्गलमय विधान तो निश्चित है; अनादि कालसे निश्चित क्रमसे क्रियाशील है, अनन्त कालतक निश्चित क्रमसे क्रियाशील रहेगा। इसमें हेर-फेर वे प्रायः नहीं करते। हेर-फेर तो हमारी इच्छामें होकर हमारी इच्छाका उसके मङ्गलमय विधानके अनुकूल हो जाना आवश्यक है तभी उस इच्छाकी पूर्ति सम्भव है।

१०—प्रार्थनासे पूर्व हम अपनी इच्छित वस्तुको कुछ देरके लिये प्रसन्नचित्तसे पूर्ण एकाग्रतासे स्मरण करते रहें, फिर अपनी भाषामें

ENGLISH TRANSLATION

May our heart become pure and may they begin to love us, and with this desire in mind, let us proceed to pray. Let us adopt this very master key of prayer. Let us absorb the mind completely in the Lord, who is an infinite ocean of love. Let us cultivate the feeling that the Lord's love fills every atom of the universe, divine love is flowing from every atom, a river of love is streaming within my heart, and an ocean of love is surging all around me. If any sound is heard, feel: 'Oh! How sweet is this sound, steeped in the love of the Lord.' Whatever touch is felt, think: 'Oh! What a loving touch it is.' Whatever form is seen, experience: 'Oh! The love of the Lord permeates every atom of this form.' Whatever taste the tongue experiences, whatever fragrance the nose encounters, think: 'In this taste, in this fragrance, the divine love of the Lord alone is interwoven.' Then we shall see that in that very adversary of ours, whose destruction we once sought, the miracle of the all-loving Lord has manifested. Our prayer has succeeded.
The conclusion of this is that, correcting any unholy desire that is opposed to the welfare of others and making it pure enough to be worthy of connecting with the Lord, we should then pray.
9. Remove the notion from the mind that the Lord, yielding under the pressure of our prayer, will alter His supremely auspicious cosmic order to fulfill our desire (as an earthly official might do when pleased by flattery). The auspicious dispensation of the Lord is fixed; it has been operative in a definite order since beginningless time, and it will remain operative in a definite order for infinite time. He rarely alters it. It is rather our own desire that must undergo a change and align with His auspicious dispensation; only then is the fulfillment of that desire possible.
10. Prior to prayer, let us hold the desired object in our remembrance with a joyful heart and complete concentration for a little while, and then, in our own language,

ORIGINAL

भगवान्‌के तत्सम्बन्धी रूपका निरूपण तथा मनन तथा भावना आरम्भ करें। किसीसे सीखी हुई भाषामें प्रार्थना करनेपर उनमें प्रायः कुछ-न-कुछ कृत्रिमता आ ही जाती है, जो प्रभुसे हृदयका ठीक संयोग होनेमें आवरणका-सा काम करने लगती है। इसीलिये अपनी स्वाभाविक भाषाका प्रयोग ही वाञ्छनीय है।११—हम इच्छा-पूर्तिकी अवधि, पूर्तिके प्रकार प्रभुके लिये निर्धारित न कर दें। हमारी वह इच्छित वस्तु कब मिलेगी, किस प्रकार मिलेगी, ये दोनों बातें हम सर्वथा प्रभुकी मङ्गलमयी इच्छापर ही छोड़ दें!१२—जहाँतक अधिक-से-अधिक सम्भव हो, हम प्रार्थना करते रहें, पर यह बात प्रभुके अतिरिक्त किसी भी दूसरेपर प्रकट न होने पाये।उपर्युक्त बारह बातोंपर ध्यान रखकर इच्छितकी प्राप्तिके लिये हम यदि प्रार्थना करते हैं तो तत्काल लाभ हमें मिलता ही है। केवल मनचाही वस्तु हमें मिल जाय, इतना ही नहीं, क्रमशः हमारे हृदय-मन-प्राणमें प्रभुकी दिव्य ज्योति भरने लगती है। ये आलोकित हो उठते हैं। यह आलोक एक दिन हमें अपने अन्दर नित्य अवस्थित प्रभुके मन्दिरका दर्शन करा देता है। बस, यहींसे हमारी सच्ची प्रार्थना—भगवान्‌से भगवान्‌के लिये—भगवत्प्रेमके लिये प्रार्थना आरम्भ होती है। फिर तो हमारे मनकी समस्त वृत्तियाँ सब ओरसे सिमटकर प्रभुके दिव्य मन्दिरकी ओर ही केन्द्रित हो जाती हैं। कदाचित् कोई वृत्ति किसीकी करुण पुकार सुनकर पीछेकी ओर मुड़ती है तो उस समय हम पुकार उठते हैं—सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः । सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत् ॥‘हे नाथ ! सभी सुखी हों, सभी रोगरहित हों, सभी कल्याणके दर्शन करें, दुःखका भागी कोई भी न बने।’

ENGLISH TRANSLATION

begin the contemplation, reflection, and inner feeling of the Lord's corresponding form. When praying in a language learned from someone else, some degree of artificiality almost inevitably creeps in, which begins to act like a veil hindering the true union of the heart with the Lord. For this reason, the use of one's own natural language alone is desirable. Let us not set a timeframe for the fulfillment of our desire or dictate the manner of its fulfillment to the Lord. When our desired object will be received and in what manner it will be received-let us leave both of these matters entirely to the auspicious will of the Lord! To the utmost extent possible, let us continue to pray, yet let this fact remain hidden from everyone else except the Lord. Keeping the above-mentioned twelve points in mind, if we pray for the attainment of our cherished goal, we certainly receive immediate benefit. Not only do we obtain our heart's desired object, but gradually the divine light of the Lord begins to fill our heart, mind, and life-breath. They become radiant. One day, this light grants us the vision of the Lord's temple eternally dwelling within us. It is precisely from this point that our true prayer begins-prayer to God, for God, and for divine love. Thereafter, all the modifications of our mind withdraw from every direction and become centered solely upon the divine temple of the Lord. If perchance some mental impulse turns back upon hearing someone's sorrowful cry, at that moment we cry out:[Sanskrit] May all beings be happy; may all be free from illness. May all behold what is auspicious; may no one partake of suffering.' O Lord! May all be happy, may all be free from disease, may all behold goodness and welfare, and may no one become a partaker of sorrow.'

CHAPTER 3

प्रभुके साथ सम्पर्क
Contact with the Lord

Source coverage: 14–31

ORIGINAL

प्रभुके साथ सम्पर्क

किसी भी भावसे हम प्रभुकी ओर मुड़ें, हमारा परम कल्याण ही होगा। यदि हम अपने स्वरूपको जानकर प्रभुके साथ हमारा जो सम्बन्ध है, उसे समझकर हम उनकी ओर बढ़ें तो सर्वोत्तम बात है ही; किन्तु यह सब कुछ भी न जानकर किसी सांसारिक दुःखसे ही व्याकुल हुए, उस दुःखसे त्राण पानेकी इच्छासे ही अथवा किसी लौकिक अभीष्ट वस्तुकी प्राप्तिको ही उद्देश्य बनाकर हम उन्हें अपने मनमें स्थान देने लगें, तब भी हम एक-न-एक दिन उनसे अवश्य जा मिलेंगे। इसमें तनिक भी सन्देहके लिये स्थान नहीं है।
आजके युगमें, जब कि हमारा मानसिक धरातल अत्यन्त नीचा हो गया है, अतिशय संकुचित विचारोंसे हमारा मन भरा हुआ है, हम यह आशा करें कि हमको पहले अपने स्वरूपका ज्ञान हो जाय, प्रभुके साथ अपने सम्बन्धका भान होने लग जाय, तब इसके बाद हम जड़ जगत्से ऊपर उठकर, निष्काम होकर केवल प्रेमके लिये ही प्रभुसे प्रेम करें, भजनेके लिये ही उन्हें भजें तो यह आशा केवल दुराशामात्र सिद्ध होगी। ऐसा हो जाय, यह कौन नहीं चाहेगा। प्रभुकी उपासनाका, भजनका, प्रार्थनाका आदर्श तो यही है। पर सर्वसाधारणके लिये इस आदर्शका अनुसरण सम्भव नहीं दीखता। कहनेको तो हममें हजारों ऐसे हैं जो आत्मज्ञानी होनेका दम भरते हैं, किन्तु हजारोंमेंसे किसी एकको भी वास्तवमें स्वरूपज्ञान है या नहीं, यह कहना कठिन है; क्योंकि यदि सचमुच ही स्वरूपज्ञान हो गया होता तो हममेंसे प्रायः एक-एककी ऐसी भेड़ियाधसान गति सर्वथा नीचेकी ओर—अधिक-से-अधिक केवल

ENGLISH TRANSLATION

Contact with the Lord

In whatever disposition or feeling we turn toward the Lord, our supreme welfare is assured. If we advance toward Him after knowing our true essential nature and understanding the eternal relationship we have with the Lord, that is indeed the very best; yet even if, knowing none of this at all, we are simply distressed by some worldly affliction and, merely out of a desire for deliverance from that misery or with the goal of securing some earthly desired object, we begin to give Him a place in our mind, even then we will certainly unite with Him one day. There is not the slightest room for doubt in this.

In today's age, when our mental plane has fallen extremely low and our mind is filled with exceedingly narrow thoughts, if we expect that we should first attain knowledge of our true nature, become aware of our relationship with the Lord, and only then, rising above this material world and becoming desireless, love the Lord solely for the sake of love and worship Him purely for the sake of worship, then such an expectation will prove to be nothing but a vain hope. Who would not wish for this to happen? This indeed is the supreme ideal of worship, devotion, and prayer to the Lord. But for ordinary people, following this ideal does not seem possible. In words, there are thousands among us who claim to be knowers of the Self, but whether even a single person out of thousands truly possesses knowledge of their true nature is hard to say; for had true self-knowledge genuinely dawned, the blind, herd-like downward rush of nearly every one of us-directed solely toward accumulating, at most, only

ORIGINAL

सांसारिक सुख ही बटोरनेकी ओर प्रवृत्ति कदापि न होती। अपने इस शरीरको आराम देनेके पीछे, अथवा शारीरिक कष्ट उठाकर भी अपने इस कल्पित नामकी झूठी ख्याति समाजमें, देशमें, संसारमें फैलानेके पीछे हम पागल-से नहीं बन गये होते। स्वरूपका ज्ञान होनेपर यह सम्भव ही नहीं कि एक ओर तो हम धर्माचरण करनेका, दान-पुण्य करनेका, देश-सेवा तथा समाज-सेवा करनेका, गरीब-दुःखियोंको सुख पहुँचानेका, तीर्थ-सेवनका और ईश्वर-भक्तिसम्बन्धी विविध कर्मोंका अभिनय करें तथा दूसरी ओर धन बटोरनेके जितने भी अन्यायपूर्ण, पापपूर्ण साधन हैं, उनमें घृणा-लज्जा आदि सर्वथा छोड़कर उन सबको सदा अपनाये रखें। विश्वविद्यालयकी दार्शनिक कक्षाओंमें, वेदान्तकी पाठशालाओंमें आत्माके स्वरूपपर विचार कर लेना, पाठ पढ़ लेना तथा भरी सभामें जनताके समक्ष आत्मज्ञानकी महत्ता और त्यागकी प्रशंसाके पुल बाँधते हुए मनोरञ्जक सुन्दर-से-सुन्दर प्रवचन कर देना सहज है। ऐसा मौखिक स्वरूप-ज्ञान, शास्त्रीय ज्ञान और दिखाऊ वैराग्य तो हममेंसे बहुतोंको है; परन्तु यहाँ प्रस्तुत प्रसङ्गमें ऐसे ढुलमुल, कथनमात्रके ज्ञान-वैराग्यसे तात्पर्य नहीं है। यहाँ तो उस यथार्थ स्वरूप-ज्ञानसे मतलब है, जिसके आलोकमें बुद्धि यह दृढ़ निश्चय कर लेती है, मन सचमुच यह स्वीकार कर लेता है—

जन्माद्याः षडिमे भावा दृष्टा देहस्य नात्मनः ।
फलानामिव वृक्षस्य कालेनेश्वरमूर्तिना ॥
आत्मा नित्योऽव्ययः शुद्ध एकः क्षेत्रज्ञ आश्रयः ।
अविक्रियः स्वदृग् हेतुर्व्यापकोऽसङ्गीत्यनावृतः ॥
(श्रीमद्भा० ७ । ७ । १८-१९)

‘जन्म, अस्तित्वकी प्रतीति, वृद्धि, परिणाम, क्षय और विनाश—

ENGLISH TRANSLATION

worldly pleasures-would never have occurred. We would not have become virtually mad in pursuit of providing comforts to this body, or in spreading the false fame of this imaginary name throughout society, the nation, and the world even at the cost of enduring physical hardships. Upon attaining knowledge of one's true nature, it is simply impossible that on the one hand we act out righteous conduct, perform charity and virtuous deeds, engage in service to the country and society, bring comfort to the poor and suffering, visit holy pilgrimage sites, and perform various acts of devotion to God, while on the other hand, casting aside all revulsion and shame, we continually resort to every unjust and sinful means of amassing wealth. It is easy to reflect upon the nature of the Self in university philosophy classes or in traditional schools of Vedanta, to read lessons, and to deliver entertaining and beautiful discourses before the public in full assemblies, heaping lavish praises upon the greatness of Self-knowledge and renunciation. Many of us possess such verbal knowledge of the Self, textual scholarship, and ostentatious dispassion; however, in the present context, such wavering, superficial knowledge and detachment are not what is meant. What is meant here is that authentic knowledge of one's true nature, in the light of which the intellect forms this firm conviction and the mind truly accepts: [Sanskrit] These six states of existence-birth and the rest-are seen to belong to the physical body and not to the Self, just as the changes of fruits belong to the tree, brought about by Time which is a manifestation of the Lord. The Self is eternal, imperishable, pure, one, the knower of the field, the ultimate refuge, changeless, self-luminous, the primary cause, all-pervading, unattached, and unveiled. (Srimad Bhagavatam 7.7.18-19)'Birth, perception of existence, growth, transformation, decay, and destruction-

ORIGINAL

छः विकार देहके हैं; देहमें ही दीखते हैं; ये आत्मामें नहीं हैं। आत्मासे, हमारे स्वरूपसे इनका कोई सम्बन्ध नहीं है। जैसे कालभगवान्‌की प्रेरणासे वृक्षोंमें प्रतिवर्ष फल लगते हैं, फलोंके अस्तित्वका अनुभव होता है, वे बढ़ते हैं, पकते हैं, क्षीण होते हैं और फिर नष्ट हो जाते हैं। वृक्ष ज्यों-का-त्यों सदा बना रहता है, वैसे ही जन्मसे लेकर मृत्युपर्यन्त छहों विकार देहके ही होते हैं, आत्माके नहीं, आत्मा तो सदा एकरस बना रहता है। * इस प्रकार शरीरके धर्मोंकी दृष्टिसे तो आत्मा विलक्षण है ही, स्वरूपगत धर्मोंके कारण भी वह शरीरसे सर्वथा भिन्न है। आत्मा नित्य है, उत्पत्ति-विनाशरूप दो विकारोंसे रहित है, पर यह शरीर अनित्य है, उत्पत्ति-विनाशयुक्त है; आत्मा अव्यय है, क्षय नामक विकारसे रहित है और शरीर क्षयसे युक्त है। आत्मा अविक्रिय-अस्तित्व, वृद्धि, परिणाम-इन तीनों विकारोंसे भी सर्वथा रहित है, शरीर इन तीनों विकारोंसे युक्त है; आत्मा शुद्ध है, शरीर मलिन है; आत्मा एक है, शरीर अनेक; आत्मा क्षेत्रज्ञ-ज्ञाता है, शरीर जड़ क्षेत्र है; आत्मा आश्रय है, शरीर उसके आश्रित है; आत्मा स्वयं-प्रकाश है, शरीर परप्रकाशित है; आत्मा कारण है, शरीर कार्य है; आत्मा व्यापक है, शरीर व्याप्य है; आत्मा असंग है, शरीर संसक्त है और आत्मा निरावरण है एवं शरीर है आवरणरूप।ऐसा निश्चय, ऐसी स्वीकृति हो जानेपर, आत्माके उपर्युक्त बारह उत्कृष्ट लक्षणोंको सचमुच हृदयंगम कर लेनेपर अनिवार्य परिणाम यह होता है कि देह आदिमें अज्ञानजनित 'मैं' एवं 'मेरा' जोवृक्षसे आत्माकी तुलना भी यहाँ आंशिक रूपसे ही समझनी चाहिये; क्योंकि वास्तवमें तो वृक्ष भी षड्विकारयुक्त हैं और आत्मा सर्वथा विकाररहित। आत्माकी तुलनाके योग्य तो असलमें अन्य कोई वस्तु ही नहीं है।

ENGLISH TRANSLATION

The six modifications belong to the body; they are seen only in the body; they are not in the soul. With the soul,
with our true nature, they have no connection. Just as by the inspiration of Lord Time
fruits appear on trees every year, the existence of the fruits is experienced,
they grow, ripen, diminish, and then are destroyed.
The tree always remains exactly as it is; similarly, from birth to
death, all six modifications happen only to the body, not to the soul; the soul always
remains uniform. * In this way, from the perspective of the attributes of the body, the soul
is indeed distinct; due to its intrinsic attributes as well, it is entirely different from the body.
The soul is eternal, devoid of the two modifications of origin and destruction, but this
body is transient, endowed with origin and destruction; the soul is immutable,
devoid of the modification called decay, and the body is subject to decay. The soul is unchanging
-
entirely devoid of these three modifications of existence, growth, and transformation,
the body is endowed with these three modifications; the soul is pure, the body is impure;
the soul is one, bodies are many; the soul is the Knower of the Field - the knower, the body is the inert field;
the soul is the shelter, the body is dependent on it; the soul is self-luminous,
the body is illuminated by another; the soul is the cause, the body is the effect; the soul is all-pervading,
the body is pervaded; the soul is unattached, the body is attached; and the soul
is unveiled, and the body is of the nature of a veil. When such a conviction, such an acceptance takes place, upon truly
internalizing the above twelve excellent characteristics of the soul, the inevitable
result is that whatever ignorance-born false sense of 'I' and 'mine' there is in the body etc.,The comparison of the soul with a tree here should also be understood only partially; because
in reality the tree is also subject to the six modifications and the soul is entirely devoid of modifications. In truth,
there is no other object at all worthy of comparison with the soul.

ORIGINAL

मिथ्या भाव हैं, उन्हें हम छोड़ देते हैं, छोड़ ही देना चाहिये-
एतैर्द्वादशभिर्विद्वानात्मनो लक्षणैः परैः।
अहं ममेत्यसद्भावं देहादौ मोहजं त्यजेत्॥
(श्रीमद्भा० ७।७।२०)शरीर आदिमेंसे 'मैं', 'मेरा' निकालने भरकी देर है। फिर तो प्रभुके साथ हमारा जो नित्य सम्बन्ध है, उसका ज्ञान भी हमें उसी क्षण स्पष्ट हो जाता है। इसके बाद अनन्त लीलामय प्रभुकी इच्छासे हमारे लिये दो मार्ग बन जाते हैं। या तो प्रभुका चिदानन्दसिन्धु उमड़ता है, उसमें भक्तिरसकी बाढ़ आ जाती है और उसमें डूबकर हम कृतार्थ होते हैं। शास्त्रीय भाषामें इसे भक्तिनिष्ठाका मार्ग कहते हैं। अथवा प्रभुकी चिदानन्द-ज्योति हमारे कण-कणको उद्भासित कर हमें आत्मसात् कर लेती है। उससे एक होकर उसीमें हम सदाके लिये विलीन हो जाते हैं। यह ज्ञाननिष्ठाका पथ है।स्वरूपज्ञान, इस ज्ञानका आनुषंगिक फल देहादिमें 'मैं', 'मेरा' इन मिथ्या भावोंका नाश, प्रभुके साथ अपने सम्बन्धका स्फुरण, फिर भक्ति या ज्ञानका प्रादुर्भाव-यह एक क्रम हुआ। अब हम सोचकर देखें स्वरूपज्ञानसे आगेकी तो बात दूर, मन-बुद्धिमें सचमुच उतरा हुआ ऐसा स्वरूप-ज्ञान भी हममेंसे कितनोंको है? कहना पड़ेगा कि ऐसे इने-गिने उदाहरण ही मिलेंगे। किन्तु इसे भी जाने दें, इतनी गम्भीरतासे इतने सूक्ष्म विचारके उपरान्त आत्मस्वरूपका निश्चय करके उसमें स्थित होनेकी बात छोड़ दें। केवल सरल विश्वास-मूलक स्वरूपज्ञान भी कितनोंको है, यह देखें। हम देह नहीं, प्रभुके सनातन अंश हैं, उनके चिदानन्दसागरकी एक बूँद हैं, उनसे मिलनेका हमारा नित्यसिद्ध अधिकार है। उनसे मिलकर ही हम कृतार्थ हो सकेंगे, इतना-सा ज्ञान भी हममेंसे कितने व्यक्तियोंके पास है? शास्त्रको पढ़कर, अनुभवी

ENGLISH TRANSLATION

we abandon them, and indeed they must be abandoned -
[Sanskrit] By these twelve supreme characteristics of the soul, a wise person should abandon the false conception of 'I' and 'mine', born of delusion, regarding the body and so on.
(Srimad Bhagavatam 7.7.20)It only takes a moment to extract 'I' and 'mine' from the body and so on. Then,
the knowledge of our eternal relationship with the Lord also becomes clear to us at that very instant. After this, by the will of the endlessly playful Lord, two paths
are formed for us. Either the Lord's ocean of consciousness and bliss swells up,
a flood of the nectar of devotion arises in it, and by drowning in it we become fulfilled.
In scriptural language, this is called the path of steadfast devotion. Or the Lord's
light of consciousness and bliss illuminates our every particle and assimilates
us. Becoming one with it, we merge into it forever.
This is the path of steadfast knowledge. Knowledge of the true nature, the corollary fruit of this knowledge being the destruction of these
false feelings of 'I' and 'mine' in the body etc., the manifestation of one's relationship with the Lord, and then the
emergence of devotion or knowledge - this became a sequence. Now let us think and see,
leaving aside the matters beyond the knowledge of our true nature, how many of us truly have such
knowledge of our true nature descended into our mind and intellect? It will have to be said that only a few such
examples will be found. But let us let this go too, leaving aside the matter of becoming established in the true nature of the soul after determining it following such deep and subtle contemplation. Let us see how many have even simple faith-based knowledge of our true nature.
We are not the body, we are the eternal fragments of the Lord, we are
a drop of His ocean of consciousness and bliss, we have an eternally established right
to meet Him. Only by meeting Him will we be able to become fulfilled - even this much knowledge,
how many individuals among us possess? Having read the scriptures, having

ORIGINAL

पुरुषोंसे सुनकर इतना-सा विश्वास करनेवाले भी हममें आज कितने हैं? वर्तमान भूगोलपर हम जितने मनुष्य हैं, उनमें कितने ऐसे हैं, जो प्रभुकी उपासनाको आवश्यक कर्तव्य अनुभव करते हैं? उपासनाके लिये ही हम उपासना करें, किसी कामनासे प्रेरित होकर नहीं, ऐसी मान्यता, यह सिद्धान्त कितने मनुष्योंका है? विचार करनेपर यही निर्णय होगा कि ऐसे पुरुषोंकी संख्या बहुत ही कम है। अतएव इस परिस्थितिमें श्रेयस्कर मार्ग यही है कि जिस किसी भी भावसे हो, एक बार हम प्रभुकी ओर झुकें। एक बार उन्हें अपने मनमें स्थान दें तो सही। किसी भी निमित्तसे यदि वे एक बार हमारे मनमें आ गये तो अपने आलोककी अमिट छाप तो वे छोड़ ही जायँगे! और क्या पता उनको यही क्षुद्र-सी ज्योति किसी अनुकूल वातावरणका आधार पाकर ऐसी चमक उठे कि हमारा सारा अन्धकार सदाके लिये दूर हो जाय, हम अज्ञान-निद्रासे जग उठें तथा जीवन कुछ-से-कुछ हो जाय।आज सर्वत्र दुःख-दैन्यकी भरमार है। लाखोंमें, शायद ही एक
व्यक्ति ऐसा मिलेगा, जो छातीपर हाथ रखकर यह कह सके कि मुझे कोई दुःख नहीं। अन्यथा कुछ-न-कुछ दुःख सबके पीछे लगा है। शरीर व्याधिसे ग्रस्त है, पुत्र-कलत्र, बन्धु-बान्धवमेंसे कोई-न-कोई मनके प्रतिकूल हैं, धनका अभाव है, सम्मान नहीं मिल रहा है। हमारा देश दरिद्र है, जगत्का सुधार कैसे हो-ऐसे न जाने कितने कारण हैं कि जो हमें दुःखी बनाये रखते हैं। इन दुःखोंसे छूटनेके लिये हम कम प्रयास करते हों, यह बात भी नहीं। अपनी जितनी शक्ति है, सब खर्च कर देते हैं। फिर भी दुःखोंसे मुक्त नहीं हो पाते। कहीं एक मिटता है, तो दो नये खड़े हो जाते हैं! अब कदाचित् इन दुःखोंसे त्राण पानेके लिये भी हम प्रभुकी ओर मुड़ सकते, तो भी निहाल हो जाते। पर यह भी हम नहीं करते। शरीर रुग्ण होनेपर डाक्टर-वैद्योंके पीछे अनाप-शनाप

ENGLISH TRANSLATION

heard from experienced men, how many among us today even possess this much faith? Out of all the human beings on the present globe, how many are there who feel that the worship of the Lord is an essential duty? We should worship for the sake of worship itself, not motivated by any desire - how many humans hold this belief, this principle? Upon reflection, the conclusion will be that the number of such men is very small. Therefore, in this circumstance, the more auspicious path is that, with whatever feeling it may be, we incline towards the Lord just once. Let us give Him a place in our minds at least once. If, for any reason, He enters our mind even once, He will definitely leave the indelible mark of His light! And who knows, this very tiny spark of His, finding the support of a favorable environment, might shine so brightly that all our darkness is dispelled forever, we awaken from the slumber of ignorance, and life becomes completely transformed. Today, sorrow and misery abound everywhere. Out of millions, hardly one person will be found who can place a hand on their chest and say that they have no sorrow. Otherwise, some sorrow or the other is after everyone.

The body is afflicted with disease; someone or the other among sons, wives, or relatives is contrary to the mind; there is a lack of wealth; respect is not being received. Our country is poor, how can the world be reformed - there are countless such reasons that keep us sorrowful. It is not that we make little effort to escape from these sorrows. We expend all the strength we have.

Even then, we are not able to become free from sorrows. If one is erased somewhere, two new ones stand up! Now, if perhaps we could turn towards the Lord even to find relief from these sorrows, we would still be blessed. But we do not even do this. Upon the body becoming sick, spending recklessly after doctors and physicians,

ORIGINAL

धन खर्च करेंगे, उनकी बतायी हुई औषधियोंका आँख मूँदकर सेवन कर लेंगे, किन्तु एक बारके लिये भी यह मनमें नहीं आता कि सच्चे मनसे सरल विश्वासके साथ उन प्रभुको तो पुकार कर देखें कि जिन प्रभुके अनन्त ज्ञानसागरकी एक बूँदसे विश्वमें ज्ञानका संचार होता है; जगतमें जितने डाक्टर-वैद्य थे, हैं और होंगे, उन सबमें रोग-निदान करनेका समस्त ज्ञान, जिनके उस बिन्दुमात्र ज्ञानसे ही आता है, जिनकी अपरिसीम शक्तिके एक क्षुद्र कणसे ही जगत्‌की समस्त औषधियोंमें रोग-नाश करनेकी शक्ति आती है, उन प्रभुके प्रति तो हम विश्वास नहीं कर पाते और डाक्टर-वैद्योंपर, औषधियोंपर विश्वास कर लेते हैं। कई बार तो हम अपने इस अविश्वासको भ्रमवश अपनी निष्कामताका नाम दे देते हैं, कह बैठते हैं कि 'प्रभुसे रोग-मुक्तिके लिये प्रार्थना क्या करें, उसके लिये तो प्रभुने औषधि-सेवनका विधान किया ही है।' बात भी ठीक है। पर यह बात तो उन्हें शोभा देती है कि जिनका जीवन सचमुच सर्वथा प्रभुको समर्पित हो चुका है, जिनके व्यावहारिक जीवनमें अनाचार-दुराचारकी छाया भी नहीं है, जो कभी किसी भी परिस्थितिमें प्रभुसे कुछ भी याचना नहीं करते। किन्तु जब हमारा जीवन पापोंसे पूर्ण है, पद-पदपर हम अपने व्यवहारमें अवैध उपायोंका आश्रय ग्रहण करते हैं, प्रभुकी बाँधी मर्यादाओंको तोड़ते हैं, तब यह आदर्शवाद हमारे लिये क्या मूल्य रखेगा? जो हो, हमारा अविश्वास ही हमें प्रभुके सम्मुख जानेसे रोकता है। इसी प्रकार धनके लिये, मानके लिये, अपनी अभीष्ट वस्तुको प्राप्त करनेके लिये हम जगत्‌की खाक छान डालेंगे, जो कभी नहीं करना चाहिये, यह सब करनेमें तनिक भी संकुचित नहीं होंगे, बुरे-से-बुरे अनाचार और निषिद्ध आचरणका आश्रय ले लेंगे; पर यह सारा जगत् जिनके अनन्त वैभवके किसी क्षुद्र अंशकी छायामात्र है, उन प्रभुके द्वारपर जानेका

ENGLISH TRANSLATION

we will spend wealth, we will blindly consume the medicines prescribed by them,
but it does not come to mind even for once to try calling out with a true heart
and simple faith to that Lord; a single drop of whose infinite
ocean of knowledge transmits knowledge throughout the universe; all the doctors and physicians
that were, are, and will be in the world, the entire knowledge of diagnosing diseases in them all
comes from merely a drop of His knowledge; from just a tiny particle of whose boundless
power comes the power to cure diseases in all the medicines of the world,
in that Lord we are unable to place our faith,
and we place our faith in doctors, physicians, and medicines. Many times, out of delusion, we
give this disbelief of ours the name of our desirelessness, and end up saying,
'Why pray to the Lord for freedom from disease, for that the Lord has already
ordained the consumption of medicine.' This is also correct. But this
thing only adorns those whose lives have truly been completely surrendered to the
Lord, in whose practical life there is not even a shadow of immorality or misconduct,
who never beg the Lord for anything under any circumstance.
But when our life is full of sins, at every step we take recourse to illicit means
in our conduct, we break the boundaries established by the Lord,
then what value will this idealism hold for us?
Whatever it may be, our disbelief alone stops us from going before the Lord. In the same
way, for wealth, for honor, to attain our desired object,
we will scour the dust of the world, we will not hesitate in the slightest to do all this
which should never be done, we will take recourse to the worst of misconduct and
prohibited behavior; but that Lord, whose infinite majesty this entire universe
is merely a shadow of a tiny fragment of, to go to His door

ORIGINAL

विचारतक मनमें उदय नहीं होगा। इसे हम इस युगका अभिशाप कहें या अपनी बुद्धिकी जड़ता ! कुछ भी कहें-आज हमारी दशा तो यही हो रही है !

अब जैसे भी हो, इस पतनके गड्ढेसे हमें ऊपर उठना है। जितना शीघ्र चेत जायँ उतना ही कल्याणकर है। अन्यथा हमारे दुःख घटनेके बदले दिनोंदिन अधिकाधिक बढ़ते ही जायेंगे। जबतक निरामय प्रभुकी शक्तिको हम स्पर्श नहीं करेंगे, तबतक हमारे रोग मिटनेके ही नहीं हैं, भले ही हजारों अस्पताल खुल जायें, सैकड़ों नवीन ओषधियोंका आविष्कार हो जाय। जबतक हमारा मन प्रभुकी एकरस अखण्ड शान्तिको किसी भी अंशमें छूने नहीं लगेगा, तबतक यहाँके समस्त साधन हमारे हृदयकी ज्वालाको बुझानेमें व्यर्थ ही सिद्ध होंगे। ओषधियोंका, चिकित्साका, जागतिक साधनोंका विरोध नहीं है; क्योंकि वे भी तो भगवान्से ही आये हैं। उनकी भी अपने स्थानपर उपयोगिता है ही। उनकी सहायता लेनी चाहिये, किन्तु उसीके साथ-साथ हम ऐसी चिकित्सा क्यों न करें जो यहाँके समस्त रोगोंपर, दुःखोंपर तो अव्यर्थ सिद्ध हो ही, लगे हाथ हमारे भवरोगको भी शान्त कर दे, अनादिकालसे हम जो जल रहे हैं, उस जलनको भी मिटाकर हमें स्थायी, शाश्वती शान्ति प्रदान कर दे। हमारे ज्योतिहीन नेत्रोंमें श्रद्धाकी ज्योति भर दे, जिससे हमारे इस जीवनमें तथा जीवनके उस पार भी-सर्वत्र सदाके लिये उजाला हो जाय। सचमुच ही यदि रोगों-दुःखोंसे त्राण पानेके उद्देश्यसे ही ऐसे प्रत्येक अवसरपर ही यदि हम प्रभुको पुकारें, सरल विश्वासके साथ, एकान्त मनसे उनकी सहायताका आवाहन करें तो हमारा यहाँका रोग-दुःख तो मिट जाय, बिना ओषधि किये, बिना कुछ प्रयत्न किये ही मिट जाय, साथ ही हमारे अन्दर प्रभुके

ENGLISH TRANSLATION

even a thought will not arise in the mind. Whether we call this a curse of this age or the inertia of our own intellect! Whatever we may call it-today this indeed is our condition!

Now, by whatever means possible, we have to rise up from this pit of degradation. The sooner we awaken, the more beneficial it is. Otherwise, instead of diminishing, our sorrows will only keep increasing more and more day by day. Until we touch the power of the disease-free Lord, our afflictions simply cannot be eradicated, even if thousands of hospitals are opened, or hundreds of new medicines are discovered. Until our mind begins to touch the Lord's unbroken, immutable peace even in some small measure, all the resources of this world will prove entirely futile in extinguishing the burning agony of our heart.

There is no opposition to medicines, medical treatment, or worldly means; for they too have originated from the Lord Himself. They certainly have their own utility in their proper place. One should take their help; but along with that, why should we not resort to such a treatment that would not only prove unfailing against all the diseases and sorrows of this world, but would simultaneously also cure our affliction of worldly transmigration, extinguish the burning agony in which we have been burning since time immemorial, and bestow upon us permanent, eternal peace? Why should it not fill our lusterless eyes with the light of faith, so that in this life and also beyond this life-everywhere, light may dawn forever? Truly, if even solely for the purpose of seeking deliverance from diseases and afflictions, on every such occasion we call upon the Lord with simple faith and invoke His assistance with a single-pointed mind, then our worldly disease and affliction would indeed be eradicated-eradicated without taking medicine, without making any strenuous effort-and at the same time, within us, towards the Lord,

ORIGINAL

प्रति श्रद्धाका भी उन्मेष होने लगे और यह श्रद्धा निरन्तर बढ़ती ही जाय। इतना ही नहीं, अन्तमें कभी किसी दिन अनादि अज्ञानसे मुँदी हुई हमारी आँखें भी खुल जायँ, मोह-निद्रा टूटकर हमें यह अनुभव होने लगे कि यहाँ तो जगत् नामक कोई वस्तु असलमें है ही नहीं, हैं केवल एकमात्र प्रभु और है उनकी आनन्दमयी लीला तथा यह अनुभव करके हम सदाके लिये सुखी हो जायें।

आजसे पचास वर्ष पहलेकी एक सच्ची घटना है। १९३४ ईस्वीकी बात है। पोर्ट्समाउथ नगरके मिस्टर आल्फ्रेड जी० सरले (Mr. Alfred G. Searle) नामक सज्जनकी आँखोंमें ग्लूकोमा (Glaucoma) नामक रोग हो गया। आँखका यह एक भयङ्कर रोग है, जो सहजमें अच्छा नहीं होता। आँखके सर्जनने उन्हें बताया कि यदि तुरन्त चीरा लगाया जाय तो शायद थोड़ी-सी रोशनी बच सकती है, पर यदि चीरा लगनेमें तनिक भी देर की गयी तो आप सर्वथा अन्धे हो जायेंगे। इतना ही नहीं, इतनी भयङ्कर पीड़ा शुरू हो जायगी कि आँखोंको निकाल देनेपर ही वह शान्त होगी। किंतु मिस्टर सरलेने चीरा लगवाना स्वीकार नहीं किया। वे प्रभुके दृढ़-विश्वासी थे, उनका विश्वास था कि प्रभु मेरी आँखोंको बिना चीरा लगाये ही अवश्य ठीक कर देंगे। सर्जनके निदानमें तो भूलकी कोई सम्भावना थी ही नहीं। ग्लूकोमा रोगके लक्षण इतने स्पष्ट होते हैं कि आँखका साधारण डाक्टर भी उसे देखकर निश्चित रूपसे निदान कर सकता है। यहाँ भूलकी, मतभेदकी जगह नहीं रहती। अतः मिस्टर सरलेके लिये सर्जनके निदानपर सन्देह करनेका कोई कारण न था। रोगकी भयङ्करताको वे समझ गये थे। फिर भी उनका विश्वास प्रभुपरसे हिला नहीं और सर्जनसे यह कहकर कि आगामी शुक्रवारको आपसे मिलूँगा-वे लौट आये। जो हो, गुरुवारके प्रातःकालतक तो आँखोंमें कोई सुधार नहीं हुआ, किंतु मिस्टर सरलेके विश्वासमें तनिक

ENGLISH TRANSLATION

the awakening of faith would also begin, and this faith would continuously keep growing. Not only this, but eventually, some day, our eyes that have been closed due to beginningless ignorance would also open; the slumber of delusion would be broken, and we would begin to realize that here, in reality, no entity called the world exists at all-there is only the one and only Lord and there is His blissful divine play; and having experienced this, we would become happy forever.

There is a true incident from fifty years ago. It is a matter of the year 1934 AD. A gentleman named Mr. Alfred G. Searle of Portsmouth city contracted a disease called Glaucoma in his eyes. This is a terrible disease of the eye, which does not easily get cured. The eye surgeon told him that if an incision is made immediately, perhaps a little eyesight might be saved, but if there is even the slightest delay in making the incision, you will become completely blind. Not only that, such terrible pain will begin that it will subside only upon removing the eyes. But Mr. Searle did not agree to have the incision made. He was a firm believer in the Lord; his faith was that the Lord would certainly heal his eyes without any incision being made. There was no possibility of error in the surgeon's diagnosis. The symptoms of glaucoma are so clear that even an ordinary eye doctor, upon observing it, can make a definite diagnosis. There is no room for error or difference of opinion here. Therefore, for Mr. Searle, there was no reason to doubt the surgeon's diagnosis. He understood the gravity of the disease. Even then, his faith in the Lord did not waver, and telling the surgeon that he would meet him the following Friday-he returned home. Whatever it be, until Thursday morning there was no improvement in the eyes, but in Mr. Searle's faith, not the slightest

ORIGINAL

भी शिथिलता नहीं आयी। 'मेरे नेत्रोंकी ज्योति पुनः लौट ही आयेगी, प्रभु मुझे निराश नहीं करेंगे।' उनकी यह भावना ज्यों-की-त्यों बनी रही। आखिर प्रभुके प्रति ऐसे विश्वासका जो फल होना चाहिये वह हुआ ही। गुरुवारकी रात ढलते-न-ढलते उनकी आँख सर्वथा चमत्कारपूर्ण ढंगसे बिलकुल ठीक हो गयी। नेत्रोंकी पूरी ज्योति लौट आयी। यहाँतक कि दीवारपर टँगे कलेण्डरके बहुत छोटे अक्षरोंको भी वे स्पष्ट पढ़ सकते थे।

जिस प्रकार मिस्टर सरलेकी आँखें बिना चीरा लगाये ही, बिना किसी उपचारके ही क्षणोंमें प्रभुने ठीक कर दीं, वैसे ही वे औरोंकी आँखें ठीक कर सकते हैं, किसीका भयङ्कर कैन्सर मिटा सकते हैं, कुष्ठ दूर कर सकते हैं, यक्ष्मा आराम कर सकते हैं, ज्वरकी ज्वाला शान्त कर सकते हैं, संग्रहणी हर ले सकते हैं, जितने रोग हैं, सबसे मुक्त कर सकते हैं। कर तो सकते हैं, पर करते नहीं, यह बात भी नहीं। जहाँ विश्वासपूर्वक कोई उनसे यह करवाना चाहता है वहाँ अवश्य-अवश्य वे करते हैं। ऐसी घटनाएँ एक नहीं, अनेक-ऊपर वर्णित घटनाकी अपेक्षा भी बहुत अधिक चमत्कारपूर्ण एवं विस्मयमें डाल देनेवाली घटनाएँ आज भी-जहाँ प्रभुके प्रति संशयहीन विश्वास है वहाँ घटित होती हैं। यह बात दूसरी है कि हमारी श्रद्धाहीन आँखोंके सामने वे व्यक्त न हों, हमें सुननेतकको भी वे न मिलें। हमें अवकाश ही कहाँ है कि ऐसी घटनाओंको ढूँढ़ें, देखें, पढ़ें, सुनें और पक्ष छोड़कर उनपर विचार करें, मनन करें ! कदाचित् कभी कोई सुन भी लेते हैं तो उसे अपने मनोविज्ञानके अधूरे ज्ञानपर कसकर 'यह तो इच्छाशक्ति (Will power) का चमत्कार है' यह फतवा दे बैठते हैं। इस इच्छाशक्तिके भी मूल उद्गम प्रभु, प्रभुकी अपरिसीम शक्ति, उनकी शक्तिके अगणित

ENGLISH TRANSLATION

slackness occurred. 'The light of my eyes will definitely return, the Lord will not disappoint me.' This conviction of his remained entirely intact. Ultimately, the fruit that ought to come from such faith in the Lord did indeed come. Even before Thursday night had passed, his eye was completely and miraculously healed. The full light of his eyes returned. So much so that he could clearly read even the very small letters on the calendar hanging on the wall.

Just as the Lord healed Mr. Searle's eyes in moments without making an incision and without any medical treatment, likewise He can heal the eyes of others, eradicate someone's terrible cancer, remove leprosy, cure tuberculosis, soothe the burning heat of fever, take away dysentery, and liberate from all diseases that exist. He can certainly do so, and it is not that He does not do it. Wherever someone desires to have this done by Him with faith, there He most certainly does it. Not one, but many such incidents-incidents far more miraculous and astonishing than the one described above-occur even today where there is doubt-free faith in the Lord. It is another matter that they may not be revealed before our faithless eyes, or that we may not even get to hear of them. Where do we even have the leisure to search for, see, read, hear of such incidents and, setting aside prejudice, ponder and meditate upon them! If perchance someone does hear of them, they evaluate it on the touchstone of their incomplete knowledge of psychology and pass the verdict that 'this is merely a miracle of will-power.' Towards the Lord Who is the original source of this very will-power, towards the Lord's boundless power, and towards the countless,

ORIGINAL

असंख्य चमत्कारोंकी ओर हमारा ध्यान ही नहीं जाता। जो हो, यहाँ तो तात्पर्य इतनेसे ही है कि रोग-दुःखसे त्राण पानेके लिये यदि हम प्रभुको पुकारें तो वे अवश्य सुनते हैं। इस निमित्तसे भी यदि हम उनकी ओर ताकें, उन्हें अपने मनमें उतरने दें तो हमारा बड़ा कल्याण हो। अन्य समस्त चिकित्सा, उपचार जहाँ व्यर्थ हो जाते हैं, वहाँ प्रभुकी सहायता चमत्कार उत्पन्न कर देती है। प्रभुकी यह सहायता हमें केवल इच्छित फल देकर ही समाप्त नहीं हो जाती है, हमारे अन्दर एक अमिट संस्मरण छोड़ जाती है। यह संस्मरण हमारे परम कल्याणका बीज बन जाता है। अनुकूल साधन मिलते जायें तो यह बीज शीघ्र अंकुरित, पल्लवित, पुष्पित होकर फल देने लग जाय। पर हम कहीं प्रभुके इस उपकारको भूल जायें-और अधिकांशमें यही होता भी है-तो भी इस बीजका नाश नहीं होता, यह भीतर-ही-भीतर हमारे अन्दर कुछ-न-कुछ काम करता ही रहेगा, कम-से-कम इतना काम तो यह करेगा ही कि पुनः अन्य दुःख-विपत्तिके अवसरपर प्रभुकी सहायता माँगनेके लिये स्फुरणा उत्पन्न कर देगा। यह क्या कम है ! पथ भूले हुएको गन्तव्य पथका संकेत कर देना कितनी बड़ी सहायता है !जैसे रोगसे छूटनेकी बात है वैसे ही अन्य अभीष्ट वस्तुकी प्राप्तिके लिये भी हम प्रभुकी सहायता लेकर अपने कल्याणका पथ विस्तृत कर सकते हैं। यह स्मरण रखनेकी बात है कि अतिशय पवित्र परम उत्कृष्ट ऊँचा-से-ऊँचा भाव रखनेवाला एक मनुष्य-न कामयेऽहं गतिमीश्वरात् परामष्टर्द्धियुक्तामपुनर्भवं वा ।
आर्तिं प्रपद्येऽखिलदेहभाजामन्तःस्थितो येन भवन्त्यदुःखाः ॥
(श्रीमद्भा० ९ । २१ । १२)
'मैं प्रभुसे अष्ट सिद्धियोंसे युक्त परम गति नहीं चाहता, वे मुझे

ENGLISH TRANSLATION

innumerable miracles of His power, our attention does not go at all. Whatever it may be, the point here is merely this: that if we call upon the Lord to find deliverance from disease and sorrow, He certainly listens. If even for this reason we look towards Him and allow Him to enter our mind, great good would come to us. Where all other medical treatments and therapies become futile, there the Lord's assistance works a miracle. This help of the Lord does not end merely with granting us the desired result; it leaves an indelible memory within us. This memory becomes the seed of our supreme spiritual welfare. If favorable means continue to be received, this seed would quickly sprout, put forth leaves, blossom, and begin to bear fruit. But even if we happen to forget this grace of the Lord-and in most cases, this is indeed what happens-even then this seed is not destroyed; it will continue to do some work or the other within us deep inside; at the very least, it will certainly do this much work that on the occasion of another sorrow or calamity, it will generate an inner impulse to ask for the Lord's help again. Is this anything insignificant! How great an assistance it is to show the direction of the destination to one who has lost the way! Just as it is a matter of gaining freedom from disease, similarly, for obtaining any other desired object as well, we can take the Lord's help and widen the path of our spiritual welfare. It is worth remembering that a human being possessing an exceedingly pure, supremely exalted, and highest sentiment-[Sanskrit]
Na kamaye'ham gatim-ishvarat param-ashtarddhi-yuktam-apunarbhavam va |
Artim prapadye'khila-deha-bhajam-antah-sthito yena bhavanty-aduhkhah ||
(Shrimad-Bhagavatam 9.21.12)
'I do not desire from the Supreme Lord that ultimate state endowed with the eight mystic perfections, nor even liberation from rebirth. Entering into the hearts of all embodied beings, may I take upon myself their suffering, so that they may become free from sorrow.'
'I do not desire from the Lord the supreme state endowed with the eight siddhis; may He...

ORIGINAL

त्रिविध दुःखसे मुक्त कर दें, यह कामना भी उनसे नहीं करता। मैं तो इतना ही चाहता हूँ कि विश्वके समस्त प्राणियोंके हृदयमें स्थित हो जाऊँ और फिर उनका सारा दुःख मैं ही भोगूँ, सबका दुःख-भार मुझपर आ जाय, जिससे और सभी दुःखसे त्राण पा जायँ, कहीं किसीको दुःख रहे ही नहीं।'इस प्रकारका परम शुभ, आदर्श विचार रखनेवाला व्यक्ति

प्रभुके लिये जितना स्नेहपात्र है, उतना ही स्नेहपात्र वह व्यक्ति है जो उनसे विश्वासपूर्वक यह माँग रहा है—'नाथ! अमुक आफिसमें मुझे सौ रुपयेवाला स्थान दिला दो।' दोनोंपर ही प्रभुकी ओरसे तो अपरिसीम स्नेहकी वर्षा हो रही है। प्रभुके लिये यह कदापि सम्भव नहीं कि पहलेका सम्मान करें और दूसरेकी उपेक्षा। पहला ऊँचा और दूसरा क्षुद्र—ऐसी बात प्रभुके मनमें कभी नहीं आ सकती; क्योंकि दोनों उनके हृदयके टुकड़े हैं, दोनोंके रूपमें वे-ही-वे हैं। हाँ, ऐसा तो कह सकते हैं कि पहला तो प्रभुकी स्नेहधारामें बहकर अपनी यात्रा समाप्त करके प्रभुके आनन्दरससिन्धुमें निमग्न होनेके लिये तटके अत्यन्त समीप पहुँचा हुआ उनका प्रौढ़ पुत्र है एवं दूसरा उनकी स्नेहभरी गोदमें खेलनेवाला अबोध शिशु है, जो उनकी ठोड़ी पकड़कर उनसे मिट्टीका एक खिलौना माँग रहा है, खिलौनेके लिये मचला हुआ है, खिलौना न पाकर दुःखी हो रहा है। भोला शिशु जो ठहरा, प्रभुके अनन्त पारावारविहीन आनन्द-रस-सागरकी बात जानतातक नहीं, अभी तो उसकी यात्रा आरम्भ हुई है। अस्तु, प्रभुसे अपने अभीष्टकी याचना करनेमें हमें तनिक भी संकोच नहीं करना चाहिये। इस निमित्तसे ही प्रभुसे जो हमारा सम्बन्ध जुड़ेगा, वह हमारे लिये अमूल्य निधि है, अवश्य ही इसमें दो बातोंकी सावधानी रखनेकी आवश्यकता है। एक तो हमारी माँगी हुई वस्तु ऐसी न हो, जिसमें जगत्के किसी भी प्राणीके

ENGLISH TRANSLATION

'...that He may free me from the threefold suffering-I do not even desire this of Him. I desire only this much: that I may abide in the hearts of all living beings in the universe, and then suffer all their agony myself; that the entire burden of everyone's suffering may come upon me, so that all others may be delivered from pain, and no distress may remain anywhere for anyone.' A person who holds such a supremely auspicious, ideal thought is as much an object of affection to the Lord as the person who faithfully asks of Him: 'Lord! Secure for me a position paying one hundred rupees in a certain office.' Upon both of them, boundless affection rains down from the Lord. It is never possible for the Lord to honor the former and disregard the latter. That the first is high and the second is insignificant-such a thought can never enter the Lord's mind, for both are pieces of His own heart; in the form of both, He alone exists. Yes, we may say that the first is His mature son, who, having journeyed along the stream of the Lord's affection, has reached the very edge of the shore to merge into the ocean of the Lord's nectar of bliss; while the second is an innocent child playing in His loving lap, who, holding His chin, begs Him for a clay toy, throws a tantrum for that toy, and becomes unhappy upon not receiving it. Being an innocent child, he does not even know of the Lord's boundless, shoreless ocean of the nectar of bliss; his journey has only just begun. Therefore, we should not hesitate in the least to pray to the Lord for our desired ends. Even through this pretext, the relationship that connects us to the Lord is an invaluable treasure for us. To be sure, caution is required in two matters here. First, the thing we ask for must not be such as is tainted with thoughts of misfortune or harm to any creature in the world,

ORIGINAL

लिये अमङ्गल-अहितकी भावना सनी हो, क्योंकि ऐसी याचनाका
उत्तर प्रभुकी ओरसे निश्चित रूपसे नहीं ही मिलता। तथा दूसरी बात
यह है कि मनमें 'प्रभु देंगे कि नहीं देंगे' ऐसा संशय तनिक-सा भी
क्षणमात्रके लिये भी भूलकर भी कभी न आने दें। 'अवश्य देंगे' यह
दृढ़ विश्वास रखकर हम उनसे माँगें। फिर दो बातोंमें एक बात अवश्य
होगी। या तो प्रभु वह वस्तु हमें दे देंगे, या हमारे मनसे उस वस्तुके
पानेकी इच्छाको सर्वथा मिटाकर हमें शान्ति दे देंगे। इतना ही करके
वे चुप बैठ जायँगे, सो बात नहीं, इसके साथ ही वे कुछ ऐसी चीज
भी दे डालेंगे, जो हमारी दरिद्रताको सदाके लिये जला देगी।
भक्तशिरोमणि गोस्वामी तुलसीदासका यह अमर सन्देश अपने हृत्पटपर
स्वर्णाक्षरोंमें हम लिख लें, यह कभी मिथ्या नहीं होगा—जग जाचिअ कोउ न, जाचिअ जौ,
जियँ जाचिअ जानकि-नाहहि रे।
जेहि जाचत जाचकता जरि जाइ,
जो जारति जोर जहानहि रे॥'जगतमें किसीसे मत माँगो। यदि माँगना ही है तो मन-ही-मन
प्रभुसे माँगो। प्रभुसे माँगते ही याचकता (दरिद्रता—कामना) जो सारे
संसारको बरबस जला रही है, स्वयं जल जायगी।'सचमुच प्रभुसे माँगनेवालेका मँगतापन सदाके लिये मिट ही
जाता है—तोहिं माँगि माँगनौ न माँगनौ कहायो।यह ठीक है कि अहितकर वस्तु माँगनेपर भी प्रभु नहीं देते।
स्नेहमयी जननी भी तो अपने भोले बच्चेके माँगनेपर उसके हाथमें
चमकती हुई छुरी नहीं देती। किन्तु कहीं बच्चा मचल जाय, अड़ जाय,
किसी भी फुसलावेमें न आवे तो माँ छुरी हाथमें दे देती है, पर हाथको

ENGLISH TRANSLATION

for no response is certainly granted by the Lord to such a prayer. And the second point is that we must never allow the doubt, 'Will the Lord grant it or not?', to enter the mind even slightly, even for a single moment, even by mistake. Holding the firm conviction that 'He will surely grant it', let us ask Him. Then, one of two things will inevitably happen: either the Lord will bestow that thing upon us, or He will grant us peace by completely eradicating the desire to obtain that thing from our mind. Nor is it the case that He will merely do this and remain idle; alongside this, He will also bestow something such as will burn away our poverty forever. Let us inscribe in golden letters upon the canvas of our heart this immortal message of the crest-jewel of devotees, Goswami Tulsidas; it can never prove false:[Braj]
Jaga jācia kou na, jācia jau,
jiyaṁ jācia jānaki-nāhahi re.
Jehi jācata jācakatā jari jāi,
jo jārati jora jahānahi re.' Beg from no one in the world. If you must ask at all, ask in your heart of the Lord of Janaki (Sita). Upon asking of Him, the very spirit of begging (poverty and craving), which forcibly burns the entire world, is itself burned away.' Truly, the beggarliness of one who asks of the Lord is eradicated forever:[Braj]
Tohiṁ māṅgi māṅganau na māṅganau kahāyo.
('Having asked of You, asking was no longer called asking.')It is true that even when asked, the Lord does not bestow a harmful thing. An affectionate mother, too, does not place a gleaming knife into her innocent child's hand when asked. But if the child throws a tantrum, becomes stubborn, and yields to no coaxing, the mother places the knife in his hand, yet holds on to his hand

ORIGINAL

पकड़े रहती है कि कहीं काट न ले। फिर जगत्‌की अनन्त माताओंके हृदयमें अनादिकालसे संचरित वात्सल्यस्नेह जिस स्नेह-रसके अनन्त समुद्र प्रभुसे आता है, भूत, वर्तमान, भविष्यकी सब माताओंका पुञ्जीभूत, एकत्रित वात्सल्य जिनके स्नेहकी एक बूँदके भी बराबर नहीं ठहरता, वे प्रभु क्या ऐसा नहीं कर सकते? अवश्य कर सकते हैं। किसी अबोध, पर उनके सर्वथा परायण हुए परम विश्वासी शिशुके मचल जानेपर, अड़ जानेपर हालाहल विषको भ्रमवश अमृत मानकर उसे ही पिला देनेके लिये हठ कर लेनेपर प्रभु भी ऐसा कर सकते हैं। यहाँकी मातामें तो शक्ति-सामर्थ्य सीमित है, वह किसी अंशहतक ही अपने लाड़ले शिशुका हठ निभा सकती है। पर प्रभुकी सामर्थ्य तो सर्वथा अनन्त, अपरिसीम है। वे सर्वभवनसमर्थ हैं, अघटन-घटना उनके लिये नित्य हँसी-खेल है। वे सचमुच लोकदृष्टिमें हालाहल विषरूप वस्तु दे सकते हैं, बाह्यदृष्टिमें वह वस्तु ज्यों-की-त्यों विषरूप ही दीखेगी, पर वह उनके जनके लिये, जिसे उन्होंने दी है या देंगे, उसके लिये परम अमृत बन जायगी, उसे अमर कर देगी। भले ही प्रभुका यह अमित प्रभाव हमारी तर्कशील बुद्धिमें स्थान न पावे, हम इसपर विश्वास न कर सकें, यह बात दूसरी है। अथवा—'प्रभुके भक्तमें हठ हो ही नहीं सकता, प्रभुका भक्त तो अपनी इच्छा प्रभुकी इच्छामें ही मिला देता है, भक्तकी बुद्धि परम शुद्ध होती है, वह अपने लिये किसी भी अहितकर वस्तुकी याचना कर ही नहीं सकता'—इस प्रकार आदर्श भक्तोंकी बात कहकर हम इन बातोंका खण्डन भले कर दें या ऐसा न करके अपने पाण्डित्यके बलसे 'सर्वसमर्थता' शब्दकी व्याख्या करते हुए, प्रभुकी शक्ति-सामर्थ्यकी अपनी मनमानी एक सीमा निर्धारित कर दें तथा प्रमाणमें कुछ ऐसे युक्तिपूर्ण वाक्योंकी रचना

ENGLISH TRANSLATION

lest he cut himself. Then, cannot that Lord do so-from Whom, the infinite ocean of the nectar of love, flows all the maternal affection moving since time without beginning in the hearts of infinite mothers of the world, and compared to a single drop of Whose affection the combined, concentrated maternal love of all mothers of the past, present, and future does not even compare? He certainly can. When an innocent yet utterly devoted and supremely faithful child throws a tantrum, becomes obstinate, and stubbornly insists on being given deadly poison, mistaking it through delusion for nectar, the Lord too can do such a thing. A mother of this earthly realm has limited power and capacity; she can accommodate the stubborn whim of her beloved child only up to a certain extent. But the Lord's capacity is entirely infinite and boundless. He is capable of bringing about anything; making the impossible possible is an effortless, eternal play for Him. In the eyes of worldly perception, He may indeed give something that is like deadly poison, and to external sight that object will appear precisely as poison, yet for His devotee-to whom He has given it or will give it-it will turn into supreme nectar, making him immortal. That this boundless power of the Lord may find no place in our argumentative intellect, or that we may not be able to believe in it, is another matter. Or, by speaking of idealized devotees-saying, 'Stubbornness can never exist in a devotee of the Lord; a devotee of the Lord merges his own will entirely into the Lord's will; a devotee's intellect is supremely pure, and he can never pray for any harmful thing for himself'-we may well refute these matters, or failing that, through the power of our erudition, while interpreting the word 'omnipotence', we may set an arbitrary limit of our own fancy upon the Lord's power and capacity, and frame logical arguments in proof thereof

ORIGINAL

कर लें कि उनके उत्तरमें बाध्य होकर किसीको कहना ही पड़े कि 'प्रभु यह तो नहीं कर सकते।' पर इससे न तो प्रभुका अमित प्रभाव ही कम होता है, न प्रभुके साम्राज्यका यह अनन्त वैचित्र्य ही मिटता है और न यह सीमा ही बँधती है कि 'विश्वाससे यह तो हो सकता है, यह नहीं हो सकता।' जो सत्य है, वह सत्य ही रहेगा। हमारी इच्छा, हम उसे मानें, ढूँढ़ें, पहचानें, परीक्षा करें अथवा उसकी ओरसे मुँह मोड़े रहें। किन्तु बुद्धिमानी इसीमें है कि दुराग्रह त्यागकर हम उसकी एक बार कम-से-कम परीक्षा तो अवश्य करें। यद्यपि प्रभु एवं प्रभुकी शक्ति-सामर्थ्यसम्बन्धी बातें परम सत्य होनेपर भी व्यक्त होनेके लिये श्रद्धाकी अपेक्षा अवश्य रखती हैं, किन्तु पक्षपातशून्य परीक्षकको उनका आभास अवश्य मिल जाता है। हम सर्वसाधारणके लिये तो—यदि प्रभुके अस्तित्वमें थोड़ा भी विश्वास है तब—यही परम कल्याणकारी साधन है कि प्रभुपर विश्वास और भी दृढ़ करते हुए उनकी सहायता हम जिस-किसी निमित्तसे भी लेने लग जायँ। इसमें लाभ-ही-लाभ है।ऐसा भी कहा जाता है कि ‘प्रभुकी सकाम उपासना नहीं करनी चाहिये; क्योंकि वास्तवमें सच्ची श्रद्धा तो होती नहीं और इस कारण इच्छित फल नहीं मिलता, जिससे उल्टे और अश्रद्धा हो जाती है।’ बात बहुत ठीक है। ऐसा होता है, पर हम यह सोचें कि हमारा इसमें बिगड़ा क्या? पहले भी श्रद्धा नहीं थी, श्रद्धाकी बिलकुल झूठी नकल थी, श्रद्धा होनेका भ्रम था; क्योंकि सच्ची श्रद्धा होनेपर यह असम्भव है कि प्रभुकी ओरसे प्रत्युत्तर न मिले, अवश्य-अवश्य उत्तर मिलेगा ही। हमें कोई उत्तर नहीं मिला, यही इस बातका ज्वलन्त प्रमाण है कि हमारा विश्वास प्रभुपर नहीं था, नहीं है। अब इच्छित उत्तर न मिलनेपर यदि भ्रम मिटकर हमारे मनका सच्चा रूप प्रकट हो गया तो इसमें लाभ हुआ

ENGLISH TRANSLATION

such that in response, one would be compelled to say: 'The Lord cannot do this.' But this neither diminishes the Lord's boundless majesty, nor erases this infinite diversity of the Lord's realm, nor does it set a boundary that 'through faith, this can happen, but this cannot happen.' That which is true will remain true. It is our choice whether we accept it, seek it, recognize it, test it, or turn our face away from it. Yet wisdom lies in abandoning obstinate prejudice and testing it at least once. Although the truths concerning the Lord and the Lord's power and capacity, despite being absolute truth, certainly require faith in order to be revealed, an unbiased seeker surely receives an inkling of them. For us ordinary people-if there is even a little faith in the existence of the Lord-the most supremely beneficial practice is that, making our faith in the Lord even firmer, we begin to seek His help under any pretext whatsoever. In this, there is nothing but benefit. It is also said that 'One should not engage in worship of the Lord with selfish desire (sakāma upāsanā); because in reality there is no genuine faith, and for this reason the desired fruit is not attained, which instead produces even greater disbelief.' This statement is quite correct. Such a thing happens, but let us consider: what have we lost in this? Previously too, there was no faith; it was merely a false imitation of faith, a delusion of possessing faith; for when genuine faith is present, it is impossible that a response will not come from the Lord-a response will most certainly come. That we received no response is itself the blazing proof that our faith was not, and is not, in the Lord. Now, when the desired response was not received, if the delusion was dispelled and the true state of our mind was revealed, then is this a gain

ORIGINAL

क्या हानि हुई ? हमारी स्थिति जो पहले थी वही अब है, अधिक लाभ यह हुआ कि श्रद्धाका दम्भ अब हम नहीं करेंगे । साथ ही एक बहुत बड़ा लाभ हमारी जानकारीमें न आकर ही और हो गया । उतने मास, उतने दिन या उतने घण्टे जो प्रभुके सम्पर्कमें बीते, इस निमित्तसे हमने प्रभुको इतने समयके लिये जो अपने मनमें बसाया, यह इतनी मूल्यवान् सम्पत्ति एकत्र हो गयी कि उसकी तुलना नश्वर जगत्के किसी भी पदार्थसे सम्भव ही नहीं । इतना ही नहीं, सचमुच हमारे अन्दर सच्ची श्रद्धाके बीज भी बिखेर दिये गये । उन बीजोंकी क्रिया बढ़नेपर अश्रद्धाका हमारा यह आवरण भी नष्ट हो जायगा । फिर हम बाहर-भीतर समान बन जायँगे । अत: ऐसी अश्रद्धा भी होनेकी सम्भावना हो तो यह भी वरण करनेयोग्य है, प्रभुसे न जुड़नेकी अपेक्षा उनसे जुड़कर ऐसी अश्रद्धाको मोल ले लेना भी बहुत ही मङ्गलकारक है । जैसे भी हो तथा परिणाममें कुछ भी हाथ लगे, किसी निमित्तसे हम प्रभुसे जुड़ें यही सार बात है ।

अन्तमें एक बात और रही, जिसका जानना आवश्यक है । रोग-दु:खसे त्राण पानेके लिये अथवा अपनी अभिलषित वस्तुकी प्राप्तिके लिये यदि हम प्रभुकी सहायता लें तो उसका रूप क्या होना चाहिये, उसका ढंग क्या होना चाहिये ? उसका प्रकार क्या है ? तो उसके लिये अत्यन्त संक्षेपमें तथा सरलतासे समझमें आनेवाली बातें ये हैं—

१—कल्पना करें, शरीरमें कोई व्याधि हो गयी, गठियाकी पीड़ासे प्राण व्याकुल हैं, इससे मुक्त होनेके लिये हम प्रभुसे सहायता चाहते हैं । उसके लिये हमें चाहिये कि अपनी सारी शक्ति बटोरकर उनको एक बार पीड़ासे हटाकर हम ऐसी भावना करें—'हमारे भीतर-बाहर, दाहिने-बायें, आगे-पीछे, नीचे-ऊपर हमारे अणु-अणुमें

ENGLISH TRANSLATION

What loss occurred? Our state remains what it was before, with the additional benefit that we shall no longer make a pretentious display of faith. Alongside this, another tremendous benefit came about without our even realizing it. Those months, those days, or those hours that were spent in contact with the Lord, and our enshrining of the Lord within our heart for that duration under this pretext, became the accumulation of a wealth so precious that it cannot possibly be compared to any object in this perishable world. Not only this, but the seeds of true faith were also truly sown within us. As the potency of those seeds grows, this veil of doubt and disbelief will also be destroyed. Then we shall become consistent both inwardly and outwardly. Therefore, even if there is a possibility of such temporary disbelief arising, it is still worthy of acceptance; taking on such doubt through connecting with the Lord is far more auspicious than remaining disconnected from Him. Come what may, and whatever the immediate outcome, that we connect with the Lord through some pretext is the ultimate essence. Finally, there remains one more matter that is essential to understand. If we seek the Lord's assistance to be delivered from illness and distress, or to attain a desired object, what form should that take, and what should be its method? What is the manner of it? For this, the points explained with utter brevity and clarity are as follows:Imagine that an ailment has arisen in the body, the vital breath is distressed by the agony of arthritis, and we seek the Lord's assistance to be freed from this. For that, we should gather all our inner faculties, withdraw them for once from the pain, and cultivate this contemplative feeling: "Within and without us, to our right and left, before and behind us, below and above, in every single atom of our being,

ORIGINAL

आनन्दमय प्रभु भरे हुए हैं, यहाँ सर्वत्र प्रभुका अनन्त असीम अपार आनन्द भरा है । प्रभुकी अखण्ड अपरिसीम शान्ति सर्वत्र फैली हुई है, हम प्रभुके उस आनन्दमें, उस शान्तिमें ही डूबे हुए हैं । प्रभुके आनन्दका, उनकी शान्तिका समुद्र लहर रहा है, हमारा अणु-अणु अपार अनन्त असीम आनन्दसे, शान्तिसे भर गया है ।' इस प्रकारकी भावनामें मनको सर्वथा डुबो देनेका प्रयास करें । यह नहीं कि पीड़ाको याद कर-करके प्रभुको बार-बार पीड़ाकी स्मृति दिलावें । प्रभु पहलेसे जानते हैं कि हमारी इच्छा क्या है । अब यदि हम सचमुच इस भावनासे मनको एक बार पूरा-पूरा भर सकें, उस मनको जिसमें यह विश्वास पहलेसे ही भरा हो कि प्रभु हमारी गठियाकी पीड़ाको निश्चय मिटा देंगे तो सच मानें, भावना टूटते-न-टूटते गठियाकी पीड़ा भी न जाने कहाँ चली जायगी और हमारा रोम-रोम प्रभुके प्रति कृतज्ञतासे भर उठेगा । दृढ़ विश्वास एवं मनकी एकाग्रता—दो ही बातें अपेक्षित हैं । ये तो होनी ही चाहिये । इसमें भी पीड़ावश एकाग्रतामें त्रुटि आवे तो वह भी क्षम्य है । पर विश्वास शिथिल न हो यह अत्यन्त आवश्यक बात है । विश्वासकी कमी ही फल-उत्पादनमें विलम्ब करती है । अतः एक बारकी भावनामें पीड़ा न मिटे तो विश्वासको और भी सुदृढ़ बनाकर यह भावना बार-बार करते ही जायें ! विश्वासका काँटा जहाँ अपेक्षित स्थानपर आया कि निश्चय ही या तो प्रभु हमारी पीड़ा हर लेंगे या पीड़ा मिटानेकी वासना हरकर हमारे अन्दर एक अद्भुत शान्ति, सहिष्णुताका संचार कर देंगे । फिर पीड़ाका अनुभव भले हो, पर मन सर्वथा अनुद्विग्न एवं शान्त होकर एक अनिर्वचनीय आनन्दसे भर उठेगा । यह आनन्द कैसा होता है, इसे हम केवल अनुभव कर पायेंगे, दूसरेको बता सकें, यह सम्भव नहीं ।

ENGLISH TRANSLATION

the blissful Lord is fully present; here, everywhere, the infinite, boundless, immeasurable bliss of the Lord is brimming. The Lord's unbroken, limitless peace is spread everywhere, and we are completely immersed in that very bliss, in that very peace of the Lord. The ocean of the Lord's bliss and His peace is surging with waves, and every single atom of ours is filled with boundless, infinite, limitless bliss and peace." Strive to immerse the mind entirely in such a contemplation. It should not be that, remembering the pain again and again, one keeps reminding the Lord of the affliction. The Lord already knows what our wish is. Now, if we can truly and completely fill the mind once with this contemplation-a mind in which the firm faith is already present that the Lord will definitely remove the pain of our arthritis-then believe it truly, even before the meditation concludes, the arthritic pain will vanish who knows where, and every pore of our being will surge with gratitude toward the Lord. Firm faith and concentration of mind-these are the only two prerequisites. These must certainly be present. Even herein, if some lapse in concentration occurs due to physical pain, that too is pardonable. But it is an absolute necessity that faith should never waver. It is the deficiency of faith alone that delays the bearing of fruit. Therefore, if the pain does not subside in a single attempt at this contemplation, make faith even firmer and continue practicing this visualization repeatedly! As soon as the needle of faith reaches the required mark, the Lord will certainly either dispel our pain or, by removing the craving to be rid of the pain, infuse within us a wonderful peace and endurance. Then, even if bodily pain is felt, the mind, becoming completely unperturbed and peaceful, will be filled with an ineffable bliss. What this bliss is like can only be experienced by oneself; it is not possible to describe it to another.

ORIGINAL

२—किसी अभिलषित वस्तुकी प्राप्तिका उद्देश्य होनेपर एक बार प्रभुसे अपनी इच्छा निवेदन कर दें । प्रभु जानते तो हैं ही, पर अपने सन्तोषके लिये ही ऐसा कर लें । फिर निश्चिन्त हो जायँ—इस भावनासे कि प्रभु हमारी इस इच्छाको अवश्य-अवश्य पूरी करेंगे ही । इसके बाद प्रभुके अनन्त वैभवमय स्वरूपमें अपने मनको डुबो दें, डुबाये रखें । हठात् एक दिन देख पायेंगे कि यह मनोरथ पूर्ण हो चुका है । अथवा यह प्रत्यक्ष-सा अनुभव हो जायगा कि अमुक समयपर वह वस्तु हमें मिल जायगी अथवा यह होगा कि मनमें उस वस्तुको प्राप्त करनेकी इच्छा ही सर्वथा मिट जायगी ।

३—दुःखमें पड़े हुए अपने किसी स्वजन-सम्बन्धी या मित्रके लिये भी हम प्रभुकी सहायताका आवाहन उपर्युक्त भावनाकी प्रक्रियासे कर सकते हैं । ऐसा करना अपने उस सम्बन्धी-मित्रके प्रति हमारी इतनी अद्भुत चमत्कारपूर्ण सेवा होगी कि जिसकी कल्पना भी अभी हम नहीं कर सकते । अपने जिस मित्र-स्वजनके लिये प्रभुकी सहायता अपेक्षित हो, उसकी मानसिक मूर्ति अपने सामने हम खड़ी कर लें । मन-ही-मन उसे देखते हुए हम यह भावना आरम्भ करें—'यहाँ इसके भीतर-बाहर, ऊपर-नीचे, दाहिने-बायें सर्वत्र प्रभु भरे हैं, उनका आनन्द, उनकी शान्ति भरी है...।' ऊपर वर्णित भावनाको ही अपने मित्रकी उस मानसिक मूर्तिमें भर दें । यहाँतक कि मूर्तिका अस्तित्व, स्मृति तो विलुप्त हो जाय और वहाँ बच रहें केवल प्रभु, उनका अखण्ड और अनन्त आनन्द, उनकी शाश्वती शान्ति । हमें पीछे यह जानकर विस्मय होगा कि हमारे उस मित्रके दुःखका अत्यन्त चमत्कारपूर्ण ढंगसे अवसान हो गया है, उसकी परिस्थिति अचानक अजीब ढंगसे सुधर गयी है अथवा बाह्य परिस्थिति तो ज्यों-की-त्यों है, पर मित्रके स्वभावमें, मनमें कुछ

ENGLISH TRANSLATION

2. When the objective is to obtain a desired object, submit your wish to the Lord once. The Lord certainly knows it already, but one may do so simply for one's own satisfaction. Then become free from worry, with the conviction that the Lord will definitely fulfill this desire of ours. Thereafter, immerse the mind in the Lord's infinite, glorious form and keep it immersed. Suddenly one day you will see that this cherished wish has been fulfilled. Or it will be experienced almost palpably that at a certain time that object will be received by us, or else the desire to obtain that object will itself vanish completely from the mind. We can also invoke the Lord's assistance for a kinsman, relative, or friend who is in distress through the same process of contemplation mentioned above. Doing so will be such a wonderful and miraculous service to that relative or friend as we cannot even imagine at present. For whichever friend or kinsman the Lord's help is sought, visualize his form in the mind before you. Beholding him mentally, begin this contemplation: "Here, within and without him, above and below, to the right and left, everywhere the Lord is fully present, His bliss and His peace are brimming..." Infuse the mental image of your friend with the very contemplative feeling described above, to such a degree that the separate existence and memory of that form dissolve away, and there remains only the Lord, His undivided and infinite bliss, and His eternal peace. Later, we shall be astonished to learn that our friend's suffering has come to an end in an exceptionally miraculous manner, his circumstances have unexpectedly improved in a wondrous way, or, even if the external situation remains as it was, something magical has occurred in the friend's disposition and mind;

ORIGINAL

जादू-सा हो गया है; उसकी चिन्ता, उद्विग्नता मिट गयी है और वह एक अद्भुत शान्तिका अनुभव करने लगा है । अवश्य ही इस प्रक्रियामें भी सफलता निर्भर करती है इसी बातपर कि (१) स्वयं हमारे मनमें प्रभुके प्रति कितनी, कैसी श्रद्धा है और (२) सहायताका आवाहन करते समय मनकी एकाग्रता कैसी-किस जातिकी थी ।

बस, सहायताके आवाहनका प्रकार उपर्युक्त दो बातोंमें ही प्रायः आ जाता है । इतना ही बहुत है ।

इसमें किसीका मतभेद हो ही नहीं सकता कि प्रभुके साथ सर्वथा निष्कामतापूर्ण सम्बन्ध ही उपासनाका पवित्र आदर्श है । प्रभुसे कुछ भी माँगना वास्तवमें है अज्ञता ही । हमारे लिये जो भी आवश्यक है, उसे प्रभु हमारे बिना माँगे ही आगे-से-आगे देते रहते हैं, देते रहेंगे । परम स्नेहमयी जननीकी भाँति हमारे लिये सब कुछ वे पहलेसे ही सुव्यवस्थित कर रखते हैं । उनसे हम क्या माँगें, क्यों माँगें ? यह बुद्धि भी हमारे अन्दर कहाँ कि हम निर्णय कर लें—हमें क्या चाहिये और क्या नहीं चाहिये । किन्तु जब हमें अभावकी अनुभूति हो रही है और प्रभुसे विमुख होकर हम भटक रहे हैं, तब इस परिस्थितिमें जो भी निमित्त हमें प्रभुसे जोड़ सके, उसको अवश्य-अवश्य ग्रहण कर लेना चाहिये । यह भी सन्तोंका अनुमोदित मत है, इसमें भी सभी एकमत हैं । हमें भी यह अभिप्रेत होना ही चाहिये कि जैसे भी हो हमारा मुख तो प्रभुकी ओर हो जाय । फिर—

सन्मुख होइ जीव मोहि जबहीं ।
जन्म कोटि अघ नासहिं तबहीं ॥

ENGLISH TRANSLATION

his anxiety and agitation have been erased, and he has begun to experience an extraordinary peace. Of course, in this process too, success depends precisely upon these factors: (1) how much and what kind of faith we ourselves harbor in our heart toward the Lord, and (2) what quality and degree of concentration of mind was present while invoking the assistance. Indeed, the method of invoking assistance is largely encompassed within the two points described above. This alone is sufficient. There can be no difference of opinion on the fact that an entirely desireless relationship with the Lord is the holy ideal of worship. Asking for anything from the Lord is, in truth, nothing but ignorance. Whatever is necessary for us, the Lord keeps providing and will continue to provide in advance, even without our asking. Like a most loving mother, He keeps everything well arranged for us beforehand. What should we ask of Him, and why should we ask? Where do we even have the discernment to decide what we truly need and what we do not need? But when we are experiencing a sense of lack and are wandering astray with our faces turned away from the Lord, then under such circumstances, whatever pretext can connect us to the Lord should most certainly be embraced. This is also the approved doctrine of the saints, and all are unanimous on this point. Our primary intent too must simply be that, somehow or other, our face turns toward the Lord. And then:[Awadhi] The moment a living soul turns its face toward Me, all the sins of millions of births are destroyed that very instant.

CHAPTER 4

इच्छाशक्ति या प्रभुकृपापर विश्वास

Willpower or Faith in the Lord's Grace

Source coverage: 32–40

ORIGINAL

इच्छाशक्ति या प्रभुकृपापर विश्वास

आधुनिक युगमें इच्छाशक्तिको बहुत महत्त्व दिया जा रहा है। उचित भी है। यह नितान्त सत्य है कि हमारी इच्छाशक्तिमें बहुत बल है। इस बलका उपयोग करके हम अपनी गिरी दशासे बहुत कुछ ऊपर उठ सकते हैं। पर जबतक इस शक्तिका प्रवाह प्रभुकी ओर नहीं होता, तबतक इसके द्वारा भले ही हम कुछ समयके लिये ऊँचे स्तरपर आ जायँ; किन्तु वह स्थिति स्थायी नहीं हो सकेगी। निरन्तर हमारे लिये पतनका भय लगा ही रहेगा और कुसमयमें—जिस समय हमें अन्य दुर्बलताएँ आकर घेरेंगी, उस समय—हम अपनी प्राप्त स्थितिसे भी नीचे गिर सकते हैं। कल्पना करें—'हमारी इन्द्रियोंकी प्रवृत्ति किसी कुमार्गकी ओर हुई। अब यदि वास्तवमें हम यह दृढ़ इच्छा करें, पूरे मनोयोगसे यह चाहें कि नहीं, हम अपनी इन्द्रियोंको कुमार्गमें नहीं जाने देंगे, हमारी इन्द्रियाँ कुमार्गमें नहीं जा सकतीं, इस प्रकार दृढ़ सङ्कल्प करके इन्द्रियोंको कुपथसे हम पूरी तत्परतापूर्वक हटाना चाहें, हटा दें तो इन्द्रियोंमें सचमुच यह शक्ति नहीं है कि हमारी आज्ञाका, दृढ़ सङ्कल्पका वे विरोध कर सकें। उन्हें लौटना पड़ेगा, वे एक बार निश्चय लौट आयेंगी। पर इतने मात्रसे ही हमारे पतनका भय चला गया हो, इन्द्रियाँ फिर उस ओर नहीं ही जायँगी, यह सुनिश्चित हो गया हो; सो बात नहीं है। पुनः जहाँ वैसा कोई अवसर आयेगा, हम असावधान होंगे, अपनी इच्छाशक्तिपर नियन्त्रण खो बैठे होंगे, कुछ क्षणों पहले हमने वैसे ही मिलते-जुलते बुरे भावोंको अपनी दुर्बलतावश मनमें स्थान दे रखा होगा कि बस, उस ओरसे लौटी हुई वे इन्द्रियाँ उछलेंगी

ENGLISH TRANSLATION

Willpower or Faith in the Lord's Grace

In the modern age, great importance is being given to willpower. And rightly so. It is an absolute truth that there is immense power in our willpower. By utilizing this strength, we can rise considerably above our fallen state. But as long as the current of this power is not directed toward the Lord, even if we reach a higher plane for some time through it, that state will not be permanent. The fear of downfall will constantly loom over us, and during adverse times-when other weaknesses surround us-we may fall even lower than the state we had attained. Imagine: our senses incline toward some evil path. Now, if we genuinely form a strong resolve, wishing with complete concentration, "No, we will not let our senses go onto the evil path; our senses cannot go onto the evil path," and thus, making a firm determination, we earnestly wish to withdraw our senses from the wrong path and do withdraw them, the senses truly do not possess the power to resist our command and firm resolve. They will have to turn back; they will certainly turn back for once. But it is not the case that merely by this, the fear of our downfall is eliminated or that it has become certain that the senses will never turn in that direction again. As soon as such an occasion arises again, when we are unwary, have lost control over our willpower, and-out of our weakness-have entertained similar evil thoughts in our mind just moments earlier, those senses that had turned away will instantly leap up,

ORIGINAL

और बाँध तोड़कर वैसे ही असत्पथकी ओर और भी प्रबल वेगसे भागने लगेंगी। अतः स्थितिको स्थायी बनाये रखनेके लिये यह भी परम आवश्यक है कि जैसे अपने अन्दरकी इच्छाशक्तिका प्रयोग करके, दृढ़ सङ्कल्पके द्वारा हमने इन्द्रियोंको कुमार्गकी ओरसे हटाया, निषेधात्मक प्रयोगसे उन्हें शान्त किया, वैसे ही उतनी ही दृढ़तासे पुनः उसी इच्छाशक्तिका आश्रय लेकर हम उन्हें प्रभुकी ओर प्रवृत्त करें, प्रभुकी ओर उनकी अविराम गति कर दें, निर्माणात्मक प्रयोगके द्वारा हम उन्हें नित्य, सत्य, अखण्ड, अचल, परम मङ्गलमय प्रभुसे जोड़ दें। ऐसा कर लेंगे तो फिर प्राप्त हुई स्थितिसे हमारा पतन असम्भव हो जायगा।

जैसे किसी स्रोतमें एक ओरसे जल आ रहा हो। हमने निश्चय किया कि अमुक दिशाकी ओर जल नहीं जाने देंगे; और फिर उस ओर सुदृढ़ बाँध बाँध दिया। अब जल रुक तो जायगा, किन्तु उसके निकलनेका मार्ग भी हमें बनाना चाहिये। अन्यथा जल एकत्र होते-होते जहाँ बाँधकी सीमाको छूने लगा कि बाँध या तो टूटेगा या बाँधको लाँघकर जल बह चलेगा। ऐसे ही जबतक हमारी इन्द्रियाँ काम कर रही हैं, उनमें प्रवाह है ही। यदि हमने इच्छाशक्तिका प्रयोग करके उन्हें किसी ओर जानेसे रोक भी दिया तो इसका यह अर्थ नहीं कि उनका उस ओरका प्रवाह बन्द हो गया हो। भले ही हमें दीखे नहीं; पर अन्तश्चेतनामें उनकी गति सतत उस ओर ही है। इसीलिये हमें उचित है कि उस ओरसे रोकनेके साथ-ही-साथ तुरन्त हम उन्हें प्रभुकी ओर मोड़ दें। वे उस ओर मुड़ गयीं, मुड़कर प्रभुसे जुड़ गयीं, तब फिर तो सागरसे मिले हुए सोतेकी भाँति सदाके लिये प्रभुकी ओर ही बहती रहेंगी। फिर उनकी दिशा बदल जाय, फिर कुमार्गकी ओर वे दौड़ चलें,

ENGLISH TRANSLATION

and breaking the dam, begin rushing toward that very untruthful path with an even more violent force. Therefore, to make our state lasting, it is also paramount that just as we turned our senses away from the evil path through firm determination using our inner willpower, pacifying them through negative restraint, so too, with equal steadfastness, taking refuge in that same willpower, we must turn them toward the Lord. We must direct their unceasing flow toward the Lord, and through constructive application, unite them with the eternal, true, indivisible, unmovable, supremely auspicious Lord. If we accomplish this, then our fall from the attained state will become impossible. Consider water flowing into a stream from one side. We decided not to let the water flow toward a certain direction, and so we built a sturdy dam in that direction. Now the water will be halted, but we must also create an outlet for it to flow out. Otherwise, as water keeps accumulating, the moment it touches the crest of the dam, either the dam will break or the water will overflow and rush across it. In the same way, as long as our senses are functioning, a flow exists within them. Even if we have checked them from going toward a certain direction by exercising willpower, this does not mean that their inclination toward that direction has ceased. Although it may not be visible to us, their movement within the subconscious mind continues incessantly toward it. For this reason, it is proper for us that simultaneously with restraining them from that direction, we immediately turn them toward the Lord. Once they turn in that direction and unite with the Lord, then, like a spring merged into the ocean, they will flow eternally only toward the Lord. That their direction might change again, that they might run once more toward the evil path-

ORIGINAL

इसकी सम्भावना सर्वथा समाप्त हो जायगी।किन्तु यह तो तब सम्भव है कि जब हमारा विवेक जाग्रत् हो; यह भला है, यह बुरा है, यह सुमार्ग है, यह कुमार्ग है—इसकी हमें पूरी पहचान हो; इसकी सजग स्मृति हमारे अन्दर सदा बनी रहे। यह विवेक यदि मर नहीं गया है, तो फिर इच्छाशक्तिका प्रयोग करके हम नीचे गिरनेसे बच सकते हैं—ऊपर उठ सकते हैं; पर कभी-कभी तो ऐसा होता है कि हम सर्वथा विमोहित हो जाते हैं। क्या करने जा रहे हैं, किधर जा रहे हैं, हमारी इस चेष्टाका कितना भयानक परिणाम होगा—इन बातोंको हम सर्वथा भूल जाते हैं तथा अन्धे-से, पागल-से हुए अपनेको नरककी ज्वालामें होम देनेके लिये दौड़ पड़ते हैं। उस समय इच्छाशक्ति क्या काम आयेगी। बचनेकी इच्छा हो तब न हम इच्छाशक्तिका सत्-प्रयोग करेंगे ? जहाँ बचना नहीं, डूबना ही उद्देश्य है, वहाँ तो इस शक्तिकी उपयोगिता नगण्य बन जाती है! वरन् ऐसी स्थितिमें किसीकी यदि इच्छाशक्ति बलवती हुई रहती है तो उसका अशुभमें प्रयोग हो जाता है और परिणामस्वरूप भीषण पतन होता है। आसुरी स्वभाववालोंकी भी इच्छाशक्ति प्रबल रह सकती है, पर उसका प्रयोग वैसे ही होता है, जैसे प्रयोग करनेवालोंके आसुरी स्वभावके कारण परमोपकार करनेमें समर्थ अणु-शक्ति (एटम) का प्रयोग जनसंहारमें, फलतः परम्परागत विद्वेष और शत्रुताके विस्तारमें हो रहा है! पर ऐसी भीषण परिस्थितिमें भी हममेंसे बहुतोंका यह अनुभव है कि ठीक मौकेपर कोई आकस्मिक, अप्रत्याशित घटना घट जाती है और आश्चर्यरूपसे हमारी रक्षा हो जाती है; पतनके किनारेसे हम लौट आते हैं, ठीक गिरते-गिरते बच जाते हैं। जो प्रभुकी सत्तामें विश्वास करना नहीं चाहते, वे तो ऐसी घटनाओंका नाम संयोग (Chance)

ENGLISH TRANSLATION

the possibility of this will vanish entirely. However, this is possible only when our discernment is awake; when we fully recognize what is good and what is bad, what is the right path and what is the evil path; and when a vigilant memory of this constantly remains within us. If this discernment has not perished, then by utilizing willpower we can save ourselves from falling down-we can rise higher; but sometimes it happens that we become utterly deluded. What we are about to do, where we are going, how terrible the consequence of this action of ours will be-we completely forget these things, and having become as if blind and mad, we rush forward to sacrifice ourselves into the flames of hell. Of what use will willpower be at that time? Only when there is a desire to be saved can we make noble use of willpower. Where the goal is not to be saved but to drown, the utility of this power becomes negligible! Moreover, in such a condition, if someone's willpower happens to be strong, it gets deployed in evil, resulting in a catastrophic downfall. Even those with demonic natures can possess strong willpower, but its application happens just as the application of atomic energy-capable of supreme beneficence-is being used for mass destruction and consequently for the expansion of traditional malice and hostility, owing to the demonic nature of its users! Yet even in such dreadful circumstances, it is the experience of many among us that at the exact right moment some sudden, unexpected event occurs and we are miraculously protected; we turn back from the brink of downfall, escaping just as we were about to fall. Those who do not wish to believe in the Lord's existence label such incidents as mere "chance" (coincidence).

ORIGINAL

रख देते हैं। पर जो प्रभुकी सत्तामें विश्वास रखते हैं, वे इसे मानते हैं 'प्रभुकी अहैतुकी कृपा।' वास्तवमें यह संयोग (Chance) नहीं है, सर्वथा निश्चित रूपसे प्रभुकी कृपा ही है। फिर हम क्यों नहीं आरम्भसे ही प्रभुकी कृपापर ही विश्वास करें ? इच्छाशक्तिमें अपार बल होनेपर भी हमें धोखा हो सकता है। उससे उलटा परिणाम भी हो सकता है, वैसे ही जैसे अग्निसे यज्ञादि शुभ कर्म भी हो सकते हैं और सब कुछ भस्म भी हो सकता है; किन्तु प्रभुकी कृपापर विश्वास होनेके उपरान्त कभी धोखा नहीं होगा, यह ध्रुव सत्य सिद्धान्त है।

हम सोचकर देखेंगे तो पता चलेगा कि इच्छाशक्तिको तो हमें जगाना पड़ता है, अपनी सहायताके लिये बुलाना पड़ता है; पर प्रभुकी कृपा तो सदा जागी हुई है, निरन्तर हमें बुला रही है, पुकार रही है—'अरे अबोध प्राणी ! जागो, मेरी ओर देखो, क्यों भटक रहे हो ?' पर हमारे कान तो दूसरी ओर हैं, हम क्यों सुनने लगे। इतनेपर भी न जाने कितनी बार वह हमारे सामने आती है, हमें गड्ढेमें गिरनेसे बचाती है। साथ ही हमारी रक्षा करके हमपर अहसान करने नहीं आती; अपितु हमारा काम सँवारकर तुरन्त छिप जाती है और हम ऐसे कृतघ्न हैं कि उसको भूल ही नहीं जाते, उसका अस्तित्वतक स्वीकार नहीं करना चाहते; उसके उपकारको संयोगकी बात बताकर टाल देते हैं। इसके बाद भी अत्यन्त गाढ़े समयमें वह पुनः हमारे सामने आती है और हमारी सहायता करती है। हममेंसे प्रत्येकको अपने जीवनकी घटनाओंपर विचार करनेके उपरान्त, एकमात्र प्रभुकी कृपासे ही अमुक-अमुक कार्य हुए थे—यह कहनेमें तनिक भी सङ्कोचका अनुभव नहीं होगा। अतः यदि पतनसे बचनेके लिये पहलेसे ही प्रभुकी कृपापर विश्वास कर लें तो हमारी जीवनयात्रा कितनी सरल-सुखमय हो जाय।

ENGLISH TRANSLATION

Yet those who believe in the Lord's existence regard this as "the unmerited grace of the Lord." In truth, this is not chance, but most definitely the grace of the Lord alone. Why, then, should we not place our faith in the Lord's grace from the very beginning? Even though there is immense strength in willpower, we can still be deceived. It can also produce the opposite result, just as fire can be used for auspicious deeds like sacrifices and can also reduce everything to ashes; but once faith is placed in the Lord's grace, deception will never occur-this is an immutable, true principle. If we reflect, we will realize that we have to awaken our willpower, we have to summon it for our assistance; but the Lord's grace is ever awake, continuously calling us, crying out: "O ignorant being! Awaken, look toward Me, why are you wandering?" But our ears are turned elsewhere; why would we listen? In spite of this, countless times it appears before us and saves us from falling into the pit. Moreover, having protected us, it does not come to place an obligation upon us; rather, having set our affairs right, it instantly conceals itself, and we are so ungrateful that not only do we forget it, we do not even want to acknowledge its very existence; dismissing its favor as a mere matter of chance. Even after this, in times of extreme distress, it comes before us once again and helps us. After contemplating the events of our lives, none of us will feel the slightest hesitation in saying that such and such tasks were accomplished solely by the Lord's grace. Therefore, if we place our faith in the Lord's grace in advance to save ourselves from downfall, how simple and blissful our journey of life would become!

ORIGINAL

आखिर हैं कौन ? उन सत्-चित्-आनन्दमय प्रभुके अंश ही तो हैं। हमारे अन्दर जो कुछ भी है, वह सर्वथा सब कुछ प्रभुका ही तो है। हमारे आत्माका बल ही तो इच्छाशक्तिके रूपमें प्रकाशित होता है। यह आत्मबल सर्वथा प्रभुके बलके अतिरिक्त और क्या वस्तु है। अवश्य ही यहाँ, प्रभुका यह बल हमारे 'अहंता' रूपी आवरणके अन्दरसे प्रकाशित होता है, हमारा 'मैं' उस बलको जितने अंशमें ग्रहण कर पाता है, उसे प्रकट होनेके लिये अवकाश दे पाता है, उतने अंशमें ही वह बल व्यक्त हो पाता है। इसीलिये उसकी एक सीमा बन जाती है, और इसीलिये हमारी इच्छाशक्तिका बल भी सीमित है; किन्तु प्रभुकी कृपापर विश्वास कर लेनेके अनन्तर प्रभुका जो बल व्यक्त होता है, वह असीम बनकर ही व्यक्त होता है। ऐसा इसीलिये कि जिस क्षण हम प्रभुकृपापर विश्वास करने चलते हैं, उस क्षण हमारा 'मैं' अत्यन्त सङ्कुचित, क्षुद्र, हलका बन जाता है, कृपाको पूर्णरूपसे व्यक्त होनेके लिये खुला मार्ग दे देता है। फिर जहाँ वह प्रभुकृपाका बल आया कि बस हमारे लिये असम्भव भी सर्वथा सम्भव बन जाता है। जो कार्य इच्छाशक्तिके प्रयोगसे वर्षोंमें नहीं होता, वह प्रभुकृपासे क्षणोंमें पूर्ण हो जाता है।प्रभुकी कृपापर विश्वास करनेके उपरान्त यदि हम इच्छाशक्तिका प्रयोग करें तब तो फिर कहना ही क्या है। फिर तो वह स्वयं विशुद्ध होकर विशुद्ध लक्ष्यकी ओर जानेवाली हो जायेगी और प्रभुका बल मिल जानेके कारण वह सर्वथा अव्यर्थ और अचूक बन जायगी। भक्त-शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदासजीने एक पदमें अपने ऐसे ही प्रयोगका वर्णन किया है। वे कहते हैं—रे संसार ! मैं तुझे अब जान गया। तेरे अन्दर अब शक्ति नहीं कि तू मुझे बाँध ले। मुझमें अब प्रभुका

ENGLISH TRANSLATION

After all, who are we? We are indeed parts of that Lord who is the embodiment of Truth, Consciousness, and Bliss (Sat-Chit-Ananda). Whatever is within us is entirely the Lord's alone. It is the power of our soul that shines forth in the form of will-power. What else is this soul-power other than the Lord's own power? To be sure, here this power of the Lord shines from within the veil of our 'ego'; only to the extent that our 'I' can receive that power and make room for it to manifest, does that power become expressed. For this very reason, a boundary is formed around it, and therefore the power of our will is also limited; but after placing faith in the Lord's grace, the power of the Lord that manifests reveals itself as boundless. This is so because the moment we proceed to place faith in the Lord's grace, our 'I' becomes extremely contracted, petty, and light, offering an open path for grace to express itself fully. Then, no sooner does that power of the Lord's grace arrive than even the impossible becomes entirely possible for us. The task that cannot be accomplished in years through the mere exercise of will-power is completed in moments by the Lord's grace. If we apply our will-power after having placed our faith in the Lord's grace, then what more need be said? Then it will itself become purified and will move toward a pure goal, and by receiving the Lord's power, it will become wholly unfailing and unerring. The crest-jewel of devotees, Goswami Tulsidas Ji, has described just such an exercise of his own in a hymn. He says: "O world! I have come to know you now. You no longer have the strength within you to bind me. The power of the Lord has now entered into me.

ORIGINAL

बल आ गया है। प्रभुके बलसे मैं अत्यन्त बलवान् हो गया हूँ, अब तू मुझे नहीं बाँध सकता। तू प्रत्यक्ष कपटका घर है, तेरे कपटमें मैं अब नहीं भूल सकता। × × × तू अपनी सेना समेट ले। हट जा यहाँसे। चला जा; मेरे हृदयमें तू नहीं रह सकता। वहाँ जाकर रह, जिस हृदयमें प्रभुका निवास न हो। मेरा हृदय तो प्रभुका निवास बन गया है। यहाँ अब तेरे लिये स्थान नहीं है; तू टिक नहीं सकता।मैं तोहि अब जान्यो संसार ।
बाँधि न सकहि मोहि हरिके बल, प्रगट कपट-आगार ।।
× × × ×
सहित सहाय तहाँ बसि अब, जेहि हृदय न नंदकुमार ।।गोस्वामीजी यहाँ इच्छाशक्तिका ही प्रयोग कर रहे हैं, पर उनकी इच्छाशक्तिके पीछे अपनी 'अहंता' के द्वारसे झरनेवाला आसुरी बल नहीं है, अपितु प्रभुका अनन्त असीम बल—प्रभुकी कृपाका पुनीत बल है ! ऐसा समन्वय तो हमारे लिये परम वाञ्छनीय है, बिना हिचक हमें यह कर ही लेना चाहिये। ऊपर उठनेके लिये, पतनसे बचनेके लिये हम यदि प्रभुकृपाके बलसे बलवान् बनकर इस प्रकार इच्छाशक्तिका प्रयोग करें तो हमारा जीवन भी देखते-देखते अन्धकारसे निकलकर प्रभुके आलोकमें आ जाय। बहुत ठीक, पर ऐसा हो कैसे ? प्रभुकी कृपाकी अनुभूति हमें क्यों नहीं होती ? प्रभुका बल हमें कैसे मिले ? तो इसके लिये यह बात है कि हममेंसे ऐसा कोई भी नहीं है जो प्रभुकी अनन्त अपरिसीम कृपासे—प्रभुके अपार बलसे वञ्चित हो। हम सभीके ऊपर-नीचे, दाहिने-बायें, भीतर-बाहर—सर्वत्र प्रभु भरे हैं, सर्वत्र उनकी कृपा, उनका बल भरा है। उनकी कृपा हमें खींच भी रही है, उनका बल हममें

ENGLISH TRANSLATION

By the power of the Lord, I have become exceedingly strong; now you cannot bind me. You are the evident abode of deceit; I can no longer be deluded by your trickery. . . . Gather your army. Begone from here! Go away; you cannot dwell in my heart. Go and reside in that heart where the Lord does not dwell. My heart has become the abode of the Lord. There is no place for you here any longer; you cannot remain." [Braj] "I have now understood you, O world!
You cannot bind me, by the power of Hari, O manifest storehouse of deceit!
. . . .
Dwell there now with your retinue, in whichever heart the Son of Nanda does not abide."
Goswamiji is indeed exercising will-power here, but behind his will-power is not the demoniac strength trickling through the doorway of personal 'ego', but rather the infinite, limitless power of the Lord-the sacred power of the Lord's grace! Such a synthesis is supremely desirable for us; without hesitation, we ought to adopt it. In order to rise upward and be saved from falling, if we become mighty through the strength of the Lord's grace and exercise our will-power in this manner, our life too will swiftly emerge from darkness into the Lord's radiant light. Very well, but how can this happen? Why do we not experience the Lord's grace? How may we receive the Lord's power? The answer to this is that there is no one among us who is deprived of the Lord's infinite, boundless grace-deprived of the Lord's immense power. Above and below, to the right and left, inside and outside of us all-the Lord is present everywhere; everywhere His grace and His power are pervading. His grace is drawing us near, His power is

ORIGINAL

निरन्तर बलका सञ्चार भी कर रहा है, हम जब उनकी ओर देखते हैं, तब हमें इसका यत्किञ्चित् अनुभव भी होता है। पर सदा एवं पूर्ण अनुभव इसलिये नहीं होता कि हम अपने-आपको भूले हुए हैं। हमारा लक्ष्य अभी दूसरा है, हम प्रतीक्षा औरकी कर रहे हैं। प्रभुकी कृपाकी ओर वास्तवमें अभी हमारी दृष्टि ही नहीं। हम हैं सच्चिदानन्दमय प्रभुके अंश, पर अपनेको मानते हैं साढ़े तीन हाथका शरीर। हमारा लक्ष्य होना चाहिये प्रभुसे भेंट, पर लक्ष्य हो रहा है विविध विनाशशील विषयोंका भोग। चाह होनी चाहिये थी प्रभुकी अनवरत बरसनेवाली कृपाके दर्शनकी, पर चाह है उस कृपाको पद-पदपर ढक देनेवाले अहङ्कारके विजयकी। दृष्टि होनी चाहिये प्रभुकी अहैतुकी नित्य कृपाकी ओर, अक्षय असीम बलकी ओर; किन्तु दृष्टि लग रही है जगत्में प्राप्त होनेवाले मिथ्या आश्वासनोंकी ओर—भौतिक नश्वर, सीमित बलकी ओर। इसीलिये हमें प्रभुका, उनकी कृपाका आकर्षण दीखकर भी नहीं दीखता; उनका बल हममें निरन्तर पूर्ण रहनेपर भी हम दुर्बल बने रहते हैं। अब यदि हम केवल एक काम कर लें, प्रभुकी अहैतुकी कृपापर विश्वास कर लें तो आगेका सब क्रम अपने-आप ठीक हो जाय। प्रभुकी कृपापर विश्वास होते ही सब ओरसे दृष्टि सिमटकर कृपाकी ओर लग जायगी; फिर एकमात्र कृपाकी ही प्रतीक्षा रहेगी, प्रभु ही जीवनके एकमात्र लक्ष्य हो जायँगे और फिर यह भी भान हो जायगा कि हम देह नहीं हैं, हम हैं सच्चिदानन्द प्रभुके सनातन अंश। इसके अनन्तर पद-पदपर कृपाके आकर्षणकी अनुभूति होगी। साथ ही अपने अन्दर प्रभुका दैवी बल भी क्रमशः उतर आयेगा। अब हम चाहें तो इच्छाशक्तिका यह पाठ अवश्य रटना आरम्भ करें—'जो गया सो गया, अब आगे एक क्षण भी व्यर्थ नष्ट नहीं होने दूँगा। प्रभुकी कृपासे

ENGLISH TRANSLATION

incessantly infusing strength into us; whenever we look toward Him, we do experience this to some small degree. Yet we do not have an enduring and complete realization because we have forgotten our true selves. Our goal at present is something else; we are waiting for something else. In reality, our gaze is not yet directed toward the Lord's grace. We are portions of the Lord who is the embodiment of Truth, Consciousness, and Bliss, yet we consider ourselves to be this body of three and a half cubits. Our aim ought to be union with the Lord, but our aim has become the enjoyment of various perishable worldly pleasures. Our desire ought to have been for the vision of the Lord's ceaselessly showering grace, yet our desire is for the victory of the ego that veils that grace at every step. Our gaze should be fixed on the Lord's uncaused, eternal grace, on His imperishable and boundless strength; but our gaze remains fixed on the false assurances found in the world-on material, transient, and limited strength. That is why the attraction of the Lord and of His grace, though present, remains unseen to us; even though His power resides fully and continuously within us, we remain weak. Now, if we do just one thing-place our faith in the Lord's uncaused grace-then everything following will automatically fall into place. The moment we place faith in the Lord's grace, our sight will turn away from all other directions and settle upon His grace; then we will await His grace alone, the Lord will become the sole goal of our life, and then the realization will also dawn that we are not this body, but the eternal parts of the Lord of Truth, Consciousness, and Bliss. Following this, the pull of His grace will be experienced at every step. Along with it, the divine strength of the Lord will also gradually descend within us. Now, if we wish, we must certainly begin reciting this lesson of will-power: 'What is gone is gone; now I shall not let even a single moment be wasted in vain. By the Lord's grace,

ORIGINAL

संसाररूपी रात्रि समाप्त हो गयी। प्रभुने जगा दिया, मैं जाग उठा। अब कभी मायाकी सेज नहीं बिछाऊँगा, मायाके जालमें कभी नहीं फँसूँगा, माया मुझे अब कभी क्षणभरके लिये भी नहीं फाँस सकती। यह देखो, मुझे प्रभुका नामचिन्तामणि हाथ लग गया। इसे हृदयमें सदा सुरक्षित रखूँगा, क्षणभरके लिये भी इसे न भूलूँगा। अब आजसे—इस क्षणसे प्रभुकी विस्मृति मुझे नहीं होगी, मेरा हृदय निरन्तर प्रभुकी स्मृतिसे पूर्ण रहेगा; प्रभुके स्मरणकी अखण्ड धारा मेरे हृदयमें निरन्तर अनन्त कालतक बहती रहेगी। मेरा चित्त इस क्षणसे सदा निर्मल, निर्मलतर होता रहेगा। इन्द्रियाँ अब मेरे मनको विक्षिप्त नहीं कर सकतीं, मुझे मनमाना नाच नहीं नचा सकतीं, अब ये मेरी खिल्ली नहीं उड़ा सकतीं, अब तो इनपर मेरा पूर्ण अधिकार हो गया है, मैं जो आदेश दूँगा, वही ये करेंगी, सर्वथा अनुगामिनी रहेंगी। अब आजसे मेरा मन-मधुकर प्रभुपाद-पद्मोंमें निरन्तर निवास करेगा।'अब लौं नसानी, अब न नसैहौं ।
राम-कृपा भव-निसा सिरानी, जागे फिरि न डसैहौं ।।
पायेउँ नाम चारु चिंतामनि, उर कर तें न खसैहौं ।
स्यामरूप सुचि रुचिर कसौटी, चित कंचनहिं कसैहौं ।।
परबस जानि हँस्यो इन इंद्रिन, निज बस ह्वै न हँसैहौं ।
मन मधुकर पन कै तुलसी रघुपति-पद-कमल बसैहौं ।। सारांश यह कि अपनी इच्छाशक्तिके बलपर अपने उत्थानकी बात न सोचकर पहलेसे प्रभुकी अनन्त अपार कृपापर हम विश्वास स्थापित करें। इस विश्वासके अनन्तर विश्वासको साथ लिये जो इच्छाशक्ति जागेगी, वह अमोघ होगी, हमें निश्चित रूपसे प्रभुकी ओर ले जाकर निर्बाध पूर्णता प्रदान करेगी। अन्यथा प्रभुके सम्बन्धसे शून्य रहनेपर

ENGLISH TRANSLATION

the night of worldly existence has ended. The Lord awakened me, and I have awakened. Never again shall I spread the bed of Maya, never shall I be caught in the net of Maya; Maya can never entrap me even for a moment now. Behold, I have obtained the wish-fulfilling jewel (Chintamani) of the Lord's Name. I shall keep it safely treasured in my heart forever; I will not forget it even for an instant. From this day-from this very moment-I shall not forget the Lord; my heart will continually remain filled with the remembrance of the Lord; the unbroken stream of the Lord's remembrance will flow incessantly in my heart for all eternity. From this moment, my mind will continually become pure, ever purer. The senses can no longer agitate my mind, they can no longer make me dance to their whims, they can no longer mock me; now I have gained complete mastery over them, they will do whatever I command, they will remain entirely obedient. From this day onward, the bee of my mind will dwell perpetually in the lotus feet of the Lord.' [Awadhi] "Hitherto have I wasted my life, but now I shall waste it no more.
By the grace of Rama, the night of worldly illusion has ended; now that I am awake, I shall not allow it to engulf me again.
I have obtained the beautiful wish-fulfilling jewel of the Holy Name; I will not let it slip from the hand of my heart.
On the pure, lovely touchstone of the dark-complexioned Form, I shall test the gold of my consciousness.
Knowing me to be in their sway, these senses ridiculed me; now, having mastered myself, I shall not let them mock me.
Resolving firmly as a bee, Tulsidas says, my mind shall dwell in the lotus feet of the Lord of the Raghus." In summary, instead of contemplating our elevation through the sole power of our own will, let us first establish faith in the infinite, boundless grace of the Lord. The will-power that awakens after this faith, accompanied by this faith, will be unfailing; it will assuredly lead us toward the Lord and bestow unhindered perfection upon us. Otherwise, if devoid of a relationship with the Lord,

ORIGINAL

अकेली वह (Personal Will Power) न तो शुभकी ओर ही ले जायगी, यह निश्चय है और न वह स्थायी स्थिति ही प्रदान कर सकेगी। स्थायी परिणामके लिये तो उसे मङ्गलमय प्रभुकी ओरसे आनेवाली परम मङ्गलमयी (Positive) शक्तिसे युक्त करना पड़ेगा। प्रभुकी कृपा-शक्ति कभी नहीं चूकती। विश्वास न होनेपर भी वह हमारी रक्षा करती है, फिर विश्वास करनेवालेके मार्गको वह विघ्न-बाधासे सर्वथा शून्य करके अतिशय सरल और सुगम बना दे तो इसमें आश्चर्य ही क्या है?
हम कह सकते हैं कि प्रभुपर विश्वास स्थापित कैसे करें? होता जो नहीं। तो इसका सीधा उत्तर यह है कि हम प्रभुके कृपामय विधानसे आनेवाले दुःखकी प्रतीक्षा करें। दुःख आयेगा, राशि-राशि मात्रामें आयेगा। पर आयेगा हमारी सारी मलिनताको धोकर हमारे अन्दर प्रभुका विश्वास भर देनेके लिये। अथवा शास्त्रकी बात मानकर, अगणित सन्तोंकी बात स्वीकार करके उनके अनुभवको सुन-पढ़कर हम विश्वास कर लें। जीवनमें न जाने कितनी अनदेखी, अनसुनी बातपर विश्वास करके हम अनेक चेष्टाएँ करते हैं, विश्वके किस कोनेमें क्या हो रहा है, यह बिना देखे केवल समाचारपत्र पढ़कर विश्वास कर लेते हैं और उसी मान्यतापर कारोबार आरम्भ कर देते हैं। वैसे ही विश्वके समस्त सामान्य धर्मग्रन्थोंकी, सभी धर्मके सभी अनुभवी सन्त-महानुभावोंकी बात मानकर प्रभुकी सत्ता स्वीकार करके नियमितरूपसे, प्रतिदिन सच्चे हृदयसे जितनी बार पुकार सकें, हम पुकारते रहें—
'प्रभु हौं जैसो तैसो तेरो।'
—बस, किसी-न-किसी दिन हमें प्रभुकी कृपापर विश्वास हो ही जायगा और वह विश्वास ही हमारे लिये महान् शक्तिका अप्रतिहत और अपरिमित पुञ्ज होगा।

ENGLISH TRANSLATION

It is certain that this alone (Personal Will Power) will neither lead towards the auspicious nor be able to bestow a permanent state. For a lasting result, it will have to be united with the supreme auspicious (Positive) power descending from the auspicious Lord. The Lord's power of grace never fails. It protects us even in the absence of faith; what wonder is there, then, if it renders the path of one who has faith entirely devoid of obstacles and exceedingly simple and easy? We might ask: how are we to establish faith in the Lord when it simply does not arise? The straightforward answer is that we should await the suffering that arrives through the Lord's compassionate dispensation. Suffering will come, it will come in vast quantities; yet it will come to wash away all our impurities and fill our inner being with faith in the Lord. Or else, accepting the word of the scriptures, receiving the word of countless saints, and hearing and reading of their realization, let us place our faith. In life, believing in countless unseen and unheard things, we make numerous efforts; without seeing for ourselves what is happening in which corner of the world, we believe it simply by reading the newspaper and initiate business upon that very premise. In the same way, accepting the words of all the general sacred texts of the world and of all experienced saints and noble souls of every faith, accepting the reality of the Lord, let us continuously call out with a true heart, regularly, daily, as many times as we can:[Braj] "O Lord, such as I am, good or bad, I am Yours."-That is all; on some day or other, faith in the Lord's grace will surely awaken within us, and that very faith will become for us an unhindered and boundless reservoir of immense power.

CHAPTER 5

चाहने योग्य सत्य वस्तु
The True Object Worth Desiring

Source coverage: 41–47

ORIGINAL

चाहने योग्य सत्य वस्तु

जो वस्तु सत्य है, उसे अपने अस्तित्वकी रक्षाके लिये यह अपेक्षा नहीं रहती कि कोई उसे माने ही। हम उसे न मानें, उसकी सत्ता अस्वीकार कर दें, पर सत्य तो सत्य ही रहेगा, उसकी सत्ता ज्यों-की-त्यों बनी रहेगी। हमारे मानने-न-माननेसे उसका तो कुछ बनता-बिगड़ता नहीं। हाँ, उसे न माननेके कारण उसके द्वारा प्राप्त होनेवाले परम लाभसे हम बहुत अंशोंमें वञ्चित अवश्य रह जाते हैं, इतना अन्तर हमारे लिये तो हो ही जाता है।

प्रभुकी सत्ता भी ऐसी ही परम सत्य वस्तु है। कोई भले ही उसे न माने। पर वह तो हममें—विश्वके अणु-अणुमें व्याप्त है; अनादिकालसे है, अनन्तकालतक रहेगी, ज्यों-की-त्यों रहेगी। हम यदि उसे मान लेते हैं, तब तो प्रभुका अनन्त वैभव, अनन्त बल, असीम सुयश (सद्गुण), अपरिसीम सौन्दर्य, अथाह ज्ञान, अपार निर्लेपता—उनका सब कुछ हमारा ही है और इसलिये विश्वका कण-कण क्षण-क्षणमें हमारे लिये नये-नये सुखका, नित्य नूतन आनन्दका द्वार खोलता रहता है; किंतु दुर्भाग्यवश यदि हम उनकी सत्ताको अस्वीकार करते हैं तो जगत्की अगणित भोग-सामग्री पासमें रहनेपर भी सचमुच हमारा कुछ भी नहीं, यहाँकी प्रत्येक वस्तु हमारे लिये पद-पदपर दुःख-सन्तापका ही सृजन करती रहेगी।

यह अटल नियम है कि जहाँ हमने उनकी सत्ताको स्वीकार करना छोड़ा कि बस वहीं रास्ता भूले; सुन्दर सड़कसे हटकर उधेड़-बुनके बीहड़ जङ्गलमें भटकने लगे, चिन्तारूपी काँटोंसे हमारे अङ्ग छिदने

ENGLISH TRANSLATION

The True Reality Worth DesiringThat which is true has no need, for the preservation of its existence, that anyone must believe in it. We may not believe in it, we may reject its reality, yet truth remains truth, and its existence endures precisely as it is. Nothing is gained or lost to it by our believing or not believing. Yes, on account of not accepting it, we certainly remain deprived in great measure of the supreme benefit to be attained through it; to that extent, a difference is indeed made for us. The Lord's reality is likewise such a supremely true entity. Someone may well not believe in it. Yet it pervades us-pervades every atom of the cosmos; it has existed from beginningless time, will remain for endless time, precisely as it is. If we accept it, then the Lord's infinite majesty, infinite strength, boundless glory (virtue), immeasurable beauty, unfathomable knowledge, endless detachment-everything of His is entirely ours, and therefore every particle of the universe at every single moment continually opens the doorway to ever-new happiness and ever-fresh bliss for us; but if, unfortunately, we reject His existence, then even if we possess the world's countless objects of enjoyment, in truth nothing belongs to us, and every object here will continually generate suffering and torment for us at every step. It is an immutable law that the moment we cease to accept His reality, right there we lose our way; stepping off the fine road, we begin wandering in the wilderness of anxious contrivance, our limbs pierced by the thorns of worry,

ORIGINAL

लगे, दुःखरूपी दावानलकी लपटोंसे सारा शरीर, मन, प्राण—सब कुछ झुलसने लगा। कहीं कोई रक्षक नहीं, पथ दिखानेवाला नहीं। तीन ओरसे त्रितापरूपी दावाग्नि हमें भस्म करनेको दौड़ी आ रही है, आगे निराशाका घोर अन्धकार छाया हुआ है। प्रभुकी उपेक्षा करते ही हमारी ऐसी दशा हो जाती है। यह सम्भव है कि जवानीके जोशमें विषयोंकी मदिरा पी-पीकर उन्मत्त हो जानेके कारण हमें अपनी इस दुरवस्थाका भान पहले कुछ देरके लिये न हो, पर यह नशा उतरनेमें अधिक विलम्ब नहीं होता तथा फिर हमें उपर्युक्त अनुभूति ही होती है। प्रभुकी अवज्ञा करनेका यह अवश्यम्भावी परिणाम है। अतएव हममेंसे किसीको भी, कभी भी, तनिक भी ऐसा अनुभव हो—किसी प्रश्नको लेकर उधेड़-बुन होने लगे, मनमें चिन्ता चुभने लगे, जलन होने लगे, सहायकका अभाव खटकने लगे, पीछे हटनेमें तो विनाश दीखे और आगे बढ़ना सम्भव नहीं प्रतीत हो—तो उसे उस समय तुरन्त निश्चित रूपसे यह समझ लेना चाहिये कि उसने प्रभुकी सत्ताका अवश्य-मेव अनादर किया है। पथ भूलकर सन्मार्गसे हटकर कुमार्गपर आ गया है तथा इस विपत्तिजालसे छूटकर सन्मार्गपर आ जानेका एकमात्र उपाय यह है कि वह जहाँ जिस परिस्थितिमें है, वहीं उसी अवस्थामें प्रभुकी सर्वत्र व्याप्त सत्ताको स्वीकार कर ले। ऐसा किया कि बस, उसी क्षण वहीं प्रभुकी सत्ता व्यक्त हो जायगी, वहींसे सीधा अत्यन्त सुन्दर मार्ग उसे दीख जायगा, प्रश्न हल हो जायगा, जलन शान्त हो जायगी, चिन्ता मिट जायगी। साथ ही—प्रभुका वरद हस्त निरन्तर मेरे सिरपर था और है—यह अनुभूति भी उसे हो जायगी।

सच तो यह है कि यहाँ इस विश्वमें हमारे लिये कोई भी विपत्तिका

ENGLISH TRANSLATION

our entire body, mind, and vital breath all scorched by the flames of the forest fire of sorrow. Nowhere is there any protector, nor anyone to show the path. From three sides the wild fire of the threefold afflictions comes rushing to reduce us to ashes, while ahead lies the dense darkness of despair. The moment we neglect the Lord, such becomes our state. It is possible that in the fervor of youth, intoxicated by repeatedly drinking the wine of sensual objects, we may not initially perceive this wretched plight of ours for a little while, but this intoxication does not take long to wear off, and then we inevitably undergo the aforesaid experience. This is the unavoidable consequence of disobeying the Lord. Therefore, if anyone among us, at any time, experiences even slightly such a condition-if one gets entangled in anxious deliberation over some problem, worry begins to prick the mind, a burning sensation arises, the absence of a helper begins to trouble, retreat appears as destruction and moving forward seems impossible-then one should immediately and definitely understand at that very moment that one has inevitably shown disrespect to the Lord's presence. Losing the way and straying from the right path, one has come upon the wrong path, and the only means to escape this web of calamity and return to the right path is that wherever and in whatever circumstance one is, right there in that very state one should accept the all-pervading reality of the Lord. The moment this is done, at that very instant and right there the Lord's reality will become manifest, a straight and exceedingly beautiful path will become visible from that very point, the question will be resolved, the burning will subside, and worry will vanish. Simultaneously, one will also gain the realization that the Lord's blessing hand was and is continuously over my head. The truth is that here in this world, there is no web of calamity for us,

ORIGINAL

जाल नहीं, दुःखका कोई भी तनिक भी कहीं भी कारण नहीं है। सर्वत्र
सब ओरसे हमारे लिये मङ्गलका, परम आनन्दका स्रोत बह रहा है।
ऐसा इसलिये कि एकमात्र प्रभु ही सदा सर्वत्र विराजित हैं। हमारे आगे
वे हैं, हमारे पीछे वे हैं, दाहिनी ओर वे हैं, बायीं ओर वे हैं, नीचे वे
भरे हैं, ऊपरकी ओर भी वे ही भरे हैं, सम्पूर्ण जगत्‌के रूपमें वे ही हमें
दीख रहे हैं—ब्रह्मैवेदममृतं पुरस्ताद् ब्रह्म पश्चाद् ब्रह्म दक्षिणतश्चोत्तरेण।
अधश्चोर्ध्वं च प्रसृतं ब्रह्मैवेदं विश्वमिदं वरिष्ठम्॥
(मुण्डक २।२।११)किंतु हम इस बातको मानते नहीं, इस परम सत्यको स्वीकार नहीं
करते। इसलिये हम भ्रान्त हो जाते हैं, हमें कुछ-का-कुछ दीखने लग
जाता है, नित्य मङ्गलके स्थानपर अमङ्गलका और सतत आनन्दके
स्थानपर दुःख-ज्वालाका अनुभव होने लगता है। अब यदि हम
भ्रान्तिको मिटा दें, सत्यको स्वीकार कर लें, यह मान लें कि हमारा तो
प्रभुमें ही निरन्तर निवास है, बस, फिर तो हमारी सारी उधेड़-बुन,
चिन्ता, दुःख सदाके लिये मिट जायँ; जहाँ दृष्टि जाय, वहीं हमें
सुख-ही-सुख भरा दीखे। यह कोई आवेशजन्य धारणा (Hypnotic
Suggestion) जैसी क्रियाका क्षणिक परिणाम हो, सो बात नहीं। यह
तो परम सत्य सिद्धान्त है, मनीषियोंका प्रत्यक्ष स्थायी अनुभव है। कोई
भी इसपर विश्वास करके नित्य सत्य प्रभुकी सर्वत्र सत्ता स्वीकार करके
सदाके लिये सुखी हो सकता है।हम कह सकते हैं कि ऐसा करना कौन नहीं चाहेगा। सुखकी चाह
किसे नहीं है? तो इस सम्बन्धमें यह बात है कि केवल कहने-
सुननेमात्रसे ऐसी स्थिति प्राप्त नहीं होती। इसके लिये तो हमें अपने

ENGLISH TRANSLATION

nor is there anywhere any cause whatsoever for sorrow, even in the slightest. Everywhere and from all sides, a stream of auspiciousness and supreme bliss is flowing for us. This is because the Lord alone is ever present everywhere. He is before us, He is behind us, He is to the right, He is to the left, He fills the space below, He fills the space above as well; in the form of the entire universe, it is He alone who appears to us:[Sanskrit] "All this before us is indeed the immortal Brahman; Brahman is behind; Brahman is to the right and to the left; stretched out below and above, this entire universe is indeed Brahman, the supreme."
(Mundaka 2.2.11)Yet we do not accept this truth, we do not embrace this supreme reality. Therefore we become deluded, we begin to perceive things wrongly, experiencing inauspiciousness in place of eternal auspiciousness and the agony of sorrow in place of continuous bliss. Now, if we remove this delusion, accept the truth, and acknowledge that our dwelling is perpetually in the Lord alone, then all our anxious vacillation, worry, and sorrow would vanish forever; wherever our gaze falls, we would see only unalloyed happiness pervading everything. This is not some transient effect resulting from a process like hypnotic suggestion. Rather, this is the absolute truth and doctrine, the direct and enduring realization of the sages. Anyone, placing faith in this and accepting the omnipresent reality of the eternally true Lord, can become happy forever. We might say: who would not wish to do this? Who does not desire happiness? Regarding this, the point is that such a state is not attained merely by talking and listening. For this, we must our

ORIGINAL

जीवनका दृष्टिकोण बदलना पड़ेगा। मानव-जीवनकी सार्थकता पशुकी भाँति भोग भोगनेमें नहीं, अपितु नित्य सत्य प्रभुकी अनुभूति कर लेनेमें है, यह दृष्टि स्थिर करनी पड़ेगी। सत्-स्वरूप प्रभुसे ही हम निकले हैं, सत्-स्वरूप प्रभुमें ही हमारा निवास है और अन्तमें भी हम सत्-स्वरूप प्रभुमें ही प्रतिष्ठित रहेंगे—

'सन्मूलाः सौम्येमाः सर्वाः प्रजाः सदायतनाः सत्प्रतिष्ठाः।'

इस सिद्धान्तको शरीर छूटनेसे पहले ही प्रत्यक्ष अनुभव कर लेनेके लिये कटिबद्ध होना पड़ेगा तथा यह करके प्रभुकी ओरसे निरन्तर बहनेवाली प्रेमकी धारा, करुणाकी धाराके लिये हमें अपने अन्दर मार्ग देना पड़ेगा, अपने द्वार खोल देने पड़ेंगे। अभी तो हमने सब ओरसे अपनी अगणित स्वार्थमयी इच्छाओंके किवाड़ बनाकर उन्हें बन्द कर रखा है। प्रभुका प्रेम, उनकी कृपा हमें अपने-आपमें मिला लेनेके लिये हमारे द्वारपर आती है, पर सब ओरसे द्वार बन्द देखकर लौट जाती है। हमारी इच्छाएँ ही प्रभुके मङ्गलमय, प्रेममय, कृपामय दानसे हमें वञ्चित कर देती हैं। इसीलिये हमें अपनी इच्छाओंका त्याग करना ही पड़ेगा, अपनी इच्छा मिटाकर प्रभुकी इच्छाको अपने अन्दर व्यक्त होनेके लिये मार्ग देना पड़ेगा। तभी हमारा काम होगा, तभी हमारे उद्देश्यकी पूर्ति होगी।

एक दिनमें ऐसा हो जायगा, यह सम्भव नहीं। अपनी इच्छाओंका त्याग कर देना सहज नहीं है। यों तो प्रभुमें अनन्त सामर्थ्य है। उनकी कृपासे क्षणभरमें असम्भव सम्भव हो जाय, यह बात दूसरी है। पर साधारणतया क्रमशः ही हम अपनी इच्छाओंका त्याग कर सकेंगे। इच्छाएँ छूट जायें, इसके लिये हमें यह विश्वास बढ़ाना पड़ेगा, यह दृढ़

ENGLISH TRANSLATION

The outlook on life will have to be changed. The true fulfillment of human life lies not in indulging in sensual pleasures like an animal, but in realizing the eternally true Lord; this perspective will have to be firmly established. We have originated from the Lord, whose very nature is Truth; our dwelling is in the Lord, who is Truth; and in the end as well, we shall remain established in the Lord, who is Truth:
[Sanskrit] 'All these creatures, O dear one, have their root in Being, their dwelling in Being, and their foundation in Being.'
We must resolve firmly to directly experience this principle before this body falls away, and having done so, we will have to make way within ourselves for the stream of love and the stream of compassion constantly flowing from the Lord; we will have to open our doors. As of now, we have crafted doors out of our innumerable selfish desires and kept them shut on all sides. The Lord's love and His grace arrive at our door to merge us into Himself, but seeing the doors closed on every side, they turn back. It is our desires alone that deprive us of the Lord's auspicious, loving, and gracious gift. Therefore, we must renounce our desires; by eradicating our own will, we will have to make way for the Lord's will to manifest within us. Only then will our goal be achieved, only then will our purpose be fulfilled.
It is not possible that this will happen in a single day. Renouncing one's desires is not easy. Indeed, the Lord possesses infinite potency. By His grace, the impossible may become possible in a mere moment-that is another matter. But ordinarily, we shall be able to renounce our desires only gradually. For desires to fall away, we will have to cultivate this faith, this firm

ORIGINAL

जो भी उचितरूपसे चाहिये, वह हमें प्रभु अवश्य देते हैं तथा आगे भी जो आवश्यक होगा उसकी पूर्ति वे अवश्य करेंगे। जो हमें प्राप्त नहीं है, उसकी आवश्यकता ही हमें नहीं है। हमारे लिये जो आवश्यक है, वह प्रभु न दें, यह असम्भव है। इस भावको जाग्रत् कर प्रत्येक इच्छाकी जड़ काटनी होगी। यह भाव जितनी मात्रामें दृढ़ होता जायगा, उतनी ही मात्रामें इच्छाएँ मिटती जायँगी। और जैसे-जैसे इच्छाएँ मिटेंगी, वैसे-वैसे ही द्वार खुलने लगेंगे, हमारे अन्दर प्रभुका प्रेम भरने लगेगा। उनकी कृपा भरने लगेगी। धीरे-धीरे हमारा सब कुछ प्रभुसे एकमेक हो जायगा। प्रभुकी सत्तामें ही हमारा 'मैं' भी विलीन हो जायगा। अन्तमें सब ओर सर्वत्र बच रहेंगे एकमात्र केवल प्रभु ही और कुछ नहीं।

पर कदाचित् हम अत्यन्त गिरी दशामें हों, इतने निर्बल हो गये हों कि इच्छाओंको छोड़नेमें अपनेको सर्वथा असमर्थ अनुभव करें, 'नाथ ! तुम्हारी इच्छा पूर्ण हो, मेरी कोई भी इच्छा नहीं, तुम जैसे चाहो वैसे ही करो नाथ !' हमारा हृदय कभी यों न पुकार सके और न हमारा दृष्टिकोण ही बदले, भोग ही हमारे जीवनका उद्देश्य बना रहे, तब हम क्या करें ? हमारे-जैसोंके लिये भी आगे बढ़नेका, प्रभुकी सत्ता अनुभव करनेका कोई उपाय है क्या ? है, अवश्य है। हम अपनी भोगेच्छाको लिये हुए ही प्रभुसे जुड़ें। हमें धन, जन, परिजन, स्वास्थ्य, मान-सम्मान, यश-कीर्ति—यही चाहिये तो भी कोई बात नहीं। इन्हें लिये रहकर ही इनकी पूर्तिके लिये हम प्रभुसे जुड़ें, पर इतनी सावधानी रखें—

(क) प्रभुपर यह बन्धन न लगावें कि वे हमारी अमुक इच्छाकी पूर्ति अमुक रूपमें करें। उनके सामने अपनी इच्छा रख दें, पर उन्हें उपाय न बताने लग जायें कि इस इच्छाकी पूर्तिके लिये वे अमुक

ENGLISH TRANSLATION

Whatever is rightfully needed by us, the Lord certainly gives us, and whatever will be necessary in the future, He will surely provide. That which we do not possess is simply not needed by us. It is impossible that the Lord would not give us what is truly necessary for us. Cultivating this feeling, we must strike at the root of every desire. In whatever measure this sentiment grows firm, in that very measure desires will vanish. And as desires fade away, the doors will begin to open, and our being will begin to be filled with the Lord's love. His grace will begin to pour in. Gradually, our all will become one with the Lord. Our very 'I' will dissolve into the Lord's existence. In the end, on all sides and everywhere, only the Lord alone will remain, and nothing else.

Yet, if perchance we are in a deeply fallen state, having become so weak that we feel utterly unable to give up desires, and our heart can never cry out, 'Lord! May Your will be done; I have no desire of my own; do as You please, O Lord!' nor does our perspective change, and enjoyment remains the sole purpose of our life, then what should we do? Is there any means for people like us as well to advance and experience the Lord's presence? Yes, there certainly is. Let us connect with the Lord even while carrying our desires for enjoyment. If wealth, companions, family, health, honor, prestige, fame, and renown are what we desire, even then it does not matter. Holding on to these, let us connect with the Lord for their fulfillment, but observe this much caution:

(a) Do not impose a condition upon the Lord that He must fulfill a particular desire of ours in a specific manner. Place our desire before Him, but do not begin dictating the means to Him, that for fulfilling this desire He should determine only a particular

ORIGINAL

निमित्त ही निर्धारित करें। विश्वास रखें कि उनके असीम ज्ञानमें एक-से-एक बढ़कर इतने सुन्दर-सुन्दर असंख्य उपाय हैं कि जिनकी कल्पना भी हमारे मन-बुद्धिके लिये सर्वथा असम्भव है !

(ख) उनसे कहनेके पश्चात् वे करेंगे कि नहीं यह संशय मनमें न आने दें। वे करेंगे ही, यह विश्वास क्षण-क्षणमें दृढ़-दृढ़तर होता रहे।

(ग) प्रारम्भमें यदि वे हमारी कुछ इच्छाओंको पूर्ण न करें तो भी हम निराश न हों—पूर्ण उत्साहसे उनके सामने फिर भी अपनी दूसरी-दूसरी इच्छाओंको रखनेके लिये अवश्य आवें।

(घ) वे यदि पूर्ण करनेमें देर करें तो घबराकर हम दूसरेकी ओर देखने न लग जायें अथवा अपने बलपर पूरा करनेका मनसूबा न बाँधने लगें।

(ङ) भूलकर भी किसीको नीचा दिखानेके लिये, किसीकी हानि करनेके उद्देश्यसे कोई भी वस्तु प्रभुसे कदापि न माँगें।

यदि उपर्युक्त पाँच बातोंकी सावधानी रखकर हम प्रभुसे कुछ भी माँगेंगे तो दोमेंसे एक बात निश्चय होगी—या तो वह वस्तु प्रभु हमें दे देंगे या उस वस्तुके प्रति हमारी जो इच्छा है, उस इच्छाको ही मिटा देंगे। यदि उन्होंने हमारी इच्छा मिटा दी तो काम बन गया; किन्तु कहीं पूर्ण कर दी तो उसमें भी इच्छा-पूर्तिके अतिरिक्त एक परम लाभ हमें और हो गया। वह यह कि उनके द्वारा प्राप्त होनेवाली वस्तु आगे ऐसी नवीन इच्छामें हेतु नहीं बनेगी जो हमारी प्रगति रोक दे। हमें उनकी ओर बढ़ानेवाले अङ्कुर ही उस वस्तुसे प्रकट होंगे। ये अङ्कुर कुछ ऐसे विचित्र होते हैं कि इनकी ओटमें अन्य समस्त इच्छाएँ मर जाती हैं। फिर तो वही स्थिति आ जाती है—इच्छाएँ मिट गयीं और हममें सब ओरसे प्रभु-ही-प्रभु पूर्ण हो गये।

अबतक जितनी बातें हमारे सामने आयीं उनका सारांश यह है—

ENGLISH TRANSLATION

instrument. Have faith that in His infinite wisdom, there are countless ways, each more wonderful than the last, which are utterly beyond the imagination of our mind and intellect!
(b) After asking Him, do not let the doubt enter your mind whether He will do it or not. May the conviction that He will certainly do it grow firmer and firmer with every passing moment.
(c) In the beginning, even if He does not fulfill some of our desires, let us not lose heart; with full enthusiasm, we must definitely come again to place our other desires before Him.
(d) If He delays in fulfilling them, let us not become anxious and look toward others, nor begin plotting to accomplish them by our own strength.
(e) Even by mistake, never ask anything of the Lord for the purpose of humiliating anyone or causing harm to another.
If we ask anything of the Lord while remaining mindful of the five points mentioned above, then one of two things will surely happen: either the Lord will grant us that object, or He will eradicate the very desire we have for that object. If He eradicates our desire, the goal is achieved; but if perchance He fulfills it, even then, in addition to the fulfillment of the desire, we gain another supreme benefit. That is, the object received from Him will not become the cause of a new desire that hinders our spiritual progress. From that object, only those sprouts will arise that draw us closer to Him. These sprouts are of such a wonderful nature that in their shade all other desires perish. Then that very state is attained: desires are eradicated, and we become filled with the Lord, and the Lord alone, on all sides.
The essence of all that has come before us thus far is this:

ORIGINAL

प्रभु हैं, किसीके न माननेपर भी उनकी सत्ता अक्षुण्ण रहती है। न माननेवाला माननेके कारण होनेवाले परम लाभसे वञ्चित हो जाता है। उन्हें न माननेका ही परिणाम है जीवनमें उधेड़-बुन, दुःख-ज्वाला ! अन्यथा इनका अस्तित्व ही नहीं है, क्योंकि सर्वत्र प्रभु परिपूर्ण हैं, सर्वत्र आनन्द भरा है। कोई भी इस स्थितिका अनुभव प्राप्त कर सकता है। पर इसके लिये उसे इस ओर मुड़ना पड़ेगा तथा अन्य समस्त सांसारिक इच्छाओंको छोड़ना पड़ेगा। भोगकी इच्छा मिटा देनेमें असमर्थ प्राणीको भी प्रभुकी अनुभूति हो सकती है, पर तब, जब कि इच्छापूर्तिके लिये भी वह अन्य उपायोंको छोड़कर एकमात्र प्रभुपर ही निर्भर हो जाय। उपर्युक्त बातोंपर विचारकर यदि हम प्रभुकी सत्ता स्वीकार कर लें तो फिर हमारे जीवनमें पद-पदपर जो नयी-नयी उलझनें आती हैं, एकका समाधान करते-न-करते दूसरी आ घेरती हैं, वे न आवें। हममेंसे अधिकांशके हृदयमें जो दुःखकी भट्टी जलती है, वह शान्त हो जाय। उसके स्थानपर सुखका एक ऐसा शीतल शान्त स्रोत उमड़ चले कि उसकी धारामें निमग्न होकर हम स्वयं तो शीतल हो ही जायँ, हमारे सम्पर्कमें आनेवाले दूसरे भी निहाल हो जायें। इसीलिये भारतवर्षके ऋषि परम निष्काम होकर भी यह कामना करते थे—

माहं ब्रह्म निराकुर्यां मा मा ब्रह्म निराकरोत् ।

'मैं कदापि प्रभुकी सत्ता अस्वीकार न करूँ, प्रभु भी मुझे कभी भूल न जायें।'

हम भी यही कामना करें। सर्वप्रथम चाहने योग्य सत्य वस्तु असलमें यही है। इसीकी चाह हममें होनी चाहिये।

ENGLISH TRANSLATION

The Lord exists; even if someone does not believe, His existence remains intact. The one who does not believe is merely deprived of the supreme benefit that comes from believing. It is the result of not believing in Him alone that brings mental turmoil and the burning agony of sorrow into life! Otherwise, these have no existence at all, because the Lord pervades everywhere, and everywhere is filled with bliss. Anyone can attain the experience of this state. But for this, one will have to turn in this direction and renounce all other worldly desires. Even a being incapable of eradicating the desire for enjoyment can attain the realization of the Lord, but only when, for the fulfillment of desire as well, leaving aside all other means, one comes to depend solely upon the Lord.

Reflecting upon the aforementioned points, if we accept the reality of the Lord, then the fresh perplexities that arise at every step in our life-where no sooner is one resolved than another surrounds us-would cease to come. The furnace of sorrow that burns in the hearts of most of us would be pacified. In its place, such a cool and serene stream of happiness would surge forth that, immersing ourselves in its current, not only would we become cool and tranquil, but others who come in contact with us would also be blessed and filled with joy. That is why the sages of Bharatvarsha, despite being supremely free from desire, used to pray:

[Sanskrit] 'May I never deny Brahman; may Brahman never forsake me.'

'May I never disown the presence of the Lord, and may the Lord never forget me.'

Let us also pray for this very thing. In truth, this alone is the true reality worthy of being desired above all else. This alone is the longing we ought to hold within us.

CHAPTER 6

प्रभुका आदेश
The Lord's Command

Source coverage: 48–52

ORIGINAL

प्रभुका आदेश

सब मनुष्योंको सब समय प्रभुकी ओरसे अपने अन्तरात्मामें यह आदेश अवश्य मिलता रहता है कि 'ऐसे करो', 'ऐसे मत करो' किन्तु हम अधिकांश ऐसे हैं जो उनके आदेशको सुन नहीं पाते। यदि कहीं कोई सुनता भी है तो वह उपेक्षा करता है। इसका निश्चित परिणाम यह होता है कि हम जहाँ जिस क्षेत्रमें जाते हैं, वहाँ ही हमें उलझन मिलती है। अपनेसे आगे बढ़े हुएको देखकर हम जल उठते हैं। अपनी जलनको शान्त करनेके लिये उसकी कटु आलोचना आरम्भ करते हैं और जलन उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। अपने अतिरिक्त अन्य सभी हमें भूले हुए दिखायी देते हैं, सबको सुधारनेका, सारी बुराइयोंको एक साथ दूर कर देनेका हम ठेका ले बैठते हैं। विरोधीकी एक बात भी सुननेके लिये हम तैयार नहीं, अपनी-अपनी ही हमें सुनानी रहती है। अपना मैल धोनेके लिये हमारे पास अवकाश नहीं बच रहता। धोना दूर, हम भी गन्दे हो सकते हैं, यह सोचने-विचारनेतकका अवकाश नहीं; वस्तुतः मैलसे हम चिपटे होते हैं, पर स्वप्न देखने लगते हैं स्वर्गीय जीवनका। प्रभुकी ओरसे आयी हुई प्रेरणाको, उनके दिये हुए स्नेहभरे आदेशको न सुननेका, सुनकर उपेक्षा कर देनेका यह स्वाभाविक परिणाम है! तथा ऐसी भावना, ऐसी प्रवृत्ति जितनी अधिक बढ़ती है उतनी ही मात्रामें हम उत्तरोत्तर उनकी मङ्गल-प्रेरणाको ग्रहण करनेमें अयोग्य बनते जाते हैं। उनकी आवाज और हमारे ज्ञानके बीचमें व्यवधान घना होता जाता है। कुत्सित भावना, उससे कुत्सित प्रवृत्ति, फिर उससे कुत्सित संस्कार-इनकी क्रमशः मोटी-मोटी दीवारें बनती जाती हैं और इसी क्रमसे धीरे-धीरे प्रभुकी ओरसे आयी हुई सूचना

ENGLISH TRANSLATION

The Command of the Lord

At all times, within their inner soul, all human beings unfailingly receive this command from the Lord: 'Do this,' 'Do not do this.' Yet most of us are unable to hear His command. Even if someone happens to hear it, he ignores it. The inevitable consequence of this is that wherever and in whichever realm we go, we encounter only perplexity and entanglement. Seeing someone who has advanced further than ourselves, we burn with envy. To assuage our burning envy, we begin harshly criticizing him, and the burning sensation increases all the more. Everyone apart from ourselves appears to us to be astray; we take it upon ourselves to reform everyone and eradicate all evils at once. We are not prepared to listen to even a single word from an opponent; we only insist on voicing our own opinions. We are left with no leisure to wash away our own impurities. Far from washing them away, we do not even have the leisure to reflect that we too might be impure; in reality, we cling to filth, yet we begin dreaming of a heavenly life. This is the natural outcome of not listening to the inspiration coming from the Lord, of ignoring His loving command after hearing it! And the more such a feeling and such a tendency grow, to that very extent we progressively become unfit to receive His benevolent inspiration. The barrier between His voice and our consciousness grows denser. Base feelings give rise to base tendencies, which in turn give rise to base latent impressions-gradually forming thick walls out of these, and in this manner, the intimation coming from the Lord slowly

ORIGINAL

क्षीण, क्षीणतर होती हुई अन्तमें वह ऐसी बन जाती है मानो लुप्त हो गयी; है ही नहीं, थी ही नहीं। आदेश तो उस समय भी आता ही रहता है, पर हमारा मन उसे ग्रहण करनेमें सर्वथा अयोग्य हो जाता है, इसलिये वह आदेश सुन नहीं पड़ता।

कल्पना करें, हमारे सामने जीवनयात्रासम्बन्धी कोई प्रश्न उपस्थित हुआ। अब इस विषयमें कौन-सी व्यवस्था सबसे सुन्दर होगी, हमें क्या करना चाहिये, हम क्या करें-ये सभी बातें हमें प्रभुकी ओरसे प्राप्त होती हैं, उनका निश्चित आदेश इस सम्बन्धमें हम मेंसे प्रत्येकको अवश्य मिलता है, पर हम सुन नहीं पाते। और तबतक सुन भी नहीं पायेंगे, जबतक अपने अन्दर बार-बार पद-पदपर व्यक्त होनेवाली व्यक्तिगत अहङ्कारकी आवाजको सर्वथा कुचलकर हम प्रभुकी आवाज, प्रभुके आदेशको वास्तवमें सुननेके लिये तैयार न हो जायँगे। हमारे सामने तो जब कोई भी समस्या आती है, तब हमारा अहङ्कार सामने आ जाता है और एकके बाद एक अनेक युक्ति बतलाने लगता है-यह करो, वह करो। हम सोचते हैं, ऐसा करके हम सफल हो जायँगे, सुखी हो जायँगे। क्षणभरके लिये भी हमारे अन्दर यह विचारतक नहीं उदय होता कि यह कार्य, यह ढंग प्रभुके आदेशका अनुगामी है या नहीं। मन अगणित असंख्य संस्कारोंसे, वासनाओंसे भरा होता है, वर्तमानका वातावरण अनुरूप संस्कारोंको प्रभावित करता रहता है। वे जाग उठते हैं तथा उन्हींके अनुरूप हम अपना कार्यक्रम स्थिर करते हैं, समस्याएँ हल करने चलते हैं। संयोगसे हमारे कुछ कार्यक्रम, कुछ सुझाव प्रभुके आदेशके अनुकूल भले हो जायें, पर अधिकांश विपरीत होते हैं। विपरीत होनेका ही यह प्रमाण है कि आगे बढ़ते ही हम उलझन, ईर्ष्या, परनिन्दा, अहम्मन्यता, असहिष्णुता,

ENGLISH TRANSLATION

becomes faint, fainter still, and in the end becomes as though it has vanished; as if it does not exist at all, as if it never existed. The command continues to arrive even at that time, but our mind becomes entirely incapable of receiving it, and therefore that command is not heard. Suppose a question concerning the journey of life arises before us. Now, what arrangement would be the best in this matter, what ought we to do, what should we do-all these things are received by us from the Lord; His definite command in this regard is certainly received by each one of us, yet we fail to hear it. And we will not be able to hear it until, having completely crushed the voice of individual ego that manifests within us repeatedly at every step, we become truly prepared to listen to the voice of the Lord, the command of the Lord. Whenever any problem confronts us, our ego steps forward and begins suggesting numerous expedients one after another-'Do this,' 'Do that.' We think that by doing so we shall become successful, we shall become happy. Not even for a single moment does the thought arise within us whether this action, this manner conforms to the command of the Lord or not. The mind is filled with countless, innumerable impressions and desires, and the present environment continually stimulates corresponding impressions. They awaken, and in accordance with them we determine our course of action and set out to resolve problems. By chance, some of our actions and suggestions may happen to align with the Lord's command, but most are contrary to it. The very proof of their being contrary is that as soon as we move forward, we become surrounded by confusion, envy, slander of others, conceit, intolerance,

ORIGINAL

मलिनता, अज्ञान-इनसे घिर जाते हैं। यही आजके जगत्में हो रहा है; हम सोचकर देखेंगे, तो प्रायः सर्वत्र सभी क्षेत्रोंमें कहीं कम तो कहीं अधिक, यही स्पष्ट देख पायेंगे।

यह ठीक है कि अहङ्कारकी आवाजको सर्वथा शान्त कर देना सहज नहीं और यह हुए बिना प्रभुके सङ्केतको भी स्पष्ट सुन लेना सम्भव नहीं। पर इस दिशामें हमारा प्रयत्न भी तो हो। उनकी ओरसे आयी हुई प्रेरणाको ग्रहण करनेके लिये हमारा मन उन्मुख तो हो। हम अपनी प्रत्येक चेष्टाके आरम्भमें उनकी ओर मुड़ें तो सही। हमारी इच्छा तो हो। उनके आदेशका अनुसरण करनेका निश्चय तो हमारी बुद्धिमें हो जाय। फिर तो उनकी ओरसे कुछ-न-कुछ, नहीं-नहीं पर्याप्त प्रकाश मिलेगा ही। एक बार हम अपने सञ्चित संस्कारोंके प्रवाह (स्फुरणा) को रोक दें, मनको खाली कर दें, न खाली कर सकें, बरबस स्फुरणाएँ उठती ही रहें तो फिर प्रभुसे सम्बन्ध रखनेवाले विचारोंको, भावोंको मनमें भरना आरम्भ कर दें, प्रभुके स्मरणसे चित्तको पूरित करने लग जायें। इससे यह होगा कि अहङ्कार रहनेपर भी चित्तमें प्रभुके दिव्य सन्देशका स्पन्दन आरम्भ हो जायगा। कदाचित् अपने एवं प्रभुके बीचमें स्थित आवरणकी घनताके कारण हमें उस स्पन्दनकी अनुभूति न हो अथवा इतनी अस्पष्ट हो कि हम ठीक-ठीक उसे समझ न पायें, प्रभु क्या चाहते हैं, उनकी क्या आज्ञा है, यह स्पष्ट निर्णय हम नहीं कर पायें तो भी हमारा काम तो हो ही जायगा। वह इस रूपमें कि हमारे अनजानमें ही हमारे चित्तकी, बुद्धिकी, इन्द्रियोंकी गति उसी ओर हो जायगी, जिस ओर प्रभु हमें ले जाना चाहते थे। तथा उस ओर गति होनेपर हमारे लिये उलझन नहीं रहेगी, हम क्या करें, क्या नहीं करें-यह उधेड़-बुन नहीं रहेगी। अपने-आप स्वाभाविक ही हम जिस ओरसे हटना चाहिये, हट जायँगे। जिधर चलते रहना चाहिये, चलते रहेंगे।

ENGLISH TRANSLATION

impurity, and ignorance. This is precisely what is happening in today's world; if we reflect upon it, we will clearly perceive this very reality almost everywhere across all spheres, in greater or lesser measure.

It is true that completely silencing the voice of ego is not easy, and without this happening, it is also impossible to clearly hear the guidance of the Lord. Yet we should at least make an effort in this direction. Our mind should at least turn towards Him to receive the inspiration coming from Him. At the beginning of our every endeavor, we should at least turn towards Him. We should at least possess the desire. The resolve to follow His command should at least be established in our intellect. Then, some light-nay, abundant light-will certainly be received from Him. If we once check the flow (spontaneous stirring) of our accumulated impressions and empty the mind, or if we are unable to empty it and spontaneous stirrings persist forcibly, then we should begin filling the mind with thoughts and sentiments relating to the Lord, and begin suffusing the consciousness with the remembrance of the Lord. The result of this will be that even though the ego remains, the vibration of the Lord's divine message will commence in the consciousness. Perhaps, due to the density of the veil existing between ourselves and the Lord, we may not perceive that vibration, or it may be so indistinct that we cannot comprehend it properly, and we may not be able to clearly determine what the Lord wills or what His commandment is, yet our purpose will still be achieved. It will be achieved in such a way that, without our even knowing it, the movement of our consciousness, intellect, and senses will turn in the very direction in which the Lord wished to lead us. And once our movement is directed thither, no perplexity will remain for us; the agonizing dilemma of 'what should we do, what should we not do' will cease to exist. Spontaneously and naturally, we will withdraw from wherever we ought to withdraw, and we will continue walking in whichever direction we ought to proceed.

ORIGINAL

ईर्ष्याकी आग फिर हमें नहीं जलायेगी, 'हाय रे, हमने इतना ही कमाया, उसने इतने कमा लिये; हमारी पूछ नहीं, उसका सभी आदर करते हैं; हम पीछे रह गये, वह आगे बढ़ गया, वह गिर क्यों नहीं पड़ता'-ये कलुषित भावनाएँ हमें छू नहीं सकेंगी। दूसरेके दोषोंकी आलोचना कर अपना मन गन्दा करनेकी प्रवृत्ति हममें नहीं होगी। 'हम ठीक हैं, अन्य सभी भ्रान्त हैं'-यह गर्व हमारे अन्दर नहीं आयेगा। सबको निर्मल कर देनेका बीड़ा हम कदापि नहीं उठायेंगे। अपने विपक्षीकी बातका भी हम यथायोग्य आदर करेंगे। अपने अन्दरका छोटे-से-छोटा दोष भी सामने आने लगेगा। उसे धोनेमें ही हम इतना व्यस्त हो जायँगे कि दूसरोंमें कहीं मैल है भी यह स्मृति लुप्त हो जायगी। अपनी स्थितिके सम्बन्धमें हमें भ्रान्ति नहीं होगी, वास्तवमें हम कहाँ हैं, उसका ज्ञान हमें बना रहेगा; भूलकर भी हम हवाई किलेमें राजा बनकर सैर करने न जायँगे; मलिनतासे भरे रहनेपर भी देवता-महात्मा होनेका भ्रम हमारे अन्दर कभी नहीं आयेगा। प्रत्येक चेष्टाके आरम्भमें-चाहे वह कितनी भी नगण्य-सी चेष्टा क्यों न हो-प्रभुकी प्रेरणा, इच्छा-आदेशके साँचेमें हमारी बुद्धि, मन, इन्द्रियोंके ढल जानेपर ये बातें हममें निश्चित रूपसे होंगी ही। ये नहीं हों, इनसे विपरीत हों तो समझ लेना चाहिये कि हमारी चेष्टा प्रभुकी प्रेरणासे परिचालित नहीं है। अपितु हम अहङ्कारकी आवाजसे नियन्त्रित होकर पीछेकी ओर नीचे गिरते जा रहे हैं। जितनी शीघ्रतासे हम चेतेंगे, उतना ही अधिक हमारा एवं जगत्का लाभ होगा। जितनी अधिक देर लगेगी उतनी ही अधिक मात्रामें हमारा एवं जगत्के ध्वंसका मार्ग प्रशस्त होगा।

किन्तु अभी हमारी दशा तो यह है-

मारग अगम, संग नहिं संखल, नाउँ गाउँ कर भूला रे ।

अत्यन्त कठिन मार्गसे हम चल रहे हैं, पासमें पथके लिये पाथेय (राहखर्च) भी नहीं है और सबसे बड़े मजेकी बात तो यह है कि हमें

ENGLISH TRANSLATION

The fire of envy will then no longer burn us; tainted sentiments such as-'Alas, I earned only this much, while he earned so much; no one values me, while everyone respects him; I was left behind, he went ahead, why does he not fall?'-will not be able to touch us. The inclination to pollute our own mind by criticizing the faults of others will not arise in us. The pride of 'We are right, everyone else is deluded' will not enter within us. We will never take upon ourselves the task of purifying everyone else. We will give due respect even to the words of our adversary. Even the slightest flaw within ourselves will begin coming to the fore. We will become so preoccupied with washing it away that the very memory of whether impurity exists in others will vanish. We will have no delusion regarding our own state; we will remain aware of where we truly stand; never, even by mistake, will we roam about as a king in castles in the air; despite being full of impurity, the delusion of being a deity or a great soul will never arise within us. At the beginning of every endeavor-no matter how insignificant an endeavor it may be-when our intellect, mind, and senses are cast into the mold of the Lord's inspiration, will, and command, these qualities will certainly manifest in us. If these are not present, or if things contrary to these are present, one should understand that our endeavor is not guided by the Lord's inspiration. Rather, controlled by the voice of the ego, we are falling backward and downward. The sooner we awaken, the greater will be the benefit to ourselves and to the world. The more delay occurs, to that greater extent the path to our own destruction and the destruction of the world will be paved.

Yet at present, our condition is such:

[Braj] The path is impassable, there are no provisions for the journey, and the name and village have been forgotten, O soul!

We are walking along an exceedingly arduous path, we do not even have provisions (travel expenses) for the way with us, and the greatest irony of all is that we

ORIGINAL

जिस गाँवमें जाना है, उसका नामतक हम भूल गये हैं। मार्ग कठिन इसलिये कि हमारे चारों ओर विषयोंके झाड़-झंखाड़, पर्वत, वन भरे पड़े हैं, क्षण-क्षणमें हम रास्ता भूल रहे हैं। प्रभुकी स्मृतिरूपी पाथेय भी नहीं, जो हमारे श्रान्त मन, इन्द्रिय, प्राणोंमें पुनः-पुनः नवशक्तिका सञ्चार करता रहे और सबसे अधिक चिन्ताकी बात तो यह है कि हम मानव-जीवनके उद्देश्यको ही भूल गये हैं। प्रभुकी प्राप्ति ही हमारे जीवनका एकमात्र उद्देश्य है, वहीं हमें जाना है, हमें इस बातकी ही विस्मृति हो गयी है। ऐसी अवस्थामें प्रत्येक कार्यका आरम्भ करते समय प्रभुका सङ्केत ग्रहण करनेकी वृत्ति हमारे अन्दर जाग उठे, हम उसके लिये प्रयास करें यह सम्भावना कहाँ? हाँ, किसी अनिर्वचनीय सौभाग्यवश यदि दुःखोंसे छूटनेके लिये भी हम प्रभुको पुकार सकें, सच्चे सरल हृदयसे अपनी यह विनय सुना सकें— 'नाथ! अब तुम्हीं आगे ले चलो'—

तुलसिदास भव-त्रास हरहु अब होहु राम अनुकूला रे।

—ऐसी सच्ची भावना दुःखके समय ही हमारे अन्दर जाग उठे तो भी जीवनके अन्ततक हम कृतार्थ हो जायँ। इसमें तनिक भी सन्देहके लिये स्थान नहीं। दुःखमें की हुई प्रत्येक पुकार हमारे एवं प्रभुके बीचमें स्थित पर्देको क्रमशः फाड़ती ही जायगी। प्रभुके साथ किया हुआ क्षणभरका सम्बन्ध भी हमारे मन, प्राण एवं इन्द्रियोंमें अपनी छाप—स्थायी प्रभाव छोड़ जायगा। किसी दिन प्रबल दुःखको निमित्त बनाकर प्रभुको पुकारते समय कोई ऐसा भरपूर धक्का लगेगा कि आवरण छिन्न-भिन्न हो जायगा। उसीके साथ हमारे अहङ्कारकी आवाज भी शान्त हो जायगी, और तब वास्तवमें हम प्रभुका आदेश अत्यन्त स्पष्टरूपसे सुननेमें समर्थ हो सकेंगे। उस समय हमारा जीवन कुछ और ही होगा।

ENGLISH TRANSLATION

We have forgotten even the name of the village to which we must go. The path is difficult because all around us lies thick brushwood of worldly attachments, mountains, and forests; at every moment we are losing our way. Nor do we possess the sustenance of remembrance of the Lord, which could continually infuse renewed strength into our weary mind, senses, and vital breath. And the matter of greatest concern is that we have forgotten the very purpose of human life. Attainment of the Lord is the sole purpose of our life, that is where we have to go, and we have become entirely oblivious of this very fact. In such a state, where is the possibility that at the beginning of every action the disposition to seek the Lord-given indication will awaken within us, or that we will make an effort toward it? Yet, if by some ineffable good fortune we can call upon the Lord even to be delivered from sorrows, and if with a true and simple heart we can offer this supplication-“O Lord! Now You alone lead us forward”-[Awadhi] O Tulsidas! Dispel the fear of worldly existence; O Rama, be gracious now!-if such genuine devotion awakens within us even in times of sorrow, we would still be blessed and fulfilled by the end of life. There is not the slightest room for doubt in this. Every cry uttered in distress will progressively tear away the veil situated between us and the Lord. Even a momentary connection established with the Lord will leave its imprint-a lasting impression-upon our mind, life-force, and senses. One day, taking severe sorrow as the occasion, while calling upon the Lord, such a powerful thrust will occur that the veil will be shattered to pieces. Along with that, the voice of our ego will also be silenced, and then in truth we shall be able to hear the Lord-given command with utter clarity. At that time, our life will become something entirely transformed.

CHAPTER 7

विचारोंका संयम

Discipline of Thought

Source coverage: 53–61

ORIGINAL

विचारोंका संयम

कभी-कभी हमारे मनमें रहनेवाले विचारोंसे इतना भारी अनर्थ हो जाता है कि जिसकी हमें कल्पनातक नहीं होती। मान लीजिये—हम बाजार चले। उसी रास्तेमें सड़कपर दो व्यक्ति लड़ रहे हैं। उन्हें लड़ते देखकर हम खड़े हो गये। बिना बोले चुपचाप कुछ देरतक उनको लड़ते हुए देखते रहे। इस देखनेका स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि हम उन दोनोंमेंसे किसी एकके प्रति मन-ही-मन झुक पड़े; एकका पक्ष हमें अपेक्षाकृत ठीक एवं दूसरेकी भूल दीखने लगी। हमारे अन्दर भी क्रोधके परमाणु थे, जो प्रायः रहते ही हैं; परिणाम यह हुआ कि हमें जिसकी भूल दीखती थी, उसके प्रति हमारे मनमें भी क्रोधका सञ्चार हो गया। हमारा उन दोनों व्यक्तियोंमें किसीसे भी कोई सम्बन्ध नहीं था, फिर भी मन-ही-मन हम गरम हो उठे और उसके प्रति क्रोधसे सने विचार उत्पन्न होने लगे। इतनेमें दीखा कि हमने जिसका मन-ही-मन पक्ष लिया था, उसने अपने प्रतिपक्षीके सिरपर जोरसे लाठी जमा दी और उसका सिर फट गया। लोग दौड़ पड़े, पुलिस भी आ गयी। हमें भी प्रतीत हुआ कि आह! यह तो बुरा हुआ तथा यह सोचते हुए हम अपने रास्ते चले गये। पुलिसने मारनेवालेका चालान कर दिया; क्योंकि प्रत्यक्ष था कि उसने एकका सिर फोड़ा है। उसे सजा भी हो गयी। किन्तु इस घटनामें एक बात ऐसी हुई है जिसे किसीने नहीं जाना। वह बात पुलिसकी रिपोर्टमें नहीं आयी, हमने भी नहीं जाना। वह बात यह है कि वास्तवमें सिर फोड़नेका अपराधी वह अकेला ही नहीं है, जिस बेचारेको सजा हुई है, हम भी हैं। यह सुनकर हम भले चकरा

ENGLISH TRANSLATION

Control of Thoughts

Sometimes, such great mischief is caused by the thoughts residing in our mind that we cannot even imagine it. Suppose we went to the marketplace. On that very path, upon the road, two persons are fighting. Seeing them fight, we stopped. Without speaking, we quietly kept watching them fight for some time. The natural outcome of this watching was that within our mind we leaned toward one of the two; one side seemed comparatively right to us and the other appeared to be in error. Within us too were particles of anger, which are almost always present; the result was that toward the one in whom we saw error, anger was transmitted in our mind as well. We had no connection whatsoever with either of those two persons, yet within our mind we grew heated, and thoughts steeped in anger began to arise toward him. Just then, it was seen that the one whose side we had mentally taken struck a forceful blow with a stick upon the head of his opponent, and his head split open. People rushed forward; the police also arrived. We too felt that alas! This was bad; and thinking this, we went on our way. The police prosecuted the striker, because it was evident that he had broken someone's head. He was sentenced as well. But in this incident, one thing happened that no one knew. That matter did not appear in the police report, nor did we realize it. That matter is that in truth, the poor man who was punished is not alone guilty of breaking the head; we are as well. Hearing this, we may well be astonished,

ORIGINAL

उठें, पर बात बिल्कुल सच्ची है। हमारे न जानने न माननेपर भी, जनताके द्वारा सज्जन पुरुष होनेका प्रमाणपत्र पा लेनेपर भी, यह बात सच्ची ही रहेगी।

इसको ठीकसे समझनेके लिये इस प्रकार विश्लेषण करें—दोनों लड़ रहे थे, दोनोंमें ही क्रोध था, किन्तु जिसने सिर फोड़नेका अपराध किया है, उसमें पहले क्रोधकी मात्रा इतनी, ऐसी नहीं थी कि वह लाठी मारनेकी क्रियामें हेतु बन सके। इस क्रियाके लिये जितना क्रोध जाग्रत् होना चाहिये, उतना उसमें हमारे वहाँ जानेसे पूर्व अवश्य ही नहीं था। दुर्दैवयोगसे हम वहाँ जा पहुँचे। हमने उसका मन-ही-मन पक्ष लिया। हमारा क्रोध उभड़ा और उसने वहाँ उसके पास जाकर जितनी कमी थी, उसकी पूर्ति कर दी। लाठी मारनेके लिये जितना क्रोध उसमें घट रहा था, उतना हमने अपनी ओरसे उसे दे दिया और उसने लाठी मार दी। दूसरे शब्दोंमें लाठी मारनेकी जो क्रिया हुई है, वह हमारे क्रोधसे सम्पन्न हुई है। यदि हम वहाँ न जाते, जाकर यदि शान्त-सुस्थिर बने रहते तो उसके क्रोधको बल नहीं मिलता तथा यह क्रिया न घटती। उसके पास तो इतना ही क्रोध था कि खूब बकने-झकनेमें ही वह उलझा रहता। पर हमारे अन्दरकी आग उसके पास बिना किसीको दीखे जा पहुँची और उसने उसके द्वारा यह कुकृत्य करवा दिया। फिर हम भी अपराधी कैसे नहीं हुए?

सोचकर देखेंगे तो पता चलेगा कि अनजानमें ही हमारे द्वारा प्रतिदिन न जाने ऐसी कितनी घटनाएँ घटती हैं, कितनी बार ऐसे अलक्षित अपराध बनते रहते हैं। तथा ठीक इससे विपरीत, यदि हमारे शुभ विचार हैं तो उनसे हमारे बिना जाने ही कितनोंकी सेवा हो जाती है। जैसे हम किसी व्यक्तिसे मिलने गये। वहाँपर एक और कोई दुःखी

ENGLISH TRANSLATION

yet the matter is entirely true. Even if we do not know or accept it, and even if we have received a certificate of being a virtuous person from the public, this truth will remain true. To understand this properly, let us analyze it in this manner: both were fighting, anger was in both, but in the one who committed the offense of breaking the head, the amount of anger earlier was not so much, or of such a nature, as to become the cause for the action of striking with a stick. For this action, however much anger needed to be awakened, that much was certainly not in him before our going there. By misfortune we arrived there. We mentally took his side. Our anger welled up, and going there near him, it made up for whatever was lacking. As much anger as was falling short in him to strike with the stick, that much we gave him from our side, and he struck with the stick. In other words, the act of striking with the stick that occurred was accomplished by our anger. If we had not gone there, or having gone, if we had remained calm and steady, his anger would not have received strength and this action would not have occurred. He possessed only enough anger to remain entangled in babbling and quarreling. But the fire within us reached him without being visible to anyone, and caused this misdeed to be performed through him. Then how are we not guilty as well? If we reflect, we will realize that unknowingly, how many such incidents occur through us every day, and how many times such unseen offenses keep being committed. And exactly opposite to this, if we have noble thoughts, through them service is rendered to so many without our even knowing it. For example, we went to meet a person. There, another afflicted person

ORIGINAL

व्यक्ति बैठा है, अपनी दुःख-गाथा सुना रहा है। हम भी सुनने लगे। सुनते-सुनते हमारे मनमें सहानुभूति उत्पन्न हुई, हृदय करुणासे भर आया, मनमें आया कि इनकी सहायता अवश्य होनी चाहिये। इतनेमें वह व्यक्ति, जिससे हम मिलने गये थे, दुःखीको सान्त्वना देते हुए कह उठा—'आप चिन्ता न करें, आपका काम मैं अभी कर देता हूँ।' तथा उसने वह काम तुरन्त कर भी दिया। अब यहाँ हमने अपने मुँहसे उसकी कोई भी सिफारिश नहीं की, अपनी जानमें उसकी सहायता करनेकी कोई चेष्टा भी न की। पर वास्तवमें अभी-अभी जो उसकी सहायता हुई है, उसमें हमारा भी भाग है। हमारे आनेसे पूर्व उस व्यक्तिमें सद्भावना अवश्य थी, पर इतनी मात्रामें नहीं थी कि वह तुरन्त सक्रिय रूप धारण कर ले; किन्तु हमारी मनोगत सहानुभूति और करुणाने उसके मनको स्पर्श कर लिया, सक्रिय सहायताके लिये जितनी सहानुभूति और करुणा घट रही थी उसकी पूर्ति हो गयी! बस, काम हो गया। लोगोंको भले ही इसका पता न लगे, जिसकी सहायता हुई, जिसने की वे दोनों भी न जानें, हमें भी कल्पना न हो कि हमने भी कुछ किया है, पर असलमें वह सेवा सम्पन्न हुई है हमारी सद्भावनासे। हमारी प्रबल सहानुभूतिका बल उसे यदि उस समय नहीं मिलता तो सम्भवतः उसकी सद्भावना तुरन्त सक्रिय रूप धारण नहीं करती। और भी व्यापक दृष्टिसे इस बातपर विचार करें। कल्पना कर लें, दो देशोंमें युद्ध हो रहा है। वे देश हमसे हजारों कोस दूर हैं। आँखोंसे हमने उन देशोंको देखा नहीं। केवल समाचारपत्रोंसे ही युद्धकी घटना पढ़ते-सुनते हैं। पर कुछ ही दिनोंमें यह परिणाम होता है कि एकके प्रति हमारे मनमें पक्ष हो जाता है। हम एककी विजय चाहने लगते हैं और दूसरेकी पराजय। उसकी विजय सुनकर हमारे मनमें उल्लास होता है,

ENGLISH TRANSLATION

is sitting, narrating his tale of sorrow. We too began to listen. As we listened, sympathy arose in our mind, the heart was filled with compassion, and the thought came to mind that this person must surely be helped. Meanwhile, that person whom we had gone to meet spoke up while consoling the afflicted one: “Do not worry, I will do your work right away.” And he immediately did that work as well. Now here, we did not make any recommendation for him with our mouth, nor did we knowingly make any effort to help him. But in truth, in the help that was just rendered to him, we too had a share. Prior to our arrival, goodwill was certainly present in that person, but not in such measure that it could immediately take an active form; however, our inner sympathy and compassion touched his mind, and whatever sympathy and compassion were lacking for active help were supplied! That was all; the work was done. People may well not know this; both the one who was helped and the one who helped may not know; we too may have no idea that we did anything, but in truth that act of service was accomplished through our goodwill. If the strength of our intense sympathy had not reached him at that time, perhaps his goodwill would not have immediately taken an active form. Let us consider this matter from an even broader perspective. Imagine that war is going on between two countries. Those countries are thousands of leagues away from us. We have not seen those countries with our own eyes. We only read and hear of the events of the war from newspapers. Yet within a few days, the result is that bias arises in our mind toward one of them. We begin to desire the victory of one and the defeat of the other. Hearing of its victory, joy arises in our mind,

ORIGINAL

पराजय सुननेपर हृदयमें ठेस लगती है। अब यदि यह कहा जाय कि वहाँकी वैमनस्यकी आग उत्तरोत्तर प्रज्वलित करते रहनेमें युद्धसे होनेवाले भयङ्कर नरसंहारमें हम भी योगदान कर रहे हैं, तो इसमें तनिक भी अत्युक्ति नहीं है। हम यह कह भले ही दें कि 'हमारा क्या सम्बन्ध है, हम तो अखबार पढ़ते हैं तथा फिर जैसा ठीक लगता है, कह देते हैं।' पर बात ऐसी नहीं है। सचमुच हमारे द्वारा अनजानमें ही उस पापमें योगदान दिया जा रहा है, अनेकोंकी जान लेनेमें हम भी सहायता कर रहे हैं। यह सदा ध्यानमें रखनेकी बात है कि जगत्में जो भी घटनाएँ घटित होती हैं, उनमें यदि हमारे विचार अच्छे हैं, तो अच्छीके साथ, बुरे हैं तो बुरी घटनाके साथ हमारा न्यूनाधिक कुछ-न-कुछ निश्चित सम्बन्ध है ही। यहाँकी घटना वस्तुतः है ही हमारे मनके विचारोंका मूर्तरूप। दो महायुद्ध हुए। ये क्या थे? बस, जहाँ-जहाँ द्वेषपूर्ण विचार थे, सब एकत्र हो गये और वे ही भीषण नरसंहारके रूपमें प्रकट हो गये। ऐसे ही जगत्में जहाँ-जहाँ सद्विचार हैं, वे एकत्र होते हैं, तो फिर उनसे प्रेम, शान्ति-सुख बढ़ानेवाली घटनाओंका विस्तार होता है। हमारे अन्दर यदि तनिक भी बुरे विचार हैं तो वे अपनी शक्तिके अनुसार निकट एवं दूर बुरी घटना घटनेमें हेतु बनेंगे तथा हमारा तनिक-सा सद्विचार समीप एवं दूरके वातावरणमें शुभकी सृष्टिमें सहायक बनेगा। इसीलिये आज जब कि सर्वत्र दुःख, अशान्ति बढ़ रही है, घृणा-द्वेषमूलक घटनाओंकी संख्या बढ़ती जा रही है, ऐसे समयमें हमें अपने विचारोंके संयमकी अत्यधिक आवश्यकता है। अन्यथा हम घर बैठे-बैठे अखबारोंको पढ़-पढ़कर, रास्ते चलते हुए, किसी घटनाको देख-सुनकर अलक्षित अपराध करते रहेंगे, जिसका परिणाम हमारे लिये, विश्वके लिये और भी अत्यन्त भयावह होगा। ऐसा न हो, इसके लिये

ENGLISH TRANSLATION

Hearing of defeat causes grief in our hearts. Now, if it is said that in continuously fanning the flames of enmity there and in the horrific slaughter resulting from the war, we too are contributing, there is not the slightest exaggeration in it. We may easily say, 'What connection do we have? We merely read the newspapers and then say whatever seems right to us.' But that is not the case. In truth, even unknowingly, a contribution to that sin is being made by us; we too are assisting in taking the lives of many. This is something always to be kept in mind: whatever events occur in the world, if our thoughts are good, then with the good events, and if bad, then with the bad events, we definitely have a greater or lesser connection. An event here is, in fact, nothing but the tangible embodiment of the thoughts of our mind. Two World Wars took place. What were they? Simply, wherever hateful thoughts existed, they all gathered together, and those very thoughts manifested in the form of dread slaughter. Similarly, wherever noble thoughts exist in the world and gather together, from them expands a series of events that foster love, peace, and happiness. If there is even the slightest bad thought within us, it will, according to its power, become a cause for bad events to occur near and far; and our slightest noble thought will aid in the creation of goodness in the atmosphere near and far.
That is why today, when sorrow and unrest are increasing everywhere, and the number of incidents rooted in hatred and animosity continues to rise, at such a time we have an extreme need for restraint over our thoughts. Otherwise, sitting at home reading the newspapers, or while walking on the road, seeing or hearing some incident, we will go on committing unseen offenses, the consequence of which will be all the more terribly dire for us and for the world. Lest this should happen,

ORIGINAL

हमारे मनमें असद्विचार उत्पन्न होनेकी सम्भावना ही न रहे, निरन्तर परम शुभसे मन पूर्ण रहे, ऐसी स्थिति हमें उत्पन्न करनी पड़ेगी।

यों तो इसके लिये मनीषियोंने अनेक उपाय बताये हैं, पर सर्वोत्तम उपाय है, अपने मनसे जगत्की कल्पनाको ही मिटा देना तथा जगत्के स्थानपर सदा-सर्वत्र एकमात्र आनन्दमय प्रभुकी सत्ताके ही दर्शन करना। यह हुआ कि फिर असद्विचारकी जड़ ही कट जायगी। सर्वत्र भगवद्भाव हो जानेपर जानमें, अनजानमें कभी किसी प्रकारका अपराध हमसे घट नहीं सकता। हमारे द्वारा जो अशुभका विस्तार होता है, अशुभको प्रेरणा मिलती है, वह फिर होनेको ही नहीं। फिर तो परम शुभ प्रभुमें प्रतिष्ठित होकर हम सदा सबमें शुभका ही वितरण करते रहेंगे।

वास्तवमें सच्ची बात भी यही है कि जहाँ हमें जगत् दीखता है वहाँ सर्वत्र-सर्वथा प्रभु-ही-प्रभु भरे हैं, उनके अतिरिक्त दूसरी कोई वस्तु है ही नहीं। पर हमें ठीक-ठीक ऐसी ही अनुभूति हो तब काम बने। इस अनुभूतिके लिये यह आवश्यक नहीं कि हम खूब पढ़े-लिखे हों, दर्शनशास्त्रका हमारा गम्भीर अध्ययन हो, कई कलाओंके मर्मज्ञ हों, अमुक देशके वासी और अमुक वर्ण-जातिके ही हों। इसके लिये तो आवश्यकता इतनी ही है कि एक तो हमारा इस सिद्धान्तपर सरल विश्वास हो, हमारी बुद्धि इसको असंदिग्ध और निश्चित रूपसे स्वीकार करती हो कि एकमात्र प्रभु ही सर्वत्र अवस्थित हैं, और दूसरी बात यह है कि हम इस भावकी बार-बार आदरपूर्वक, अधिक-से-अधिक आवृत्ति करते रहें। लगनपूर्वक की हुई आवृत्ति कुछ ही दिनोंमें हमारी बुद्धिके निश्चयको मनमें उतार देगी तथा प्रयत्न जारी रहनेपर इन्द्रियोंको भी इस सत्यकी अनुभूति होते देर नहीं लगेगी। किन्तु प्रयत्न हो तब न? यहाँ तो 'कुएँमें भाँग पड़ी' की कहावत चरितार्थ हो रही है। आज

ENGLISH TRANSLATION

we must create such a state wherein no possibility remains for evil thoughts to arise in our mind, and our mind remains constantly filled with supreme goodness.

Indeed, wise sages have shown many means for this, but the best means is to erase the very concept of the world from our mind and, in place of the world, to behold always and everywhere the existence of the one Blissful Lord alone. Once this happens, the very root of evil thoughts will be severed. When the divine attitude of seeing God everywhere is established, no offense can ever occur through us, knowingly or unknowingly. The expansion of evil and the encouragement given to evil through us will simply cease to be. Then, remaining established in the supremely auspicious Lord, we shall ever distribute only goodness among all.

In reality, the absolute truth also is that wherever we see the world, the Lord, and the Lord alone, fills everything in every way; other than Him, there is no other entity whatsoever. But the purpose is served only when we have this precise realization. For this realization, it is not necessary that we be highly educated, that we possess deep study of philosophy, that we be connoisseurs of many arts, or that we belong to a particular country, varna, or caste. For this, the only requirement is, firstly, that we have simple faith in this principle, that our intellect accepts undoubtedly and conclusively that the one Lord alone is present everywhere; and secondly, that we repeat this sentiment reverently, again and again, as much as possible. A repetition done with earnest devotion will, in just a few days, instill the intellect's conviction into the mind, and if the effort continues, it will not take long for the senses too to experience this truth. But only if the effort is made! Here, the proverb 'the whole well is tainted with hemp' is being proved true. Today,

ORIGINAL

समष्टिकी ही प्रवृत्ति प्रायः प्रभुको भूले रहनेकी बन गयी है। हम अधिकांश ऐसे बन गये हैं कि आनन्दस्वरूप प्रभुको भूलकर सुख पानेकी लालसासे दिन-रात जागतिक विषयोंके, जो अनित्य और दुःखमय हैं, पीछे ही दौड़ते रहते हैं, इससे सुख तो हमें कभी मिलता नहीं, पद-पदपर दुःख मिलता है, अच्छी तरह जान लेते हैं कि उनसे सुख मिलनेका नहीं, पर जानकर भी नहीं जान पाते, उन्हें छोड़ना तो दूर उत्तरोत्तर उन्हींमें उलझते जाते हैं। अनादि संस्कारोंसे मनपर मलिनताकी मोटी तह जमा हो गयी है, कभी हमारे विवेकका द्वार खुलता ही नहीं कि जिसके छिद्रसे प्रभुके निर्मल प्रकाशकी किरणें हमारे अन्दर प्रवेश कर सकें, क्षणभरके लिये भी हमें भान नहीं होता कि हमारा कल्याण एकमात्र परम पिता प्रभुसे ही सम्भव है। उन्हें अपने हृदय-मन्दिरमें पधरानेकी वासना ही हममें कभी नहीं जागती, उनसे जुड़नेके लिये हमारा मन कभी लालायित ही नहीं होता। वहाँ तो निरन्तर जागतिक विषयोंके अभावकी आग ही धधकती रहती है। विषयोंकी प्यास कभी शान्त होती ही नहीं, इन्हें एकत्र करनेमें ही जीवन समाप्त हो जाता है, यों कह दें, जीवनभर तालाब खोदते बीत जाता है, पर पानीकी बूँद एक भी नहीं मिलती, प्यास तनिक भी नहीं बुझती --

कबहूँ मन विश्राम न मान्यो ।
निसिदिन भ्रमत बिसारि सहज सुख, जहँ-तहँ इंद्रिन तान्यो ।।
जदपि विषय-सँग सह्यो दुसह दुख, विषम जाल अरुझान्यो ।
तदपि न तजत मूढ़ ममता-बस, जानत हूँ नहिं जान्यो ।।
जनम अनेक किये नाना बिधि, करम-कीच चित सान्यो ।
होइ न विमल बिबेक-नीर-बिनु, बेद-पुरान बखान्यो ।।

ENGLISH TRANSLATION

the tendency of society as a whole has mostly become one of remaining oblivious to the Lord. Most of us have become such that, forgetting the Bliss-embodied Lord and longing to attain happiness, we keep running day and night after worldly sense-objects, which are transient and full of sorrow. Because of this, we never attain happiness; we encounter sorrow at every step. We know full well that happiness cannot be obtained from them, yet even while knowing, we fail to understand; far from abandoning them, we get progressively more entangled in them. Due to beginningless impressions, a thick layer of impurity has accumulated on the mind; the door of our discernment never opens so that through its aperture the rays of the pure light of the Lord might enter inside us. Not even for a moment do we realize that our ultimate welfare is possible only through the Supreme Father, the Lord. The desire to enshrine Him in the temple of our heart never awakens in us; our mind never yearns to unite with Him. There, the fire of the lack of worldly objects continuously blazes. The thirst for sense-objects is never quenched; life comes to an end in merely amassing them. One might say that life passes in digging a pond, yet not a single drop of water is found, and thirst is not quenched in the slightest:

[Braj] The mind never accepted rest. Forgetting innate bliss, it wanders day and night, dragged here and there by the senses. Although it suffered unbearable sorrow in the company of sense-objects and remained entangled in a treacherous net, yet, out of foolish attachment, it does not renounce them; even while knowing, it feigns ignorance. Through countless births, it performed actions of various kinds and smeared the consciousness with the mud of karma. It cannot become pure without the water of discernment-so the Vedas and Puranas have declared.

ORIGINAL

निज हित नाथ पिता गुरु हरिसों हरषि हृदय नहिं आन्यो ।
तुलसिदास कब तृषा जाय सर खनताहि जनम सिरान्यो ।।
ऐसी हमारी गिरी दशा है। अब हो तो क्या हो ! फिर भी यदि हमारा विवेक सर्वथा मर नहीं गया हो, हममें यदि प्रभुके प्रकाशकी क्षीण रेखा भी वर्तमान हो, यदा-कदा भी प्रभुकी स्मृति किसी भी बहानेसे हमारे अन्तःकरणमें जाग उठती हो, जगत्में सुख-शान्ति बढ़े, यह शुभ भावना कभी उत्पन्न होती हो तो हमें सावधान होकर अपने विचारोंका संयम करना चाहिये, विकारोंका दमन करनेके प्रयासमें लगना चाहिये। हम तत्परतासे सर्वत्र प्रभुको देखनेका अभ्यास आरम्भ करें। फिर निश्चय ही विकार शान्त होने लगेंगे; शुभ भावनाएँ बढ़ने लगेंगी। घरमें माता-पिता, स्त्री-पुत्र, भाई-बन्धु, नौकर-चाकर आदि जो भी हों; गाय, घोड़े, कुत्ते आदि पशुओंमेंसे जो भी हमारे आश्रयमें पलते हों तथा बाहर दूकान, पाठशाला, कार्यालय, कचहरी, अस्पताल, बाग-बगीचे, खेत, जङ्गल, नदी, तालाब, कुआँ, खेलके मैदान आदि स्थानोंपर जहाँ कहीं भी जिस किसीके भी सम्पर्कमें आनेका हमारा काम पड़ता हो, उन सबमें हम प्रभुको देखनेका अभ्यास करें। प्रभु ही इस रूपमें हमारे समक्ष उपस्थित हैं, ऐसी भावना करें, इस भावनाकी बारम्बार आवृत्ति करें। फिर हमारी तत्परताके अनुरूप सफलता हमें मिलेगी ही। यदि यह भावना सक्रिय होगी तब तो फल प्रकट होनेमें बहुत ही कम समय लगेगा। सक्रियका अर्थ यह कि भावना यथासम्भव व्यवहारमें उतरे। जैसे पड़ोसका कोई एक व्यक्ति हमारे पास आवे । आते ही हमने भावना की कि प्रभु पधारे हैं । पर इतनेमें ही उसने हमसे किसी वस्तुकी याचना कर दी। वह वस्तु हमारे पास है भी, हमारी आवश्यकतासे अधिक भी है; हम यह भी जानते हैं कि उसे इस

ENGLISH TRANSLATION

[Braj] It did not joyfully bring into its heart Sri Hari, who is its true benefactor, Lord, Father, and Guru. Tulsidas says: How can thirst ever be quenched when the entire life has passed merely in digging the pond?

Such is our fallen condition. Now, what can be done? Even then, if our discernment has not completely perished, if even a faint ray of the Lord's light is present within us, if now and then the remembrance of the Lord awakens in our inner consciousness under any pretext, or if this noble feeling ever arises that peace and happiness may increase in the world, then, becoming alert, we must restrain our thoughts and engage in the effort to subdue our inner impurities. Let us earnestly begin the practice of beholding the Lord everywhere. Then, surely, impurities will begin to subside and noble sentiments will begin to grow. Whoever they may be at home-parents, wife, son, brothers, relatives, servants, and so on; whichever animals are nurtured under our care, such as cows, horses, dogs, and so forth; and outside, in shops, schools, offices, courts, hospitals, gardens, fields, forests, rivers, ponds, wells, playgrounds, and such places, wherever and with whomever we happen to come into contact-let us practice beholding the Lord in all of them. Let us cultivate the feeling that the Lord Himself is present before us in this form, and let us repeat this feeling again and again. Then, in accordance with our earnestness, success will certainly be ours. If this feeling becomes active, then very little time will be required for the fruit to manifest. 'Active' means that the feeling translates, as far as possible, into practice. For instance, suppose a person from the neighborhood comes to us. As soon as he arrives, we cultivate the feeling that the Lord has arrived. But right then, he asks us for some article. That article is indeed with us, even beyond our need; and we also know that he

ORIGINAL

वस्तुकी जरूरत है। पर अपने अन्दर संग्रहकी वृत्ति होनेके कारण अथवा अनुदारताका दोष रहनेके कारण हम देनेमें हिचकिचा जाते हैं या देकर अनुत्साह-पश्चात्तापका अनुभव करते हैं अथवा कुछ दिनोंके बाद दी हुई वस्तुके लिये उसपर अहसान करते हैं तो यहाँ उस पड़ोसीके प्रति की हुई भगवद्भावना सक्रिय नहीं हुई। यदि उसकी याचना सुनकर मन उल्लाससे भर जाता है, यह भावना आती है कि 'नाथ ! तुम्हारी कितनी कृपा है जो हमें अपनी सेवाका अवसर देने आये हैं।' तथा यदि वह पड़ोसी कृतज्ञतावश हमारी इस सेवाकी कहीं चर्चा कर दे तो हम सङ्कोचसे गड़ जायँ—हमारी ऐसी दशा है तो वह भावना सक्रिय हुई। थोड़ेमें कहनेपर यह कि हमारे पास जो कुछ है, उसे यथासम्भव, यथायोग्य विश्वरूप प्रभुकी सेवामें लगाकर हम हर्षित हों, उत्तरोत्तर हमारा मन कृतज्ञतासे भरता जाय। तब तो हमारी की हुई प्रभु-भावना सक्रिय है। अन्यथा वह प्रेरणात्मक विचारमात्र (Suggestion) ही है। नहींकी अपेक्षा तो विचारमात्रकी भगवद्भावना भी बहुत सुन्दर है। इससे भी अशुभ विचारोंके प्रवाहमें बड़ी रोक लगती है। पर सच्चा एवं पूरा-पूरा तथा शीघ्र-से-शीघ्र फल तो सक्रिय भावनासे ही प्राप्त होता है।

विकारोंका दमन होनेमें, विचारोंका संयम होनेमें उपर्युक्त उपाय अमोघ है। पर कदाचित् कोई इसपर श्रद्धा न कर सके तो उसे भी अपने एवं जगत्के हितके लिये कम-से-कम दो बातें अवश्य करनी चाहिये—

(१) कोई शुभ भाव, जो सबसे अधिक प्रिय हो, अपने मनके पीछे सदा रखे तथा उस भावके सूचक किसी वाक्यको मन-ही-मन जागनेसे सोनेतक—जब भी अवकाश हो अधिक-से-अधिक स्मरण करे, उसकी अधिक-से-अधिक आवृत्ति करे। जैसे सत्य बोलना प्रिय लगे तो इसका सूचक एक वाक्य 'सत्यं वदिष्यामि' 'सदा सत्य

ENGLISH TRANSLATION

needs an article. But if, owing to the tendency to hoard within us or the defect of ungenerosity, we hesitate in giving, or after giving feel dejection and regret, or after a few days place him under an obligation for the thing given, then the feeling of seeing the Divine in that neighbour has not become active here. If, upon hearing his request, the mind is filled with joy and this feeling arises: 'O Lord! How boundless is your grace that you have come to grant us an opportunity to serve you!'; and if that neighbour, out of gratitude, mentions this service of ours anywhere, we sink with bashfulness-if such is our state, then that feeling has indeed become active. In short, whatever we possess, by employing it as far as possible and appropriately in the service of the Lord who is the cosmic form, we should rejoice, and our mind should progressively become filled with gratitude. Then alone is the feeling of the Divine practiced by us active. Otherwise, it is merely a suggestive thought (Suggestion). In comparison to nothing, even the feeling of the Divine as a mere thought is very beautiful. Through this as well, a great check is placed on the flow of inauspicious thoughts. But the true, complete, and swiftest fruit is attained only through active feeling. The aforementioned remedy is unfailing in the suppression of vices and the restraint of thoughts. But if perchance someone cannot have faith in this, he too, for the welfare of himself and the world, must certainly do at least two things:(1) Keep some auspicious thought, which is most dear, constantly in the background of the mind, and within the mind repeat a sentence indicating that sentiment from waking to sleeping-whenever there is leisure, remember it as much as possible and repeat it as much as possible. For instance, if speaking the truth is dear, then one sentence indicative of it-[Sanskrit] 'I shall speak the truth,' [English] 'I will always speak the truth'-should be remembered again and again.

ORIGINAL

बोलूँगा'—इसको बार-बार स्मरण करे। प्रेम करना प्रिय हो तो 'मैं सदा सबसे प्रेम करूँगा !' यह बार-बार स्मरण करे। बार-बार स्मरण करनेका यह परिणाम होगा कि मनमें इसकी आवृत्ति करनेकी आदत पड़ जायगी तथा जब कभी भी हमारा मन खाली होगा, उस समय इस भावका जाप शुरू हो जायगा। और शुभ भावोंकी आवृत्ति होते समय अन्य असद्भाव एवं विकारोंके प्रवेशके लिये अवकाश कम रह जायगा। इस प्रकार जगत्में शुभको बढ़ाने एवं अशुभकी मात्रा घटानेमें हम हेतु बनेंगे।(२) हम किसी समय निकम्मे नहीं रहें। कुछ-न-कुछ सत्-प्रवृत्तिमें ही यथासम्भव मन एवं शरीर दोनों लगे रहें। निठल्ले मनमें असद्विचारके प्रवेशके लिये बहुत अधिक, शुभ विचारके लिये बहुत कम सम्भावना रहती है।एक सन्तने कहा है—'यदि भला न कर सको तो बुरा करनेसे तो बचो।' यह वचन हमारे लिये बहुत महत्त्वका है। शुभका विस्तार यदि हम न कर सकें तो बुराईको तो रोके ही रहें। इसीलिये विचारोंका संयम परम आवश्यक है।समता

ENGLISH TRANSLATION

the truth'-one should remember this again and again. If loving is dear, then remember again and again: 'I will always love everyone!' The result of remembering repeatedly will be that the mind will form the habit of repeating it, and whenever our mind is empty, the chanting of this sentiment will begin. And while auspicious thoughts are being repeated, less space will remain for other unwholesome feelings and vices to enter. In this manner, we shall become instrumental in increasing the good and decreasing the measure of evil in the world.(2) We should not remain idle at any time. As far as possible, both mind and body should remain engaged in some noble activity or other. In an idle mind, the possibility for the entrance of unholy thoughts is very high, and very low for auspicious thoughts. A saint has said:'If you cannot do good, at least refrain from doing evil.' This saying is of immense importance to us. If we cannot expand the good, we should at least keep evil restrained. Therefore, the restraint of thoughts is supremely essential. Equanimity

CHAPTER 8

मनकी सँभाल
Care of the Mind

Source coverage: 62–69

ORIGINAL

मनकी सँभाल

जहाँ हमारा मन है, वहीं हम हैं। भले ही हम मन्दिरमें—उपासनागृहमें ही क्यों न बैठे हों, पर यदि हमारा मन कहीं और है—शेयरबाजारमें चक्कर काट रहा है, शेयरके भावोंकी विवेचना कर रहा है, ले-बेच रहा है; घर, दुकान, आफिस, होटल, क्लब, थियेटर आदिका चिन्तन कर रहा है—तो हम उस समय सचमुच मन्दिरमें नहीं, अपितु हमारे चिन्तनके विषयभूत उन-उन स्थानोंमें ही विचर रहे हैं। यह सर्वथा सत्य सिद्धान्त है।

यों तो शरीरसे भी शुभ स्थानपर, शुभ वातावरणमें रहना परम मङ्गलकारी है ही, पर जबतक हमारा मन उसे ग्रहण नहीं करता, तबतक हमारी स्थिति नहीं बदलती, नहीं बदल सकती। हमारी उपासना तभी सच्ची उपासना बनेगी, जब उसमें शारीरिक क्रियाविशेषका नहीं, मनका संयोग होने लगेगा। प्रभुके सामने घुटने टेककर हाथ जोड़कर या किसी आसनविशेषसे बैठकर प्रार्थना करनेकी मुद्रा बड़ी सुन्दर है, पर हमारी प्रार्थना सच्ची तो तब होगी, जब हमारा मन सब ओरसे सिमटकर प्रभुमें ही केन्द्रित होने लगेगा। इसीलिये बाहरी आचार-व्यवहारकी यथाशक्ति पूर्ण रक्षा करते हुए भी प्रधानतासे हमारी शक्ति लगनी चाहिये मनको सँभालनेमें। हमारा मन किस रूपमें हमारे सामने आ रहा है, क्या कर रहा है, अपने लक्ष्यको भूलकर कहीं अन्यत्र भटकने तो नहीं लगा है, इस सँभालकी अत्यधिक आवश्यकता है। निरन्तर प्रभुका ही चिन्तन होने लग जानेपर तो सँभालका प्रश्न स्वतः समाप्त हो जाता है; किन्तु जबतक क्षणभरके लिये भी मन

ENGLISH TRANSLATION

Guarding the Mind

Where our mind is, there we are. Even though we may be sitting in a temple-in a house of worship-yet if our mind is elsewhere-wandering in the stock market, analyzing share prices, buying and selling; contemplating home, shop, office, hotel, club, theatre, and the like-then at that time we are truly not in the temple, but wandering in those very places that are the objects of our contemplation. This is an entirely true principle. Although physically remaining in an auspicious place and in an auspicious environment is indeed supremely beneficial, yet as long as our mind does not absorb it, our state does not change, nor can it change. Our worship will become true worship only when it begins to have the union of the mind, and not merely of particular physical actions. The posture of kneeling before the Lord with folded hands or sitting in a particular posture to pray is very beautiful, but our prayer will be true only when our mind, withdrawing from all sides, begins to be focused in the Lord alone. For this reason, while fully safeguarding external conduct and deportment according to one's capacity, our energy should primarily be devoted to guarding the mind. In what form our mind is appearing before us, what it is doing, whether having forgotten its goal it has begun to wander elsewhere-there is an extreme need for this vigilance. When continuous contemplation of the Lord alone begins to take place, the question of vigilance is automatically resolved; but so long as the mind, even for a moment,

ORIGINAL

विषयाकार होता है, तबतक सावधान रहनेकी आवश्यकता है। हममें भोगोंकी कामना होती है; हम सङ्कल्प करते हैं, अमुक वस्तु है या नहीं, इस प्रकार किसी विषयमें हमें सन्देह होता है। जो वस्तु प्रत्यक्ष नहीं है, उसके विषयमें भी हम पढ़-सुनकर विश्वास कर लेते हैं कि यह वस्तु निश्चित रूपसे ऐसे है ही अथवा किसी अप्रत्यक्ष वस्तुके प्रति हमारे मनमें सर्वथा अविश्वास रहता है कि वह है ही नहीं; हममें धृतिकी वृत्ति रहती है, इससे विपरीत व्याकुलताका भाव भी रहता है; विविध परिस्थितियोंमें लज्जाकी वृत्ति जाग उठती है; निश्चय कर लेनेकी वृत्ति-बुद्धि भी हममें है; और हमें भय भी होता है। ये सब क्या हैं। इन सब रूपोंमें हमारा मन ही तो व्यक्त हो रहा है—

कामः संकल्पो विचिकित्सा श्रद्धाश्रद्धाधृतिरधृतिर्ह्रीर्धीर्भी-
रित्येतत्सर्वं मन एव । *

अब इन्हीं वृत्तियोंमें, इन्हीं भावनाओंमेंसे यदि हम यथायोग्य किन्हींकी दिशा बदल दें, बदले ही रखें, उनपर प्रभुका रङ्ग चढ़ा दें और किन्हींको शान्त कर दें तो बस, मनकी सँभाल हो गयी। अतएव आइये, इसी उद्देश्यसे यहाँ हम काम-सङ्कल्प आदि मनके स्वरूपोंपर क्रमशः संक्षेपमें कुछ विचार करें।

हमें भोगोंमें कामना क्यों होती है ? इसीलिये तो कि हमें उनसे सुख प्राप्त होनेकी सम्भावना दीखती है। फिर क्यों नहीं हम उस वस्तुकी ही कामना करें जो समस्त सुखोंका केन्द्र है, जो समस्त विश्वको सुखका दान करता है, जिस सुखपर ही विश्वके समस्त प्राणियोंका जीवन अवलम्बित है। वह वस्तु तो एकमात्र प्रभुका स्वरूप है। वे प्रभु हीबृहदारण्यकोपनिषद् १ । ५ । ३

ENGLISH TRANSLATION

takes the form of sense objects, so long is there a need to remain vigilant. In us arises the desire for sensory pleasures; we resolve; whether a certain thing exists or not, in this way doubt arises in us regarding a subject. Even regarding an object that is not directly perceived, having read or heard about it, we believe that this thing is definitely thus; or regarding an unperceived thing, total disbelief exists in our mind that it does not exist at all; the modification of fortitude exists in us, and contrary to this, the feeling of agitation also exists; in diverse circumstances, the modification of shame awakens; the modification of determination-intellect-is also in us; and we also experience fear. What are all these? In all these forms, it is our mind alone that is manifesting:[Sanskrit] 'Desire, resolution, doubt, faith, lack of faith, fortitude, lack of fortitude, shame, intellect, and fear-all these are the mind alone.' *Now, if among these very modifications, these very feelings, we suitably change the direction of some, keep them changed, imbue them with the color of the Lord, and pacify others, then that is all-guarding of the mind is accomplished. Therefore, come, with this very objective let us reflect here briefly and systematically upon the forms of the mind such as desire, resolution, and so forth. Why do we have desire in sensory enjoyments? For this reason alone: that we see the possibility of obtaining happiness from them. Then why do we not desire that reality alone which is the center of all happiness, which bestows happiness upon the entire universe, and upon whose happiness alone the life of all living beings in the universe depends? That reality is solely the nature of the Lord. That Lord aloneBrihadaranyaka Upanishad 1.5.3

ORIGINAL

विश्वको आनन्दका दान करते हैं, 'एष ह्येवानन्दयति ।'* उनके आनन्दका ही किञ्चित् अंश लेकर विश्वके अनन्त प्राणी जीवन धारण करते हैं।

'एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति ।'†

हम यदि प्रभुको ही चाहने लगें, अपनी कामनाकी दिशा बदल दें, जगत्की ओरसे मोड़कर उसे प्रभुकी ओर कर दें, जितनी बार जिस किसी वस्तुके लिये भी कामना उत्पन्न हो, उतनी बार हम उसे प्रभुकी कामनासे ढक दें, हमें तो एकमात्र प्रभु मिल जायँ, उनके अतिरिक्त हमें और कुछ नहीं चाहिये, इस कामनासे ही जगत्की अन्य समस्त कामनाओंको तत्परतापूर्वक सम्पुटित करते जायें तो फिर मनको धो देनेका कार्य आरम्भ हो गया, उसके 'काम' रूपकी सफाई होने लगी—विषयाकारसे वह प्रभुके आकारमें परिणत होने लगा।

सङ्कल्पके प्रवाहको भी हम प्रभुकी ओर कर दें अथवा इसके स्रोतको ही बन्द कर दें। इसके लिये भी उपाय बड़ा सरल है; किन्तु तत्परता एवं अभ्यास यहाँ भी अपेक्षित है ही। जितनी स्फुरणाएँ उठें, उन्हें हम प्रभुको समर्पित करते चले जायें। 'नाथ! यह तुम्हें समर्पित है', इस भावनाकी पुट प्रत्येक स्फुरणामें लगा दें। इसका निश्चित परिणाम यह होगा कि नवीन स्फुरणाएँ प्रभुसे सम्बद्ध होकर ही उठेंगी। अथवा हम यह करें कि स्फुरणाओंके द्रष्टा बन जायें। क्या स्फुरणा हो रही है, हमारा मन क्या कर रहा है, इसे हम स्फुरणाओंसे, मनसे अलग होकर देखने लगें, फिर निश्चय ही स्फुरणाओंका वेग शान्त होने लगेगा, क्रमशः सर्वथा शान्त हो जायगा तथा इस प्रकार प्रभु एवं हमारे बीचकातैत्तिरीय० २। ७

† बृहदारण्यक० ४। ३। ३२

ENGLISH TRANSLATION

He bestows bliss upon the universe: [Sanskrit] "He alone indeed imparts bliss."* Drawing merely a tiny fraction of His bliss, infinite beings of the universe sustain their lives: [Sanskrit] "On a mere fraction of this very bliss do other creatures live."†

If we begin to desire only the Lord, alter the direction of our desire, turn it away from the world and direct it toward the Lord; whenever a desire arises for whatever object, if each time we envelop it with the longing for the Lord-"May we attain only the Lord alone, we desire nothing else besides Him"-and if with this desire we diligently envelop all other worldly desires, then the cleansing of the mind has begun. Its form of "lust and craving" begins to be purged-from taking the shape of sense-objects, it begins to transform into the form of the Lord.

Let us also direct the stream of volitions toward the Lord, or shut off its source altogether. The method for this too is very simple; yet diligence and constant practice are certainly required here as well. As many mental impulses as arise, let us go on offering them to the Lord. Let us infuse every impulse with the feeling, "O Lord! This is offered unto You." The definite outcome of this will be that new impulses will arise only in connection with the Lord. Alternatively, let us become the detached witness of these impulses. What impulse is arising, what our mind is doing-if we begin to observe this by detaching ourselves from the impulses and from the mind, then surely the momentum of the impulses will begin to calm down, will gradually become entirely quiet, and in this manner, between the Lord and us... Taittiriya Upanishad 2.7

† Brihadaranyaka Upanishad 4.3.32

ORIGINAL

एक बहुत गहरा आवरण नष्ट हो जायगा।
सन्देहके रूपमें भी हमारा मन ही है। यदि यह सन्देह जागतिक विषयोंको लेकर है तो इसमें विशेष हानि नहीं है, पर यदि यह प्रभुकी सत्ताके सम्बन्धमें है तो इसे तुरन्त ही नष्ट कर देना चाहिये। इसे नष्ट करनेका सर्वोत्तम साधन यह है कि जिनका हृदय प्रभुके आलोकसे आलोकित हो चुका है, ऐसे किसी सन्त महापुरुषका हम सरलभावसे आश्रय ग्रहण कर लें, उनके सङ्गमें रहने लगें। अनिवार्य आवश्यकताकी वृत्तिसे ढूँढ़नेपर कोई-न-कोई महापुरुष हमें निश्चय ही मिलेगा और उसके सङ्गसे हमारे सन्देहकी निवृत्ति होकर ही रहेगी! इतना ही नहीं, हमारे सामने मनका एक निर्मल, सत्त्वपूरित रूप भी आ जायगा, प्रभुमें अडिग श्रद्धा उत्पन्न होगी और यह दृढ़ विश्वास हमारी समस्त विघ्न-बाधाओंको हर लेगा। फिर प्रभुसे मिलन होनेमें देर न लगेगी।
अश्रद्धा (अविश्वास) का प्रश्न कुछ टेढ़ा है। यदि प्रभुकी सत्तामें हमारा विश्वास नहीं, तब हमारे लिये तो सर्वत्र अँधेरा-ही-अँधेरा है। फिर तो जगत्के चकाचौंधमें पड़कर हम सर्वथा अन्धे हो जाते हैं। हमारे लिये फिर प्रभु नहीं, परलोक नहीं, फिर तो केवल यह प्रत्यक्षका स्थूल जगत् एवं जगत्के भोग ही रह जाते हैं। हमारा वर्तमान जीवन ही हमारे लिये अथ एवं इति बन जाता है। वर्तमान जगत्में इसीका बोलबाला है। प्रायः सर्वत्र सभी क्षेत्रोंमें हमें अश्रद्धाका नग्न नृत्य देखनेको मिलता है। इसकी ओषधि भी मुख्यतया एक ही है और वह है प्रभुके परम मङ्गलमय अचिन्त्य विधानसे आये हुए भीषण दुःखोंके थपेड़े। इसकी चोट खानेपर ही हमारी बुद्धि ठिकाने आती है। तभी हम निश्चय कर पाते हैं कि प्रभु हैं एवं जीवनका उद्देश्य जगत्के नश्वर भोग

ENGLISH TRANSLATION

...a very dense veil will be destroyed.

It is our mind alone that also exists in the form of doubt. If this doubt pertains to worldly matters, there is no great harm in it; but if it concerns the existence of the Lord, it should be destroyed immediately. The supreme means to destroy it is that we sincerely take refuge in some saintly, exalted soul whose heart is already illuminated by the light of the Lord, and begin living in their company. When sought with an attitude of indispensable necessity, we shall certainly find some holy soul, and through their association, the dispelling of our doubt is bound to happen! Not only that, a pure, Sattva-filled state of mind will also manifest before us, unwavering faith in the Lord will awaken, and this firm conviction will remove all our obstacles and hindrances. Then, it will not take long to unite with the Lord.

The question of lack of faith (disbelief) is somewhat intricate. If we have no faith in the existence of the Lord, then for us there is only darkness everywhere. Then, captivated by the dazzling glamour of the world, we become completely blind. For us, there is then neither God nor the hereafter; only this tangible, physical world and worldly enjoyments remain. Our present life alone becomes our alpha and omega, our beginning and end. In the present world, this very mindset predominates. Almost everywhere, across all spheres, we witness the blatant dance of disbelief. The remedy for this too is primarily one: the buffeting blows of terrible sorrows that arrive through the supremely auspicious, inconceivable dispensation of the Lord. Only upon being struck by these does our intellect come to its senses. Only then do we realize with certainty that the Lord exists and that the purpose of life is not the transient enjoyments of the world...

ORIGINAL

नहीं एकमात्र प्रभुकी प्राप्ति है। तब कहीं जाकर प्रभुकी ओर हमारी गति होती है।

धृतिके रूपमें व्यक्त होनेवाले मनकी भी संभाल करनेकी आवश्यकता है। हमारी धृति सात्त्विक है, राजस है या तामस—इसे हम अच्छी तरह परख लें। यदि हमारी धृति एकमात्र प्रभुकी प्राप्तिको लक्ष्य बनाकर ही हममें जागरूक है तो वह सात्त्विक धृति है; जागतिक वैभव एवं उनसे प्राप्त होनेवाले सुखको लेकर है तो वह राजस है; पर कहीं निद्रा, तन्द्रा, शोक, विषाद, गर्व आदि तामसिक भावोंको दृढ़तापूर्वक पकड़े रहनेमें ही हेतु बन रही है तो यह निश्चय ही तामस है। यह परख कर लेनेके बाद हमें राजस, तामस धृतिको तो शीघ्र-से-शीघ्र छोड़ देना है। ग्रहण करनेयोग्य, प्रश्रय देनेयोग्य धृति तो केवल सात्त्विक धृति ही है, जो हमें प्रभुके द्वारतक ले जाती है।

जागतिक वस्तुओंको पानेके लिये तो हममें कई अवसरोंपर बड़ी व्याकुलता होती है, पर प्रभुके लिये हमारा हृदय कभी नहीं रोता। यदि व्याकुलताको ही हम वरण करते हैं, हमें वरण करना है तो क्यों नहीं हम प्रभुके लिये ही रोवें? इतना रोवें कि हृदयकी सारी मलिनता आँसू बनकर नेत्रोंके पथसे बाहर निकल जाय, हृदय निर्मल-स्वच्छ बन जाय, वहाँ प्रभुके निवास करनेयोग्य परिष्कृत और दैवी गुणोंसे सुसज्जित स्थान बन जाय और प्रभु उसमें आ विराजें।

जब हमारी भूल किसीको दीख जाती है, हमारा पाप प्रकट हो जाता है, तब हमें लज्जा होती है। इसलिये नहीं कि यह भूल हमसे क्यों हुई, ऐसा पाप हमसे क्यों बना, बल्कि इससे कि लोग जान गये, उनपर हमारी नीचता प्रकट हो गयी। यह लज्जा तो किसी कामकी नहीं। लज्जा होनी चाहिये पाप करनेमें, किये हुए पापोंको छिपानेमें,

ENGLISH TRANSLATION

...but solely the attainment of the Lord. Only then does our movement toward the Lord truly begin.

There is also a need to manage the mind as it manifests in the form of resolve (dhriti). Let us examine carefully whether our resolve is Sattvic, Rajasic, or Tamasic. If our resolve remains active within us with the sole goal of attaining the Lord, it is Sattvic resolve; if it is centered on worldly grandeur and the pleasures derived therefrom, it is Rajasic; but if it serves merely as a cause for clinging obstinately to Tamasic states such as sleep, stupor, grief, despondency, and arrogance, it is certainly Tamasic. Having made this appraisal, we must abandon Rajasic and Tamasic resolve as swiftly as possible. The only resolve worthy of being embraced and fostered is Sattvic resolve, which leads us to the doorstep of the Lord.

On many occasions, great restlessness arises within us to obtain worldly objects, but our heart never weeps for the Lord. If we must embrace restlessness, if we are to choose it, why do we not weep for the Lord alone? Weep so much that all the impurities of the heart flow out through the path of the eyes as tears, the heart becomes pure and clear, becoming a refined sanctuary adorned with divine virtues worthy of the Lord's abode, and the Lord comes to dwell therein.

When our mistake is noticed by someone, when our sin is exposed, we feel shame. Not because of why this mistake occurred through us or why such a sin was committed by us, but because people have come to know, and our pettiness has been revealed to them. Such shame is of no use. Shame should be felt in committing sin, in concealing sins that have been committed, and...

ORIGINAL

कोई भी पाप बन जाय तो उसे प्रकट कर देनेमें हमने क्षणभरका भी
विलम्ब क्यों कर दिया, इस बातमें। ऐसी लज्जा प्रभुको शीघ्र-से-शीघ्र
आकर्षित करनेवाली बन जाती है।बुद्धि भी सात्त्विकी, राजसी एवं तामसी हुआ करती है। प्रभुसे मिलन
होनेका यह प्रवृत्तिमय मार्ग है, यह निवृत्तिमार्ग है, यह हमारा कर्तव्य है, यह
अकर्तव्य है, हमारे लिये भयका कारण क्या है, हमें अभयपदकी प्राप्ति
किन-किन उपायोंसे सम्भव है, हम संसारमें बँधे ही क्यों, इससे छूट कैसे
जायें—इन सब बातोंको जो बुद्धि ठीक-ठीक समझती है, वह सात्त्विकी है।
धर्म, अधर्म, कर्तव्य, अकर्तव्यको यथार्थ रूपसे न समझनेवाली बुद्धि
राजसी है। तथा जो बुद्धि उलटी माननेवाली हो, अधर्मको धर्म,
अकर्तव्यको कर्तव्य, दुःखको सुख और अनित्यको नित्य समझती हो, सब
कुछ विपरीत भावसे ग्रहण करती हो, वह तामसी है। कहनेकी आवश्यकता
नहीं कि राजसी-तामसी बुद्धि तो हमें नीचे नरककुण्डमें ढकेलती है, एवं
सात्त्विकी आनन्दमय प्रभुके चरणप्रान्तमें ले जाकर कृतार्थ कर देती है; अतः
सात्त्विकी बुद्धि हमें क्षणभरके लिये छोड़ न दे, यह प्रयास सतत होना
चाहिये; क्योंकि हमें तो प्रभुके समीप जाना है, हम जा रहे हैं तथा जिस रथपर
सवार हुए हम जा रहे हैं, उसपर बुद्धि सारथि जो ठहरी।* यदि सारथि ही
रथसे कूद जाय या उन्मत्त हो जाय तो रथ खड्डेमें गिरेगा ही।भय भी हमें अनेक निमित्तसे होता है, पर यह है सर्वथा मिथ्या।
जब सर्वत्र एकमात्र आत्मस्वरूप प्रभु ही सदा विराजित हैं, तब भय
किस बातका। अपनेसे अपने-आपको भय होता है क्या? बिल्कुलआत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु ।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च ॥
(कठ० १। ३। ३)

ENGLISH TRANSLATION

...in having delayed even for a moment in disclosing any sin that has occurred. Such shame becomes a means to draw the Lord toward oneself very swiftly. Intellect (buddhi) too is Sattvic, Rajasic, and Tamasic. The intellect that accurately comprehends all these matters-this is the path of action for meeting the Lord, this is the path of renunciation; this is our duty, this is non-duty; what is the cause of fear for us, by what means is the attainment of fearlessness possible for us; why are we bound in this world at all, and how may we become free from it-is Sattvic. The intellect that does not rightly comprehend righteousness, unrighteousness, duty, and non-duty is Rajasic. And the intellect which perceives things perversely, regarding unrighteousness as righteousness, non-duty as duty, sorrow as joy, and the impermanent as permanent, taking everything in a contrary sense, is Tamasic. Needless to say, Rajasic and Tamasic intellect plunge us down into the pit of hell, while Sattvic intellect brings us to the feet of the blissful Lord and fulfills our life's purpose. Therefore, unceasing effort must be made so that Sattvic intellect does not abandon us even for a moment; for we have to draw near to the Lord, we are journeying forth, and on the chariot upon which we ride, intellect is the charioteer.* If the charioteer leaps from the chariot or becomes crazed, the chariot is bound to plunge into a ditch. Fear also arises in us due to many causes, but it is completely false. When the Lord Himself, as the very Self, is ever-present everywhere, what is there to fear? Does one ever fear one's own self? Not at all...
[Sanskrit] "Know the Self as the master of the chariot, and the body as the chariot itself. Know the intellect as the charioteer, and the mind as the reins."
(Katha Upanishad 1.3.3)

ORIGINAL

नहीं होता। अतः इस परम सत्यको स्वीकार कर हम भयकी वृत्तिको
सदाके लिये कुचल दें। भय ही करना हो तो यह करें कि कहीं इस
परम सत्यकी हमें विस्मृति न हो जाय, क्षणभरके लिये सर्वत्र पूर्ण
एकमात्र प्रभुको छोड़कर हम किसी भी स्थानपर जगत्‌को न देखने लग
जायें। यह एक भय हमें प्रभुसे नित्य-से-नित्य संयोग करानेवाला बन
जायगा, हमें सदाके लिये निर्भय कर देगा।सबका सारांश यह है कि काम-संकल्प आदि भावोंके रूपमें
हमारा मन ही व्यक्त होता है। उन-उन अवसरोंपर सावधान रहकर हम
मनको सम्भालते रहें, क्योंकि मनकी स्थितिपर ही हमारी स्थिति निर्भर
करती है। हम हैं प्रभुके सनातन अंश, हम भी हैं सच्चिदानन्दस्वरूप ही,
पर इस मनके कारण ही इस स्थूल जगत्‌में भटक रहे हैं, प्रभुसे अलग
होनेका हमें भ्रम हो रहा है। बस, इस मनको जगदाकारसे भगवदाकार
बननेभरकी देर है। फिर तो हम पुकार उठेंगे--स एवाधस्तात्स उपरिष्टात्स पश्चात्स पुरस्तात्स दक्षिणतः स
उत्तरतः स एवेदं सर्वमिति... अहमेवाधस्तादहमुपरिष्टादहं
पश्चादहं पुरस्तादहं दक्षिणतोऽहमुत्तरतोऽहमेवेदं सर्वमिति...
आत्मैवाधस्तादात्मोपरिष्टादात्मा पश्चादात्मा पुरस्तादात्मा दक्षिणत
आत्मोत्तरत आत्मैवेदं सर्वमिति।'वही (प्रभु) नीचे है, वही ऊपर है, वही पीछे है, वही आगे है,
वही दायीं ओर है, वही बायीं ओर है और वही यह सब है। मैं ही
नीचे हूँ, मैं ही ऊपर हूँ, मैं ही पीछे हूँ, मैं ही आगे हूँ, मैं ही दायीं
ओर हूँ, मैं ही बायीं ओर हूँ और मैं ही यह सब हूँ। आत्मा ही नीचे
है, आत्मा ही ऊपर है, आत्मा ही पीछे है, आत्मा ही आगे है, आत्मा
ही दायीं ओर है, आत्मा ही बायीं ओर है और आत्मा ही यह सब है।'

ENGLISH TRANSLATION

does not exist. Therefore, accepting this supreme truth, let us crush the tendency of fear forever. If at all fear must be entertained, let it be this: that we may never forget this supreme truth, that even for a moment, forsaking the one all-pervading Lord, we may not begin to see the world in any place. This single fear will become that which unites us ever more intimately with the Lord, and will make us fearless forever. The essence of it all is that it is our mind alone that manifests in the form of desires, volitions, and other emotions. Remaining vigilant on those respective occasions, let us keep guarding the mind, because our state depends solely upon the state of the mind. We are eternal parts of the Lord; we too are of the nature of Truth-Consciousness-Bliss, yet solely because of this mind we are wandering in this gross world, laboring under the delusion of being separated from the Lord. It is only a matter of this mind transforming from the form of the world into the form of the Divine. Then indeed we shall proclaim:[Sanskrit] "He alone is below, He is above, He is behind, He is in front, He is to the south (right), He is to the north (left), He alone is all this... I alone am below, I am above, I am behind, I am in front, I am to the south (right), I am to the north (left), I alone am all this... The Self (Atman) alone is below, the Self is above, the Self is behind, the Self is in front, the Self is to the south (right), the Self is to the north (left), the Self alone is all this."'He (the Lord) alone is below, He is above, He is behind, He is in front, He is on the right, He is on the left, and He alone is all this. I alone am below, I am above, I am behind, I am in front, I am on the right, I am on the left, and I alone am all this. The Self alone is below, the Self is above, the Self is behind, the Self is in front, the Self is on the right, the Self is on the left, and the Self alone is all this.'

ORIGINAL

[रिक्त पृष्ठ]

ENGLISH TRANSLATION

[Blank page in the source.]

CHAPTER 9

हमारा जगत्
Our World

Source coverage: 70–78

ORIGINAL

हमारा जगत्

जगत्को हम जिस रूपमें देखेंगे, जगत् हमारे लिये ठीक वैसा ही बन जायगा। यदि हम इसे सर्वथा प्रभुसे पूर्ण देखें, प्रत्येक रूपको प्रभुका रूप समझें--जो वास्तवमें सत्य तथ्य है--तो हमारे लिये प्रभुसे अतिरिक्त यहाँ अन्य कुछ भी नहीं है। पर कहीं यह हमारा शत्रु, यह मित्र, यह अपना, यह पराया, यह दुष्ट, यह साधु, यह ऊँचा, यह नीचा, यह अमीर, यह गरीब, यह सुन्दर, यह कुत्सित--इस प्रकार अगणित विभिन्न भावोंको स्वीकार कर हम जगत्को देखेंगे, तो फिर हमारा जैसा भाव होगा उसीके अनुरूप बनकर वह हमारे सामने आयेगा।

हम तनिक अन्तर्मुख होकर विचार करें तो दीखेगा कि हम जिन्हें शत्रु-मित्र आदि मानते हैं, उन सबमें आत्मारूपसे प्रभु तो एक ही हैं। आत्मामें, प्रभुमें कोई दोष नहीं, मलिनता नहीं, विकार नहीं। वहाँ तो सर्वथा विशुद्ध एकरस ज्ञान एवं आनन्द भरा है, फिर हम क्यों नहीं अपनी दृष्टि बाहरसे हटाकर आत्मामें, प्रभुमें केन्द्रित कर दें? यदि हम ऐसा कर सकें तो इसका निश्चित परिणाम यह होगा कि हमारी वह दृष्टि सबके अन्तरमें विराजित प्रभुको बाहर भी व्यक्त कर देगी। दूसरे शब्दोंमें कहनेपर यह कि फिर हमारे लिये शत्रु-मित्र, ऊँच-नीच आदि विभिन्न भावना मिटकर सदा सर्वत्र एकमात्र प्रभु एवं प्रभुकी लीला--बस, इतना ही बच रहेगा।

किंतु हमें अवकाश कहाँ, जो प्रभुकी ओर हम झाँकें। हम तो हाथ धोकर पड़े हैं भोगोंके पीछे। एक कामना उठती है, उसकी पूर्तिके लिये एड़ी-चोटीका पसीना एक कर देते हैं। उसकी पूर्ति होते-न-होते

ENGLISH TRANSLATION

Our World

In whatever form we view the world, the world will become precisely that for us. If we see it as completely filled with the Lord, understanding every form to be the Lord's form-which is indeed the true fact-then for us there is nothing else here apart from the Lord. But if, adopting countless diverse attitudes-such as this is our enemy, this a friend, this is our own, this a stranger, this is wicked, this a saint, this is high, this is low, this is rich, this is poor, this is beautiful, this is ugly-we view the world, then conforming to whatever our attitude may be, it will appear before us. If we turn inward for a moment and reflect, it will be seen that among all those whom we consider enemies, friends, and the like, the Lord alone is one as the Self. In the Self, in the Lord, there is no flaw, no impurity, no modification. There, entirely pure, uniform knowledge and bliss are filled; why then do we not turn our gaze away from the outside and center it upon the Self, upon the Lord? If we can do so, its certain consequence will be that our gaze will manifest externally too the Lord seated within the heart of all. Stated in other words: then for us, various notions such as enemy-friend, high-low, and so forth having dissolved, forever and everywhere only the one Lord and the Lord's divine play-just this much-will remain. Yet where do we have the leisure to look toward the Lord? We are relentlessly pursuing sense-enjoyments. A desire arises, and to fulfill it we exert ourselves to the utmost. No sooner is it fulfilled

ORIGINAL

दस-बीस नयी-नयी कामनाएँ खड़ी हो जाती हैं और हम उनके पीछे पागल हो उठते हैं। धर्म-अधर्म, न्याय-अन्यायके विचारको ताकपर रखकर उनकी पूर्तिके लिये सब कुछ करते रहते हैं। वे यदि पूर्ण होती हैं तो फिर लोभ बढ़ता है, अधिकाधिक मात्रामें उन्हें पानेके लिये हमारा मन लालायित हो जाता है। और कहीं उनकी पूर्तिमें बाधा आ गयी तो क्रोध उत्पन्न होता है। जिसके निमित्तसे बाधा आती है, उसके प्रति हमारे मनमें द्वेष भर जाता है और हम उसे अपनी राहका काँटा समझकर उखाड़ फेंकनेमें जुट पड़ते हैं। इन झंझट-झमेलोंमें ही हम रचे-पचे रहते हैं। यही करते-करते जीवनकी सन्ध्या आ जाती है तथा संस्कारोंके ढेरको और भी बोझिल बनाकर हम यहाँसे विदा हो जाते हैं। जीवनमें हमें बहुत ही कम समय मिलता है जब हम यह सोच सकें--जगत् क्या है, हम कौन हैं, कहाँसे आये हैं, किसलिये आये हैं, क्या करने आये हैं, हममें करनेकी शक्ति कहाँसे आ रही है, उस शक्तिसे हम कर क्या रहे हैं, प्रभुके प्रति भी हमारा कोई कर्तव्य है या नहीं, उनसे जुड़नेकी आवश्यकता भी हमें है या नहीं? इन प्रश्नोंकी ओर हमारा ध्यान ही नहीं जाता। जाता होता तो न्यूनाधिक मात्रामें हमें भी अवश्य दीखता कि यह जगत् प्रभुमय है--प्रभुका स्वरूप है, उन्हींके अभिनयका पसारा है। हम भी हैं उन चिदानन्दमय प्रभुके एक अंश, उन विश्वसूत्रधारके इस महान् अभिनयके एक पात्र, अनन्त अपरिसीम आनन्द-सागरमें ही उठी हुई एक तरङ्ग। हम आये हैं प्रभुमें रहकर प्रभुके साथ खेलने, उन्हींके साथ सदा रहकर उनकी सत्ता, शक्ति, स्फूर्ति और प्रेरणासे क्रियाशील होकर खेल-खेलकर उनका ही खेल उनको दिखाने, उनके सौंपे हुए अभिनयको पूर्ण करने। उन्हींकी शक्ति हमारी आँखोंमें स्फुरित होती है और हमारी आँख इन अगणित

ENGLISH TRANSLATION

than ten or twenty new desires stand up, and we go mad after them. Setting aside the consideration of virtue and vice, justice and injustice, we keep doing everything for their fulfillment. If they are fulfilled, then greed increases, and our mind becomes yearning to obtain them in greater and greater measure. And if somehow an obstacle arises in their fulfillment, anger is generated. Toward the one who becomes the cause of the obstacle, malice fills our mind, and regarding him as a thorn in our path, we set about tearing him out. In these very troubles and entanglements we remain engrossed. Doing just this, the evening of life arrives, and making the heap of latent impressions even heavier, we depart from here. In life we find very little time when we can reflect: What is the world, who are we, whence have we come, for what purpose have we come, what have we come to do, from where is the power of action coming within us, what are we doing with that power, do we have any duty toward the Lord or not, do we even need to connect with Him or not? Our attention does not go toward these questions at all. Had it gone, then to a greater or lesser degree it would certainly have appeared to us too that this world is permeated by the Lord-it is the very form of the Lord, the expanse of His own enactment. We too are an eternal part of that Lord who is embodiment of Consciousness-Bliss, a character in this great play of that cosmic Director, a wave arisen in the infinite, boundless ocean of bliss. We have come to play with the Lord while abiding in the Lord, to remain ever with Him and, being activated by His existence, power, vitality, and inspiration, to playfully show His own play to Him, to fulfill the role assigned by Him. His power alone radiates in our eyes, and our eyes behold these countless

ORIGINAL

८ सत्सङ्ग-सुधारूपोंको ग्रहण करनेमें समर्थ होती हैं, उनकी शक्ति पानेपर ही कान, त्वक्, रसना, नासा--ये इन्द्रियाँ क्रमशः अपने-अपने विषय शब्द, स्पर्श, रस, गन्धका अनुभव कर पाती हैं। उनकी शक्तिसे ही हमारे हाथ-पैर स्पन्दित होते हैं, क्रियाशील--गतिशील होते हैं। हमारा मन मनन करता है उनकी शक्तिसे। बुद्धि निश्चय करती है उनकी शक्तिसे। उनकी शक्तिसे ही शक्तिशाली बनकर हम यहाँ निरन्तर खेल रहे हैं। हमारा एकमात्र कर्तव्य ही है कि हम उन विश्वसूत्रधार प्रभुके द्वारा सौंपे हुए अभिनयको उन्हींकी शक्तिके बलपर ठीक-ठीक सुचारुरूपसे पूरा कर दें। साथ ही उनपर, उनके आदेशोंपर दृष्टि रखते हुए ही हम ऐसा करें, अपना एक-एक कर्तव्य पूरा करें। अपने स्वरूपपर तथा प्रभु एवं जगत्के स्वरूपपर विचार करनेका यदि हमें समय होता और हम सचमुच विचार करते तो उपर्युक्त अनुभूति हमें होती ही तथा अन्तमें किसी दिन यह अनुभव भी होकर ही रहता कि 'हम' भी कथनमात्रको हैं, वास्तवमें हैं केवल प्रभु और यह है सब कुछ उनकी लीला।जो हो, यदि हम अब भी चेत जायें तो काम बन जाय। प्रातःका भूला सायंकाल भी घर पहुँच जाय तो कोई बात नहीं। जीवनके दिन जो गये सो गये, शेषके एक-एक क्षणका हम सदुपयोग करें। “गयी सो गयी अब राख रहीको।” बड़ी तत्परतासे लगकर जगत्के इन अगणित असंख्य विभिन्न बदलते हुए भावोंमें सदा समानरूपसे रहनेवाली सत्ताको, एकरस विराजित सच्चिदानन्दघन प्रभुको हम ढूँढ़ निकालें, उन्हें ढूँढ़कर हम उनमें स्थित हो जायें। फिर जगत् हमारे लिये और ही बन जायगा। जिसे आज हम चोर-डाकू समझते हैं, जिससे सदा शङ्कित रहते हैं कि हमें लूट न ले, वह व्यक्ति फिर हमारे लिये चोर-डाकू नहीं रहेगा, प्रभु बन जायगा। जो आज हमारा विरोधी है,

ENGLISH TRANSLATION

are able to perceive forms; only upon receiving His power are the senses of ear, skin, tongue, and nose able to experience their respective objects--sound, touch, taste, and smell. It is solely through His power that our hands and feet move, becoming active and dynamic. Our mind contemplates through His power. The intellect resolves through His power. Becoming powerful solely through His power, we are ceaselessly playing here. Our sole duty is that, on the strength of His own power, we properly and flawlessly carry out the dramatic role assigned to us by that Lord, the cosmic director. Moreover, keeping our gaze fixed upon Him and upon His commands, let us act in this manner and fulfill each and every one of our duties. If only we had the time to reflect upon our own true nature, as well as the nature of the Lord and the universe, and had we truly reflected, the aforementioned realization would certainly have dawned upon us; and ultimately, one day, this realization would inevitably arise: that even "we" exist merely in name, and in reality there is only the Lord, and all this is nothing but His divine play. Be that as it may, if we awaken even now, our purpose can still be accomplished. If one who lost the way in the morning returns home by evening, nothing is lost. The days of life that are gone are gone; let us make the best use of every remaining moment. [Braj] "What is gone is gone; now protect what remains." Engaging ourselves with great earnestness, let us seek out that Reality which abides ever uniformly amid these countless, innumerable, diverse, and changing moods of the world--the Lord, the embodiment of dense Existence-Consciousness-Bliss, serenely present in unchanging harmony; and having found Him, let us become established in Him. Then the world will become entirely transformed for us. The person whom we consider a thief or robber today, of whom we are always apprehensive lest he rob us, will no longer remain a thief or robber to us, but will become the Lord Himself. The one who is our adversary today,

ORIGINAL

प्रतिद्वन्द्वी है, जिसे हम अपनी मान-मर्यादा छीननेवाला मानते हैं, वही हमारे लिये अपना-से-अपना बन जायगा। आज जिसे दुष्ट, पतित मानकर हम घृणा करते हैं, फिर उसे देखकर आदर उमड़ आयेगा। आज किसी धनाढ्य व्यक्तिको देखकर या तो हम ललचा उठते हैं, वैसे ही बननेकी वृत्ति हममें उदय हो जाती है अथवा उसके वैभवको देखकर हमारे हृदयमें आग लग जाती है और उसे गरीबोंका शत्रु पूँजीवादी कहकर मटिया-मेट कर देनेकी योजनामें लग जाते हैं। पर फिर ऐसा नहीं होगा। अपितु ऐसा प्रतीत होगा--प्रभु ही तो इस रूपमें हैं, यह सारा वैभव उन्हींका तो है, हमारा ही है। आज तो यह बात है कि हम मोटरमें बैठे होते हैं, एक कोढ़ी अपने गले हुए हाथोंको हमारे सामने कर अथवा फटे चिथड़ोंसे शरीर ढँके नरकङ्काल बना हुआ एक भिखारी हमें सलाम कर पैसे माँगता है, हम उसे एक-दो बार मना करते हैं। फिर भी जब वह नहीं मानता तो हम या तो उबल पड़ते हैं, और 'अजी, ये सब पेशावाले बदमाश हैं' कहकर घृणा-भर्त्सनासे उसे तर कर देते हैं, या जले-भुने मनसे ही पिण्ड छुड़ानेके लिये एक पैसा फेंक देते हैं। पर फिर ऐसा नहीं कर सकेंगे। वह कोढ़ी, वह भिखारी हमारे लिये वन्दनीय बन जायगा। हम उसे जो कुछ भी दे सकते हैं, देकर यथायोग्य उसकी सेवा कर अपनेको परम कृतार्थ अनुभव करेंगे, आँखें भर आयेंगी--'नाथ ! तुम्हारा यह स्वाँग कितना विचित्र है !' आज तो हमारी यह दशा है कि हम रेलके डिब्बेमें सफर करते होते हैं, किसी स्टेशनपर बेचारा भोला-भाला कोई ग्रामीण कहीं भी स्थान न पाकर गाड़ी छूटनेकी आशङ्कासे हमारे डिब्बेमें चढ़ना चाहता है, उस समय उसके साथ प्रेमका बर्ताव न कर उसे नीचे धक्का दे देनेमें, डिब्बेके दरवाजेपर पड़ी हुई उसकी गठरीको नीचे फेंक देनेमें हमें तनिक भी

ENGLISH TRANSLATION

our rival, whom we regard as one who strips away our honor and dignity, will become the dearest of the dear to us. The one whom we despise today, regarding him as wicked and fallen, will evoke an outpouring of reverence when seen hereafter. Today, upon seeing a wealthy person, we either become covetous, a desire arising within us to become like him, or our heart catches fire with envy at the sight of his opulence, and calling him a capitalist enemy of the poor, we engage in schemes to ruin him. But hereafter it will not be so. Rather, it will appear thus: the Lord Himself is present in this form, all this opulence belongs only to Him, and hence belongs to us as well. Today the situation is such that while sitting in a car, if a leper extends his decaying hands before us, or a beggar reduced to a living skeleton with his body covered in tattered rags salutes us asking for money, we refuse him once or twice. Even then, when he persists, we either flare up in anger and douse him with disgust and reproach, saying, "Oh, these people are all professional rogues!" or with an irritated heart toss a coin just to get rid of him. But hereafter we shall not be able to do such a thing. That leper, that beggar will become venerable to us. Whatever we can give him, giving that and serving him appropriately, we shall feel supremely blessed; our eyes will well with tears: "O Lord! How wondrous is this disguise of Yours!" Today our condition is such that when traveling in a railway carriage, if at some station a poor, innocent villager, finding no room anywhere and fearing that the train might leave, tries to board our compartment, at that moment, instead of treating him with love, we feel no shame at all in shoving him down and throwing down his bundle lying at the compartment door;

ORIGINAL

लज्जा नहीं आती, आँखें मटकाकर, हाथ नचाकर खरी-खोटी सुनाते हुए उसपर रोब गाँठकर फाटक बन्द कर लेनेमें हमें गौरवका अनुभव होता है। पर फिर ऐसा व्यवहार हमसे कदापि सम्भव नहीं होगा। फिर तो हमारे लिये बगलकी सीटपर सूट-बूटसे सज्जित गोरे-चिकने चमकते चेहरेवाले हमारे साथी मुसाफिरमें एवं मैले-कुचैले कपड़े पहने खुरदरे मुखवाले उस ग्रामीणमें कोई अन्तर न होगा। दोनोंमें एक ही प्रभु समानरूपसे अवस्थित हैं, यह अनुभूति हमें निरन्तर बनी रहेगी। दोनोंके ही दर्शन हममें समान प्रेम एवं उल्लासका सञ्चार करेंगे, दोनोंके प्रति हमारा विनयपूर्ण आदर्श व्यवहार होगा। आज एक ओर तो यह हाल है कि हम ठूँस-ठूँसकर खाते हैं, अधिक खा-खाकर बीमार पड़ते हैं, हमारे यहाँ पेटियों कपड़े भरे पड़े हैं, प्रातःकालके कपड़े अलग, आफिसके अलग, क्लब जानेके अलग, सोनेके अलग--घड़ी-घड़ी हम पोशाक बदलते रहते हैं। मतलब यह कि बिना हिचकके हम अन्न-वस्त्रका अपव्यय करते हैं तथा दूसरी ओर एक परिवार है, जहाँ किसीको भी पेटमें डालनेके लिये एक मुट्ठी दाना नहीं, अङ्ग ढँकनेको भी पर्याप्त वस्त्र नहीं--अन्न-वस्त्रके लाले पड़ रहे हैं तथा यह सब देख-सुनकर भी हम महलमें बैठे मौज उड़ाते हैं, किन्तु फिर हमसे यह हाल देखा नहीं जायगा। अपना सर्वस्व हम दुःखी अनाथके रूपमें विराजित प्रभुकी सेवामें अर्पण कर देंगे। आज हम जो युवक-युवती हैं, प्रेमी-प्रेमास्पद होनेका दम भरनेवाले हैं, वे सौन्दर्यकी अपनी-अपनी कल्पना कर उसके पीछे पागल हो जाते हैं--युवकके लिये उसकी सौन्दर्य-विषयक कल्पनापर खरी उतरनेवाली युवती, युवतीके लिये उसकी कल्पनाका सुन्दर युवक उन्मादकी वस्तु है। पर फिर हमारी यह दशा होगी कि रूप-यौवनसम्पन्न युवक-युवती तथा घूरेपर पड़ी, खाज

ENGLISH TRANSLATION

we roll our eyes, gesture with our hands, speak harsh words, and feeling a sense of pride in asserting our dominance over him, we shut the door. But hereafter such behavior will never be possible for us. Then, for us, there will be no difference between our fellow passenger on the adjacent seat, adorned in suit and boots with a fair, smooth, glowing face, and that villager dressed in soiled clothes with a rugged face. That the one Lord is equally seated within both will remain our continuous realization. The sight of both will infuse equal love and joy within us, and our conduct toward both will be humble and exemplary. Today, on the one hand, the state of affairs is such that we gorge ourselves, falling ill from overeating; our boxes are packed with clothes--different clothes for the morning, different for the office, different for going to the club, different for sleeping--every moment we keep changing our attire. That is to say, without hesitation we squander food and clothing; whereas on the other hand there is a family where no one has even a fistful of grain to put in their stomach, nor sufficient clothing to cover the body--they are desperately yearning for food and clothing; and seeing and hearing all this, we sit in our mansion enjoying worldly pleasures. But hereafter we shall not be able to bear the sight of such distress. We will dedicate our all to the service of the Lord residing in the form of the suffering and destitute. Today, those of us who are young men and women, boasting of being lovers and beloveds, form individual concepts of beauty and go mad after them--for a young man, a young woman who matches his ideal of beauty, and for a young woman, a handsome youth of her imagination, becomes an object of infatuation. But hereafter our state will be such that between a youth endowed with beauty and youthfulness, and a mangy,

ORIGINAL

खुजलाती हुई, उड़े हुए बालोंवाली कुतियामें, कुत्तेमें हमें एक प्रभुकी समान सत्ता व्यक्त दीखेगी, हमारा हृदय सुन्दर और वीभत्स दोनों ही रूपोंमें भगवान्‌को देखकर दोनोंको ही यथायोग्य प्यार देनेके लिये निरन्तर प्रस्तुत रहेगा। सौन्दर्यकी हमारी परिभाषा भी जो अब है, उससे सर्वथा दूसरी होगी। थोड़ेमें कहनेपर यह कि फिर हमारे लिये सम्पूर्ण जगत् एवं जगत्‌का व्यवहार ही पलट जायगा ! एक ही प्रभु हमें इन अनन्त विभिन्न रूपोंमें और व्यवहारोंमें अनुस्यूत दीखने लगेंगे। सर्वत्र हमारे लिये आनन्द, प्रेम एवं शान्तिका समुद्र लहराता रहेगा। अवश्य ही ऐसा होगा तब, जब हम एक बार यहाँकी इस असीम विषमतासे दृष्टि हटाकर इसकी ओटमें नित्य समभावसे विराजित प्रभुको ढूँढ़ लेंगे और उन्हें पाकर उन्हींमें अविचलरूपसे स्थित हो जायँगे।ऐसा हो जाना कोई अत्यन्त कठिन हो, सो बात भी नहीं, इसके लिये हमारी सच्ची इच्छा होनी चाहिये। फिर मन धीरे-धीरे बदलने लगेगा। यह सर्वथा सत्य है--काममय एवायं पुरुष इति स यथाकामो भवति तत्क्रतुर्भवति यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते यत्कर्म कुरुते तदभिसम्पद्यते ।(बृहदारण्यक ४ । ४ । ५)'यह पुरुष काममय है, जैसी कामनावाला होता है, वैसा निश्चय-वाला होता है, जैसा निश्चयवाला होता है, वैसा कर्म करता है, जैसा कर्म करता है, वैसे फलको प्राप्त होता है।'अतः सबसे पहले हमारा यह प्रयास होना चाहिये कि 'हमें सर्वत्र प्रभुका साक्षात्कार हो', हमारे चित्तमें यह इच्छा जाग्रत् हो। मौखिक इच्छा तो बहुतोंमें देखी जाती है, पर उससे काम नहीं होता। यह इच्छा ऐसी हो कि इसमें अन्य समस्त इच्छाएँ विलीन हो जायें। असलमें

ENGLISH TRANSLATION

scratching, hairless bitch or dog lying on a refuse heap, we shall see the one equal presence of the Lord manifested; our heart, perceiving God in both the beautiful and the hideous forms, will constantly remain prepared to give appropriate love to both. Our definition of beauty, too, will become entirely different from what it is now. In short, for us the entire world and the dealings of the world will become completely transformed! The one Lord will begin to appear interwoven through all these infinite, diverse forms and interactions. Everywhere, an ocean of bliss, love, and peace will surge for us. This will certainly happen when, turning our gaze away once from this boundless inequality here, we seek out the Lord Who eternally abides in perfect equanimity behind its veil, and having attained Him, become unswervingly established in Him. Nor is it the case that such a transformation is exceedingly difficult; for this, we must have a genuine desire. Then the mind will gradually begin to change. This is entirely true--[Sanskrit] "This person indeed consists of desires. As is his desire, such is his resolve; as is his resolve, such action he performs; and what action he performs, into that he attains."(Brihadaranyaka Upanishad 4.4.5)"This person is full of desire; according as his desire is, so is his resolve; according as his resolve is, so is the work he performs; according as the work he performs is, so is the fruit he attains." Therefore, first of all our endeavor should be that the desire--"May we perceive the Lord everywhere"--awaken within our consciousness. A verbal desire is seen in many, but that does not accomplish the purpose. This desire must be such that all other desires dissolve into it. In reality,

ORIGINAL

इच्छा उत्पन्न होनेमें तथा बढ़नेमें वातावरण ही प्रधान है। जिस वातावरणमें मनुष्य रहेगा, उससे प्रभावित होगा ही। इसलिये हम जिस क्षेत्रमें हों—वकील हों, डाक्टर हों, व्यवसायी हों, दलाल हों, एजेण्ट हों, क्लर्क हों, चपरासी हों, किसान हों, मजदूर हों—कुछ भी हों, उसी क्षेत्रमें प्रतिदिन कुछ समय (भले ही आध घण्टेके लिये ही क्यों न हो) हम ऐसे वातावरणमें अपनेको अवश्य ले जायँ, जहाँ प्रभुसम्बन्धी भाव हममें प्रवेश पा सकें। यह जगन्नियन्ताका अटल नियम है कि जो इस दिशामें बढ़ना चाहता है, उसे पथ दिखाने, आगे बढ़ानेकी व्यवस्था पहले-से-पहले वे कर रखते हैं। हम यदि किसी ऐसे व्यक्तिकी, जो हमें प्रभुके मार्गमें यत्किञ्चित् प्रकाश दे सके, खोजमें लगें तो अपने ही क्षेत्रमें कोई-न-कोई व्यक्ति हमें अपने-आप ही अवश्य मिल जायगा। तथा फिर हम उसका प्रतिदिन आदरपूर्वक सङ्ग करें। उसके सङ्गसे दो लाभ होंगे। एक तो हमारी प्रभुविषयक क्षीण इच्छा पुष्ट होने लगेगी तथा दूसरा यह कि प्रभुकी सर्वत्र सर्वकालीन सत्ताके प्रति हमारी बुद्धिमें निश्चय होने लगेगा। यह दृढ़ निश्चय होनेभरकी देर है, फिर तो अपने अन्दर ही नित्य विराजित प्रभुकी ओर हम बरबस खिंच जायेंगे। इसके बाद हमारी क्रियात्मक साधना आरम्भ होगी—हमारी चेष्टाओंका नियन्त्रण हम आरम्भ करेंगे। आज हमारी प्रत्येक चेष्टा, प्रत्येक कर्मका उद्देश्य भिन्न-भिन्न होता है। फिर हमारी चेष्टा, समस्त कर्म एक उद्देश्यमें विलीन होने लगेंगे, हमारे द्वारा सब कुछ प्रभुके उद्देश्यसे होने लगेगा। प्रभुको यथावत् जाननेकी, उनसे व्यवधानरहित होकर मिल जानेकी लालसा हमारे अन्दर उत्तरोत्तर बलवती होती जायगी। फिर हमारे और प्रभुके बीच जो 'अहम्' का आवरण है, वह फटने लगेगा। जैसे मेघ सूर्यसे ही उत्पन्न होता है, सूर्यसे ही प्रकाशित होता है, पर सूर्यके ही

ENGLISH TRANSLATION

Environment is paramount in the arising and growing of desire. Whatever environment a person lives in, he will inevitably be influenced by it. Therefore, in whatever field we may be-whether we are lawyers, doctors, businessmen, brokers, agents, clerks, peons, farmers, laborers, or anything else-in that very field, we must certainly take ourselves daily for some time (even if it is only for half an hour) into such an environment where sentiments regarding the Lord can gain entry into us. It is the immutable law of the Controller of the universe that for whoever wishes to advance in this direction, He makes arrangements beforehand to show the path and help them progress. If we set out in search of some such person who can give us a little light on the path of the Lord, then in our own field itself, someone or other will surely be found quite naturally. And then, we should daily keep company with him respectfully. From his company, two benefits will arise: first, our feeble desire concerning the Lord will begin to be nourished, and second, conviction regarding the Lord's omnipresent, all-time existence will begin to settle in our intellect. It is only a matter of this firm conviction arising; after that, we will inevitably be drawn toward the Lord who is eternally seated within us. After this, our practical spiritual practice will begin-we will begin the regulation of our strivings. Today, the objective of our every effort and every action is different. Thereafter, our strivings and all our actions will begin to merge into a single objective; everything done through us will begin to happen for the sake of the Lord. The yearning to know the Lord truly and to unite with Him without any obstruction will grow ever stronger within us. Then the veil of the "ego" that lies between us and the Lord will begin to tear apart. Just as a cloud is produced by the sun alone and is illuminated by the sun alone, yet for the eyes of the sun's very

ORIGINAL

अंशभूत हमारे नेत्रोंके लिये आवरण बन जाता है, उसके (मेघके) बीचमें आ जानेपर हमारे नेत्र अपने अंशी सूर्यको देख नहीं पाते, वैसे ही यह 'अहम्' सचमुच है तो प्रभुका ही एक गुणमात्र—परिणाममात्र। उनकी सत्तासे ही यह प्रकाशित भी है। फिर भी प्रभुके ही अंशभूत आत्माके लिये—हमारे लिये यह बन्धन बन गया है, आवरण बन गया है। 'अहम्' बीचमें आ जानेके कारण ही हम प्रभुको देख नहीं पा रहे हैं, उनसे हमारा अबाध मिलन नहीं हो पा रहा है। उनसे नित्य मिले रहनेपर भी हम अलग-से हो रहे हैं, किन्तु जैसे सूर्यसे उत्पन्न बादलके फट जानेपर नेत्रोंको अपने ही स्वरूपभूत सूर्यके दर्शन होने लगते हैं, वैसे ही जहाँ प्रभुको जाननेकी, उनसे मिलनेकी उत्कट लालसा हुई कि आत्माका—हमारा यह उपाधिभूत अहङ्कार नष्ट होने लगेगा। इसके नष्ट होते ही हमें प्रभुका साक्षात्कार हो जायगा, हम कृतार्थ हो जायेंगे—

यथा घनोऽर्कप्रभवोऽर्कदर्शितो
ह्यर्कंशभूतस्य च चक्षुषस्तमः ।
एवं त्वहं ब्रह्मगुणस्तदीक्षितो
ब्रह्मांशकस्यात्मन आत्मबन्धनः ॥
घनो यदार्कप्रभवो विदीर्यते
चक्षुः स्वरूपं रविमीक्षते तदा ।
यदा ह्यहङ्कार उपाधिरात्मनो
जिज्ञासया नश्यति तर्ह्यनुस्मरेत् ॥
(श्रीमद्भा० १२ । ४ । ३२-३३)

जीवनका टिमटिमाता दीप बुझने लगे, उससे पूर्व ही इस दिशामें हमारा पूर्ण प्रयत्न होना चाहिये। अन्यथा हमारे जीवनमें अर्जित संस्कार

ENGLISH TRANSLATION

constituent parts-our eyes-it becomes a veil, and upon its coming between them, our eyes are unable to see their source, the sun; in the very same way, this "ego," though truly merely an attribute-a mere modification-of the Lord, and illuminated by His existence alone, has nonetheless become a bondage, a veil, for the soul-for us-who are the Lord's very part. Only because the "ego" has come between them, we are unable to see the Lord, and our unobstructed union with Him cannot take place. Even while being eternally united with Him, we remain as if separate; but just as upon the dispersal of the cloud born of the sun, the eyes begin to behold their very source, the sun, so too, as soon as an intense yearning to know the Lord and to meet Him arises, this ego that serves as an adjunct to the soul-to us-will begin to be destroyed. As soon as it is destroyed, we will attain direct perception of the Lord, and our purpose will be fulfilled:[Sanskrit] "Just as a cloud, which is produced by the sun and made visible by the sun, becomes an obscuration of darkness for the eye, which is a fractional part of the sun; even so the ego, though an attribute of Brahman and illuminated by Brahman, becomes the soul's bondage for the soul that is a fractional part of Brahman. When the cloud born of the sun is dispersed, then the eye beholds the sun in its true form; when the ego, the limiting adjunct of the soul, is destroyed through spiritual inquiry, then the soul realizes its true nature." (Srimad Bhagavata 12.4.32-33)Before the flickering lamp of life begins to go out, our full effort should be made in this direction. Otherwise, the impressions acquired in our life

ORIGINAL

यहीं समाप्त हो जायें यह बात तो है नहीं। ये तो आगे भी साथ चलेंगे।
हमारा जो निश्चय यहाँ है, हम जगत्‌को अभी जिस रूपमें देख रहे हैं,
उसीके अनुरूप मृत्युके बाद भी देखेंगे। अनेकों अशुभ कल्पनाओंसे
जैसे हम यहाँ जलते रहते हैं, वैसे ही आगे भी जलते रहेंगे। अतः
बुद्धिमानी इसीमें है कि अभीसे हम जगत्-सम्बन्धी अपने निश्चयको
बदल लें, विषमताको हटाकर परम शुभ निश्चयको ही अपने अन्दर
स्थान दें, इस अमर वैदिक सन्देशका हम आदर करें—यथाक्रतुरस्मिल्लोके पुरुषो भवति तथेतः प्रेत्य भवति स क्रतुं कुर्वीत ।
(छान्दोग्य० ३ । १४ । १)‘इस लोकमें पुरुष जैसा निश्चयवाला होता है, वैसा ही यहाँसे
मरकर होता है, इसलिये वह क्रतु यानी पक्का निश्चय करे।’परम शुभ निश्चय क्या है, कैसे करें, इस सम्बन्धमें भी हमें वहीं
यह सङ्केत मिल जाता है—सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत ।
(छान्दोग्य० ३ । १४ । १)‘यह सब पसारा निस्सन्देह प्रभु ही हैं। प्रभुसे ही जगत् उत्पन्न
होता है, उन्हींमें विलीन होता है, उन्हींमें चेष्टा करता है। इस प्रकार
निश्चय करके मनुष्य शान्तभावसे उपासना करे।’

ENGLISH TRANSLATION

will certainly not end here. They will accompany us further as well. Whatever conviction we have here, in whatever form we are viewing the world now, accordingly shall we view it even after death. Just as we continually burn here due to numerous inauspicious imaginations, so too shall we continue to burn hereafter. Therefore, wisdom lies only in this: that from this very moment, we alter our conviction regarding the world, remove discordance, give place within ourselves only to the supreme auspicious conviction, and honor this immortal Vedic message:[Sanskrit] "As a person's resolve is in this world, so does he become upon departing from here; therefore, let him cultivate a firm resolve." (Chandogya Upanishad 3.14.1)"According to whatever conviction a person possesses in this world, such does he become upon departing from here after death; therefore, he should make a 'kratu', that is, a firm conviction." What is the supreme auspicious conviction, and how should one form it? In this regard as well, we find this guidance right there:[Sanskrit] "All this is verily Brahman; originating from Him, dissolving into Him, and breathing in Him-thus should one meditate with a tranquil mind." (Chandogya Upanishad 3.14.1)"All this expanse is undoubtedly the Lord alone. From the Lord alone the universe is born, in Him it dissolves, and in Him it acts. Having resolved thus, a person should worship with a tranquil mind."

CHAPTER 10

श्रद्धाका बीज बोयें
Sow the Seed of Faith

Source coverage: 79–89

ORIGINAL

श्रद्धाका बीज बोयें

यदि हम मटरका एक बीज धरतीमें बो देते हैं तो उस एक बीजसे ही मटरका पौधा उत्पन्न हो जाता है, उस पौधेमें सैकड़ों फलियाँ लगती हैं, फिर उन फलियोंसे हजारों मटरके बीज बन जाते हैं। इसी प्रकार हमारी एक छोटी-सी शुभ या अशुभ क्रिया, शुभ या अशुभ संस्कार हजारों शुभ या अशुभके बीज तैयार कर देते हैं। इसके साथ ही जैसे उस मटरके एक बीजको यदि हम काममें न लें, यों ही पड़ा रहने दें, बहुत दिनोंतक जलसे उसका संयोग न होने दें तो धीरे-धीरे उसके अङ्कुरित होनेकी शक्ति नष्ट हो जाती है, वैसे ही हमारे शुभ या अशुभ संस्कारोंको यदि हम क्रियात्मक रूप नहीं दें तो वे भी शनैः-शनैः क्षीण-क्षीणतर होते हुए विनष्ट होने लगते हैं, यह नियम है। इस नियमको ध्यानमें रखकर ही हम अपनी दिनचर्या बनावें, जीवनकी गति-विधिका निर्णय करें।
हम चाहते क्या हैं? अपने लिये सदा शुभ चाहते हैं। कोई भी मनुष्य अपना तनिक-सा भी अशुभ नहीं चाहता! इस परिस्थितिमें हमें करना यह होगा कि हम सदा शुभके ही बीज डालें। हमारे मनमें, क्रियामें सदा शुभ ही भरा रहे, भूलकर भी एक भी अशुभ-भावना या क्रियाको हमारे जीवनमें स्थान न मिले। साथ ही हमारा यह प्रयत्न भी हो कि हमारे जितने शुभ संस्कार हों, वे यथासम्भव अधिकाधिक क्रियामें परिणत होते रहें तथा इससे विपरीत एक भी अशुभ संस्कारको कभी व्यक्त होनेका अवसर न दिया जाय। तब काम होगा।
आज हमारी सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि हम आस्तिक बनें, प्रभुकी सत्तामें हमारा विश्वास हो और यह विश्वास निरन्तर बढ़ता ही रहे, क्योंकि इसी विश्वासकी भित्तिपर ही समस्त शुभकी अट्टालिका खड़ी रहती है। कहनेको तो हममेंसे बहुत लोग अपनेको आस्तिक मानते हैं, पर वह आस्तिकता अपनेको ही धोखा देनेकी-सी वस्तु है। जबतक हमारा मन अत्यन्त मलिन वासनाओंसे भरा है, भाँति-भाँतिकी कामनाओंसे व्याकुल रहता है, क्षुद्र-से-क्षुद्र घटना हमारे अन्दर क्रोधका सञ्चार कर देती है, कितना भी क्यों न मिले कभी सन्तोष होता

ENGLISH TRANSLATION

Sow the Seed of Faith

If we sow a single pea seed in the earth, then from that single seed alone a pea plant arises, hundreds of pods grow on that plant, and then from those pods thousands of pea seeds are produced. In the same way, a single small auspicious or inauspicious action of ours, an auspicious or inauspicious latent impression, prepares thousands of seeds of good or evil. Along with this, just as if we do not use that single pea seed, leave it lying around neglected, and do not let it come into contact with water for many days, its power to sprout gradually perishes; likewise, if we do not give practical expression to our auspicious or inauspicious latent impressions, they too, gradually growing weaker and weaker, begin to be destroyed-this is the rule. Keeping this rule in mind, we should formulate our daily routine and decide the course of our life's activities.

What do we desire? We always desire good for ourselves. No person ever desires even the slightest misfortune for himself! Under these circumstances, what we must do is always sow the seeds of the auspicious alone. Let our mind and action always be filled only with the auspicious; even by mistake, not a single inauspicious feeling or action should find a place in our life. At the same time, our effort should also be that as far as possible, as many of our auspicious impressions as exist may continually be transformed into action, and conversely, not a single inauspicious impression should ever be given the opportunity to manifest. Then alone will the purpose be achieved.

Today our greatest need is that we become believers in God, have faith in the existence of the Lord, and let this faith continually increase; because upon the foundation of this faith alone stands the mansion of all auspiciousness. For the sake of saying, many of us consider ourselves believers, but that kind of theism is something akin to deceiving oneself. As long as our mind is filled with extremely impure desires, remains agitated by diverse cravings, the pettiest of incidents infuses anger within us, and no matter how much we obtain, contentment is never

ORIGINAL

ही नहीं, और भी पानेका लोभ बना ही रहता है; बात-बातमें हम ऐंठते रहते हैं, अकड़के मारे अपने समान दूसरेको गिनते ही नहीं; ज्ञान, विद्या, बुद्धि, धन, जन, बल, प्रभुत्वके मदमें चूर रहते हैं, मोहके अँधेरेमें ही भटकते रहते हैं, क्या है, क्या नहीं, किसे ग्रहण करना है, किसे ग्रहण नहीं करना है—यह कुछ भी नहीं सूझता; किसीकी थोड़ी भी उन्नति देखनी दूर, सुनकर भी हम जल उठते हैं, परोत्कर्ष तनिक भी सहन नहीं होता, दूसरा कितना भी अच्छा क्यों न हो, उसकी आलोचना किये बिना मन नहीं मानता, उसमें कोई-न-कोई दोष हमें दीख ही जाता है। जबतक हमारी यह दशा है तबतक हम आस्तिक केवल कहनेभरको ही हैं। ऐसी आस्तिकता हमारी ओर आते हुए अशुभके प्रवाहको कदापि नहीं रोक सकती। हमें तो सच्चा आस्तिक बनना पड़ेगा, सच्ची आस्तिकताका बीज बोना पड़ेगा। यह बीज ही फूलेगा-फलेगा, फल-फूलकर हमारे लिये सर्वत्र सब ओर शुभके ढेर एकत्र कर देगा। तभी हम अशुभसे सदाके लिये त्राण पा सकेंगे।
आस्तिकताके बीज बोनेका अर्थ यह है कि हममें जो भी असली-नकली, थोड़ा-बहुत प्रभुका विश्वास है, उसका हम क्रियात्मक प्रयोग करें। यदि हम किसी भी अंशमें आस्तिक हैं तो कम-से-कम चार बातोंपर तो हमें यत्किञ्चित् सैद्धान्तिक विश्वास होना ही चाहिये—
१—प्रभु सर्वत्र हैं। ऐसा कोई स्थान नहीं जहाँ वे न हों।
महान्-से-महान् एवं क्षुद्र-से-क्षुद्रमें वे नित्य स्थित हैं। आकाशमें, वायुमें, अग्निमें, जलमें, पृथ्वीमें, पृथ्वीसे बने पहाड़-पत्थर-ईंटमें, वृक्ष-लता-पौधोंमें,
दीखनेवाली कुरसीमें, टेबिल-पलङ्ग-किवाड़, खूँटी-कल-पुर्जा-धोती-कुरते-कमीज-कोट-पतलून-कालर-घड़ी-कलम-दावात-कागजमें—
इन समस्त भौतिक विकारोंमें—हमारे सम्पर्कमें आनेवाली इन समस्त वस्तुओंके अणु-अणुमें वे पूर्ण हो रहे हैं। सूक्ष्मभूतमें वे समाये हुये हैं, महत्तत्वमें, सत्त्व-रज-तम—तीनों गुणोंमें और गुणोंकी

ENGLISH TRANSLATION

not only that, the greed to obtain even more constantly persists; at every single matter we remain conceited, and out of arrogance we do not consider anyone equal to ourselves; we remain intoxicated with the pride of knowledge, learning, intellect, wealth, followers, strength, and dominance; we constantly wander in the darkness of delusion, unable to discern what is real and what is not, what is to be accepted, and what is not to be accepted-nothing of this is understood; far from seeing someone's slight progress, we burn with envy merely upon hearing of it; the elevation of others is not tolerated in the least; no matter how good another person may be, the mind does not rest without criticizing them, and we invariably spot some flaw or other in them. As long as this state of ours continues, we are theists in name only. Such theism can never halt the incoming tide of inauspiciousness directed toward us. We must become true theists; we must sow the seed of true theism. This very seed will blossom and bear fruit, and having flourished and borne fruit, it will amass heaps of auspiciousness for us everywhere on all sides. Only then shall we attain deliverance from inauspiciousness forever.

Sowing the seed of theism means putting whatever genuine or superficial, slight or considerable faith in the Lord we possess into practical application. If we are believers to any degree at all, we must hold at least some theoretical conviction in four essential truths:The Lord is everywhere. There is no place where He is not present. He is eternally situated within the greatest of the great and the minutest of the minute. In space, in air, in fire, in water, in earth; in the mountains, stones, and bricks formed of earth; in trees, creepers, and plants; in the visible chairs, tables, beds, doors, pegs, machinery and spare parts, dhotis, kurtas, shirts, coats, trousers, collars, watches, pens, inkpots, and paper-within all these material transformations, in every single atom of all these objects that come into our contact, He is fully present. He is pervading the subtle elements, the Mahat-tattva, the three gunas of Sattva, Rajas, and Tamas, and the

ORIGINAL

साम्यावस्था—प्रकृतिमें वे परिपूर्ण हो रहे हैं—

चरावरेषु भूतेषु ब्रह्मान्तस्थावरादिषु ।
भौतिकेषु विकारेषु भूतेष्वथ महत्सु च ॥
गुणेषु गुणसाम्ये च गुणव्यतिकरे तथा ।
एक एव परो ह्यात्मा भगवानीश्वरोऽव्ययः ॥

(श्रीमद्भा० ७ । ६ । २०-२१)

जो कुछ भी जगत् है, उसके अणु-अणुमें वे व्याप्त हैं—

ईशा वास्यमिदँ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।

(ईशा० १)

दूरकी वस्तु छोड़ें, विशाल जगत्, जगत्के तत्त्वोंको भी जाने दें, हम सदा जिससे जुड़े रहते हैं, क्षणभरके लिये भी जिसे नहीं भूल पाते, भूलना नहीं चाहते, जो हमारे लिये अतिशय प्यारकी वस्तु बना हुआ है, उस हमारे शरीरमें भी 'स एष इह प्रविष्टः ।' 'आनखाग्रेभ्यः' * नखसे शिखापर्यन्त वे पूर्ण हो रहे हैं।

२—वे सर्वसमर्थ हैं। जगत्में जो बात सर्वथा सबके लिये असम्भव मानी जाती है, उसे वे एक क्षणके लाख-करोड़वें हिस्से-जितने समयमें सम्पादित कर सकते हैं। उनकी शक्तिकी कोई सीमा ही नहीं है। 'नास्येशे कश्चन' + उनके शासनका कोई भी उल्लङ्घन नहीं कर सकता। 'तमीश्वराणां परमं महेश्वरं तं देवतानां परमं च दैवतम्' § वे ईश्वरोंके भी परम महान् ईश्वर हैं, स्थूल एवं सूक्ष्म जगत्के जितने शासक हैं, उन सबके शासक वे हैं। उनकी शक्ति-सामर्थ्य विचित्र है।

सर्वथा विरोधी गुण उनमें एक साथ एक समय वर्तमान रहते हैं।

'तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके' ॥ एक साथ एक समयमें वे चलतेबृहदारण्यक० १ । ४ । ७कठ० २ । २ । १२

§ श्वेताश्वतर० ६ । ७

॥ ईशा० ५

ENGLISH TRANSLATION

state of equilibrium of the gunas-Prakriti, He is completely full:
[Sanskrit] "Among all moving and unmoving beings, from Brahma down to immovable entities, in material modifications, in the physical elements as well as in the cosmic intellect (Mahat-tattva), in the gunas, in the equilibrium of the gunas, as well as in their disruption-the Supreme Self alone is the one imperishable Lord, the Supreme Controller." (Srimad-Bhagavata 7.6.20-21)
Whatever constitutes this world, He pervades every single atom of it:
[Sanskrit] "All this, whatsoever moves in this moving world, is enveloped by the Lord." (Isha Upanishad 1)
Setting aside distant things, leaving aside the vast universe and the cosmic elements, even within this body of ours-to which we are constantly attached, which we cannot forget even for a moment, which we do not wish to forget, and which has become an object of extreme love for us-[Sanskrit] "He has entered into this body," [Sanskrit] "up to the tips of the nails," meaning He is fully permeating it from toe to crown. He is omnipotent. That which is regarded in the world as utterly impossible for anyone, He can accomplish in an interval equal to the hundred-thousandth or ten-millionth fraction of a moment. There is no limit whatsoever to His power. [Sanskrit] "No one rules over Him;" no one can transgress His command. [Sanskrit] "He is the supreme Great Lord among lords, and the supreme Divinity among deities;" He is the supreme Sovereign even of rulers; whatever rulers exist in the gross and subtle worlds, He is the Master over all of them. His power and potency are marvelous. Entirely contradictory attributes exist within Him simultaneously at the same time. [Sanskrit] "That moves, and That moves not; That is far, and That is near;" simultaneously at the same time He walks

ORIGINAL

भी हैं और नहीं भी चलते; वे दूर भी हैं और समीपमें भी हैं। 'आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतः' * वे बैठे हुए ही दूर चले जाते हैं, सोते हुए भी सर्वत्र पहुँच जाते हैं। 'अनेजदेकं मनसो जवीयः' + वे चलनरहित हैं, फिर भी मनसे अधिक वेगवाले हैं। 'तद्धावतोऽन्या-नत्येति तिष्ठत्' ‡ वे बैठे रहकर ही दूसरे दौड़नेवालोंसे आगे निकल जाते हैं। ऐसे वे असंख्य विचित्र शक्तियोंसे सम्पन्न हैं।

३—वे सर्वज्ञ हैं। 'यः सर्वज्ञः सर्ववित्' § विश्वके गुप्त-से-गुप्त, सूक्ष्म-से-सूक्ष्म कोनेतकमें अनादिकालसे अबतक क्या-क्या हो चुका है, अब क्या हो रहा है एवं अनन्त कालतक क्या होगा—यह सब कुछ वे निरन्तर जानते रहते हैं। 'अयमात्मा ब्रह्म सर्वानुभूः' ॥ वे प्रभु सबका अनुभव करनेवाले हैं।

४—ऐसे महामहिम होते हुए भी वे हमारे सुहृद् हैं। केवल हमारे ही नहीं, 'सुहृदं सर्वभूतानाम्' ¶ समस्त भूतप्राणियोंके सुहृद् हैं।

उपर्युक्त चार बातोंपर हमारा जितना, जैसा विश्वास हो उसका हम अपने जीवनकी दैनिक क्रियाओंमें समावेश करना आरम्भ करें। प्रभुकी सर्वव्यापकता, सर्वशक्तिमत्ता, सर्वज्ञता एवं सौहार्दपर हमारा जो भी टूटा-फूटा विश्वास हो, उसे हम अपनी क्रियाओंके साथ इस रूपमें जोड़ने लग जायें—

यह नियम कर लें कि चौबीस घण्टेमें दस-बीस-पचास-सौ बार, जितनी बार एवं जितनी देरके लिये बिलकुल आसानीसे करना सम्भव हो, उतनी बार उतनी देरके लिये ही हम दृढ़तासे यह भावना करें कि

कठ० १ । २ । २१
ईश० ४
‡ ईश० ४
§ मुण्डक० १ । १ । ९
॥ बृहदारण्यक० २ । ५ । १९
¶ गीता ५ । २९

ENGLISH TRANSLATION

and does not walk; He is far away and He is also near at hand. [Sanskrit] "Sitting, He travels far; lying down, He goes everywhere;" while seated He travels far, and even while resting He reaches everywhere. [Sanskrit] "Unmoving, the One is swifter than the mind;" He is motionless, yet faster than the mind. [Sanskrit] "Standing still, It overtakes others who run;" remaining stationary, He outstrips all others who run. Thus is He endowed with countless wondrous powers. He is omniscient. [Sanskrit] "He who is all-knowing and all-perceiving;" in the most secret and subtlest corners of the universe, whatever has transpired from time immemorial until now, whatever is happening presently, and whatever shall happen for infinite time to come-all of this He knows unceasingly. [Sanskrit] "This Self is Brahman, the experiencer of all;" that Lord is the perceiver of everything. Being possessed of such immense majesty, He is nonetheless our loving friend. Not ours alone: [Sanskrit] "The benefactor and friend of all living beings;" He is the loving friend of all created entities.

Whatever degree and nature of faith we have in the above four truths, let us begin incorporating it into our daily activities of life. Whatever fragile faith we hold in the Lord's omnipresence, omnipotence, omniscience, and benevolence, let us begin joining it with our actions in this manner:

Let us resolve that within twenty-four hours, ten, twenty, fifty, or a hundred times-as many times and for as long a duration as is easily possible-for that many times and for that exact duration, let us firmly cultivate the contemplation that

ORIGINAL

‘प्रभु सर्वत्र हैं।’ और इस भावनाके समय हम जिस-किसी भी व्यक्तिसे जो भी यथायोग्य व्यवहार करें, उसमें ठीक-ठीक उतना ही सम्मान, प्रेम, अपनत्व, त्याग आदिका सच्चा भाव भरा हो, जितना स्वयं प्रभुके समक्ष होनेपर होता। इस भावनाके समय हम जिस-किसी वस्तुको देखें, सुनें, चखें, स्पर्श करें, उसकी गन्ध लें, वहाँ उस वस्तुमें प्रभुकी सत्ताकी इतनी जीवन्त धारणा हो कि उस वस्तुका यथायोग्य उपयोग करते समय हमें उतने ही आनन्दकी अनुभूति होने लगे, जितना साक्षात् प्रभुके सम्पर्कमें आनेपर होनी सम्भव है। एक उदाहरणके द्वारा इसे इस प्रकार समझें। मान लें, हमने यह नियम ले लिया कि प्रतिदिन कम-से-कम बीस बार तीस-तीस सेकण्डके लिये यह भावना करेंगे कि ‘प्रभु सर्वत्र हैं’, हम ऐसी भावना करने लगे। एक बार भावना करते समय ही हमारा एक नौकर या आफिसका चपरासी गिलासमें जल लेकर हमें जल पिलाने आ गया। अब उस समय हमें ठीक-ठीक यह अनुभव करनेका प्रयास करना चाहिये कि प्रभु जब सर्वत्र हैं, तब इस नौकरमें भी अवश्य-अवश्य हैं ही, अतः नौकर या चपरासीके वेषमें वे ही पधारे हैं। उसके प्रति हमारे मनमें ठीक वैसे ही सम्मान, प्रेम, अपनत्व आदि जाग उठें, जैसे प्रभुको देखकर होते। वे हमारी अपेक्षा किञ्चित् छोटे पदका स्वाँग लेकर आये हैं, इसलिये हम अपने आसनसे उठें तो नहीं, पर हमारा अन्तस्तल तो उनके चरणोंमें लुट जाना चाहिये। हाथमें गिलास लेते समय हमारा रोम-रोम आनन्दसे नाच उठे। इतना ही नहीं, उस गिलासके अणु-अणुमें भी हमें प्रभुकी सत्ताका भान होना चाहिये, गिलासके जलमें भी प्रभुकी ही सत्ता हमें व्यक्त दीखे तथा यह दर्शन हमारे रोम-रोमको आनन्दित कर दे। यदि ऐसी जीवन्त धारणा दिन-रातमें हमने एक बार ही, तीस सेकण्डके लिये ही कर ली तो समझ लें, हमने श्रद्धाका एक बीज तो बो दिया। यह एक बीज ही, अल्पकालके लिये की हुई श्रद्धाकी यह भावना ही, इसमें जितनी जीवनी शक्ति है—इस श्रद्धामें जितनी प्रगाढ़ता है—उसीके अनुपातसे

ENGLISH TRANSLATION

'The Lord is everywhere.' And during this contemplation, whatever appropriate behavior we extend toward any person whatsoever, it should be imbued with precisely the same true feeling of respect, love, kinship, and selflessness as would be present before the Lord Himself. During this contemplation, whatever object we see, hear, taste, touch, or smell, let there be such a living conception of the Lord's presence in that object that while using it appropriately, we begin to experience the very same bliss as would be possible upon coming into direct contact with the Lord Himself. Let us understand this through an example in this manner. Suppose we have adopted the rule that every day we will contemplate at least twenty times, for thirty seconds each, that 'The Lord is everywhere,' and we begin practicing this contemplation. Once, right during the time of contemplation, our servant or office peon comes carrying water in a glass to serve us a drink. Now at that moment, we must strive to experience precisely this: since the Lord is everywhere, He is unquestionably present in this servant as well, and therefore it is He Himself who has arrived in the guise of the servant or peon. Toward him, there should awaken in our hearts the exact same respect, love, and sense of kinship as would arise upon seeing the Lord. He has come assuming the role of an apparently lower status than ours, so we may not stand up from our seat, but our inner being must completely surrender at His feet. While taking the glass in hand, every pore of our being should dance with joy. Not only that, we should perceive the Lord's presence in every atom of that glass as well; in the water of the glass too, the Lord's presence alone should appear manifest to us, and this vision should fill every fiber of our being with delight. If we hold such a living realization even once in a day and night, even for thirty seconds, then know that we have indeed sown one seed of faith. This single seed alone, this contemplation of faith practiced for even a brief span, in proportion to whatever life-force it holds-whatever depth there is in this faith-

ORIGINAL

सत्सङ्ग-सुधा

हमारे लिये कई बीज प्रस्तुत कर देगी, अन्य कई स्थलोंमें ऐसी श्रद्धा उत्पन्न कर देनेमें हेतु बन जायगी। ऐसी श्रद्धा, ऐसी भावना उत्पन्न कर देगी। जितनी बार हम यह बीज बोते जायेंगे, उतनी बार उससे कई गुने अधिक बीज हमें प्राप्त होते जायँगे, हमारी श्रद्धा उत्तरोत्तर बढ़ती जायगी। इसी प्रकार प्रभुके सर्वसमर्थतासम्बन्धी विश्वासको भी हम क्रियामें उतारें। यह इस रूपमें कि प्रत्येक कार्य करनेसे पूर्व हम भले ही—क्षणभरके लिये क्यों न हो—प्रभुसे प्रार्थना कर लें, प्रभुसे शक्तिकी याचना कर लें। यह ध्रुव सत्य है कि शक्तिके केन्द्र तो प्रभु ही हैं। आज भी हमारे द्वारा जो काम होता है, वह होता है प्रभुकी शक्ति-सामर्थ्यसे ही। पर हमारा अभिमान इस सत्यको हमारे सामने व्यक्त नहीं होने देता, साथ ही अभिमानके कारण ही प्रभुकी शक्तिको पूर्णरूपसे सञ्चारित होनेका मार्ग भी नहीं मिलता। अतः यदि हम प्रत्येक कार्यके आरम्भमें प्रभुकी प्रार्थना कर लें, उनकी शक्ति-सामर्थ्यका आवाहन कर लें तो फिर जो कार्य वर्षोंके अथक परिश्रमसे न हुआ हो, होता न दीखता हो, वही देखते-देखते पूर्ण हो जायगा। यदि हम इस अभ्यासको अपना लें तो पद-पदपर प्रभुकी सर्वसमर्थताका परिचय हमें मिलने लगेगा। यह नितान्त सत्य है कि कोई भी किसी कार्यमें यदि प्रभुकी प्रार्थना करके लगता है—अवश्य ही वह कार्य शुभमूलक हो, जगत्के किसी भी प्राणीके अहितकी भावनासे प्रेरित न हो—तो उसमें उसकी आश्चर्यजनक प्रगति होगी। अस्तु, हम भी इस पद्धतिको स्वीकार करें। जितनी बार प्रार्थना करेंगे, उतनी बार प्रभुकी अमित शक्तिका कुछ-न-कुछ परिचय हमें मिलेगा ही, हमारी श्रद्धा पुष्ट होगी ही, इसके बीज बढ़ेंगे ही। हाँ, इस सम्बन्धमें इतनी-सी बात और भी ध्यानमें रखनेकी आवश्यकता है कि जहाँ अश्रद्धाके बड़े-बड़े पुष्ट पेड़ लगे होते हैं, वहाँ क्षणभरकी की हुई प्रार्थनासे उत्पन्न हुई श्रद्धाकी लता, उसके फल एवं फलोंमें समाये हुए श्रद्धाके अनेक बीज एक बार सरसरी दृष्टिसे देखनेपर कभी-कभी नहीं भी दीखते। अतः धैर्यपूर्वक उन्हें ढूँढ़ना चाहिये। ढूँढ़नेपर वे

ENGLISH TRANSLATION

Nectar of Satsanga

will prepare many seeds for us and will become the cause of generating such faith in many other spheres. It will generate such faith, such a feeling. As many times as we continue to sow this seed, that many times we will continue to receive seeds multiplied manifold from it, and our faith will go on increasing progressively. In this very manner, let us also translate into practice our faith concerning the Lord's omnipotence. This is in the form that before performing every action, even if it be only for a fleeting moment, let us pray to the Lord, let us implore the Lord for strength. This is an absolute truth that the sole center of power is indeed the Lord. Even today, whatever work is accomplished by us happens solely through the Lord's power and capability. But our pride does not allow this truth to be revealed before us; moreover, on account of pride alone, the pathway for the Lord's power to be fully transmitted is not found. Therefore, if at the commencement of every task we pray to the Lord and invoke His power and capability, then that very work which may not have been accomplished by years of tireless toil, nor appeared to be happening, will be completed before our very eyes. If we adopt this practice, then at every step we shall begin to experience the Lord's omnipotence. This is an absolute truth that if anyone engages in any work after praying to the Lord-provided, of course, that the work is rooted in goodness and is not inspired by any motive of harm towards any living being in the world-he will make astonishing progress in it. Be that as it may, let us also adopt this method. As many times as we pray, so many times we shall certainly receive some glimpse of the Lord's boundless power, our faith will surely be strengthened, and its seeds will certainly multiply. Yes, in this regard, this little point also needs to be kept in mind: that where large, sturdy trees of unfaith stand rooted, there the creeper of faith generated from a momentary prayer, its fruits, and the numerous seeds of faith contained within those fruits may sometimes not be visible at a cursory glance. Therefore, one should search for them with patience. Upon searching, they

ORIGINAL

अवश्य मिलेंगे, क्योंकि प्रत्येक प्रार्थनारूपी जलसे सिंचित होकर वे निश्चित रूपसे बढ़ते एवं फूलते-फलते हैं ही। ये बीज जहाँ प्रचुर मात्रामें एकत्र हुए कि फिर तो हमारे जीवनका स्वभाव हो जायगा—प्रत्येक कार्यके लिये प्रभुकी शक्ति-सामर्थ्यपर निर्भर करना, उनकी शक्तिसे शक्तिमान् होकर ही प्रत्येक कार्यमें प्रवृत्त होना। यह कार्य हमारे द्वारा नहीं हो सकता, हमारा यह कार्य कैसे होगा, ये वृत्तियाँ फिर कदापि नहीं उठेंगी। अपितु प्रभुके बलपर क्या नहीं हो सकता, असम्भव सम्भव हो सकता है, यही श्रद्धा सतत जागरूक रहने लगेगी। प्रभुकी सर्वज्ञताके विश्वासको क्रियात्मक रूप देनेकी आवश्यकता विशेषरूपसे वहाँ उन स्थलोंमें है, जहाँ हम अशुभ प्रवृत्तियोंमें जा गिरते हैं। हमारा अनुभव है कि अत्यधिक अशुभके आचरणसे जब मनपर बहुत अधिक मल एकत्र हो जाता है, तब हम निर्लज्ज हो जाते हैं, हमें खुलकर पाप करनेमें लज्जाकी अनुभूति नहीं होती। किन्तु इससे पूर्व जबतक अन्तरात्माकी ओरका एक भी छिद्र खुला होता है, प्रभुकी प्यारभरी वाणी तनिक भी सुनायी पड़ती रहती है, अशुभमें अशुभ बुद्धि बनी रहती है, तबतक अशुभ आचरणमें लज्जाका अनुभव होता है और हम यथासम्भव छिपकर ही—लोगोंसे छिपाकर ही पापमें प्रवृत्त होते हैं। कोई देख रहा है, जान गया है, यह ज्ञात होनेपर कई बार हमारा बचाव हो जाता है। अतः यदि प्रभुकी सर्वज्ञतापर श्रद्धा करके, यह बीज बोना आरम्भ करके हम अशुभ प्रवृत्तियोंका धीरे-धीरे सङ्कोच करने लगें तो दो लाभ हों—श्रद्धा तो बढ़े ही, क्रमशः अशुभ भी छूट जायँ। इस श्रद्धाको क्रियात्मक रूप देनेका प्रकार यह है कि हम अपनी अशुभ प्रवृत्तियोंकी एक सूची मन-ही-मन तैयार करें। इनमें जिनके प्रति कम-से-कम आकर्षण हो, उन कुछको चुन लें तथा जब जिस समय वे उदय हों, उसी समय दृढ़तासे यह स्मरण करें कि प्रभु इसे जान रहे हैं, वे देख रहे हैं, भले ही जगत्का कोई भी न जाने, कोई भी न देखे और सबकी दृष्टिमें हम भले सत्पुरुष-सज्जन बने रहें,

ENGLISH TRANSLATION

will certainly be found, because being irrigated by the water of every prayer, they definitely grow, blossom, and bear fruit. Once these seeds gather in abundant quantity, it will become the very nature of our life to depend on the Lord's power and capability for every task, and to engage in every action only upon becoming empowered by His power. "This work cannot be done by us," "How will this work of ours be accomplished?"-such mental tendencies will never arise again. Instead, "What cannot be accomplished by the Lord's strength? The impossible can become possible"-this very faith will remain constantly awake. The necessity of giving practical form to the faith in the Lord's omniscience is especially in those situations where we fall into impure tendencies. It is our experience that when, through the conduct of excessive evil, immense impurity accumulates on the mind, we become shameless; we do not feel shame in sinning openly. But prior to this, as long as even a single opening toward the inner self remains open, the Lord's affectionate voice is heard even slightly, and evil is still perceived as evil, we feel shame in unrighteous conduct, and as far as possible, we engage in sin only secretly-by hiding it from people. Upon knowing that someone is watching or has found out, we are saved many a time. Therefore, if by having faith in the Lord's omniscience and beginning to sow this seed, we gradually begin to restrain our unwholesome tendencies, two benefits will follow: faith will certainly increase, and gradually, evils will also drop away. The method of translating this faith into practical form is that we should mentally prepare a list of our unwholesome tendencies. Among these, let us select a few toward which there is the least attraction, and whenever and at whatever moment they arise, let us firmly remember at that very moment: "The Lord knows this; He is watching, even though no one in the world may know, no one may see, and in everyone's eyes we may remain a good and noble person;

ORIGINAL

किन्तु प्रभुसे हमारा रूप छिपा नहीं है। इसकी स्मृति आते ही हमें उतनी ही लज्जा होनी चाहिये, जितनी हमारे पाप किसी अन्य व्यक्तिके द्वारा देख लिये जानेपर हमें होती है। साथ ही हठपूर्वक ही सही, एक-दो-चार-दस-बीस बार उन अशुभ प्रवृत्तियोंको हम मूर्त न होने दें, मनतक ही वे सीमित रह जायँ, यह प्रयास करें। इतनेमें तो इस श्रद्धाकी बेल पनप जायगी। फिर तो इसके बढ़े हुए बीज अपेक्षाकृत बहुत बड़े पापोंके समय भी 'अरे! प्रभु देख रहे हैं, जान रहे हैं' इस स्मृतिको जाग्रत् करने लगेंगे और इस प्रकार एक-दो बार भी जहाँ वे बड़े पाप रुके कि यह श्रद्धा बद्धमूल हो जायगी और क्रमशः शाखा-प्रशाखा निकलकर मनरूपी खेतको छा लेंगी।

अन्तमें है प्रभुके सौहार्द-श्रद्धा बढ़नेकी बात, इसे जीवनसे जोड़ देनेकी बात। तो इसके लिये हम यह करें कि कुतर्क छोड़कर प्रभुके स्नेहमय दानको, प्रतिक्षण पद-पदपर आगे-से-आगे हमारी सुख-सुविधाके लिये उनके द्वारा की हुई व्यवस्थाको गिनने लग जायँ। यदि हमारी आँख फूटी न होगी, अजी, ये सब तो संयोगसे यों ही हो जाते हैं, होते रहते हैं, ईश्वर तो वहम है, इस विषके विस्फोटसे नेत्रोंकी ज्योति मारी नहीं गयी होगी तो हमें प्रत्यक्ष दीखेगा कि ओह! प्रभुके अनन्त असीम उपकारोंकी गणना नहीं हो सकती। ऐसा अहैतुक प्रेमी जगत्में और कोई है ही नहीं। फिर तो हमारी आँखें भर आयेंगी। अपनी नीचता और प्रभुके सौहार्दकी ओर देखते हुए, आँसू ढारते हुए हम भी सन्तशिरोमणि गोस्वामी तुलसीदासजीकी भाँति पुकार उठेंगे—हे नाथ! मेरे-जैसे नीचको नरककी आगमें ढकेल दो, भस्म हो जाने दो। तुम्हारे-जैसे परम पवित्र सुहृद् स्वामीसे, अकारण हितूसे हठपूर्वक विमुख रहनेवालेके लिये यही उचित है। दस मासतक गर्भमें रखकर—

ENGLISH TRANSLATION

yet our true form is not hidden from the Lord." The moment this remembrance comes, we should feel just as much shame as we feel when our sin is seen by another person. Along with this, even if by sheer willpower, let us make an effort not to let those unwholesome tendencies materialize once, twice, four times, ten times, or twenty times, keeping them confined only to the mind. With just this much, the creeper of this faith will flourish. Then, its multiplied seeds will begin to awaken this remembrance-"Ah! The Lord is watching; He knows"-even at the time of comparatively far greater sins; and in this way, once those major sins are halted even once or twice, this faith will become deeply rooted, and gradually sending forth branches and twigs, it will cover the field of the mind. Finally, there is the matter of increasing faith in the Lord's loving-kindness and binding it to life. For this, let us leave aside sophistry and begin counting the Lord's loving gifts and the arrangements made by Him at every moment, at every step, continually beforehand for our comfort and well-being. If our vision has not been blinded-if the light of our eyes has not been destroyed by the toxic outburst of "Oh, all these things happen just by chance, they keep happening, God is merely an illusion"-then it will be plainly visible to us: "Oh! The Lord's infinite and boundless favors cannot be counted. There is no other unmotivated lover in the world like Him." Then our eyes will brim with tears. Looking at our own lowliness and at the Lord's loving-kindness, shedding tears, we too shall cry out like the crest-jewel of saints, Goswami Tulsidas: "O Lord! Cast a base person like me into the fire of hell; let me be reduced to ashes! For one who obstinately turns away from a supremely pure, benevolent Master and causeless benefactor like You, this alone is fitting. Keeping me in the womb for ten months-

ORIGINAL

पालन-पोषण किया। मेरा कितना हित तुमने किया है! स्वामिन्! मुझ-जैसे मतिमन्दको भी तुमने विवेक दिया, दुष्टको भी सुन्दर शीलका दानकर भूषित किया। अगणित अपराध करनेपर भी उस ओर न देखकर समाजमें मुझे आदरका पात्र बनाया। फिर भी मैं तो उलटा ही चलता रहा। मेरी मूर्खता तो देखो। प्रभो! अन्तर्यामीके प्रति भी कपट है, सर्वव्यापकसे भी पाप छिपानेका प्रयास है, किन्तु धन्य हो तुम नाथ! इतनेपर भी तुम मुझसे कभी नाराज नहीं हुए। 'ये बड़े भक्त हैं', इसकी आड़में मेरी उदरपूर्ति हो रही है, पर सचमुच हृदयमें तो भक्तिका लेश भी नहीं है। स्वामिन्! हृदय तो विषयोंके हाथ बिक चुका है। फिर भी कृपालो! ओह! ऐसे वञ्चकके प्रति तुम्हारी कृपा तनिक भी कम नहीं हुई, ऐसेके लिये भी तुम्हारे प्रेमका द्वार बन्द नहीं हुआ। सदा मुझपर निष्कपट भावसे स्नेहकी वर्षा करते रहे हो। हाय रे! यह मेरा वज्रसे भी अधिक कठोर हृदय, यह तुम्हारे पल-पलमें किये उपकारोंको भलीभाँति जान-बूझकर, सुन-समझकर भी द्रवित नहीं हुआ। तुम्हारे प्रेमसे सिक्त होकर, फटकर, विगलित होकर बह नहीं चला। मेरे मालिक! सुनो, अपनी बुद्धिरूपी तराजूके एक पलड़ेपर मैंने तुम्हारी भृत्य-वत्सलताकी राशि रख दी और दूसरे पलड़ेपर अपने स्वामिद्रोहका किञ्चित् अंश रख दिया, तौलकर देखने लगा, दीखा—स्वामिद्रोहका ही पलड़ा भारी है। इतनेपर भी तुमने सदा मेरा हित ही किया है, कर रहे हो और आगे भी करोगे। मुझे पता है नाथ! तुम्हारा स्वभाव है—अपनी ओर देखना, दूसरेकी ओर नहीं। अनन्त उपकारसे हम सबको ढक देनेपर भी तुम देते ही जाते हो, तुम्हारे स्नेहमय दानका कभी विराम होता ही नहीं"—

ENGLISH TRANSLATION

You nourished and protected me. How much good You have done for me! O Master! Even to a dullard like me You gave discernment, and even a wicked one You adorned with the gift of virtuous character. Despite my committing innumerable transgressions, without looking at them, You made me an object of respect in society. Even so, I continued to walk on the perverse path. Just look at my foolishness! O Lord! There is deceit even toward the Inner Ruler, an attempt to hide sin even from the All-Pervading One; but blessed are You, O Lord! In spite of all this, You were never angry with me. Under the pretext that 'he is a great devotee,' my belly is being filled, but in truth, there is not even a trace of devotion in my heart. O Master! The heart has been sold into the hands of sensual objects. Even then, O Merciful One! Oh! Your grace toward such a deceitful person has not diminished in the least; the door of Your love has not closed even for such a one. You have always showered love upon me with an unfeigned disposition. Alas! This heart of mine, harder than a thunderbolt, did not melt even after knowing and understanding full well the favors You bestowed at every moment. Being drenched in Your love, it did not burst open, dissolve, and flow away. O my Master! Listen: upon one pan of the scales of my intellect I placed the heap of Your tender affection for servants, and upon the other pan I placed a slight fraction of my treason against the Master; when I began to weigh and observe, it was seen that the pan of treason against the Master alone was heavier. Even then, You have always done good to me, are doing so now, and will continue to do so in the future. I know, O Lord! Your nature is to look at Your own goodness, not at the other's faults. Even after covering us all with infinite benevolence, You just keep on giving; there is never a pause to Your loving bestowal"-

ORIGINAL

कीजै मोकों जमजातनामई ।
राम ! तुमसे सुचि सुहृद साहिबहिं, मैं सठ पीठि दई ॥
गरभबास दस मास पालि पितु-मातु-रूप हित कीन्हों ।
जड़हिं बिबेक, सुसील खलहि, अपराधिहि आदर दीन्हों ॥
कपट करौं अंतरजामिहूँ सौं, अघ ब्यापकहि दुरावौं ।
ऐसेहु कुमति कुसेवक पर रघुपति न कियो मन बावाँ ॥
उदर भरौं किंकर कहाइ बेच्यौ बिषयनि हाथ हियो है ।
मोसे बंचक को कृपालु छल छोड़ि कै छोह कियो है ॥
पल-पलके उपकार रावरे जानि बूझि सुनि नीके ।
भिद्यो न कुलिसहुँ ते कठोर चित कबहुँ प्रेम सिय-पीके ॥
स्वामीकी सेवक-हितता सब, कछु निज साईं-द्रोहाई ।
मैं मति-तुला तौलि देखी भइ मेरेहि दिसि गरुआई ॥
एतेहू पर हित करत नाथ मेरो, करि आये, अरु करिहैं ।
तुलसी अपनी ओर जानियत प्रभुहि कनौड़ो भरिहैं ॥

इस प्रकार हम उपर्युक्त चारों विश्वासको केवल सिद्धान्तके रूपमें ही सीमित न रखकर उन्हें क्रियात्मक जीवनका अंश बना लें। प्रभुकी सर्वव्यापकता, सर्वशक्तिमत्ता, सर्वज्ञता एवं असीम सौहार्दकी ओर सक्रिय दृष्टि डालते ही श्रद्धाकी खेती धीरे-धीरे लहलहा उठेगी। उसमें इतने फल लगेंगे, इतने असंख्य बीज एकत्र होंगे कि फिर हम खुले हाथों अपने सम्पर्कमें आनेवाले सबको भगवद्विश्वासके बीजका दान कर सकेंगे। फिर हमारे अन्दर कोई कामना नहीं रहेगी। प्रभुकी श्रद्धारूपी खेतीसे हमारी समस्त कामनाएँ सदाके लिये पूर्ण हो जायेंगी। फिर हमारे लिये क्रोधका अत्यन्ताभाव हो जायगा; क्योंकि जब काम नहीं तो क्रोध कैसे रहे। लोभ भी निवृत्त हो जायगा। पूर्ण सन्तोषके

ENGLISH TRANSLATION

[Braj] "Subject me to the torments of Yama (the god of death). O Rama! To such a pure and benevolent Master as You, I, a wretch, turned my back!
Nurturing me for ten months in the womb, You bestowed love in the form of father and mother.
You gave discernment to an ignorant one, nobility to a wicked one, and honor to an offender.
I practice deceit even towards the Indweller of all hearts, and conceal my sins from the Omnipresent.
Yet towards such a wicked-minded, bad servant, the Lord of the Raghus never turned His heart away.
I fill my belly calling myself Your servant, but I have sold my heart into the hands of sensual objects.
Upon a deceiver such as me, the Merciful Lord cast His compassionate affection, casting aside all my deceit.
Having known, understood, and heard well Your favors bestowed moment after moment,
my heart, harder than a thunderbolt, was never pierced by the love of the Beloved of Sita.
Weighing upon the balance of my intellect all the Master's benevolence towards His servant against my own treachery towards my Lord, I found the weight heavily on my side alone.
Even despite all this, my Lord does good to me, has always done so, and will continue to do so.
Tulsidas says: from one's own side, one knows that the Lord has placed him under an immense debt of grace." In this manner, rather than confining the aforesaid four convictions merely to the realm of theoretical principles, we should make them an integral part of our practical life. The moment we cast an active glance towards the Lord's omnipresence, omnipotence, omniscience, and boundless benevolence, the crop of faith will gradually begin to flourish luxuriantly. It will bear so much fruit, and so many countless seeds will gather, that we shall then be able to give the seed of faith in God with open hands to everyone who comes in contact with us. Thereafter, no desire will remain within us. Through this farming of faith in the Lord, all our desires will be fulfilled forever. Then there will be an absolute absence of anger for us; for when desire no longer exists, how can anger remain? Greed, too, will cease. After complete contentment,

ORIGINAL

अनन्तर लोभके लिये स्थान कहाँ ? फिर हमारे अन्दर मद नहीं,
मोह नहीं, ईर्ष्या नहीं, भय नहीं, चिन्ता नहीं, शोक नहीं, जन्म नहीं,
मृत्यु नहीं—कोई भी विकार नहीं रहेगा। ये विकार तो अहङ्कारके
आश्रित हैं—शोकहर्षभयक्रोधलोभमोहस्पृहादयः ।
अहङ्कारस्य दृश्यन्ते जन्म मृत्युश्च नात्मनः ॥
(श्रीमद्भा० ११ । २८ । १५)—जब श्रद्धाकी खेती लहलहा उठी, तब खेतके स्वामी प्रभु भी
उस शोभाका आनन्द लेने आ विराजे, उस खेतमें वही प्रकट हो गये।
उनके आनेपर अहङ्कार रहता नहीं—
'जब मैं था तब हरि नहीं, जब हरि हैं मैं नाहिं ।'
अहङ्कार गया कि सारे विकार विलीन हो गये। समस्त अशुभ
प्रशान्त हो गये। अवशिष्ट रहे एकमात्र प्रभु। न रहे हम, न रहा हमारे
लिये जगत् ! इसके पश्चात् जगत्की दृष्टिमें हमारे मन-बुद्धि-शरीरका
अस्तित्व भले ही कुछ कालतक रह सकता है। पर उससे भी, वह
जितने समयतक रहेगा, निरन्तर भगवद्भावोंका विस्तार होता रहेगा।
परम शुभका, प्रभुमें श्रद्धा करनेका, प्रभुसम्बन्धी श्रद्धाके बीजको बोते
रहनेका यही परिणाम होता है। इसीलिये हमें श्रद्धाका बीज बोना
चाहिये, स्वल्प श्रद्धाको क्रियामें उतारकर उसे सदा बढ़ाते रहना
चाहिये।

ENGLISH TRANSLATION

where is there any room for greed? Then within us there will remain no pride, no delusion, no jealousy, no fear, no anxiety, no grief, no birth, and no death-no affliction whatsoever will remain. These afflictions are indeed dependent on the ego:[Sanskrit] "Grief, joy, fear, anger, greed, delusion, desire, and the like, as well as birth and death, are seen to belong to the ego, not to the Self."
(Srimad Bhagavatam 11.28.15)When the crop of faith has blossomed luxuriantly, then the Master of the field, the Lord Himself, arrives to take delight in that beauty; in that very field, He manifests Himself. Upon His arrival, the ego cannot remain:
[Braj] 'When "I" was, Hari was not; now that Hari is, "I" am no more.'
As soon as the ego vanishes, all afflictions dissolve. All inauspiciousness becomes completely pacified. The Lord alone remains. Neither do we remain, nor does the world remain for us! After this, in the eyes of the world, the existence of our mind, intellect, and body may well continue for some time. But even through that, for as long as it remains, the divine sentiments will continually expand. This is the very fruit of supreme auspiciousness, of placing faith in the Lord, and of continually sowing the seed of faith concerning the Lord. For this reason, we ought to sow the seed of faith, translate even a slight faith into practice, and continually nurture its growth.

CHAPTER 11

समयका सदुपयोग
The Right Use of Time

Source coverage: 90–95

ORIGINAL

समयका सदुपयोग

जो सुख-दुःखके स्तरसे ऊपर उठ गये हैं, उनकी बात अलग है। अन्यथा हममेंसे ऐसा कोई नहीं जो दुःख चाहता हो। किन्तु हमारे न चाहनेपर भी दुःख तो पिण्ड नहीं छोड़ता। दुःखके लिये हम कोई प्रयत्न नहीं करते, फिर भी दुःखके निमित्त उपस्थित होते ही हैं और अज्ञानवश अपने-आपको उनसे जोड़कर हम दुःखी भी होते ही हैं। ठीक इसी प्रकार यह सनातन नियम है कि इन्द्रियोंसे भोगे जानेवाले विषयसम्बधी सुखके निमित्त भी हमारे बिना प्रयत्न किये, हम जहाँ कहीं भी रहें, हमारे सामने आ जायँगे। कर्मजगत्के नियमोंसे नियन्त्रित होकर वे भी बिना प्रयास हमें प्राप्त हो जायेंगे—सुखमैन्द्रियकं दैत्या देहयोगेन देहिनाम् । सर्वत्र लभ्यते दैवाद् यथा दुःखमयत्नतः ॥ (श्रीमद्भा० ७ । ६ । ३)इनके लिये चेष्टा करनेकी आवश्यकता नहीं है। भले ही इस सनातन नियमके प्रति हमारी श्रद्धा न हो, हम इसे न मानें, पर मानने न माननेसे सत्यमें हेर-फेर नहीं होता। यह ठीक है कि दृढ़ सङ्कल्पशक्तिसे अनुप्राणित हुए अपने किसी नवीन प्रबल कर्मके द्वारा वैषयिक सुखोंके लिये निमित्तोंकी रचना भी हम कर सकते हैं, यह स्वतन्त्रता हमें प्राप्त है तथा यह स्वतन्त्रता भी कर्मजगत्के उस सनातन नियमके अन्तर्गत ही है, हमारा नवीन कर्म तुरन्त नवीन प्रारब्धके रूपमें परिणत होकर निर्दिष्ट प्रारब्धके बीचमें ही अपना फल दान कर सकता है, किन्तु जो फल मिलेगा, वह होगा आखिर नश्वर ही—जीवनके साथ ही समाप्त हो जानेवाला। दूसरे शब्दोंमें इस बातको कहें तो ऐसे कहना चाहिये कि जो वस्तु अपने-आप मिलनेवाली (निर्दिष्ट प्रारब्धसे प्राप्त होनेवाले विषय-सुख) है, उसके लिये तथा जो नवीन चेष्टासे प्राप्त होनेवाली नाशवान् वस्तु (प्रबल क्रियमाणसे सृष्ट हुए तत्काल फलोन्मुख प्रारब्धके सुख) है, उसके लिये—दोनोंके लिये ही चेष्टा करना मानव-जीवनके अमूल्य समयका दुरुपयोग ही है, इन अनमोल

ENGLISH TRANSLATION

Right Use of Time

Those who have risen above the level of pleasure and pain are a matter apart. Otherwise, there is none among us who desires misery. Yet even though we do not desire it, misery does not leave us alone. We make no effort for misery, yet the causes of misery do present themselves, and out of ignorance, by associating ourselves with them, we indeed become miserable. Exactly in this manner, it is an eternal law that the occasions for sensual pleasures enjoyed through the senses will also present themselves before us without our effort, wherever we may be. Governed by the laws of the realm of karma, they too will be obtained by us without exertion:[Sanskrit] "O sons of Diti! Sensual pleasure of embodied beings, arising from their connection with the body, is obtained everywhere by fate, just as misery is obtained without any effort."
(Srimad Bhagavatam 7.6.3)There is no need to make efforts for these. Even if we have no faith in this eternal law, or if we do not accept it, truth does not alter by our accepting or not accepting it. It is true that, animated by a resolute willpower, through some fresh, potent action of our own, we can also create the circumstances for sensual pleasures; this freedom is available to us, and this freedom too is strictly within that eternal law of the realm of karma. Our fresh action, instantly turning into a new destiny (prarabdha), can bestow its fruit right amidst our predetermined destiny; but the fruit that will be obtained will, after all, be transient-perishing along with life itself. To put this in other words, it should be stated that striving for that which comes naturally of itself (the sensory pleasures obtained through predetermined destiny), as well as for that perishable object obtained through fresh exertion (the pleasures of immediate fruit-bearing destiny generated through powerful current actions)-striving for both is truly a misuse of the invaluable time of human life,

ORIGINAL

क्षणोंको व्यर्थ खो देना है या कौड़ीके मोल बेच देना है। चेष्टा तो हमें उस वस्तुके लिये करनी चाहिये जो बिना हमारी चेष्टाके अपने-आप हमें मिलनेकी है ही नहीं तथा जो एक बार प्राप्त हो जानेके अनन्तर हमसे कभी पृथक् नहीं होती, मिलते ही हमें सदाके लिये परमानन्दमें निमग्न कर देती है, जिसे प्राप्तकर हम उस सुखका अनुभव करते हैं, जो नित्य एकरस रहता है, जिसमें दुःखका मिश्रण सर्वथा नहीं है। ऐसी वस्तु एकमात्र प्रभुके अतिरिक्त दूसरी है ही नहीं। एकमात्र प्रभु ही ऐसे हैं, जो कर्मोंके फलकी भाँति हमें इस जीवनमें अपने-आप प्राप्त नहीं होंगे। उनके लिये तो हमें विशेष पद्धतिसे कुछ यत्न करना होगा। तभी वे मिलेंगे। और एक बार मिलनेके अनन्तर फिर अलग नहीं होंगे। मिलते ही उनका समग्र आनन्द हमारे अन्दर व्यक्त हो जायगा; हम शाश्वत सुख-शान्तिका अनुभव कर कृतार्थ हो जायेंगे तथा इस दिशामें प्रयास ही समयका सच्चा सदुपयोग है।

हममेंसे बहुत-से व्यक्ति ऐसे हैं, जो जीवनकी अतीत घटनाओंका स्मरणकर दिन-रात चिन्तित रहते हैं, भली-बुरी बातें जो घट चुकी हैं, उनसे सुखी-दुःखी होते रहते हैं। यह भी समयका दुरुपयोग ही है। घटनाएँ तो हमारे पूर्वकर्मके अनुसार घटी हैं। उनके लिये जब हमने कारणका निर्माण कर दिया था तब कार्य तो होकर ही रहता। यहाँ एक महलोंमें रहता है, दूसरेके लिये झोपड़ीकी भी व्यवस्था नहीं, एकके यहाँ नष्ट करनेके लिये सम्पत्तिकी राशि एकत्र है, दूसरेके यहाँ पेट भरनेको दाने नहीं, एकका शरीर सदा नीरोग रहता है, सुन्दरता अङ्गोंसे झरती रहती है, दूसरा अन्धा होकर जन्मा, एक पैर भी लँगड़ा था, जीवनभर बीमार भी रहता है, एकके जीवनमें पवित्रता, सद्गुण स्वभावसे ही भरे होते हैं, दूसरेमें क्रूरता एवं पशुभावका ही बोल-बाला

ENGLISH TRANSLATION

it is losing these priceless moments in vain or selling them for a mere pittance. We ought to strive for that object which cannot be obtained by us on its own without our striving, and which, once obtained, is never separated from us again, which the moment it is attained immerses us forever in supreme bliss, attaining which we experience that joy which remains eternally constant, in which there is no admixture of misery whatsoever. Such a reality is none other than the Lord alone. The Lord alone is such that He will not be obtained by us on His own in this life like the fruit of actions. For Him, we must make special disciplined effort. Only then will He be attained. And having once been attained, He will never be separated again. The moment He is attained, His entire bliss will become manifest within us; experiencing eternal peace and happiness, we shall become fulfilled, and endeavor in this direction alone is the true right use of time. There are many persons among us who, remembering past events of life, remain anxious day and night, continually becoming happy or sorrowful over good and bad occurrences that have already taken place. This too is merely a misuse of time. Events have indeed occurred according to our past actions. When we had already created the cause for them, the effect was bound to happen. Here, one person lives in palaces, while for another there is not even the provision of a hut; in one's home a heap of wealth is gathered to squander, while another lacks even grains to fill his belly; one's body is always free from disease and beauty radiates from every limb, while another is born blind, is lame in one leg too, and remains ill throughout life; one's life is filled with purity and noble virtues by very nature, while in another, cruelty and bestial tendencies reign supreme-

ORIGINAL

होता है, एकके जीवनपथमें फूल बिछे होते हैं, वह क्रमशः उन्नत होता जाता है, सफलता पद-पदपर उसका स्वागत करती है, दूसरेके पथमें काँटे फैले होते हैं, आगेकी गति सदा अवरुद्ध-सी रहती है, उसे सदा निराशा, असफलता, जलन ही हाथ लगती है, एक तो अस्सी-नब्बे वर्षकी आयुका उपभोग करता है, दूसरा उत्पन्न होता है और केवल क्षणभरके लिये संसारका प्रकाश देखकर पुनः मृत्युकी गोदमें समा जाता है। ये सारी बातें अपने-अपने विभिन्न कर्मोंके फलसे घटित होती हैं। इस कर्म-जगत्के सनातन नियमोंमें किसीके प्रति अन्याय नहीं होता, पक्षपात नहीं होता। जिसने जैसे बीज बोये हैं, जैसे कर्म सञ्चित किये हैं, वैसे ही फल, उसीके अनुरूप उसके लिये घटनाएँ बनेंगी। सञ्चितके अपार ढेरसे ही तो हमारे इस जीवनका प्रारब्ध बनता है! अपने बोये बीजके, अपने ही कर्मोंके फल ही तो हमें अबतक मिले हैं, उनका मिलना अवश्यम्भावी ही था। फिर वे तो भुगत ही लिये गये, समाप्त हो चुके, उनका खाता पूरा हो चुका। अब उनकी चिन्ता करके हम क्या लाभ पायेंगे। उनका विचार करके हम अपना अनमोल समय क्यों खोयें?

इसी प्रकार भविष्यमें क्या होगा, इसपर विचार करते रहना भी समय खोना है। सच पूछें तो भविष्य तो हमारे अपने हाथोंमें है। उसका निर्माण तो हम कर सकते हैं। यदि हम वर्तमानका सदुपयोग कर लें तो भविष्यका सुन्दर होना निश्चित है। प्रारब्धके वेगसे इस जीवनके अन्तिम क्षणतक अनुकूल-प्रतिकूल निमित्त आकर भले प्राप्त हो जायँ। यदि हम वर्तमानके समयको ठीक-ठीक काममें ले लें तो फिर ये आकर भी हमें एवं हमारे मनको छू नहीं सकेंगे। कदाचित् हमारे मनको छू भी लें तो उसे उद्विग्न नहीं कर सकेंगे, मनमें प्रतिक्षणकी बढ़ती हुई शान्तिके साम्राज्यको ये नष्ट नहीं कर सकेंगे, और इसके बाद—इस जीवनके अनन्तर जो नवजीवन आरम्भ होगा, वहाँ उस भविष्यमें—तो हमारे लिये चिन्ताका कोई कारण ही नहीं रह जायगा। यह नियम है,

ENGLISH TRANSLATION

happens; one person has flowers strewn across their path of life, progresses steadily, and success welcomes them at every step; for another, thorns are scattered along the way, forward movement is always seemingly obstructed, and they encounter only despair, failure, and anguish; one enjoys a lifespan of eighty to ninety years, while another is born, sees the light of the world for merely a fleeting moment, and merges back into the lap of death. All these occurrences unfold as the fruits of one's own varied actions. In the eternal laws of this world of action (karma), there is neither injustice nor partiality toward anyone. As one has sown the seeds and accumulated karmas, so shall be the fruits, and events will shape accordingly for them. It is indeed from the vast heap of accumulated actions (sanchita) that the destiny (prarabdha) of this present life is formed! After all, what we have received so far are merely the fruits of our own sown seeds and our own deeds; their fruition was entirely inevitable. Furthermore, they have already been experienced, are finished, and their ledger is settled. What gain shall we achieve now by brooding over them? Why should we squander our priceless time dwelling upon them? Likewise, constantly worrying over what will occur in the future is also a waste of time. Truth be told, the future rests in our own hands; we can certainly shape it. If we make proper use of the present, a splendid future is guaranteed. Even if favorable and unfavorable circumstances come upon us until the final moment of this life owing to the momentum of prarabdha, if we utilize the present time rightly, then even upon their arrival, they will be unable to touch us or our mind. Even if perchance they touch our mind, they will not be able to agitate it; they will not be able to destroy the ever-expanding realm of peace within our mind at every moment. And after this-in that future when a new life begins following this one-there will remain no reason whatsoever for us to worry. It is a rule,

ORIGINAL

गोदाममें भरे हुए मालोंमेंसे वह माल पहले निकलता है, जो अन्तमें भरा जाता है। गोदाममें पहले प्याज-ही-प्याजकी बोरियाँ भरी हों, पर फिर अन्तमें उसमें लगातार सब ओरसे केवल केसरकी बोरियाँ ही भरी जाने लगें तो निकालते समय केसरकी बोरियाँ ही पहले निकलेंगी, केसरके सुवाससे वातावरण सौरभमय हो उठेगा। इसी प्रकार अबसे—इस क्षणसे पहले हमारे कर्मकी गोदाममें चाहे अत्यन्त बुरे कर्मोंके ही संस्कार क्यों न भरे हों, पर हम अब वर्तमानके प्रत्येक क्षणको अबसे आरम्भकर जीवनके अन्ततक, प्रभुकी खोजमें ही, खोजकी साधनामें ही व्यतीत करेंगे तो प्रभुसे ओतप्रोत संस्कार ही सञ्चित होते रहेंगे, नवजीवनका प्रारब्ध इन्हीं संस्कारोंको लेकर निर्मित होगा। और वहाँ इस संस्कारके सुवाससे हम तो निरन्तर प्रफुल्लित, चिन्तारहित रहेंगे ही, हमारे सम्पर्कमें आनेवालेकी भी दुर्गन्ध मिट जायगी। अतः वर्तमानका सदुपयोग करें। अतीत एवं भविष्यकी चिन्ता हम शीघ्र-से-शीघ्र छोड़ दें।

अपने पहलेकी भूलोंको निरन्तर स्मरण रखते हुए पश्चात्तापके विचारमें निमग्न रहना भी समयका सच्चा सदुपयोग नहीं है। हाँ, यदि यह पश्चात्ताप सक्रिय (Positive) हो तब तो यह हमें जीवनके चरम उद्देश्यकी ओर बढ़ानेमें परम सहायक बन जायगा। सक्रिय पश्चात्तापका रूप यह है—जितना बुरा हमने किया है, उससे कई गुना अधिक भला, अपनी शक्ति-सामर्थ्यके अन्दर अधिक-से-अधिक जितना भला करना सम्भव है, उतना भला हम करें। पत्थरके समान कठोर बनकर यदि हमने बहुतेरे हृदयोंमें घाव किये हैं तो अब मक्खनसे भी अधिक कोमल एवं स्निग्ध बनकर हमें जहाँ-जहाँ घाव दीखें, उन्हें भरनेका सच्चा प्रयास करें। यदि अपनी क्रूर चेष्टाओंसे हमने लोगोंको जलाया है तो अब प्रेमका मधु मिलाकर सबको शीतल करनेका व्रत ले लें। यह हुआ सक्रिय पश्चात्ताप, अन्यथा उन गयी हुई बातोंको याद करते रहनेमात्रसे कोई विशेष लाभ नहीं होता।

ENGLISH TRANSLATION

that among the goods stored in a warehouse, those loaded last come out first. Even if a warehouse is initially filled only with sacks of onions, but at the end it is continuously stocked from all sides exclusively with sacks of saffron, then upon unloading, the sacks of saffron will emerge first, and the atmosphere will become fragrant with the sweet scent of saffron. In the same manner, regardless of whether our warehouse of karma was filled with the impressions (samskaras) of exceedingly evil deeds prior to this moment, if from now on until the end of our life we spend every moment of the present solely in search of the Lord and in the spiritual practice of that search, then impressions imbued with the Lord alone will continue to accumulate; the destiny of our new life will be fashioned out of these very impressions. And there, by the fragrant scent of these impressions, not only will we remain perpetually joyous and free of anxiety, but even the foul odor of those who come into our contact will be eradicated. Therefore, make proper use of the present. Let us abandon all worry about the past and the future as quickly as possible. Remaining perpetually immersed in the thought of remorse by constantly remembering our past mistakes is also not a true utilization of time. However, if this repentance is active (positive), then it will become immensely helpful in advancing us toward the ultimate goal of life. The nature of active repentance is this: however much evil we have done, we should do good several times over-as much good as is possible within our strength and capacity. If, becoming as hard as stone, we have wounded many hearts, then now, becoming softer and smoother than butter, wherever we see wounds, we should make a sincere effort to heal them. If by our cruel actions we have scorched people, let us now resolve to cool everyone by blending the honey of love. This constitutes active repentance; otherwise, no particular benefit comes from merely reminiscing about the things of the past.

ORIGINAL

जो हो, समयका सच्चा सदुपयोग तो बस यही है कि हम प्रभुकी खोजमें जुट पड़ें, और काम तो जैसे होने होंगे, हो जायेंगे। हमारे बिना भी दूसरोंके द्वारा हो जायेंगे, पर यह काम तो हमें ही करना पड़ेगा, हमारे ही किये होगा, दूसरा कोई भी हमारे बदले हमारे लिये इसे कर नहीं सकेगा। अतः इसीमें हमें लगना है, उन्हींको ढूँढ़ने चल पड़ना है। इस मार्गमें चलनेपर हमें एक विशेष पद्धतिको अनुसरण करना पड़ेगा। विशेष ढंगसे कुछ यत्न भी करना पड़ेगा, किन्तु साथ ही यह बात अवश्य है कि इसमें कोई खास परिश्रम हो, सो बात बिलकुल नहीं है, क्योंकि 'आत्मत्वात् सर्वभूतानां सिद्धत्वादिह सर्वतः' वे प्रभु तो हम सबके स्वयं आत्मा ही जो ठहरे, उनकी उपस्थिति तो सर्वत्र है। उनको ढूँढ़ लेनेमें, उन अपनेसे अपनेको प्रसन्न कर लेनेमें परिश्रम ही क्या है? लगन होनेपर पद्धतिका अनुसरण करना भी कोई खास कठिन नहीं है! बस, यही करना है कि सबसे पहले हमें उन्हें प्रत्येक रूपमें पहचानना है। अग्निके तत्त्वको तो हम जानते हैं। एक ही अग्नितत्त्व सर्वत्र व्याप्त है। जो आग काठमें है, वही पत्थरमें है, वही बादलोंमें है, वही सूर्यमें है, वही हमारे शरीरमें भी व्याप्त है, किन्तु यदि हम यह सोचें कि अग्निका रूप क्या है तो यही कहना पड़ेगा कि अग्नि जिस आधारमें व्याप्त है, वही उसका रूप है। एक ही अग्नि नाना रूपोंमें व्याप्त होकर उनके समान रूपवाला हो रहा है। अग्निमें तत्त्वतः कहीं भी कोई अन्तर नहीं है। ऐसे ही समस्त भूतोंके अन्तरात्मा प्रभु एक होते हुए भी नाना रूपोंमें रहकर उन्हींके-जैसे रूपवाले हो रहे हैं—

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो
रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा
रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च ॥
[कठ २। २। ९]

इस तत्त्वको अच्छी तरह समझकर हम ठीक ऐसा ही अनुभव

ENGLISH TRANSLATION

Be that as it may, the true utilization of time is simply that we dedicate ourselves to the search for the Lord; other tasks, however they are destined to occur, will happen. Even without us, they will be accomplished through others; but this task we alone must perform-it will be accomplished only through our own effort, and no one else can do it on our behalf. Therefore, we must apply ourselves to this alone; we must set out to seek Him. Upon treading this path, we shall have to follow a specific method. We shall also have to make some effort in a distinct manner; yet, at the same time, it is certain that there is no extraordinary labor involved in this, for [Sanskrit] "Being the Self of all beings and ever-present everywhere," [Sanskrit] that Lord is indeed the very Self of us all, and His presence is everywhere. What labor can there be in finding Him, in pleasing oneself through one's own Self? Given earnest devotion, following the method is also not particularly difficult! All that needs to be done is that, first of all, we must recognize Him in every form. We already understand the nature of fire: a single element of fire permeates everywhere. The same fire that is in wood is in stone, in the clouds, in the sun, and is likewise present in our own body. But if we consider what the form of fire is, we must say that whichever substratum fire permeates becomes its form. A single fire, pervading diverse forms, assumes a form corresponding to each of them. In essence, there is no difference anywhere in fire. In the very same way, the Lord, the inner Self of all beings, though one, abides in diverse forms and takes on forms corresponding to them:[Sanskrit] Just as the one fire, having entered the world, assumes a form corresponding to every form it enters, so does the one inner Self of all beings assume a form corresponding to every form, and yet exists beyond them. [Katha Upanishad 2.2.9]Having understood this principle thoroughly, we should endeavor to experience

ORIGINAL

करनेकी चेष्टा करें। साथ ही यदि कदाचित् ऐसा अनुभव न होता हो, तब भी केवल इस सत्यपर विश्वास करके ही हम यह करें कि अपने आसुरभावको दबाकर, दूसरेको कष्ट करके स्वयं सुखी होनेकी भावनाको सर्वथा छोड़कर सब प्राणियोंके प्रति दया एवं सौहार्दका व्यवहार करें। बस, इतनी-सी बात ही अपेक्षित है। यदि हम यह कर सकें तो प्रभुकी प्रसन्नताके दर्शन होनेमें बिलकुल देर नहीं होगी।

तस्मात् सर्वेषु भूतेषु दयां कुरुत सौहृदम्।
आसुरं भावमुन्मुच्य यया तुष्यत्यधोक्षजः॥
(श्रीमद्भा० ७। ६। ८)

और यदि प्रभुकी प्रसन्नता हमने पा ली तो फिर हमारे लिये कौन-सी वस्तु अलभ्य रह जाती है?—

'तुष्टे च तत्र किमलभ्यमनन्त ईशे'

—कुछ भी नहीं। कदाचित् शरीर नष्ट होनेसे पहले-पहले हम चेत जाते, चेतकर प्रत्येक क्षणका उपयोग इसी उद्देश्यकी पूर्तिके लिये करते तो कितनी सुन्दर बात होती!

ENGLISH TRANSLATION

precisely this. Moreover, even if perchance such an experience does not arise, merely placing our faith in this truth, we should suppress our demonic disposition (asura-bhava), entirely renounce the impulse to derive personal happiness by inflicting pain on others, and treat all living beings with compassion and goodwill. Only this much is required. If we can accomplish this, there will be no delay whatsoever in witnessing the Lord's pleasure. [Sanskrit] Therefore, casting aside the demonic disposition, show compassion and goodwill toward all living beings, whereby the imperceptible Lord (Adhokshaja) is pleased. (Srimad-Bhagavatam 7.6.8)And if we have attained the pleasure of the Lord, then what object remains unattainable for us?-[Sanskrit] "And when He, the Infinite Lord, is pleased, what remains unattainable?"-Nothing at all. How wonderful it would be if, before this body perishes, we were to awaken, and having awakened, utilize every moment toward the fulfillment of this very purpose!

CHAPTER 12

दुःखके कारण
The Causes of Suffering

Source coverage: 96–106

ORIGINAL

दुःखके कारण

पाँच चीजें ऐसी हैं जो हमारे दुःखको सदा बढ़ाती रहती हैं। यदि यह कह दें कि ये ही पाँच हमारे यहाँके प्रायः समस्त दुःखोंके कारण हैं तो अत्युक्ति नहीं है।

(१) भगवान्‌के मङ्गलमय दानको अस्वीकार करनेकी वृत्ति—यहाँ जो कुछ भी हमें फलरूपमें प्राप्त हो रहे हैं, उन सबके आगे-पीछे मङ्गलमय प्रभुका मङ्गलविधान काम करता है। प्रभु हमें जो कुछ भी देते हैं, उसमें हमारा उत्थान होना निश्चित है। हमारे जीवनको नीचे स्तरसे उठाकर अबकी अपेक्षा कहीं अधिक सुख-शान्ति प्रदान करनेके लिये ही प्रभुका प्रत्येक विधान बनता है, किन्तु हम उसे स्वीकार नहीं करना चाहते। जिन्हें प्रभुकी सत्तामें विश्वास नहीं, जो प्रभुको नहीं मानना चाहते, उनकी बात दूर, जो अपनेको आस्तिक कहते हैं, वे भी अपने मनके प्रतिकूल किसी भी विधानको स्वीकार नहीं करना चाहते। मनचाहा होनेपर तो बड़ी आसानीसे कह देंगे कि 'प्रभुकी कृपा है।' पर कहीं मनके विरुद्ध हुआ तो उदासी आये बिना नहीं रहती। वास्तवमें यह प्रभुकी कृपाका अधूरा ही दर्शन है। पूरा दर्शन तो वह है जब कि हमारे लिये कुछ भी प्रतिकूल रहे ही नहीं। प्रभुके विधानसे जो भी हमें मिले, उसे हम अनुकूल बना लें, उसीमें पूर्ण अनुकूलताका दर्शन करें; किन्तु यह होता नहीं। और उधर यह बात है कि चाहे हम रोकर स्वीकार करें या हँसकर, प्रभुका विधान तो हमपर लागू होकर रहेगा। प्रभुके यहाँ भ्रम नहीं, प्रमाद नहीं, पक्षपात नहीं, वहाँ तो अखण्ड स्नेह है, न्याय है, पूर्ण व्यवस्था है। जैसे अबोध शिशुके रोनेकी परवा न कर

ENGLISH TRANSLATION

Causes of SorrowThere are five things that continually increase our sorrow. If it is said that these five are the causes of almost all our sorrows in this world, it would not be an exaggeration.(1) The tendency to reject the benevolent gift of the Lord: Whatever we receive here as the fruit of our actions, behind and before it all works the auspicious dispensation of the benevolent Lord. In whatever the Lord bestows upon us, our elevation is certain. Every dispensation of the Lord is devised solely to lift our life from a lower plane and grant us far greater happiness and peace than before, yet we do not wish to accept it. Leaving aside those who have no faith in the Lord's existence, who refuse to believe in Him, even those who call themselves believers do not wish to accept any dispensation that runs contrary to their mind's desire. When things happen according to their wish, they will very readily say, 'It is the Lord's grace.' But if something happens against their wish, dejection inevitably sets in. In truth, this is an incomplete perception of the Lord's grace. The complete vision is that in which nothing remains adverse for us. Whatever we receive through the Lord's dispensation, we should make it favorable to ourselves and see complete benevolence in it; but this does not happen. And on the other hand, the truth is that whether we accept it weeping or smiling, the Lord's dispensation will certainly be fulfilled upon us. With the Lord there is no delusion, no negligence, no partiality; there is only unbroken affection, justice, and absolute order. Just as, without heeding the cries of an innocent child,

ORIGINAL

माता उसे स्नान कराती है, शरीरपर जमे हुए मैलको मल-मलकर धोती है, उलझे हुए बालोंको ठीक करती है तथा कभी जब यह देख लेती है कि बच्चेके कपड़े जीर्ण हो गये हैं, अथवा अत्यन्त मलिन हो गये हैं तो उन्हें बदल देती है, वैसे ही दयामय प्रभु हमारे रोने-चिल्लानेकी परवा न कर हमें दुःख, विपत्ति, अपमान, निन्दा आदि विधानोंसे परिशुद्ध करते हैं और आवश्यकता होनेपर वस्त्र-परिवर्तनकी भाँति ही हमारे इस शरीरका मलिन आवरण हटाकर नवजीवन प्रदान करते हैं। जैसे माताकी प्रत्येक चेष्टामें बच्चेके प्रति अखण्ड स्नेह-भावना, सर्वथा हित-बुद्धि भरी होती है—शिशु भले ही इसे न समझे—वैसे ही प्रभु चाहे जो भी विधान करें उसमें भरा है हमारे प्रति उनका अनन्त अपरिसीम स्नेह, हमारा ऐकान्तिक हित। माँ यदि रोनेके भयसे बच्चेको स्वच्छ करना छोड़ दे, तब तो बच्चा जीवित रह चुका! अज्ञतावश रोना तो उसका स्वभाव है। माँ उस ओर दृष्टिपात नहीं करेगी। वैसे ही प्रभु हमारे 'धुकुर-पुकुर, हाय रे, मरे रे' की ओर न देखकर हमें शुद्ध करेंगे ही, उनका विधान हमपर चरितार्थ होगा ही! और हम उसे टालनेका जितना प्रयास करेंगे, उतना ही संघर्ष बढ़ेगा और हमारा दुःख बढ़ता ही जायगा। उनके स्नेहमय कोमल हाथोंका स्पर्श भी हमें अवश्य प्राप्त होगा, हम उनकी गोदमें सुखकी नींद सो भी जायँगे तथा जागनेपर हमें उस गत दुःखकी स्मृति भी नहीं रहेगी तथा आयु बढ़नेपर, समझ आ जानेपर तो प्रभुकी सत्तामें निष्ठा हो जानेपर, उनकी मङ्गलमयताका ज्ञान हो जानेपर—हम वैसे विधानोंका उत्फुल्ल होकर स्वागत करेंगे, उनकी प्रतीक्षा करेंगे, विलम्ब होनेपर सन्त कबीरकी भाँति* प्रभुसे प्रार्थनाकवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुरकी सन्त कबीरके जीवनपर एक रचना है, जिसका भाव यह है—कबीरको सिद्ध महात्मा जानकर लोगोंकी भीड़ एकत्र होने लगी। कोई सिद्धि

ENGLISH TRANSLATION

the mother bathes it, scrubs away the dirt accumulated on its body, combs out its tangled hair, and whenever she sees that the child's clothes have become worn out or extremely soiled, changes them, likewise the merciful Lord, without minding our weeping and crying, purifies us through the dispensations of suffering, adversity, dishonor, blame, and the like, and when the need arises, just like changing clothes, removes this soiled covering of our body and grants us a new life. Just as in every act of the mother there is unbroken love and an absolute intention for the child's welfare-even if the infant cannot understand it-similarly, whatever dispensation the Lord may make, it is filled with His infinite, boundless love for us and our ultimate well-being. If the mother, out of fear of the child's crying, were to stop cleaning the child, the child would hardly survive! Weeping out of ignorance is its nature; the mother will not pay heed to that. In the same way, the Lord, without paying attention to our anxious fretting, 'Alas, I am undone,' will certainly purify us, and His dispensation will inevitably be fulfilled upon us! And the more we attempt to avert it, the more the struggle will intensify and our sorrow will keep increasing. We will also certainly receive the touch of His tender, affectionate hands; we will sleep peacefully in His lap, and upon awakening, we will not even retain the memory of that past sorrow. Moreover, as age advances and understanding dawns, when firm faith in the Lord's existence is established and knowledge of His all-auspicious nature arises, we shall joyfully welcome such dispensations, wait for them, and if there is a delay, pray to the Lord like Saint Kabir*-There is a composition by poet-laureate Rabindranath Tagore on the life of Saint Kabir, the purport of which is: Knowing Kabir to be an accomplished saint, crowds of people began to gather. Someone would ask for a demonstration of miraculous powers,

ORIGINAL

करेंगे कि 'नाथ! ऐसी कोई रचना रचो, कोई-सी लीला करो, जिससे हमारी झंझटें दूर हों' और वैसी परिस्थिति आनेपर हमारा रोम-रोम खिल उठेगा, किन्तु जबतक ऐसा नहीं हो रहा है, तबतक हमारे लिये एक बार तो दुःखी होना अनिवार्य है। यह है हमारी मूर्खता ही, पर उपाय क्या हो! प्रभुरूप अनन्त दयामयी जननीके हाथमें हम अपनेको सौंप नहीं देना चाहते, उनकी अनन्त शक्ति, असीम सौहार्दपर हमारा विश्वास जो नहीं होता।

यहाँ इस प्रकृत उदाहरणमें शिशुके पास तो साधन नहीं कि वह माताकी भावनाको हृदयङ्गम कर सके। छः महीनेके बच्चेमें यह बुद्धि कहाँ है? पर हमारे पास तो साधन भी है। हमारी जो बुद्धि राजनीति, दिखानेको कहता, कोई सन्तानकी माँग करता, तो कोई मन्त्रसे रोग दूर करनेकी याचना करता। इस प्रकार कबीरके एकान्त भजन-साधनमें विघ्न होने लगा। उन्होंने प्रभुसे प्रार्थना की। कुछ ही दिनों बाद गाँवके कुछ ईर्ष्यालु लोगोंने कबीरके विरुद्ध एक षड्यन्त्र रचा, एक कुलटा स्त्रीको सिखा-पढ़ाकर ठीक किया। जब कबीर कपड़ा बेचने बाज़ारमें आये, तब उसने उनका पल्ला पकड़ लिया और वह उन्हें खरी-खोटी सुनाने लगी। उसका कहना था कि मैं तुम्हारी रखेल स्त्री हूँ और तुमने मुझे छोड़ दिया, मैं कष्ट पा रही हूँ। दुष्टोंका दल पहलेसे तैयार था ही। सब ताली पीटने लगे। कबीरकी खूब निन्दा हुई, पर कबीर प्रसन्न हुए। वे उस स्त्रीको अपने साथ घर ले आये। उसे अपनी माताके समान मानकर आश्रय दिया और उसका आदर-सत्कार करने लगे। स्त्रीके मनमें पश्चात्तापकी आग धधक उठी। सर्वथा झूठा लाञ्छन उसने कबीरपर लगाया था। पर कबीर सदा यही कहते—'मैया! तू डर मत। तू तो भगवान्के यहाँसे मेरे लिये निन्दारूपी उपहार लेकर आयी है।' इसके पश्चात् एक बार काशीनरेशने कबीरकी ख्याति सुनकर उनका दर्शन करना चाहा। कबीरने सोचा—रहा-सहा बखेड़ा भी दूर हो जाय। उसे साथ लेकर वे राज-सभामें गये। स्त्रीको साथ देखकर राजाके मनमें कबीरके प्रति घृणा हुई, कबीर सभासे निकाल दिये गये। कबीर कुटीमें आये। ईर्ष्यालु उन्हें चिढ़ा-चिढ़ाकर हँस रहे थे। पर वह स्त्री कबीरके चरणोंमें लोट गयी, बोली—'मुझ अधमाको अपने साथ रखकर इतना अपमान क्यों सहते हो।' कबीर बोले—'जननी! तू मेरे प्रभुकी भेजी हुई है, मेरे मालिकका दान है।'

ENGLISH TRANSLATION

that 'O Lord! Devise some such scheme, enact some such divine play, whereby our entanglements may be removed,' and upon the arrival of such a circumstance, every pore of our being will thrill with joy. But so long as this does not happen, it is inevitable for us to feel sorrowful for a time. This is indeed our foolishness, but what help is there! We do not wish to surrender ourselves into the hands of the infinitely merciful Mother in the form of the Lord, because we lack faith in Her infinite power and boundless benevolence. Here in this present illustration, the infant does not possess the means to comprehend the mother's feelings. Where does a six-month-old child have such intellect? But we do possess the means. Our intellect, which can deliberate upon politics,someone would ask for offspring, and someone would beg to cure disease through incantations. In this manner, obstacles began to arise in Kabir's solitary devotional practice. He prayed to the Lord. A few days later, some jealous people of the village hatched a conspiracy against Kabir and tutored a loose woman. When Kabir came to the marketplace to sell cloth, she caught hold of his garment and began to berate him harshly. She claimed, 'I am your kept mistress and you have abandoned me; I am suffering.' The band of wicked persons was already prepared; everyone began clapping and jeering. Kabir was severely slandered, yet Kabir rejoiced. He brought that woman home with him. Treating her like his own mother, he gave her shelter and began to show her deep respect and hospitality. The fire of repentance flared up in the woman's heart. She had cast a completely false allegation upon Kabir. But Kabir would constantly say, 'Mother! Do not be afraid. You have brought for me the gift of blame from the Lord's abode.' After this, hearing of Kabir's fame, the King of Kashi wished to have his audience. Kabir thought, 'Let the remaining trouble also be cleared away.' Taking her along, he went to the royal court. Seeing the woman with him, disgust arose in the King's mind toward Kabir, and Kabir was expelled from the court. Kabir returned to his hut. The jealous people were laughing and mocking him. But that woman fell prostrate at Kabir's feet and said, 'Why do you endure so much dishonor by keeping a wretched sinner like me with you?' Kabir replied, 'Mother! You have been sent by my Lord; you are a gift from my Master.'

ORIGINAL

अर्थशास्त्र, गणित, भूगोल, इतिहास एवं विज्ञानके विभिन्न क्षेत्रोंमें ऊहापोह कर सकती है, वह यदि चाहे तो, इन सबके ऊपर जाकर प्रभुकी सत्ता, मङ्गलमयतापर भी विचार कर सकती है, और यदि पक्षपातशून्य होकर वह उस दिशामें बढ़ेगी, अपने मनमाने सिद्धान्तको ही स्थापित करनेका आग्रह छोड़कर सत्यको सहर्ष आदर देनेके लिये प्रस्तुत होकर अग्रसर होगी तो उसे कुछ-न-कुछ प्रकाश मिलेगा ही। कुछ-न-कुछकी बात इसलिये कि वास्तवमें इस दिशामें श्रद्धाका सम्बन्ध नितान्त आवश्यक है। बुद्धि इस मार्गमें कुछ आगे चलकर कुण्ठित हो जाती है। फिर भी जो पुरुष सत्यको ग्रहण करनेका दृढ़ निश्चय, पक्षपातशून्य निश्चय लेकर चलता है, उसे प्रभुके ही किसी अचिन्त्य विधानके अनुसार किसी छिद्रसे आत्म-आलोककी कोई क्षीणतम रेखा दीख ही जाती है और कदाचित् उस क्षीण रेखाके सहारे ही वह थोड़ा-सा आगे और बढ़ गया, तब फिर तो उसका काम हो जाता है। उसके लिये श्रद्धाके द्वार अपने-आप खुल जाते हैं। बस, जहाँ श्रद्धाके द्वार खुले कि ज्ञानका पूर्ण आलोक आया। इसके अनन्तर कुछ करना नहीं पड़ता, जो वस्तु यहाँ जिस रूपमें है, वैसी ठीक-ठीक दीखने लग जाती है। प्रभुके अतिरिक्त यहाँ दूसरी वस्तु है ही नहीं, सर्वत्र प्रभु हैं, सर्वत्र आनन्द भरा है, मङ्गल-ही-मङ्गल पूर्ण है। हमारी आँखोंपर अज्ञानरूपी अँधेरेका पर्दा पड़ा है। हम प्रभुको, उनकी नित्य आनन्दमयताको, उनकी मङ्गलमयताको देख नहीं पाते। कहीं ज्ञानका सूर्य उदय हो जाय तो काम हो जाय। यहाँ हम प्रत्यक्ष प्रतिदिन देखते हैं—सूर्योदय हमारी आँखोंपर पड़े हुए अँधेरेके आवरणको हटामात्र देता है, वह किसी वस्तुकी रचना नहीं करता। वैसे ही प्रभुका सम्यक् सुदृढ़ ज्ञान, उनका दिव्यातिदिव्य आलोक जहाँ आया कि वह हमारी

ENGLISH TRANSLATION

economics, mathematics, geography, history, and various fields of science, can, if it so chooses, rise above all these and contemplate the Lord's existence and benevolence as well; and if, free from bias, it advances in that direction, abandoning the insistence on merely establishing its own arbitrary theories and stepping forward ready to welcome truth with joy, it will certainly receive some light. The phrase 'some light' is used because, in reality, the connection of faith is indispensable in this direction. After proceeding some distance on this path, the intellect becomes blunted. Even so, the person who moves forward with a firm, unbiased resolve to embrace truth catches sight of the faintest ray of the light of the Self through some opening, by virtue of the Lord's own inscrutable dispensation; and if, perchance, by the aid of that faint ray, one advances just a little further, then one's task is accomplished. For such a one, the portals of faith open of their own accord. And as soon as the doors of faith open, the full light of knowledge pours in. After this, nothing further needs to be done; everything in this realm begins to appear exactly as it truly is. Other than the Lord, there is no second entity here; everywhere is the Lord, everywhere is filled with bliss, everywhere is full of absolute auspiciousness. The veil of darkness in the form of ignorance covers our eyes. We are unable to behold the Lord, His eternal blissfulness, and His supreme benevolence. If somehow the sun of knowledge were to rise, the purpose would be fulfilled. We witness directly every day: sunrise merely removes the veil of darkness lying over our eyes; it does not create any object. Similarly, as soon as the perfect, firm knowledge of the Lord and His divinest light dawns, it removes our

ORIGINAL

बुद्धिके अनादि अज्ञान-अन्धकारको सदाके लिये नष्ट कर देता है। फिर प्रभु तो हमारे लिये नित्य-निरन्तर यहाँ हैं ही। उनकी रचना थोड़े होनी है।

यथा हि भानोरुदयो नृचक्षुषां
तमो निहन्यान्न तु सद् विधत्ते।
एवं समीक्षा निपुणा सती मे
हन्यात्तमिस्त्रं पुरुषस्य बुद्धेः ॥
(श्रीमद्भा० ११ । २८ । ३४)

किन्तु हमारा न तो प्रभुपर विश्वास है, न इस दिशामें कोई प्रयत्न ही है। इसीका अनिवार्य परिणाम यह है कि जहाँ तनिक-सा भी कोई प्रतिकूल विधान हमारे सामने आया, आनेकी गन्धमात्र मिली कि हम उसे टालनेकी चेष्टा करते हैं। वह टलता तो है नहीं, केवल सङ्घर्ष बढ़ता है और हम दुःखी होते हैं।

(२) हमारा मलिन स्वार्थ—दूसरेका कुछ भी हो, उसका चाहे अहित हो, वह चाहे दुःखी हो, हमारा भला होना चाहिये, हमें सदा सुख मिलना चाहिये। यह भावना हमारे दुःखका दूसरा कारण है। यह एक नित्य सनातन नियम मान लेना चाहिये कि जिसकी ऐसी भावना है उसका भला होनेका ही नहीं है, उसके लिये सुख बहुत दूरकी वस्तु है। सुखका स्वप्न वह भले देख ले, मनके लड्डू खा ले; तथा यह भी सम्भव है—पूर्व अर्जित किसी शुभ कर्मके फलोन्मुख प्रारब्धवश वह यहाँ अभी जगत्की दृष्टिमें ऊपरसे सुखमयी परिस्थितियोंसे घिरा दीख पड़े, पर कहीं कोई उसके मनमें प्रवेश करके देखे, उससे मनकी स्थिति पूछकर देखे तो पता चलेगा कि उसके मनमें सुखकी छाया भी नहीं है। वह एक अत्यन्त साधारण स्थितिके मनुष्यकी अपेक्षा भी बहुत अधिक

ENGLISH TRANSLATION

...destroys the beginningless darkness of ignorance of the intellect forever. Moreover, the Lord is already eternally and continuously here for us; He does not have to be created anew.
[Sanskrit] Just as the rising of the sun destroys the darkness before human eyes but does not create existing objects, even so skillful philosophical inquiry regarding Me destroys the darkness of a person's intellect.
(Srimad Bhagavatam 11.28.34)
Yet, we neither have faith in the Lord nor do we make any effort in this direction. The inevitable consequence of this is that whenever the slightest adverse dispensation appears before us, or we catch even a faint scent of its arrival, we attempt to avert it. It does not get averted; rather, conflict only increases, and we become miserable.
(2) Our impure selfishness-whatever happens to another, let harm come to them, let them suffer, but our own good must be served, and we must always obtain happiness. This attitude is the second cause of our sorrow. It should be accepted as an eternal, timeless law that one who harbors such an attitude will never attain true good; happiness is an extremely distant thing for them. They may well dream of happiness or indulge in wishful fantasies; and it is also possible that, on account of the fructifying destiny born of some past meritorious deed, they may presently appear in the eyes of the world to be surrounded outwardly by pleasant circumstances, but if anyone were to enter their mind and examine it, or inquire into their inner state, they would discover that not even the shadow of happiness exists in their mind. They are far more

ORIGINAL

अशान्त है। आज हममेंसे अधिकांशकी यही दशा है। हम अपना काम बनाना चाहते हैं, दूसरेकी उपेक्षा करते हैं। परिणाम यह होता है कि हमारा बनता ही नहीं, चाहे हम कितनी ही चेष्टा क्यों न करें और न बननेपर हम दुःखी तो होंगे ही।

जैसा हमारा शरीर है। इसमें आँख, नाक, कान, मुँह, सिर, कण्ठ, हृदय, पेट, कमर, हाथ, पैर आदि विभिन्न अवयव हैं। अब यदि आँख कहे कि हाथ टूटे तो टूटे, पैर कटे तो कटे हम ठीक रहें, कान कहे कि आँख फूटे तो फूट जाय, नाक सड़े तो सड़ जाय, इससे हमारा क्या, हम ठीक बने रहें, तो यह कैसी हास्यास्पद बात है ? एककी हानिका प्रभाव दूसरेपर पड़ेगा कि नहीं ? वैसे ही यह सारा विश्व एक ही प्रभुका शरीर है, हम सभी उस विराट् शरीरके अंश हैं, परस्पर हम सभी जुड़े हुए हैं, सबके हितमें हमारा हित, सबके सुखमें हमारा सुख समाया हुआ है। हमें ऐसी अनुभूति इसलिये नहीं होती कि विषय-व्यामोहमें पड़कर हम पागल हो रहे हैं, हमारी बुद्धि ठिकाने नहीं है। पागल जैसे अपने ही अङ्गोंको काटकर, तरह-तरहकी चेष्टाओंसे उसे विकृतकर सुखी होनेका अनुभव करता है, वही दशा हमारी है। जब हमारा यह पागलपन दूर होगा, प्रभुमें स्थित होकर हम इस जगत्को देखेंगे, तब यथार्थ दीखेगा और उस समय, जैसे हम अपने सिर, हाथ आदि अङ्गोंमें 'ये दूसरे हैं' ऐसी भेद-बुद्धि नहीं करते, वैसे ही समस्त भूतप्राणियोंमें ही हम पर-बुद्धि करना छोड़ देंगे। सबके प्रति समान अपनापन होगा—

यथा पुमान्न स्वाङ्गेषु शिरःपाण्यादिषु क्वचित् ।
पारक्यबुद्धिं कुरुते एवं मत्परः ॥
(श्रीमद्भा० ४ । ७ । ५३)

जबतक हमारी यह स्थिति नहीं हो जाती, तबतक 'यह हमारा, यह दूसरेका, हम सुखी रहें, दूसरेसे हमें क्या मतलब ? यह वृत्ति बनी रहेगी और हमें दुःख देती ही रहेगी।'

ENGLISH TRANSLATION

restless than a person in the most ordinary circumstances. Today, such is the condition of most of us. We seek to fulfill our own interests while neglecting others. The result is that our purpose is never achieved, no matter how hard we try, and when it is not achieved, sorrow is inevitable. Consider our own body. It has various organs such as eyes, nose, ears, mouth, head, throat, heart, stomach, waist, hands, and feet. Now, if the eye were to say, "Let the hand break if it must, let the foot be severed if it will, so long as I remain intact," or if the ear were to say, "Let the eye burst if it does, let the nose rot if it decays, what is that to me so long as I stay fine," how ridiculous that would be! Will the harm of one part not affect the other? In the exact same way, this entire universe is the body of the one Lord alone. We are all parts of that Cosmic Form, intimately interconnected with one another; our own well-being is contained within the well-being of all, and our own happiness is contained within the happiness of all. We do not experience this realization because, having fallen into the delusion of worldly objects, we are going mad; our intellect is not in its proper place. Just as a madman mutilates his own limbs, deforming them through various acts, and yet imagines himself to be happy, such is our condition. When this madness of ours is dispelled and, being established in the Lord, we behold this world, then reality will be seen. At that time, just as we do not harbor a divisive sense of otherness toward our own limbs like the head or hands, thinking "these are separate," likewise we shall cease to see otherness in all living beings. There will be an equal sense of oneness toward everyone-

[Sanskrit] Just as a person never harbors a sense of otherness toward their own limbs such as the head, hands, and the like, even so does one devoted to Me regard all beings.

(Srimad Bhagavatam 4.7.53)

Until we attain this state, the mindset of "this is mine, that belongs to another; let us be happy, what concern have we with anyone else?" will persist and continue to bring us grief.

ORIGINAL

(३) पद-पदपर भयभीत होना—हमें इतने प्रकारके भय घेरे रहते हैं कि जिनकी गणना सम्भव नहीं। संक्षेपमें कहनेपर हम यों कह सकते हैं कि जो कुछ हमारे पास प्रिय वस्तुएँ वर्तमान हैं, उनमेंसे प्रत्येकके छिन जानेका भय तथा जो-जो हमारी अभिलषित वस्तुएँ हैं जिनके लिये हम प्रयास करते रहते हैं, उनके न मिलनेका भय, इस प्रकार अगणित भय हमारे सामने खड़े रहते हैं, कुछ अव्यक्त चेतनामें कुछ प्रत्यक्ष रूपसे। ऐसी स्थितिमें हम दुःखी न हों तो और क्या हों ? पर यह भी है हमारी मूर्खता ही। क्या यह सम्भव है कि परम सुहृद् प्रभु हमारी आवश्यक वस्तु हमसे छीन लें ? अथवा हमारी आवश्यक वस्तु हमें न दें ? यहाँका कोई सच्चा मित्र भी जब ऐसा नहीं करता, तब जिन प्रभुसे समस्त विश्वमें मित्रभावका संचार होता है, जो समस्त प्रेमभावनाओंके उद्गम हैं, जो सब कुछ करनेमें समर्थ हैं, जो हमारे मनमें होनेवाले प्रत्येक सूक्ष्मतम स्पन्दनसे भी नित्य परिचित रहते हैं, वे कभी भला ऐसा कर सकते हैं ? कभी नहीं करेंगे, कर ही नहीं सकते। निरन्तर देते रहना तो उनका स्वभाव है, हमारे लिये नित्य नव आनन्दका सृजन करना ही उनका काम है। जो वस्तु हमारे लिये अनावश्यक है, हानिकर सिद्ध होने लगती है, उसे वे हटा देते हैं तथा ऐसी वस्तुएँ माँगनेपर भी, चेष्टा करनेपर भी सामने लाकर नहीं रखते—इतना तो अवश्य करते हैं। पर इससे हमें भयभीत क्यों होना चाहिये ? बिना हमसे कुछ याचना किये हमारे लिये नित्य-निरन्तर इतनी सुन्दर व्यवस्था करनेवाला, हमारी रक्षा करनेवाला, हमारा अकारण स्नेही मित्र ऐसा कोई दूसरा मिलेगा ? किन्तु हमें ऐसी प्रतीति नहीं होती और हम डरते रहते हैं, डर-डरकर दुःखी होते रहते हैं। 'हाय रे, ऐसा हो गया तो फिर क्या होगा ! ऐसा नहीं हुआ तो क्या दशा होगी !'—इन चिन्ताओंके जालमें पड़े रहनेके कारण हमारा दुःख प्रतिक्षण बढ़ता रहता है। प्रतीति हो भी तो कैसे हो। हम प्रभुकी ओर नजर उठाकर देखतेतक नहीं, हमें उनकी आवश्यकता ही अभी नहीं प्रतीत होती !

ENGLISH TRANSLATION

(3) Being fearful at every step-we are surrounded by so many kinds of fear that counting them is impossible. Briefly stated, we may say that there is the fear of being deprived of every dear object currently in our possession, and the fear of not obtaining the desired objects for which we continually strive; thus countless fears stand before us, some in the subconscious mind and some manifest directly. In such a condition, if we are not sorrowful, what else can we be?
Yet, this too is entirely our own foolishness. Is it ever possible that the supreme well-wishing Lord would snatch away what is truly necessary for us, or withhold our essential needs from us? When even a true worldly friend does not act in this manner, how could the Lord-from whom the spirit of friendship permeates the entire cosmos, who is the source of all sentiments of love, who is capable of doing everything, and who is eternally acquainted with even the subtlest vibration arising in our mind-ever do such a thing? He will never do so; He simply cannot. Giving continually is His very nature; creating ever-new joy for us is His sole work. It is true that He removes whatever object is unnecessary or begins to prove harmful to us, and He does not place such things before us despite our asking or striving-this much He certainly does. But why should this make us fearful? Will another friend ever be found who makes such beautiful provisions for us constantly without asking anything in return, who protects us, and who loves us without any selfish motive? Yet we lack such conviction, and so we go on fearing, suffering continually out of fright. "Alas, if this happens, what will become of me! If that does not happen, what will be my fate!"-being trapped in the web of these anxieties, our sorrow grows with every passing moment. And how could conviction arise? We do not even lift our eyes to look toward the Lord; we do not even feel the need for Him yet!

ORIGINAL

यदि हम उनकी ओर देखने लग जाते तो प्रत्येक भयके स्थलमें ही, उसके अन्तरालमें उनका हँसता हुआ मुख हमें दीख जाता । फिर भय

(४) हमारी प्रमादभरी आदतें—हमें जो करना चाहिये, वह तो हम करते नहीं और जो नहीं करना चाहिये, वह करते रहते हैं । दुःखका यह चौथा कारण है। यह बात नहीं है कि हमें करने एवं न करनेयोग्यका पता ही नहीं हो। हममेंसे अधिकांशको अधिकांश स्थलपर अपने सहज ज्ञान (Intuition) से यह सङ्केत मिलता रहता है, पर हम उसकी उपेक्षा कर जाते हैं। जो आस्तिक जगत्में रहते हैं, सत्-चर्चा सुनते-कहते हैं, उनको तो यह विशेषरूपसे पता रहता है। ऋषियोंके इन अमर सन्देशोंसे वे प्रायः परिचित रहते हैं—

सत्यान्न प्रमदितव्यम् । धर्मान्न प्रमदितव्यम् । कुशलान्न प्रमदितव्यम् ।

'तुम्हें सत्यसे कभी प्रमाद नहीं करना चाहिये—कभी नहीं डिगना चाहिये। तुम्हें धर्मसे कभी प्रमाद नहीं करना चाहिये। बहाना बनाकर, आलस्यवश धर्मकी अवहेलना नहीं करनी चाहिये। कुशल-शुभ कर्मोंसे तुम्हें प्रमाद नहीं करना चाहिये, प्रभुके द्वारा सौंपे हुए शुभ कर्मोंका त्याग या उनकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिये।'

पर हम ऐसे कितने हैं, जो जानते रहनेपर भी, यह सोच-समझ रखनेपर भी ऐसा न करते हों ? विषयोंसे सुख पा लेनेकी लालसामें न जाने कितनी बार, कितनी बुरी तरहसे हम इन नियमोंको तोड़ते हैं । और जैसे—'सड़कसे नीचे दाहिने-बायें मत झुको, गड्ढा है, सर्वथा सीधी राह जाओ।' इस सूचनाकी अवहेलना करनेपर हम नीचे गिरेंगे ही, चोट लगेगी ही, वैसे ही प्रभुके द्वारा स्थापित सनातन नियमोंका उल्लङ्घन चाहे हम लुक-छिपकर करें या भरी सभामें जनमत एकत्र कर सर्वसम्मतिसे उचित सिद्ध कराकर करें, पर हमारा पतन रुक नहीं सकता, सत्पथसे हम दूर हटेंगे ही और दुःखका बोझ उठाना पड़ेगा ही ।

(५) हमारा अहम्भाव—इसकी अभिव्यक्ति अनेक रूपोंमें

ENGLISH TRANSLATION

If we were to look toward Him, then in the very heart of every place of fear, we would behold His smiling face. Where then could fear...

(4) Our negligent habits-what we ought to do, we do not do; and what we ought not to do, we keep doing. This is the fourth cause of sorrow. It is not that we are entirely unaware of what is worthy of being done and what is not. Most of us receive this indication at most moments through our intuition, yet we ignore it. Those who dwell in the realm of faith, listening to and speaking of noble spiritual truths, are particularly aware of this. They are generally familiar with these immortal messages of the sages:

[Sanskrit] One must never swerve from Truth. One must never swerve from Dharma (righteousness). One must never swerve from actions that promote spiritual and material well-being.

"You must never become negligent of truth-you must never waver from it. You must never neglect righteousness. You should not disregard virtue through excuses or indolence. You must not neglect beneficial, auspicious deeds, nor abandon or overlook the noble duties entrusted by the Lord."

Yet how many of us are there who, despite knowing and understanding this, do not violate it? In our craving to derive pleasure from sensory objects, countless times and in the most grievous manner we transgress these principles. And just as with the warning-"Do not veer off the road to the right or left, there is a ditch; keep strictly to the straight path"-disregarding this instruction will inevitably cause us to fall and get injured, in the exact same manner, whether we violate the eternal laws established by the Lord in secret or justify it through consensus gathered in an assembly, our downfall cannot be prevented; we will surely stray from the righteous path and inevitably bear the burden of sorrow.

(5) Our egoism-its manifestation occurs in numerous forms...

ORIGINAL

होती है। हमें निमित्त बनाकर कहीं कोई-सी सुन्दर घटना घटित हुई कि हमारा अहम्भाव जाग उठता है। उसका सारा श्रेय हम अकेले ही ले लेना चाहते हैं। 'अजी, मैं नहीं होता तो ऐसा कभी हो ही नहीं सकता।'—इस प्रकार अपनेको सामने रखनेमें हम लज्जाका अनुभव नहीं करते। यदि हम शिष्ट हैं तो हमारे कहनेकी भाषा सुन्दर, शालीन हो सकती है, हमारे उस कथनमें ऊपरसे देखनेपर केवल विनम्रता भरी दीख सकती है तथा कभी-कभी तो जनतापर यह छापतक पड़ सकती है कि हम उस कार्यका श्रेय सर्वथा लेना ही नहीं चाहते, किन्तु असलमें हमारा मन ही जानता है कि हम क्या चाहते हैं। और कभी इससे भी बहुत अधिक सूक्ष्म अभिव्यक्ति इसकी होती है। हम अनुभव करते हैं कि हमें इसका श्रेय नहीं चाहिये, पर बिना माँगे, बिना चाहे हमें जब श्रेय मिलने लगता है, तब हमें सुखकी अनुभूति होती है। यह सुखकी अनुभूति वास्तवमें प्रच्छन्न अहम्भावकी ही अभिव्यक्ति है। जो हो, जाननेकी बात यह है कि चाहे जहाँ, जिस रूपमें, जिस मात्रामें इसकी अभिव्यक्ति होगी, वहाँ उसी रूपमें, उतनी मात्रामें ही हमारे लिये यह अभिव्यक्ति दुःखका सृजन कर ही देगी। हम तनिक सोचें, हमारी जिन इन्द्रियोंकी सहायतासे वह कार्य सम्पन्न हुआ है, जिस मनके विचार उसे सम्पन्न करनेमें हेतु बने हैं, जिस बुद्धिका निश्चय उसे अबतक—सफलताकी सीमातक निभा ले गया है, उन इन्द्रिय-मन-बुद्धिमें शक्ति कहाँसे आयी है? प्रभुकी शक्ति ही तो इन्द्रियोंमें व्यक्त होती रही है, उनकी शक्तिने ही तो वैसे सुन्दर विचार मनमें उद्बुद्ध किये थे, बुद्धिकी वह निश्चयात्मिका शक्ति भी तो प्रभुकी ही देन है। फिर हमारा क्या है, जो हम 'अहङ्कार' कर रहे हैं, उस कार्यका श्रेय ले रहे हैं! यहाँ सब कुछ सर्वथा प्रभुकी शक्तिसे ही तो सम्पन्न हो रहा है! पर हम अहङ्कारसे विमूढ़ होकर अपनेको मान बैठते हैं उन सबका कर्ता। इसका परिणाम क्या होगा! हमारे इस अहङ्काररूपी मलिन यन्त्रके द्वारा प्रभुकी पवित्रतम शक्तिका दुरुपयोग हुए बिना रह नहीं सकता।

ENGLISH TRANSLATION

occurs. The moment some noble event transpires with us as an instrument, our sense of ego awakens. We desire to claim all the credit entirely for ourselves. "Ah, had I not been there, this could never have happened!"-in putting ourselves forward in this manner, we feel no shame. If we are cultured, the language of our speech may be refined and courteous; on the surface, our words may appear filled solely with humility, and at times it may even leave an impression upon the public that we do not wish to take credit for the deed at all; yet in truth, our mind alone knows what we truly desire. And at times, its manifestation is far more subtle. We feel that we do not want the credit for it, yet when credit begins to come to us unasked and unsought, we experience a feeling of pleasure. This experience of pleasure is, in reality, nothing but the expression of a concealed ego. Be that as it may, what must be understood is that wherever, in whatever form, and to whatever extent this manifests, in that very form and to that very extent, this manifestation will inevitably generate sorrow for us. Let us reflect for a moment: from where did the power in those senses, mind, and intellect originate-the senses through whose aid that work was accomplished, the mind whose thoughts served as the cause in fulfilling it, and the intellect whose resolve carried it through to the pinnacle of success? It is the Lord's power alone that was being expressed through the senses; His power alone awakened such noble thoughts in the mind; and that resolute power of the intellect is also a gift of the Lord alone. What, then, is ours, that we indulge in "pride" and claim credit for that work! Everything here is accomplished entirely through the Lord's power alone! Yet, deluded by ego, we presume ourselves to be the doer of it all. What will be the consequence of this? Through this tainted instrument of our ego, the misuse of the Lord's most sacred power cannot fail to occur.

ORIGINAL

सद्उपयोग तो केवल वहाँ सम्भव है, जहाँ यह अहङ्कार सर्वथा मिट गया होता है, प्रभुकी शक्ति सीधे उतरती होती है, अथवा जहाँ यह अहङ्कार सर्वथा परिशुद्ध होकर प्रभुके पाद-पद्मोंसे लिपट जाता है, मन-बुद्धि-इन्द्रियोंमें प्रभुकी सञ्चारित की हुई शक्तिको वहींसे देखता भर रहता है, देख-देखकर उत्फुल्ल होता रहता है, कभी भूलकर भी हस्तक्षेप करने नहीं आता।

सारांश यह है कि हमारा अहङ्कार पहले तो प्रभुकी शक्तिपरसे उनका नाम पोंछकर अपनी मुहर लगा देता है और फिर उस शक्तिका अपव्यय करता है। अब जगन्नियन्ताकी शक्ति चुराकर उसका अपव्यय करनेका परिणाम दुःखकी सृष्टिके अतिरिक्त और हो ही क्या सकता है?

बस, उपर्युक्त पाँच कारणोंमें ही हमारे दुःखके प्रायः सभी कारण समा जाते हैं। ये पाँचों कारण एक-दूसरेसे भिन्न, सर्वथा स्वतन्त्र हों, ऐसी बात नहीं है। पाँचों एक-दूसरेसे मिले-जुले होते हैं, परस्पर रूपान्तरित होते रहते हैं। समझनेके लिये इन पाँच विभागोंमें बाँटकर हम उन्हें अच्छी तरह समझ सकते हैं।

वास्तविक दृष्टिसे विचारनेपर तो दुःख नामकी कोई वस्तु ही नहीं है। फिर भी, जबतक हम प्रभुमें स्थित नहीं हो जाते, तबतक दुःखकी सत्ताका भ्रम बना ही रहता है। उनमें व्यवस्थित हुए कि दुःखका अत्यन्त अभाव हो जाता है। सूर्यको कभी अन्धकारकी सत्ताका भान है क्या? जहाँ सूर्य है, वहाँ अन्धकार न था, न है, न रहेगा। वैसे ही परमानन्दघन प्रभुके समीप दुःखकी सत्ता है ही नहीं। उनमें तन्मय होते ही हमारे लिये भी दुःख नहीं रहेगा। अभी तो हम उनसे अलग होकर, उनसे मुँह फेरकर अपनी दृष्टि घुमा रहे हैं और इसीलिये—प्रभुके अतिरिक्त और कोई अस्तित्व न होनेपर भी—हमें नाना पदार्थोंके, अनेक विषयोंके दर्शन हो रहे हैं तथा इन विषयोंसे सुख पानेकी जो अपेक्षा है, आशा है, बस, यही दुःख है—

दुःखं कामसुखापेक्षा ...

(श्रीमद्भा० ११ । १९ । ४१)

ENGLISH TRANSLATION

Right use is possible only where this ego has completely dissolved and the Lord's power descends directly, or where this ego, having become completely purified, clings to the lotus feet of the Lord, merely beholding from there the power transmitted by the Lord into the mind, intellect, and senses, remaining enraptured by watching it, and never, even by mistake, intervening.

The essence is that our ego first wipes away the Lord's name from His power, affixes its own seal upon it, and then squanders that power. Now, what else can be the consequence of stealing the power of the Ruler of the universe and squandering it, other than the creation of sorrow? Indeed, almost all the causes of our sorrow are subsumed within the aforesaid five causes. It is not that these five causes are entirely distinct and completely independent of one another. All five are intermingled and continually transform into one another. For the sake of understanding, by dividing them into these five categories, we can comprehend them thoroughly.

When considered from the ultimate standpoint, there is truly no such entity as sorrow. Even so, as long as we are not established in the Lord, the illusion of the existence of sorrow persists. The moment we are established in Him, sorrow ceases to exist altogether. Is the sun ever aware of the existence of darkness? Where the sun is, darkness neither was, nor is, nor ever shall be. Likewise, in the presence of the Lord, the embodiment of supreme bliss, the existence of sorrow is impossible. The moment we become absorbed in Him, sorrow will no longer remain for us either. At present, having separated ourselves from Him and turned our faces away, we wander our gaze, and for this reason-even though there is no existence other than the Lord-we behold diverse objects and numerous sense-pleasures; and the expectation, the hope of obtaining happiness from these sense-objects, that alone is sorrow:

[Sanskrit] "Sorrow is the expectation of the pleasures of desire..." (Srimad Bhagavatam 11.19.41)

ORIGINAL

जिस दिन, जिस क्षण हमने प्रभुको देख लिया, उन्हें जान लिया, बस, उसी क्षण यह विषय-सुखकी अपेक्षा समाप्त हो जायगी; दुःखोंके समस्त कारण मिट जायँगे; हमारे दुःखोंका सदाके लिये अन्त हो जायगा। विषय, नानात्व—ये भी नहीं रहेंगे। रहेंगे केवल एक प्रभु।

इसीलिये श्रुति हमें सावधान करती है—

यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यन्ति मानवाः ।

तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यान्तो भविष्यति ॥

(श्वेताश्वतर० ६ । २०)

'जब मनुष्य आकाशको चमड़ेकी भाँति लपेट ले सकेंगे, तब उन परमदेव परमात्माको जाने बिना भी दुःखका अन्त हो सकेगा।'

यह असम्भव है, पर हम सुननेपर भी सावधान नहीं होते! दुःखके मार्गमें ही आगे-से-आगे बढ़ते चले जाते हैं। भगवान् हमें सद्बुद्धि दें।

ENGLISH TRANSLATION

The day, the very moment we behold the Lord and know Him, at that very instant this craving for sensual pleasure will cease; all causes of sorrow will be eradicated; our sorrows will come to an end forever. The objects of sense, the multiplicity-these too shall cease to exist. The one Lord alone shall remain.

Therefore the Sruti cautions us:

[Sanskrit] "When men shall roll up space as if it were a piece of leather, only then shall there be an end to sorrow without knowing the Supreme God." (Svetasvatara Upanishad 6.20)

"When men can roll up the sky like a hide of leather, then alone will the end of sorrow be possible without knowing the Supreme Divine Self."

This is impossible, yet despite hearing it, we do not heed the warning! We continue to advance further and further along the path of sorrow. May the Lord grant us right understanding.

CHAPTER 13

काम या प्रेम

Desire or Love

Source coverage: 107–119

ORIGINAL

काम या प्रेम

बहुत बार हम प्रेमके नामपर कामकी उपासना करते हैं। हमें मलिन काम नचाता रहता है और हम भ्रमवश प्रेमकी निर्मल वेदीपर आत्मोत्सर्ग करनेका दम भरते हैं, जगत्के सामने एक परमोज्ज्वल आदर्श स्थापित कर जानेका स्वप्न देखते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि केवल अपने-आप ही नहीं गिरते, अपने तथाकथित प्रेमास्पदको भी अन्धकारमें घसीट ले जाते हैं। साथ ही इससे जगत्में इतने दूषित परमाणु फैल जाते हैं कि वैसे सजातीय मनवाले व्यक्तियोंके भी सुप्त संस्कार जग उठते हैं, उन्हें भी हमारा अनुकरण करनेमें गौरवकी अनुभूति होने लगती है। इस प्रकार प्रेमका निर्मल नाम तो कलङ्कित होता ही है, समाजको, राष्ट्रको, विश्वको, इनमें हमारा जहाँ जैसा जितना महत्त्वपूर्ण स्थान है, उसके अनुपातसे छिन्न-भिन्न कर देनेमें, इनके लिये अशान्ति, दुःख, विपत्तिका जाल रच देनेमें हम निमित्त बन जाते हैं और यह स्थिति बड़ी दयनीय होती है। अतः प्रारम्भसे ही हमें सावधान होकर बढ़ना चाहिये। हम आत्मनिरीक्षण करते रहें—कामके चङ्गलमें हैं या प्रेमका निर्मल आकर्षण हमें आकर्षित कर रहा है?

यह बात ध्रुव सत्यरूपमें स्वीकार कर लें कि हम एवं हमारे प्रेमास्पद—इन दोनोंके बीचमें यदि भगवान्के लिये स्थान नहीं है, हमारा एवं हमारे किसी भी प्रेमास्पदका पारस्परिक सम्बन्ध प्रभुकी भावनासे शून्य है तो चाहे ऊपरी ठाट-बाट, बाहरका ढंग कितना भी सुन्दर, सुव्यवस्थित, पवित्र क्यों न प्रतीत हो, है वह वास्तवमें कामका ही पसारा। ऐन्द्रिय विषयोंसे पूर्ण, कलुषित मनके द्वारा यथेच्छ स्थापित किये हुए सम्बन्धमें काम भरा हो—इसमें तो कहना ही क्या, जो सम्बन्ध सर्वथा वैधरीतिसे स्थापित हुए हैं, जिनमें कहीं भी, तनिक भी मर्यादाका उल्लङ्घन नहीं हुआ है, उन सम्बन्धोंमें भी प्रेमका भ्रम होता है और वहाँ रहता है काम। भारतके सूक्ष्मदर्शियोंको इसका पूरा पता था। वे इसका विश्लेषण कर गये हैं—

न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय

ENGLISH TRANSLATION

Lust or Love

Many a time, in the name of love, we worship lust. Tainted lust keeps making us dance, and under delusion we boast of offering our self-sacrifice upon the pure altar of love, dreaming of setting a supremely radiant ideal before the world. The consequence of this is that not only do we fall ourselves, but we also drag our so-called beloved into darkness. Furthermore, so many impure vibrations are dispersed into the world through this that the dormant impressions of people possessing similar mental dispositions are awakened, and they too begin to feel a sense of pride in imitating us. In this manner, not only is the pure name of love tarnished, but in proportion to the significance of our position in society, nation, or the world, we become instruments in tearing them apart and weaving a web of unrest, sorrow, and calamity for them; and this state of affairs is exceedingly pitiable. Therefore, right from the beginning, we must proceed with vigilance. Let us continually engage in self-examination: are we caught in the clutches of lust, or is the pure attraction of love drawing us?

Let us accept this as an absolute truth: if there is no place for God between us and our beloved, if the mutual relationship between us and any of our beloveds is devoid of the feeling of the Lord, then no matter how beautiful, well-ordered, or holy the external appearance and outward manner may seem, it is in reality nothing but the expanse of lust. To say nothing of relationships established arbitrarily by an impure mind filled with sensual objects being permeated with lust, even in relationships established entirely through lawful means, wherein there has not been the slightest breach of propriety anywhere, there is the delusion of love, while what resides there is lust. The seers of subtle truth in India knew this fully well. They have analyzed it thus: [Sanskrit] "Verily, not for the sake of the husband is the husband dear, but for the sake of the Self..."

ORIGINAL

पतिः प्रियो भवति। न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवत्यात्मनस्तु कामाय जाया प्रिया भवति। न वा अरे पुत्राणां कामाय पुत्राः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय पुत्राः प्रिया भवन्ति। (बृहदारण्यकोपनिषद् ४। ५। ६)

'यह निश्चय है कि पतिके प्रयोजनके लिये पति प्रिय नहीं होता, अपने ही प्रयोजनके लिये पति प्रिय होता है; स्त्रीके प्रयोजनके लिये स्त्री प्रिया नहीं होती, अपने ही प्रयोजनके लिये स्त्री प्रिया होती है। पुत्रोंके प्रयोजनके लिये पुत्र प्रिय नहीं होते, अपने ही प्रयोजनके लिये पुत्र प्रिय होते हैं।'

यह पढ़-सुनकर एक बार तो ऐसा लगेगा कि यह कैसे हो सकता है? क्या हमारे सभी पारिवारिक, कौटुम्बिक सम्बन्ध प्रेमशून्य हैं? नहीं, यह बात नहीं है परंतु गम्भीरतासे विचारनेपर यह बात अक्षरशः सत्य सिद्ध होगी। विश्वके धरातलपर विभिन्न देश हैं। वहाँके नर-नारियोंके जीवनपर हम सूक्ष्म विचार करें। फिर हमें सन्देह नहीं रहेगा। जबतक हमें अपने सम्बन्धियोंसे सुख मिलनेकी सम्भावना रहती है, सुख मिलता रहता है, तबतक प्रेम-सूत्र जुड़ा रहता है। सुखकी आशा मिटी, सुख मिलना बन्द हो गया कि बस, प्रेम भी टूट गया। न टूटा तो शिथिल तो हो ही जायगा।

इसीलिये ऋषियोंने सुन्दर मर्यादा बाँधी थी, इन समस्त काममूलक सम्बन्धोंको भगवत्प्रेममें परिणत कर देनेकी सरल एवं अत्यन्त सुन्दर व्यवस्था कर दी थी। वे आदेश दे गये थे—पत्नीको चाहिये कि वह अपने पतिको प्रभुका रूप मानकर ही उससे प्रेम करे, पतिको चाहिये कि अपनी पत्नीको वह प्रभुका ही रूप समझे। पुत्र पितामें प्रभुकी ही भावना करके उनकी सेवा करे। पिता अपने पुत्रको प्रभुकी अभिव्यक्ति मानकर ही उसका संलालन करे। जहाँ जिससे सम्बन्ध हो, उसमें एकमात्र प्रभुको ही अभिव्यक्त देखकर, इस अनुभूतिको सतत बनाये रखकर ही यथायोग्य सेवामें प्रवृत्त हो। इस

ENGLISH TRANSLATION

[Sanskrit] The husband is not dear for the sake of the husband; rather, the husband is dear for the sake of the Self. The wife is not dear for the sake of the wife, O dear; rather, the wife is dear for the sake of the Self. The sons are not dear for the sake of the sons, O dear; rather, the sons are dear for the sake of the Self.
(Brihadaranyaka Upanishad 4.5.6)
'It is certain that a husband is not dear for the purpose of the husband; a husband is dear for one's own purpose. A wife is not dear for the purpose of the wife; a wife is dear for one's own purpose. Sons are not dear for the purpose of sons; sons are dear for one's own purpose.'
Upon reading or hearing this, it might seem for a moment: how can this be? Are all our familial and domestic relationships devoid of love? No, that is not the case, but upon deep reflection, this statement will prove to be literally true. There are various nations across the surface of the globe. Let us subtly examine the lives of men and women there. Then no doubt will remain in us. As long as there is an expectation of receiving pleasure from our relatives, and pleasure continues to be received, the thread of love remains bound. Once the hope of pleasure vanishes and receiving pleasure ceases, love too is broken. Even if it is not broken, it is bound to become slack.
For this very reason, the sages established a sublime boundary, making a simple and exceedingly beautiful arrangement to transform all these desire-based relationships into divine love for God. They imparted the injunction: a wife ought to love her husband only by regarding him as a form of the Lord, and a husband ought to understand his wife as a veritable form of the Lord. The son should serve his father by perceiving the Lord Himself in him. The father should nurture his son only by regarding him as a manifestation of the Lord. Wherever and with whomever a relationship exists, one should engage in appropriate service only by perceiving the Lord alone manifested therein and by constantly maintaining this realization. Of this

ORIGINAL

भावनाका यह निश्चित परिणाम होना ही है कि बहुत शीघ्र ही हमारा अहङ्कार विगलित हो जायगा; हमारे अन्दर जो स्पर्धाकी वृत्ति है, दूसरेको फलते-फूलते देखकर हम जो ईर्ष्या करने लगते हैं, यह नष्ट हो जायगी; असूया (परदोषदर्शन) की वृत्ति भी समाप्त हो जायगी; आज जो हम गर्वमें भरकर लोगोंका तिरस्कार कर बैठते हैं, यह भी नहीं रहेगा—

नरेष्वभीक्ष्णं मद्भावं पुंसो भावयतोऽचिरात् ।
स्पर्धासूयातिरस्काराः साहङ्कारा वियन्ति हि ॥
(श्रीमद्भा० ११। २९। १५)

तात्पर्य यह कि अनादि संस्कारवश, कर्मवश जब हम जगत्में हैं, तब हमारा लोगोंसे सम्बन्ध हुए बिना रह नहीं सकता। पर यदि हम ऋषियोंकी बाँधी हुई मर्यादाका अनुसरण करें तो इन काममूलक सम्बन्धोंका कोई दोष हमें स्पर्श नहीं कर सकेगा, अपितु हम अपने जीवनके चरम उद्देश्यको भी प्राप्त कर लेंगे। विषको शोधकर हम अमृत बना लेंगे, हमारे इस काम-सम्बन्धका पर्यवसान भगवत्प्रेममें हो जायगा। पर होगा तब, जब हम करना चाहेंगे। कहीं आजकी भाँति प्रेमका स्वाँग रचने जायँगे, कामका जो प्रवाह बह रहा है, उसीमें सुखका अनुभव कर, प्रभुको बीचमेंसे अलगकर हम भी बह चलेंगे तब तो हो चुका! आज क्या हो रहा है? जरा पाश्चात्त्य देशोंकी ओर दृष्टि उठाकर देखें—यौवनके उन्मादमें युवक-युवती परस्पर मिलते हैं, परस्पर वैवाहिक सम्बन्ध भी स्थापित करते हैं। उन्मादकी दूसरी लहर उठनेतक न जाने प्रेमका कितना, कैसा सुन्दर अभिनय चलता रहता है। पर स्वार्थका एक हलका-सा झोंका लगा; अपेक्षाकृत तनिक-सा अधिक सुन्दर सुखका दूसरा साधन सामने उपस्थित हुआ कि समस्त प्रेम क्षणभरमें हवा हो जाता है। पत्नी दूसरा पति वरण करती है, पति दूसरी पत्नी स्वीकार करता है। यहाँ भी जो मन पहले था, वह तो ज्यों-का-त्यों ही रहता है; यहाँ भी ठेस लगते देर नहीं लगती तथा इसे

ENGLISH TRANSLATION

attitude, this certain result is bound to follow: very quickly our ego will dissolve; the tendency toward rivalry within us, the jealousy we begin to feel upon seeing another prosper, will be destroyed; the disposition toward finding fault in others (asuya) will also come to an end; and the way we haughtily despise people today will no longer remain-

[Sanskrit] For a person who constantly meditates upon My presence in all human beings, rivalry, fault-finding, and disdain, along with arrogance, indeed disappear very quickly. (Srimad Bhagavatam 11.29.15)

The implication is that when, impelled by beginningless impressions and karma, we exist in this world, we cannot avoid entering into relationships with people. But if we follow the boundary laid down by the sages, no blemish of these desire-based relationships will be able to touch us; rather, we shall attain the supreme goal of our life as well. Purifying poison, we shall turn it into nectar, and our desire-based relationship will culminate in divine love for God. But this will happen only when we truly desire to do so. If, as in the present day, we go about staging a pretense of love, feeling pleasure in the flowing current of passion, and drift along while excluding the Lord from our midst, then all is lost! What is happening today? Just look toward the Western nations-in the intoxication of youth, young men and women meet each other, and they also establish marital ties with one another. Until another wave of infatuation arises, who knows how long and how fine a drama of love carries on. But at the slightest gust of selfishness, or when another means of pleasure that is relatively slightly more attractive presents itself, all that love vanishes into thin air in an instant. The wife chooses another husband, and the husband accepts another wife. Here too, the mind remains exactly as it was before; here too, it does not take long to suffer a blow, and leaving this

ORIGINAL

भी छोड़कर नया सम्बन्ध स्थापित होता है। एक-दो-तीन-चार-न जाने कितने परिवर्तन होते रहते हैं। प्रत्येक सम्बन्धके आरम्भमें ही प्रेमका नाटक तो ठीक-ठीक साङ्गोपाङ्ग ही पूर्ण होता है। ऊपरसे देखनेपर ठीक ऐसा लगता है मानो सचमुच ही इस बार दो हृदय सदाके लिये एक होने जा रहे हैं। पर होता वही है जो कामके क्षेत्रमें सदा हुआ करता है। दूसरा प्रलोभन आता ही है तथा दोनों नये सुखकी खोजमें नया सम्बन्ध ढूँढ़ने चल पड़ते हैं और मजा यह है कि ऐसा होना, ऐसा करना सभ्यताका अङ्ग माना जाने लगा है; इसका विरोध करनेवाले, सत्यको सामने रखनेवाले व्यक्ति पिछड़े हुए समझे जाते हैं। भारतवर्षपर भी इस उन्मादी लहरकी छाया पड़ने लगी है। इसका कुछ-कुछ नमूना हम अपने स्कूल-कालेजोंके छात्र-छात्राओंमें, उच्छृङ्खल युवक-युवतियोंमें देख सकते हैं। हमारे ऋषियोंने जो सुन्दर मर्यादा बाँधी थी, प्रत्येक काममूलक सम्बन्धको ही विशुद्धतम बना देनेकी जो उनकी व्यवस्था थी, उसके प्रति हमारे अधिकांश शिक्षित युवक-युवतीवर्गका आदर नहीं रहा है। अपने अतीतके गौरवमय अध्यात्मप्रधान इतिहासको वे अविकसित पुरुषोंका जीवन मानने लगे हैं। उनका आदर्श बन रहा है आजका वह समाज, जो भोग भोगनेकी पूरी स्वतन्त्रता देता है, जहाँ जिसमें नाना प्रकारके विषयोंको प्राप्त करनेकी, विषयोंका उपभोग करनेकी घुड़दौड़ मच रही है। इस आदर्शके अनुरूप ही वे अपना जीवन-निर्माण करने जाते हैं। उन्हें पुरानी बातें पसन्द नहीं, उन्हें तो नवीनता चाहिये, विकसित युगकी बातें ही वे ग्रहण करेंगे और इसीलिये उनके प्रेमका क्षेत्र भी इस युगके अनुरूप ही होता है। कामके नग्न नृत्यको ही वे प्रेमका विलास मानते हैं और उस प्रेमकी वेदीपर बलिदान होनेमें अपनेको अत्यन्त गौरवान्वित अनुभव करते हैं। यह है आजकी दशा!

जो हो, हममेंसे जिनका विवेक सर्वथा मर नहीं गया है, जो अपने जीवनको केवल अपने लिये ही नहीं—समाज, राष्ट्र, विश्वके हितकी

ENGLISH TRANSLATION

as well, a new relationship is established. One, two, three, four-who knows how many changes keep occurring. At the beginning of every relationship, the drama of love is enacted in an entirely complete and elaborate manner. From the outside, it appears as though this time two hearts are truly going to become one forever. But what happens is precisely what has always happened in the realm of lust. Another temptation inevitably arises, and both set out in search of new pleasure to find a new relationship. And the irony is that such occurrences, such behavior, have begun to be regarded as a part of civilization; those who oppose this and place the truth before them are considered backward. The shadow of this intoxicating wave has begun to fall upon India as well. We can see glimpses of this among the male and female students of our schools and colleges, and among undisciplined young men and women. The reverence of the majority of our educated youth toward the sublime discipline established by our sages, toward their system designed to render every desire-based relationship purest of all, has ceased to exist. They have begun to regard their past glorious, spiritually predominant history as the life of undeveloped men. Their ideal is becoming today's society, which grants complete freedom to indulge in sensual pleasures, where a race is underway to acquire various kinds of sensory objects and enjoy them. In accordance with this ideal, they set out to mold their lives. They do not like old things; they want novelty, they will accept only the notions of an advanced age, and for this reason the domain of their love also conforms to this age. They regard the naked dance of lust alone as the play of love, and feel immensely proud in sacrificing themselves upon the altar of that love. This is the state of affairs today!

Be that as it may, those among us whose discernment is not entirely dead, who wish to see their lives elevated not merely for themselves, but also from the viewpoint of the welfare of society, the nation, and the world, must indeed remain vigilant.

ORIGINAL

दृष्टिसे भी उन्नत देखना चाहते हैं, उन्हें तो सावधान ही होना चाहिये। हम कहीं भी प्रेम-सम्बन्ध स्थापित क्यों न करें, सबसे पहले वहाँ प्रभुको लाकर खड़ा करें। इस रूपमें प्रभु ही हमारे सामने हैं, यह भावना अक्षुण्ण बनी रहे अन्यथा इस भावनासे रहित कोई भी सम्बन्ध काममय सम्बन्धमें परिणत हुए बिना नहीं रहेगा। भले ही उसका प्रारम्भिक रूप कितना भी पवित्र, कैसा भी सुन्दर क्यों न हो तथा इस भावनाके साथ ही बहुत नहीं तो कम-से-कम एक बातका और ध्यान रखें। प्रेममें स्वार्थ साधनेकी वृत्ति, किसी प्रकारकी भी स्वसुखभावना—हमें प्रेमास्पदके द्वारा सुख मिले—यह भावना नहीं रह सकती। विशुद्ध प्रेममें तो अपना सर्वस्व समर्पण कर प्रेमास्पदको सुखी करनेकी ही वासना रहती है, उससे सुख पानेकी नहीं। जहाँ स्वयं सुख पानेकी इच्छा है, वहाँ प्रेम नहीं—काम है, यह मान लेना चाहिये, किन्तु हम इस सम्बन्धमें बहुत बार धोखा खा जाते हैं। हमारा अहम्भाव हमें ठगता रहता है। हम समझते हैं, हम तो प्रेम कर रहे हैं, हमारे मनमें एकमात्र प्रेमास्पदके सुखकी ही वासना है, पर वास्तवमें हम करते रहते हैं कामकी उपासना, हमारे अन्दर भरी होती है प्रेमास्पदसे स्वयं सुख पानेकी छिपी लालसा। इस भ्रमजालको भी हमें अवश्य तोड़ देना है, इस छिपे स्वार्थकी, स्वसुखलाभकी वृत्तिको शीघ्र-से-शीघ्र कुचल देना है। यह कुछ कठिन अवश्य है, पर करनेसे क्या नहीं होता! कामको—स्वसुखवासनाको प्रेमका स्वाँग देकर हमारे सामने रखनेवाली अहंताको हम एक बार ठीकसे पहचान लें तथा पहचानकर निरन्तर सजग बने रहें। अपने किसी भी प्रेमके सम्बन्धमें हमें अपने अन्दर उसकी तनिक भी गन्ध मिले कि बस, उसी क्षण इसे विशुद्ध प्रेमके निर्मल सुवाससे ढँक दें, हमारा प्राण तृप्त हो, हमें इसके

ENGLISH TRANSLATION

Wherever we may establish a relationship of love, we should first of all bring the Lord and place Him there. The realization that the Lord alone is before us in this form must remain unbroken; otherwise, any relationship devoid of this feeling will inevitably turn into a lustful relationship, regardless of how pure or how beautiful its initial form might be. Along with this realization, if not much, we should keep at least one more thing in mind: in true love, the tendency toward self-interest, any kind of longing for one's own pleasure-the notion that we should derive pleasure through the beloved-cannot exist. In pure love, having surrendered one's all, there exists solely the desire to make the beloved happy, not to derive pleasure from them. Where there is a desire to obtain pleasure for oneself, there is no love-it is lust, this must be accepted; yet we are deceived many times in this regard. Our ego keeps cheating us. We think that we are loving, that in our mind there is only the desire for the happiness of the beloved, but in reality we keep worshiping lust, and filled within us is the hidden craving to obtain pleasure for ourselves from the beloved. We must certainly tear apart this web of illusion as well; we must crush this hidden selfishness, this tendency toward seeking personal pleasure, as swiftly as possible. This is certainly somewhat difficult, but what cannot be achieved through effort!
Let us thoroughly recognize once and for all the ego that presents lust-the desire for one's own pleasure-before us under the guise of love, and having recognized it, let us remain constantly vigilant. In any of our relationships of love, the moment we detect the slightest trace of its scent within us, at that very instant let us envelop it with the immaculate fragrance of pure love, so that our soul may find fulfillment and we may

ORIGINAL

अतिरिक्त और कुछ भी नहीं चाहिये--इस परम पुनीत सरस सुरभित भावनाको जाग्रत् कर अन्य समस्त वृत्तियोंको शान्त कर दें। एक बार, दस बार, सौ बार, हजार बार--जितनी बार हमारी वह अहंता, कामकी माया--अँधेरा फैलावे, उतनी बार हम विशुद्ध प्रेम-प्रदीपकी लौको तेज कर, उसके आलोकमें प्रेमास्पदको देखने लग जायँ। फिर तो क्रमशः वह ज्योति, उज्ज्वल, उज्ज्वलतर होती जायगी, एवं अँधेरा क्षीण-क्षीणतर होता जायगा। किसी दिन यह अँधेरा सर्वथा, सदाके लिये विलुप्त हो जायगा। और बच रहेगा एकमात्र हमारा प्रेमास्पद। प्रेमास्पदकौन? प्रभु! इसी स्थितिका सङ्केत इन श्रुतियोंमें प्राप्त होता है--यत्र नान्यत्पश्यति नान्यच्छृणोति नान्यद्विजानाति स भूमा। (छान्दोग्य० ७। २४। १)

"जहाँ दूसरेको नहीं देखता, दूसरेको नहीं सुनता, दूसरेको नहींजानता, वही भूमा (प्रभु) है।"प्रेम एवं कामका अन्तर हमारे आचार्योंने विस्तृतरूपसे बताया है।

प्रेमके महामहिम पुजारियोंने सूक्ष्म विवेचनके द्वारा समझाया है--किस प्रकार हमारी अहंता कामको प्रेमकी पोशाक पहना देती है। पर उनके विवेचनको, उनके दिये हुए दिव्य उदाहरणोंको हम हृदयङ्गम कर सकें--यह भी बड़ा कठिन है। कामसे अभिभूत हुए हमारे मनमें उन दिव्य भावोंके लिये स्थान ही नहीं, कामका इतना गहरा काला रंग हममेंसे अधिकांशके ऊपर चढ़ गया है। उनका तो उल्लेख ही व्यर्थ है। पर हम जहाँ हैं, हमारा मस्तिष्क जिस धरातलपर क्रियाशील है, उसके अनुरूप विवेचन भी यदि हम ग्रहण करना चाहेंगे तो हमें मिल सकते हैं। एक पाश्चात्त्य सन्तने प्रच्छन्न कामका जाल रचनेवाली मनुष्यकी अहंताका बड़ा ही सुन्दर चित्रण किया है। यदि हम उन

ENGLISH TRANSLATION

"...we desire nothing else besides"--awakening this supremely sacred, sweet, and fragrant feeling, let us quiet all other mental tendencies. Once, ten times, a hundred times, a thousand times--as many times as that ego of ours, the illusion of lust, spreads darkness--so many times, quickening the flame of the lamp of pure love, let us begin to gaze upon the Beloved in its light. Then, gradually, that light will become bright and ever brighter, and the darkness will become faint and ever fainter. One day this darkness will disappear entirely and forever. And there will remain solely our Beloved. Who is the Beloved? The Lord! An indication of this very state is found in these Vedic verses:[Sanskrit] "Where one sees nothing else, hears nothing else, knows nothing else, that is the Infinite (Bhuma)." (Chandogya 7.24.1)"Where one sees not another, hears not another, knows not another, that alone is the Infinite (the Lord)." The difference between divine love (Prema) and selfish desire (Kama) has been explained elaborately by our Acharyas. The glorious devotees of Love have explained through subtle discernment how our ego drapes lust in the garments of love. But for us to take to heart their analysis and their divine illustrations is also exceedingly difficult. In our minds overcome by lust, there is simply no room for those divine sentiments; such a deep, dark color of lust has coated most of us. Mentioning them is indeed futile. Yet, from where we stand and on the plane where our intellect functions, if we wish to grasp an analysis suited to our level, we can find it. A Western saint has drawn a very fine depiction of the human ego that weaves the web of hidden lust. If we

ORIGINAL

सन्तकी इन थोड़ी-सी बातोंको ही समझ लें, ग्रहण कर लें और फिर उनके सहारे आत्मनिरीक्षण करते हुए ऊपर उठने लग जायँ तो सचमुच देखते-ही-देखते ऊपर उठ ही जायँ। हमारा काम बन जाय, स्वार्थकी वृत्तिपर हम विजय पा लें, अहंताके भ्रममें फिर न फँसें। वे सन्त कहते हैं--

"अहङ्कारका एक रूप और है, जो इतना प्रच्छन्न रहता है कि ऊपरसे अहङ्कारका अत्यन्त विरोधी भाव प्रतीत होता है। इस प्रकारके अहङ्कारसे, उसकी छद्मवेषताके कारण हमें सजग होकर अपनी रक्षा करनी चाहिये। यह अहङ्कार प्रायः प्रेमके साथ देखनेको मिलता है। यह आवश्यक नहीं कि प्रेमसे स्त्री-पुरुषके दाम्पत्य-प्रणयका ही अर्थ ग्रहण किया जाय; किन्तु फिर भी न्यूनाधिक रूपमें प्रबल प्रेमसे तो आशय है ही। अहङ्कारके अन्य रूपोंकी भाँति इसमें भी स्वार्थ एवं अहम्मन्यतासे सम्बन्ध रहता है, पर यहाँ इन दोनोंका वेश ऐसा बदला रहता है कि सुतीक्ष्ण दृष्टिके बिना उनको देखना असम्भव है। एक उदाहरणसे यह बात स्पष्ट हो जायगी। एक स्त्री अपनी किसी सखीको इतना प्यार करती है मानो उसकी पूजा-सी करती है। अपनी सखीके लिये जो-जो करना सम्भव प्रतीत होता है, उसे करनेमें अपना सारा समय व्यय करती है। उसको मिठाई और फूल देने, उसके लिये सुन्दर-सुन्दर लहँगे आदि बनाने, उसके पास असंख्य सन्देश भेजने, उसके फटे कपड़ोंको ठीक करनेसे लेकर उसके केश-प्रसाधन आदिमें सहायता करनेतकके सभी कर्मोंको वह करती रहती है। प्रेमके इस प्रचुर प्रदर्शनको देखकर कुछ लोग कहेंगे, 'अहा! कैसी आराधना है! कितना हृदयस्पर्शी! कितना सुन्दर! कैसा निःस्वार्थ प्रेम है!' परन्तु क्या सचमुच यह निःस्वार्थ प्रेम है? जब यह परमासक्त स्त्री सुनती है--

ENGLISH TRANSLATION

could merely understand and assimilate these few words of that saint, and then, engaging in self-examination with their aid, begin to rise above, we would truly ascend before our very eyes. Our purpose would be achieved, we would conquer the selfish impulse, and we would no longer be ensnared in the delusion of ego. That saint says:"There is yet another form of egoism which remains so concealed that outwardly it appears to be the very opposite of egoism. Because of its disguise, we must be vigilant and guard ourselves against this kind of egoism. This egoism is frequently observed alongside love. It is not necessary that love be understood solely in the sense of conjugal romance between man and woman; yet it nevertheless refers, more or less, to intense affection. As with other forms of egoism, this too is connected with selfishness and conceit; but here the guise of both is so transformed that without a keen vision it is impossible to detect them. An illustration will make this clear. A woman loves a friend of hers so much that it is as though she is worshipping her. She spends all her time doing whatever seems possible for her friend. She constantly performs every act, from offering her sweets and flowers, making beautiful skirts and garments for her, sending her innumerable messages, mending her torn clothes, to assisting her with hair styling and adornment. Seeing this lavish display of affection, some people might say, 'Ah! What devotion! How heart-touching! How beautiful! What selfless love!' But is this truly selfless love? When this deeply attached woman hears

ORIGINAL

किसीने उसकी सखीको मिठाइयाँ दी हैं, उसके लिये कुछ और भी किया है--उस समय यह सुनकर उसे पूर्ण सुखकी अनुभूति होती है क्या? उसका चित्त बिलकुल शान्त रहता है क्या? उसके मनमें तो एक विकलता उत्पन्न हो जाती है, जिसको वह बता तो नहीं सकती, पर उससे उसका मन अस्थिर हो जाता है और उसके जीवनमें उल्लास बरसानेवाली ज्योत्स्ना कुछ मन्द पड़ जाती है। न जाने क्यों वह सोच लेती है कि दूसरोंकी दी हुई मिठाइयोंमें उतना स्वाद नहीं होना चाहिये जितना उसकी मिठाईमें है। दूसरोंका सन्देशवहन उतना सफल नहीं होना चाहिये जितना उसका; दूसरोंके दिये हुए केश धोनेवाले चूर्णोंमें उतना असर या सुगन्ध न होना चाहिये जितना उसके दिये हुए चूर्णोंमें। इसी प्रकार अन्य बातोंमें भी उसे दूसरेका हस्तक्षेप नहीं सुहाता। अब कल्पना करें कि कोई अदृश्य व्यक्ति उससे प्रश्न करता है, 'क्यों जी! क्या तुम नहीं चाहती कि तुम्हारी सखी सुखी रहे?' फिर तो वह प्रेमातिरेकसे उत्तर देगी--'कौन कहता है? मैं तो दिनभर उसे सुखी करनेकी चेष्टामें निरत रहनेके अतिरिक्त और कुछ करती ही नहीं। उसके सुखके लिये तो मैं अपने प्राणोंकी भी बलि दे सकती हूँ।' और कहीं वह अदृश्य स्वर पुनः पूछ बैठे--'फिर उसको किसी दूसरी सखीके द्वारा सुख मिलनेपर तुम अशान्त क्यों होती हो?' अब यहाँ तो बस, मौन है। कोई उत्तर नहीं।"बात क्या है! यह सारी स्वार्थहीनता केवल मिथ्या स्वार्थहीनता है। वास्तवमें यह रूप बदले हुए अहङ्कार है। जबतक वह परमासक्त स्त्री अपनी सखीको सुख देनेका कार्य स्वयं सम्पन्न करती है, आनन्द-ही-आनन्द है, किन्तु जहाँ किसी दूसरेने उसे वैसे ही सुख पहुँचाया कि बस, दुःख होने लगता है। जिस प्रकार ईर्ष्याका वास्तविक कारण

ENGLISH TRANSLATION

that someone else has offered sweets to her friend or done something else for her--does she feel complete joy upon hearing this at that moment? Does her mind remain entirely peaceful? Rather, an unease arises in her mind which she cannot express, yet it makes her mind restless, and the moonlight that showered joy upon her life dims somewhat. For some unknown reason, she assumes that sweets offered by others ought not to have as much taste as hers. The messages carried by others ought not to be as successful as hers; the hair-washing powders given by others ought not to possess as much efficacy or fragrance as those provided by her. In the same manner, she cannot brook anyone else's intervention in other matters as well. Now imagine that an unseen person asks her, 'Well now! Do you not wish that your friend be happy?' Then she would answer with an overflow of affection, 'Who says so? Throughout the day, I do nothing other than remain engaged in the effort to make her happy. For her happiness, I can even sacrifice my very life.' And should that unseen voice ask again, 'Then why do you become restless when she receives happiness through some other friend?' Now, here there is only silence. No answer." What is the matter! All this selflessness is merely false selflessness. In reality, this is ego in disguise. So long as that deeply attached woman herself performs the act of bringing joy to her friend, there is unalloyed bliss; but the moment someone else brings her happiness in the same manner, sorrow begins. Just as the real cause of jealousy

ORIGINAL

अहम्मन्यता है, उसी प्रकार यहाँ भी देनेका एकमात्र अधिकार अपनेमें ही सुरक्षित रखनेकी इच्छा भी अहम्मन्यतासे ही उत्पन्न होती है। यह कहना अनावश्यक है कि जहाँ कहीं भी अहम्मन्यता है, वहाँ अहङ्कार है ही, क्योंकि दूसरा पहलेकी ही एक वृत्ति है। यह कहा जाता है, 'वह धन्य है जो प्रसन्नतापूर्वक देता है।' परन्तु कभी-कभी ऐसा कहना अधिक उपयुक्त होगा कि 'दूसरे व्यक्ति दे सकें, प्रसन्नतापूर्वक दूसरोंको यह आज्ञा दे देनेवाला धन्य है।' हमें इसकी चिन्ता क्यों हो कि हमारे प्रेमास्पदको सुख किससे मिलता है! मुख्य बात तो यह है कि स्वार्थहीनता तथा मिथ्या स्वार्थपूर्ण प्रेमके उदाहरण बहुत हैं। इसकी झलक नाना प्रकारके सम्बन्धोंमें दीख पड़ती है--जैसे माता-पुत्रोंमें, मा-बेटियोंमें, पति-पत्नियोंमें और दो प्रेमियोंमें।"इसके पश्चात् वे सन्त पाश्चात्त्य देशकी सभ्यताके अनुरूप युवक-युवतियोंमें परस्पर होनेवाले प्रेमका, उनके वैवाहिक सम्बन्धका आदि-अन्त चित्रित कर स्पष्ट कर देते हैं कि किस प्रकार इसमें स्वार्थका नग्न नृत्य भरा होता है। आज भारतके युवक-युवती अपने पुनीत सिद्धान्तसे, धर्ममय मर्यादासे च्युत होकर, व्यामोहमें पड़कर जिस प्रेमका अनुकरण करनेमें गौरवकी अनुभूति करते हैं, वह वास्तवमें कितना मलिन स्वार्थमय सम्बन्ध है--यह सन्तके उस वर्णनसे स्पष्ट हो जाता है। वे बतलाते हैं--"प्रदर्शन-प्रिय प्रेमियोंकी तो एक जाति होती है, जो इसका पूरा-पूरा चित्र खड़ा कर देती है। इस प्रकारका प्रेमी (कल्पना कर लें आप स्त्री हैं तो) आपके लिये दिनमें बीसों बार मरनेको तैयार रहेगा।

×××××× आपको अनुभव होगा--इसके पूर्व संसारमें कभी भी किसीने भी आपको इतना प्यार नहीं किया, आपकी इतनी पूछ कभी

ENGLISH TRANSLATION

is conceit, likewise, here too the desire to reserve solely to oneself the exclusive right of giving arises from conceit alone. It is needless to say that wherever conceit exists, egoism is certainly present, because the latter is simply a manifestation of the former. It is said, 'Blessed is he who gives cheerfully.' But at times it would be more appropriate to say, 'Blessed is he who cheerfully grants permission to others so that they too may give.' Why should we be anxious about through whom our beloved receives happiness! The main point is that instances of selflessness and falsely selfish love are manifold. Glimpses of this are seen across diverse relationships--such as between mothers and sons, mothers and daughters, husbands and wives, and two lovers." Thereafter, depicting the mutual love among young men and women in accordance with the civilization of Western countries, and tracing the beginning and end of their marital relationships, that saint clarifies how it is filled with the naked dance of selfishness. The love which the youth of India today, falling into infatuation and drifting away from their sacred principles and righteous propriety, take pride in imitating, is in truth such a sordid, selfish relationship--this becomes evident from that saint's description. He explains:"There is a whole class of display-loving lovers who present a complete picture of this. Such a lover (supposing you are a woman) will be ready to die for you twenty times a day. * You will feel that never before in the world has anyone loved you so much, nor have you ever been held in such high esteem

ORIGINAL

नहीं हुई और किसीके लिये भी आप उसके जीवनकी इतनी आवश्यक वस्तु सिद्ध नहीं हुई । उसके मुखसे प्रवाहित होनेवाली स्नेहस्यन्दिनी वाणी आपको सातवें आसमानपर चढ़ा देगी । आप बार-बार उसके मुखसे सुनेंगी--'प्रिये ! विधाताका सम्पूर्ण कौशल तुम्हारी रचनामें ही व्यक्त हुआ है, कहीं भी, किसी भी दृष्टिसे कोई कसर नहीं रही; तुम तो पूर्णताकी खान हो ।' तथा इस प्रकार अपना समादर करनेवाले, अपनेसे इतना प्रेम करनेवाले व्यक्तिको पाकर आप सुखमय आश्चर्यमें डूब जायँगी । ठीक भी है, इसमें सन्देह नहीं कि यह सुख अपूर्व है। किन्तु अफ़ीम खानेवालेके भी आरम्भकालीन स्वप्न ऐसे ही होते हैं--मत्त आह्लादपूर्ण, चमचमाते हुए, मनोराज्य ! पर इसमें पीछे प्रतीत होनेवाली कमियोंका क्या रूप है ? आपको पता लगने लगता है कि इस प्रकारसे अत्यन्त चाहे जानेमें भी कोरी मिठास-ही-मिठास तो नहीं है। (और मान लें उस अनुभवके पूर्व ही आपका उसी व्यक्तिसे विवाह हो गया) फिर तो आपको अनुभव होगा कि आप एक जालमें फँस गयी हैं--और उस पतिके व्यवहार-बर्तावसे अन्तमें आप इस भयानक निष्कर्षपर पहुँचती हैं कि वह जो प्रेमी (विवाहसे पूर्व) जगत्का सर्वश्रेष्ठ नमूना प्रतीत होता था, आज सर्वाधिक स्वार्थी और एक अत्यन्त असह्य पति बन गया है । दुर्भाग्यकी बात तो यह है कि आपका ऐसा सोचना ठीक है । क्या आरम्भसे लेकर अबतक वह सचमुच आपको ही प्यार कर रहा था ? नहीं, वह अपने-आपको प्यार कर रहा था, उस सुखको चाह रहा था जो उसे आपसे मिल रहा था । उसका अभिप्राय एकमात्र अपने सुख पानेसे था और उसकी समस्त मनोरम वचनावलियाँ स्वार्थपूर्ण अनुरोधका रूपान्तरमात्र थीं । यदि आपने उसे ठुकरा दिया होता तो वह मरनेको तैयार हो जाता--यह

ENGLISH TRANSLATION

never happened, nor have you ever proven to be such an indispensable element in anyone else's life. The stream of affectionate words flowing from his lips will elevate you to the seventh heaven. Again and again, you will hear from his mouth: "Beloved! The Creator's entire craftsmanship has found expression solely in your making; nowhere, from any perspective, is there the slightest imperfection; you are indeed a veritable mine of perfection." And finding a person who honors you so deeply and loves you so intensely, you will be immersed in blissful wonder. And rightly so; there is no doubt that this delight is unprecedented. Yet, the initial dreams of an opium eater are just like this-intoxicating, full of ecstasy, dazzling flights of fantasy! But what is the true nature of the deficiencies that appear later? You begin to realize that even in being loved so intensely in this manner, there is not pure and absolute sweetness. (And suppose, before realizing that, you were married to that very person.) Then, you will feel that you have been caught in a snare-and from that husband's conduct and demeanor, you ultimately arrive at the dreadful conclusion that the lover who (prior to marriage) seemed to be the finest exemplar in the world has today become the most selfish and utterly unbearable husband. The unfortunate thing is that your thinking is correct. From the beginning until now, was he truly loving you? No, he was loving himself; he was craving the pleasure that he was deriving from you. His sole purpose was to obtain his own enjoyment, and all his charming expressions were merely transformed versions of selfish demands. Had you spurned him, he would have been ready to die-this

ORIGINAL

मृत्युका आवाहन आपके लिये नहीं, आपके कारणसे ! उसकी
अहम्मन्यतापर पहुँचा हुआ आघात तथा उसकी अभिलाषाओंका मर्दन
उसके लिये इतना असह्य हो जाता कि वह आत्मघात करके शान्ति प्राप्त
करना चाहता । वह तो सबसे बड़ा अहङ्कारी है, जो अभिलषित वस्तुको
न प्राप्त करनेकी अपेक्षा जीवित न रहनेको श्रेयस्कर समझेगा । साधारण
अन्तसके साथ उसके समान सहस्त्रों व्यक्ति प्रेमका दम भरनेवाले मिलेंगे ।
'सहृदय होकर मर जाना ।' इस काव्यमय प्रतीत होनेवाले वाक्यका
वास्तविक अर्थ क्या है ? स्वार्थके कारण मरना । अलभ्य वस्तुकी निरन्तर
चाहसे अभिभूत होकर हृदय टुकड़े-टुकड़े हो जाता है ।""स्वार्थ और अहङ्कार कितने प्रच्छन्न हो सकते हैं और इनमें भी
अहङ्कार हमारे चरित्रके प्रत्येक छिद्रों और दरारोंमें कीटाणुकी भाँति
चुपकेसे पहुँचकर, जहाँ बिलकुल भी आशा नहीं है, ऐसे स्थलोंपर सिर
निकालकर कैसे झाँकने लगता है--यह हम देख लें । इस साँपसे
अपनी रक्षा करें । यह बड़ा भयानक है--नहीं, नहीं, यह हमारे समस्त
सौन्दर्यको नष्ट कर देनेवाला रोग-कीटाणु है । इसे तो ज्ञानरूप शोधक
एवं निर्विष कर देनेवाले ओषधिविशेषसे नष्ट ही कर देना चाहिये ।"आदरणीय सन्तके ये उद्गार बड़े ही सरल एवं नपे-तुले हैं, पर
हैं अत्यन्त व्यापक । जीवनके विभिन्न क्षेत्रोंमें इन भावोंकी कसौटीपर
अपनी चेष्टाओंको कसकर देख लें । हम स्वार्थ (काम) के कण्टकमय
वनमें चक्कर लगा रहे हैं या निर्मल प्रेमके राज-मार्गपर अग्रसर हो रहे
हैं--यह निर्णय हमें मिल जायगा तथा वस्तुस्थिति समझ लेनेपर हम
यदि अपना सुधार करना चाहें तो अवश्य कर सकते हैं ।

ENGLISH TRANSLATION

invocation of death was not for your sake, but on your account! The blow dealt to his vanity and the crushing of his desires would have become so unbearable for him that he would seek peace through suicide. He is indeed the greatest egotist, who considers it better not to live rather than not obtain the desired object. With such an ordinary inner disposition, thousands of people making lofty claims of love can be found. "Dying out of tender-heartedness"-what is the real meaning of this seemingly poetic phrase? Dying on account of selfishness. Overwhelmed by the constant craving for an unattainable object, the heart is shattered to pieces.""Let us observe how deeply hidden selfishness and ego can be, and among them, how ego secretly enters into every pore and crevice of our character like a germ and begins to poke its head out and peer through places where it is least expected. Let us protect ourselves from this serpent. It is extremely dreadful-no, rather, it is a disease-bearing germ capable of destroying our entire beauty. It must be eradicated completely by the specific purifying and detoxifying medicine of wisdom." These expressions of the venerable saint are exceedingly simple and measured, yet they are profoundly comprehensive. In the diverse spheres of life, let us test our endeavors against the touchstone of these sentiments. We will arrive at the discernment of whether we are wandering in the thorn-filled wilderness of selfishness (desire) or advancing upon the high road of pure love; and once we understand the actual reality, if we wish to reform ourselves, we certainly can.

ORIGINAL

हमारा भ्रान्त मन इन बातोंका उलटा अर्थ भी ले सकता है । वह हमें कहेगा कि जब सर्वत्र सभी सम्बन्ध स्वार्थसे पूर्ण हैं, इनमें विशुद्ध प्रेम है ही नहीं तो चलो छोड़ो, सबसे अलग हो जाओ । पर यह भी मनका धोखा ही है । हम अलग जायँगे कहाँ ? जहाँ जायँगे, मन तो साथ रहेगा । मनमें भरा है संसार, भरी है स्वार्थ-वासना, कामलालसा । बाहरसे सर्वथा वैरागी बनकर भी भीतरसे अत्यन्त कलुषपूर्ण साम्राज्यमें ही हम विचरते रहेंगे, हमारे अन्दरसे सबकी अनजानमें ही विषका प्रवाह बहता रहेगा और न जाने कितने प्राणी उसके सम्पर्कमें आकर पतङ्गकी भाँति झुलसनेका प्रोत्साहन पायेंगे । आवश्यकता तो इस बातकी है कि सच्ची नीयतसे आत्मपरीक्षण करके हम कामरूप विषको शोध डालें । फिर यह अमृत बन जायगा, हमें नवजीवन देकर हमारे लिये, अनेकके लिये अनन्त शाश्वत सुख-शान्तिके द्वार खोल देगा ।

उपर्युक्त सभी बातोंका सारांश इतना ही है--हमारे प्रत्येक सम्बन्धमें प्रभुकी भावना, उनका अस्तित्व ओतप्रोत रहे । यह हुए बिना हम कामके क्षेत्रमें बरबस गिर पड़ेंगे । स्वार्थकी वासना सर्वथा न रहे; क्योंकि प्रेम-राज्यमें इसके लिये कहीं भी तनिक भी स्थान नहीं है । वहाँ तो सर्वत्र, अणु-अणुमें एक ही स्पन्दन है--हमारा प्यारा सुखी रहे । हमारे द्वारा ही प्यारेको सुख मिले, यह भी न रहे, इसके फेरमें हम कभी न पड़ें । यहाँ भी स्वार्थ-कामकी माया है, हमारी अहंताका जाल है; इससे भी हमें निश्चित रूपसे बचना है । सच्चे प्रेमीको यदि कभी अपनी स्मृति होती है तब उस समय भी उसके हृत्तन्त्रीके तारपर तो यही स्वरलहरी झंकृत हो उठती है--

'हमारा क्या है, हम रहे न रहे।'

यह बात भी जान लेनेकी है कि वास्तवमें उपर्युक्त सभी बातें

ENGLISH TRANSLATION

Our deluded mind may also misinterpret these statements. It will tell us that when all relationships everywhere are filled with selfishness and pure love does not exist in them at all, then let it go, detach yourself from everyone. But this too is merely an illusion of the mind. Where will we go apart? Wherever we go, the mind will accompany us. The mind is filled with the world, filled with selfish inclinations and lustful desire. Even by becoming an absolute ascetic outwardly, we will continue to dwell internally in an intensely defiled realm; an undetected stream of poison will keep flowing from within us, and who knows how many living beings, upon coming into contact with it, will find the impetus to be scorched like moths. What is truly necessary is that, through sincere self-examination, we thoroughly purify this poison of lust. Then it will turn into nectar, bestow new life upon us, and open the gates of infinite, eternal bliss and peace for us and for many others.

The essence of all the aforesaid matters is simply this: in every relationship of ours, the contemplation of the Lord and His presence must remain completely interwoven. Without this, we will inevitably fall into the realm of lust. The craving of selfishness must not exist at all, because in the kingdom of love there is not the slightest place for it anywhere. There, in every atom, a single pulsation resonates: "May our beloved be happy." Even the thought that the beloved must receive happiness through us alone should not remain; we must never fall into this trap. Here too lies the illusion of selfish desire, the snare of our own egoism; we must unequivocally guard against this as well. If a true lover ever happens to think of themselves, even at that moment, upon the strings of their heart's lute, only this melodic vibration resonates: 'What is our concern; whether we remain or not.'

It is also to be understood that, in reality, all the aforesaid matters

ORIGINAL

प्रेमसाम्राज्यसे बहुत दूर इधरकी हैं । प्रेमकी भूमिकामें पदार्पण करनेपर, हमारे अन्दर प्रेमकी प्रतिष्ठा हो जानेपर यह भावना नहीं करनी पड़ती, स्मरण नहीं करना पड़ता कि ये (प्रेमास्पद) प्रभु हैं, ये हमारी सेवा स्वीकार कर रहे हैं आदि । वहाँ तो प्रेमीका यह नित्य सिद्ध अनुभव है । अभी जो हम भावना कर रहे हैं, हमें जैसी प्रतीति हो रही है, बुद्धिका जैसा निर्णय है, वैसा ही वह अनुभव भी हो, यह बात भी नहीं । वह स्थिति तो ऐसी होती है कि उसके लिये कुछ भी कहना नहीं बनता; किन्तु हमें अभी इतनी ऊँची बातोंको जानने-सुनने, सोचने-समझनेकी भी आवश्यकता नहीं । हम तो अभी कीचड़में फँसे हैं, प्रेमके सुन्दर सरोवरमें अवगाहन करनेका स्वप्न देखनेसे क्या लाभ ? हमारे लिये तो यही उचित है, यही नितान्त आवश्यक है--हमारे जितने भी सम्बन्ध हैं, उन सबमें प्रभुकी भावना करके, भावनाके द्वारा शक्तिसञ्चय करके हम पहले कामरूप कीचड़से बाहर निकल आयें । फिर विपुल प्रेमवारिसे--हम जिन्हें प्यार करते हैं, वे सुखी रहें, उनसे हम नहीं-- विशुद्ध भावजलसे कण्ठतक लगी हुई कीचको धो डालें । और जो अनादिकालसे सिरपर अहंताकी गाँठोंसे भरा बोझ लादे हुए हैं, उसे भी फेंककर, सर्वथा हलके होकर, प्रेममन्दिरकी ओर चल पड़ें । इसमें हमारा लाभ तो है ही, जगत्के लिये भी हमारा जीवन--जो अभी केवल अभिशाप बना हुआ है--वरदान बन जायगा । हमारे पंथका अनुसरण कर न जाने कितने कृतार्थ होंगे ।

ENGLISH TRANSLATION

belong far to this side of the realm of divine love. Upon setting foot on the plane of divine love, once love is firmly established within us, one does not have to cultivate the feeling or remember that this (beloved) is the Lord, that He is accepting our service, and so forth. There, this is the lover's eternally realized direct experience. The experience is not merely identical to the contemplation we are doing now, the perception we currently have, or the judgment formed by our intellect. That state is such that nothing can adequately be said about it; yet, at present, we do not even need to know, hear, think about, or comprehend such elevated matters. We are still stuck in the mud; what is the use of dreaming about bathing in the exquisite lake of divine love? For us, what is proper and utterly necessary is this: by feeling the presence of the Lord in all the relationships we have, and accumulating spiritual strength through this contemplation, let us first emerge from the mire of lust. Then, with the abundant waters of love-wishing that those whom we love remain happy, rather than expecting happiness from them-let us wash away with the pure waters of devotion the mud that clings up to our throat. And casting away the burden filled with knots of egotism that we have been carrying on our head from time immemorial, becoming completely lightened, let us set forth toward the temple of divine love. In this lies our own highest good, and for the world too, our life-which at present is merely a curse-will become a blessing. Who knows how many souls, following our path, will attain supreme fulfillment.

CHAPTER 14

दुःखनाशका अमोघ उपाय

The Unfailing Means to End Suffering

Source coverage: 120–127

ORIGINAL

दुःखनाशका अमोघ उपाय

परिस्थिति कैसी है, इसपर हमारा सुख-दुःख निर्भर नहीं करता। हम परिस्थितिको किस प्रकार ग्रहण करते हैं, उसके प्रति हमारा दृष्टिकोण क्या है, इसीमें हमारा सुख-दुःख समाया हुआ है। मान लें, एक व्यक्तिकी मृत्यु होती है। अब जिनका उसके प्रति राग या ममत्व होता है, मित्रभाव रहता है, वे तो हाहाकार कर उठते हैं। पर जिनकी उसके प्रति द्वेष-बुद्धि होती है, शत्रुभावना रहती है, वे हर्षित होते हैं। घटना एक है। एक ही व्यक्तिकी मृत्यु हुई है, किन्तु उस मृत्युके प्रति भाव भिन्न-भिन्न होनेके कारण किसीको शोक एवं किसीको हर्ष होता है। इस प्रकार हम चाहे जिस घटनाको भी लें, यह सर्वथा अखण्ड स्थिर नियम है कि यदि घटनाके प्रति हमारी प्रतिकूल भावना होगी तो हमें निश्चित रूपसे कम या अधिक मात्रामें दुःख होगा ही, तथा अनुकूल भावना रहनेपर भावनाके तारतम्यसे उसी मात्रामें सुखकी अनुभूति भी होगी ही। हममेंसे ऐसा कौन है जिसे सुखकी चाह नहीं है, जो दुःखसे बचना नहीं चाहता? सुख-दुःखकी सीमासे पार गये हुए सन्तोंकी बात छोड़ दें, अन्यथा उनके अतिरिक्त हममेंसे प्रत्येकके मनमें सुखकी वासना रहती ही है, साथ ही हमारा यह अनुभव है कि चाह न रहनेपर भी दुःखकी प्राप्ति हमें होती ही है। यह भी नितान्त सत्य है कि दुःखमें हमारे भाव निमित्त हैं, घटना नहीं। अतः यदि हम किसी प्रकार अपने भावोंकी शुद्धि कर सकें, प्रत्येक घटनाको ठीक-ठीक ग्रहण करना सीख जायें तो हमारे दुःखोंका अन्त हो जाय।

आवश्यकता इस बातकी है कि घटना-परिस्थितिके बाह्यरूपसे

ENGLISH TRANSLATION

The Infallible Remedy for the Destruction of Sorrow

Our happiness or sorrow does not depend on what the circumstances are. Happiness and sorrow are contained entirely in how we receive a situation and what our perspective towards it is. Suppose a person passes away. Now, those who harbor attachment or possessiveness towards him, or maintain a friendly attitude, cry out in lamentation. But those who harbor ill will or an attitude of enmity towards him rejoice. The event is one and the same. Only one person has died, yet because the attitudes towards that death are different, someone experiences grief while someone else experiences joy. Thus, whichever event we may take, this is an entirely unbroken and invariable law: if our attitude towards an event is adverse, we will certainly experience sorrow to a greater or lesser degree, and if our attitude is favorable, we will also certainly experience happiness in proportion to the intensity of that feeling.

Who among us is there who does not desire happiness, who does not wish to escape sorrow? Setting aside the saints who have transcended the bounds of happiness and sorrow, in the heart of every single one of us besides them, the craving for happiness certainly persists; at the same time, it is our experience that even without desiring it, we inevitably attain sorrow. It is also an absolute truth that in sorrow, our own attitudes are the instrumental cause, not the event itself. Therefore, if somehow we can purify our attitudes and learn to receive every event properly, our sorrows would come to an end.

What is needed is that, turning away from the external appearance of the event and circumstance,

ORIGINAL

अपनी आँखें हटाकर उसके अन्तरालमें, वहीं छिपे हुए प्रभुके मङ्गलमय हाथको हम देखना आरम्भ कर दें, परिस्थितिके सूत्रधारकी ओर हमारी दृष्टि केन्द्रित हो जाय। जहाँ हम उनकी ओर देखने लगे कि घटनाकी वास्तविकता हमारे सामने क्रमशः व्यक्त होने लगेगी। जगत्में वस्तुतः कभी कुछ भी, तनिक-सा भी, किसीके भी प्रतिकूल होता ही नहीं, सदा सब कुछ सर्वथा सबके अनुकूल-ही-अनुकूल होता है — यह तथ्य हमारे सामने आने लगेगा और हम दुःखसे त्राण पा जायँगे।

यह सत्य है कि प्रभुकी ओर दृष्टि फेर लेनेकी बातका कहना-सुनना तो सहज है, पर वास्तवमें विपत्तिके समय, सब ओरसे प्रतिकूल परिस्थितियोंसे घिर जानेपर प्रभुकी ओर देखने लग जाना, अमङ्गलके अन्तरालसे मङ्गलमयके हाथको ढूँढ़ निकालना उतना सहज नहीं है, किन्तु यदि हम अपने अन्दर प्रभुकी दी हुई शक्तियोंका सदुपयोग करते हुए इस प्रयत्नमें तत्परतासे लग जायँ तो थोड़े दिनोंमें ही दृढ़ अभ्यास होकर हमारी वृत्ति ऐसी बन सकती है कि प्रत्येक परिस्थितिको ही हम अनुकूल, प्रभुके द्वारा भेजी हुई, हमारे मङ्गलके लिये ही आयी हुई अनुभव करने लग जायँ। हम किसी भी वस्तुकी प्राप्तिका उद्देश्य लेकर क्यों न चलें, उसकी सफलताके लिये हमारे अन्दर तीन बातोंका रहना आवश्यक है। वस्तु है, वह लोगोंको मिलती है, मिली है, हमें भी मिल सकती है-यह दृढ़ विश्वास हमारे अन्दर हो, यह पहली बात है। वस्तुको पानेके लिये हमारे अन्दर पूर्ण प्रयत्न (लगन) हो, यह दूसरी बात। तथा तीसरी बात यह कि हमारे अन्दर मन-बुद्धि-इन्द्रियोंकी जितनी भी शक्तियाँ हैं, उनका प्रवाह जिस-जिस ओर है, उन सब ओरसे हटकर अपने लक्ष्यमें नियन्त्रित हो जायँ। इन्हींका नाम शास्त्रीय भाषामें श्रद्धा, तत्परता एवं संयम है। अतः यदि हमें भी प्रत्येक

ENGLISH TRANSLATION

we withdraw our eyes and begin to behold, within its depths, the auspicious hand of the Lord hidden right there; our gaze should become focused upon the Master Orchestrator of the situation. As soon as we begin to look towards Him, the reality of the event will gradually begin to reveal itself before us. In this world, in truth, nothing ever, even in the slightest, is adverse to anyone; everything is always and entirely favorable, purely favorable to all - this truth will begin to dawn before us, and we shall attain deliverance from sorrow.

It is true that it is easy to speak of and listen to the idea of turning one's vision towards the Lord, but in reality, during times of calamity, when surrounded on all sides by unfavorable circumstances, to begin looking towards the Lord and to search out the hand of the All-Auspicious One from the depths of inauspiciousness is not that easy. Nevertheless, if we make good use of the powers bestowed by the Lord within us and apply ourselves diligently to this endeavor, in just a few days of steadfast practice our disposition can become such that we begin to perceive every single circumstance as favorable, sent by the Lord, and arrived solely for our highest good. No matter what objective of attainment we set out with, for its success, the presence of three things within us is essential. The thing exists, people attain it, have attained it, and we too can attain it - that we have this firm faith within us is the first thing. That we have complete effort (devoted zeal) within us to attain the object is the second thing. And the third thing is that all the powers of mind, intellect, and senses within us, wherever their currents flow, should be withdrawn from all those directions and controlled towards their goal. In scriptural language, these very qualities are termed faith (shraddha), diligent perseverance (tatparata), and self-control (sanyam). Therefore, if we too, in every

ORIGINAL

परिस्थितिमें प्रभुकी मङ्गलमयता ढूँढ़ निकालनी हो तो हमारे अन्दर ये
तीन बातें होनी चाहिये। वास्तवमें ही प्रभुका प्रत्येक विधान मङ्गलसे
ही भरा होता है, प्रत्येक परिस्थितिकी ओटमें उनके मङ्गलमय हाथ छिपे
हैं। लोगोंको ऐसी अनुभूति होती है, हो चुकी है, हमें भी ऐसा अनुभव
हो सकता है, यह दृढ़ विश्वास हमारे अन्दर हो तथा इस विश्वासके
अनन्तर इसे प्रत्यक्ष अनुभव कर लेनेके लिये हमारा प्रयत्न आरम्भ हो।
प्रयत्नका रूप सर्वथा सबके लिये एक नहीं हो सकता। अधिकारी
भेदसे उसके अनेक रूप बन सकते हैं। पर अधिकांशके लिये
लाभकारी एक साधन यह है--हमारा जीवन कितना भी व्यस्त क्यों न हो, हमें चाहिये कि प्रतिदिन
हम कुछ समय निकालकर यथासम्भव किसी एकान्त स्थानमें जा बैठें।
सुखपूर्वक बैठकर अपने नेत्र बन्द कर लें। निद्रा आ जानेकी सम्भावना
हो तो नेत्र खुले ही रखें। तदनन्तर मनकी वृत्तियोंको सब ओरसे बटोरकर
शान्तिसे मन-ही-मन इन भावोंकी आवृत्ति आरम्भ करें--"हमारे चारों ओर इस निर्मल आकाशके अणु-अणुमें प्रभु
ओत-
प्रोत हैं, वायुके प्रत्येक स्पन्दनमें प्रभु भरे हैं, सूर्य-चन्द्रकी किरणोंमें,
अग्निमें प्रभुकी ही ज्योति भरी है, जल प्रभुके ही रससे परिपूर्ण है,
पृथ्वीके कण-कणमें प्रभु विराजित हैं, चर-अचर समस्त प्राणियोंमें
प्रभुका निवास है, सबकी सत्ता प्रभुकी सत्तापर ही निर्भर है, हमारी
इन्द्रियोंमें समस्त शक्तियाँ सर्वशक्तिमान् प्रभुकी ओरसे आ रही हैं। नेत्र
प्रभुकी शक्तिसे देख पाते हैं। कान प्रभुकी शक्तिसे श्रवण करते हैं।
त्वचा प्रभुकी शक्तिसे स्पर्शका अनुभव करती है। नासा प्रभुकी शक्तिसे
गन्ध ग्रहण करती है। रसना प्रभुकी शक्तिसे रस लेती है। हाथोंमें काम
करनेकी शक्ति प्रभुकी ओरसे आ रही है। पैरोंमें चलनेकी शक्ति प्रभु

ENGLISH TRANSLATION

circumstance, are to discover the auspiciousness of the Lord, then these three things must be present within us. In truth, every dispensation of the Lord is filled solely with auspicious benevolence; behind the veil of every circumstance, His auspicious hands are hidden. People have such an realization, have already had it, and we too can have such an experience - let this firm faith reside within us, and following this faith, let our endeavor begin to directly realize it. The form of this endeavor cannot be entirely identical for everyone. Depending on the differences in spiritual aptitude (adhikara-bheda), it can take many forms. However, one spiritual practice beneficial for the majority is this:--No matter how busy our life may be, we ought to take out some time each day and, as far as possible, go and sit in a solitary place. Sitting comfortably, close your eyes. If there is a possibility of falling asleep, keep the eyes open. Thereafter, gathering the modifications of the mind from all directions, quietly begin repeating these sentiments within the mind:--"All around us, in every single atom of this pure sky, the Lord is all-pervading; in every vibration of the air, the Lord is filled; in the rays of the sun and the moon, in the fire, it is the Lord's own divine light that is filled; water is brimful with the Lord's own essence; in every particle of the earth, the Lord is seated; in all living beings, moving and unmoving, the Lord abides; the existence of everything depends solely upon the existence of the Lord; all the powers in our senses are flowing from the Almighty Lord. The eyes are able to see by the power of the Lord. The ears hear by the power of the Lord. The skin experiences touch by the power of the Lord. The nose perceives scent by the power of the Lord. The tongue tastes by the power of the Lord. The power to work in the hands is coming from the Lord. The power to walk in the feet the Lord

ORIGINAL

देते हैं। हमारा मन प्रभुकी शक्तिसे मनन करता है। हमारी बुद्धि प्रभुकी शक्तिसे निश्चय करती है। समस्त जगत्में जहाँ, जिसमें जो कुछ भी हलन-चलन क्रिया है, सब प्रभुकी सत्ता एवं शक्तिसे ही हो रही है। प्रभु अनन्त मङ्गलमय हैं, उनमें सर्वथा सदा मङ्गल-ही-मङ्गल भरा है। प्रभु एवं प्रभुका विधान दो वस्तु नहीं हैं। जो प्रभु हैं, वही प्रभुका विधान है। विधाता और विधान, लीलामय और लीला एक ही हैं। अतः मङ्गलमय प्रभुका प्रत्येक विधान अनन्त-असीम मङ्गलसे भरा है। जगत्में जो कुछ हुआ है, हो रहा है, होगा-सबमें मङ्गल भरा है। अबतक मेरे लिये जिसने जो भी, जैसी भी चेष्टा की है, कर रहा है, करेगा-सबमें मेरे प्रभु भरे हैं, उनकी मङ्गलमयता भरी है।"

इस प्रकारके भावोंकी कुछ देर पुनः-पुनः रस ले-लेकर आवृत्ति करते रहें। इस भावनाका परिणाम यह होगा कि ये विचार हमारे चारों ओर फैल जायेंगे तथा अन्य समयमें भी, जब कि हम दूसरे-दूसरे कार्योंमें व्यस्त रहेंगे, ये रह-रहकर हमारे मनमें स्फुरित होते रहेंगे। जैसे-जैसे एकान्तका अभ्यास दृढ़ होगा, वैसे-वैसे व्यवहारके समय ऐसी स्फुरणाएँ अधिकाधिक होने लगेंगी। आज जो हमारा वातावरण प्रभुसे शून्य है, वह प्रभुसे भरने लगेगा। क्षण-क्षणमें क्षुद्र घटनामें अमङ्गलकी भावना होकर हमें जो प्रतिकूलताकी प्रतीति होती है, वह मिटने लगेगी। पद-पदपर जो हमारा अहङ्कार जाग उठता है, वह भी शिथिल पड़ने लगेगा। शत्रु-मित्र, दुष्ट-साधु, ऊँच-नीच, सर्वत्र सबमें समानरूपसे एकमात्र प्रभुकी सत्ता स्फुरित होने लगेगी। अन्तमें प्रभुके अतिरिक्त अन्य कोई भी सत्ता नहीं बच रहेगी। बस, उसी समय हमारी प्रतिकूलताका भी अन्त हो जायगा, हमारा दुःख भी सदाके लिये जाता रहेगा।

ENGLISH TRANSLATION

bestows. Our mind contemplates through the power of the Lord. Our intellect resolves through the power of the Lord. In the entire universe, wherever and in whatever any movement or activity exists, it is all occurring solely through the existence and power of the Lord.

The Lord is infinitely auspicious; in Him, at all times and in every way, only pure auspiciousness is filled. The Lord and the Lord's dispensation are not two different entities. That which is the Lord is Himself the dispensation of the Lord. The Creator and the decree, the Divine Player and the divine play are one and the same. Therefore, every dispensation of the All-Auspicious Lord is filled with infinite, boundless good. Whatever has happened in the world, is happening, or will happen - all is filled with auspicious good. Whatever effort anyone has made, is making, or will make towards me until now - in all of it my Lord is filled, His auspiciousness is filled."

Continue repeating sentiments of this nature for some time, savoring them again and again. The outcome of this contemplation will be that these thoughts will diffuse all around us, and even at other times, when we are busy with various other activities, they will continually flash within our mind from time to time. As the practice of solitude becomes firm, such spontaneous inspirations will begin to arise more and more during our daily interactions. Our atmosphere, which today seems devoid of the Lord, will begin to be filled with the Lord. The feeling of adversity that we experience at every moment by suspecting misfortune in minor incidents will begin to vanish. Our ego, which flares up at every step, will also begin to subside. In enemy and friend, wicked and saintly, high and low, everywhere and in everyone equally, the sole existence of the Lord will begin to radiate. In the end, no existence other than the Lord will remain. Right then, our sense of adversity too will come to an end, and our sorrow will also depart forever.

ORIGINAL

किन्तु यह स्थिति प्राप्त होगी पूरी लगनसे इस अभ्यासमें जुट पड़नेपर ही। आज किया, कल नहीं, दो दिन भावना की, चार दिन नहीं—ऐसे अभ्याससे सफलताकी आशा नहीं है। प्रतिदिन नियमपूर्वक, कोई भी व्यतिक्रम न करके ऐसी भावनाके अभ्यासमें जब हम लगेंगे, तभी हमारे उद्देश्यकी सिद्धि होगी, अन्यथा प्रतिकूल परिस्थिति सामने आते ही ठीक अवसरपर ही हमें इस भावनाकी विस्मृति हो जायेगी तथा स्वभाववश पूर्वकी भाँति ही प्रतिकूलताका अनुभव करके हम दुःखी होते रहेंगे।

इस अभ्यासका क्रम निभता रहे, इसके लिये अपने अन्दर प्रभुकी दी हुई शक्तियोंका सदा सदुपयोग हो, दुरुपयोग कदापि न हो जाय, इसके लिये भी सावधानी रखना आवश्यक है। जबतक हममें अहङ्कार है, तबतक हम सदा सजग रहें—व्यवहारके समय हमारे नेत्र सदा उचित, आवश्यक, पवित्र, निर्मल दृश्यको ही अपने अन्दर भरें; कदापि अनुचित, अनावश्यक, अशुद्ध, मलिनको स्थान न दें। श्रवणेन्द्रिय सदा पवित्र शब्द ही ग्रहण करे, कदापि अश्लील, अनावश्यक शब्दोंकी ओर न झुके। घ्राण, त्वक्, रसना, कर्मेन्द्रियाँ, मन, बुद्धि—सभी शुभमें प्रवृत्त हों; भूलकर भी घ्राण शौकीनीके लिये किसी गन्दी गन्धसे न जुड़ जायँ; ऐश-आरामकी भावना लेकर त्वक् कदापि अनुचित-अवैध स्पर्शमें न संलग्न हो जाय, स्वादकी आसक्ति-वश रसना अखाद्यमें तो प्रवृत्त हो ही नहीं, खाद्यमें भी चटोरी न बन जाय। कर्मेन्द्रियाँ अनावश्यक क्रियाशील कदापि न हों; हमारा मन अनर्थक संकल्प-विकल्पोंमें न लगे। बुद्धि क्षणभरके लिये भी व्यर्थ बातोंका निर्णय देनेमें, निश्चय करनेमें न फँस जाय। इस प्रकार हमारे अन्दर प्रभुकी दी हुई सम्पूर्ण शक्तियोंको हम नियन्त्रित करके अपने निश्चित उद्देश्यकी

ENGLISH TRANSLATION

However, this state will be attained only by throwing oneself into this practice with wholehearted dedication. Doing it today and not tomorrow, cultivating the devotional feeling for two days and neglecting it for four-from such practice there is no hope of success. When we engage in the practice of such contemplation daily, methodically, without any deviation, only then will our purpose be fulfilled; otherwise, as soon as an adverse circumstance arises, at the exact crucial moment, we will forget this contemplation, and by force of habit, experiencing adversity just as before, we will continue to suffer. In order that this sequence of practice may be maintained, it is necessary to exercise vigilance so that the faculties bestowed within us by the Lord are always used properly and never misused. As long as egoism remains in us, we must remain ever vigilant: during daily conduct, our eyes should always take in only appropriate, necessary, sacred, and pure sights; they must never give entrance to what is inappropriate, unnecessary, impure, or defiled. The organ of hearing must always receive only sacred words and never incline toward vulgar, unnecessary words. The sense of smell, the skin, the tongue, the organs of action, the mind, and the intellect-all should be engaged in what is auspicious; even by mistake, the sense of smell should not attach itself to any foul odor for the sake of indulgence; driven by thoughts of luxury and comfort, the sense of touch should never engage in inappropriate or unlawful contact; bound by attachment to taste, the tongue should not only never indulge in inedible things, but should not become greedy even for proper food. The organs of action must never be unnecessarily active; our mind should not engage in futile doubts and waverings. The intellect should not get entangled, even for a moment, in passing judgments or making determinations regarding useless matters. In this manner, controlling all the faculties bestowed upon us by the Lord, we should direct them toward the attainment of our determined goal.

ORIGINAL

सिद्धिमें लगा दें। इनका सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। फिर प्रत्येक घटनाको ठीक-ठीक ग्रहण करनेकी—प्रभुसे जुड़ी हुई देखनेकी योग्यता हमारे अन्दर उत्तरोत्तर बढ़ती जायगी। क्षोभ-दुःखके प्रसङ्ग उपस्थित होनेपर भी क्रमशः दुःखका भाव कम होता जायगा।हम कह सकते हैं कि ठीक है, बाहरकी घटनाओंमें तो हमारा

प्रतिकूल भाव ही हमारे दुःखमें हेतु है; उसके प्रति भावना परिवर्तन करनेसे हमारा दुःख मिट सकता है; किन्तु मान लें, हमारे शरीरमें कहीं भयंकर फोड़ा हो गया, उसकी पीड़ासे हम व्याकुल हो रहे हैं, हमें दुःख हो रहा है। ऐसे अवसरपर तो हमें प्रतिकूलताकी अनुभूति होगी ही, दुःख होगा ही। यह दुःख तो घटनाजन्य ही है, इसमें हमारा भाव कैसे हेतु हुआ? तो इसका उत्तर यह है कि यहाँ भी हमारे दृष्टिकोणका ही अन्तर है। साथ ही यह भी समझ रखनेकी बात है कि पीड़ाका अनुभव होना और बात है तथा दुःख होना दूसरी बात है। यदि हमारा दृष्टिकोण बदल जाय, इस घटनाको भी हम ठीक-ठीक ग्रहण करना सीख जायें तो पीड़ाकी अनुभूति तो होगी, पर दुःख हमें सर्वथा नहीं होगा। यदि किसी प्रकार फोड़ेके प्रति हमारी यह भावना हो जाय कि यह तो प्रभुका प्रसाद है, दयामयके विधानसे आया है, और आया है मेरे दुष्कर्मोंका भार हलका करनेके लिये, नहीं-नहीं, स्वयं ही प्रभु इस रूपमें मुझे स्पर्श कर रहे हैं—ऐसा हमारा दृष्टिकोण हो जाय तो फिर सच मानें, पीड़ाकी अनुभूतिके साथ-ही-साथ एक परम सात्त्विक सुखकी अनुभूति होगी; दुःख तो रत्तीमात्र भी नहीं होगा। ऐसी भावना हो जाना अथवा इस भावनाकी बातको अच्छी तरह समझ लेनामात्र भी कठिन अवश्य है। पर कठिनाई भी इसीलिये है कि हमने कभी भी सच्चे मनसे प्रभुकी सत्ताको स्वीकार नहीं किया। जिन्होंने स्वीकार किया है, उनके लिये यह

ENGLISH TRANSLATION

We should direct them toward the attainment of our goal, making proper use of them and not misusing them. Then, our capacity to receive every event correctly-to see it as connected with the Lord-will steadily increase within us. Even when occasions of agitation and distress arise, the feeling of grief will gradually diminish. We might say that this is fine, and that in external events, it is indeed our adverse attitude that causes our suffering; by changing our feelings toward it, our suffering can be removed. But suppose a terrible boil develops somewhere on our body, and we are agonizing from its pain and experiencing suffering. On such an occasion, we are bound to feel adversity, bound to feel grief. This grief is generated directly by the event; how, then, was our inner attitude the cause? The answer to this is that here, too, the difference lies solely in our perspective. Furthermore, it must also be understood that experiencing physical pain is one thing, and experiencing mental suffering is quite another. If our perspective changes, and we learn to receive even this event properly, then pain will indeed be experienced, but suffering will not arise at all. If, somehow, our contemplation toward the boil becomes that this is indeed the grace of the Lord, that it has come by the dispensation of the Merciful One, and that it has come to lighten the burden of my misdeeds-nay, that the Lord Himself is touching me in this form-if such becomes our perspective, then truly, along with the experience of pain, there will be an experience of supreme, pure spiritual joy; there will not be even the slightest trace of suffering. To cultivate such a devotional feeling, or even merely to comprehend this concept fully, is indeed difficult. Yet the difficulty exists solely because we have never accepted the sovereign reality of the Lord with a true heart. For those who have accepted it, this is

ORIGINAL

ध्रुव सत्य सिद्धान्त है। उन्हें इसके आचरणमें ऐसी भावना करनेमें परिश्रम भी नहीं करना पड़ता। प्रभुके अस्तित्वकी स्वीकृति उन्हें स्वतः ऐसे भावना-राज्यमें पहुँचा देती है।

बृहदारण्यक श्रुति है—

एतद् वै परमं तपो यद् व्याहितस्तप्यते परमँ् हैव लोकं जयति य एवं वेद।

'कोई ज्वरादि व्याधियोंसे अत्यन्त पीड़ित है, शरीर ज्वरके तापसे जल रहा है। उसे ऐसी भावना करनी चाहिये कि यही मेरे लिये परम तप है, मैं तप कर रहा हूँ। जो ऐसा मानता है, वह इस भावनाके फलस्वरूप परम लोकको जीत लेता है।'

ऐसे ही यदि हम फोड़ेमें अथवा शरीरकी अन्य व्याधियोंमें शरीर-सम्बन्धी प्रत्येक प्रतिकूल घटनामें प्रभुके प्रसादकी, स्वयं प्रभुकी भावना करके उस घटनाके प्रति अपना दृष्टिकोण बदल लें तो पीड़ाकी अनुभूति होनेपर भी हमारा दुःख तो निश्चय ही जाता रहे।

लोकमें भी हम प्रत्यक्ष देखते हैं कि एक व्यक्ति आत्मशुद्धिके लिये किसी दिन व्रत रखकर उपवास करता है, वही किसी दिन संयोग-क्रमसे भोजनकी व्यवस्था न होनेके कारण भूखा रह जाता है। दोनों ही दिन भूखकी पीड़ा तो उसे समानभावसे होती है, किन्तु व्रतवाले दिन वह पीड़ाको सुखपूर्वक सहन करता है, साथ ही व्रतका पालन हो रहा है, इस सुखका अनुभव करते हुए उस दिन होनेवाले उत्सवमें वह उल्लासपूर्वक सम्मिलित भी होता है। भूखकी पीड़ा होते हुए भी उसके अन्तरमें दुःखकी छाया भी नहीं है। पर वही व्यक्ति दूसरे दिन भोजन न मिलनेके कारण दुःखी है, चिन्तित हो रहा है कि क्या करें, भोजनकी व्यवस्था अभीतक नहीं हो सकी है, सन्ध्या होने जा रही है। उस दिन अन्य कार्योंमें भी उसका मन नहीं लगता। भूखकी पीड़ासे मन-ही-मन

ENGLISH TRANSLATION

an absolute, eternal truth. They do not even have to labor in practicing it or in cultivating such contemplation. The acceptance of the Lord's existence naturally carries them into such a realm of spiritual feeling. The Brihadaranyaka Upanishad declares:
[Sanskrit] "This indeed is the supreme austerity that one who is afflicted by illness suffers; he who knows this wins the supreme world."
'If someone is acutely afflicted with ailments such as fever, and the body is burning with the heat of the fever, he should contemplate: "This itself is the supreme austerity for me; I am performing austerity." He who regards it thus, as a result of this contemplation, conquers the supreme realm.' In the very same way, if in the case of a boil or other bodily ailments-in every adverse occurrence relating to the body-we change our perspective toward that event by seeing it as the grace of the Lord, as the Lord Himself, then even though pain is felt, our suffering will certainly vanish. In worldly life as well, we clearly observe that a person fasts on a certain day by observing a vow for self-purification, whereas on another day, by mere circumstance, he remains hungry because no food could be arranged. On both days, the pain of hunger is experienced by him in equal measure; yet on the day of the vow, he endures that pain cheerfully, and feeling the joy that the vow is being observed, he even participates joyfully in the festival taking place that day. Despite the pain of hunger, there is not even a shadow of distress in his heart. But that same person on the other day is unhappy because of not getting food, worrying: "What to do? No arrangement for food has been made yet, and evening is setting in." On that day, he cannot apply his mind to other activities either. Agonized in his heart by the pain of hunger,

ORIGINAL

व्यथित होकर वह सारा उत्साह खो बैठता है। ऐसा क्यों? भूखका अनुभव तो दोनों दिन समानभावसे ही होता है; ऐसा इसीलिये कि पहले दिन वह भूख, भूखकी पीड़ा उसके लिये अनुकूल है और दूसरे दिन प्रतिकूल। दृष्टिकोणमें भेद होनेसे ही एक ही प्रकारकी घटना एक दिन सुख और दूसरे दिन दुःखका कारण बन जाती है। कदाचित् वह दृष्टिकोण बदल सके, ऐसा सोच ले कि 'मङ्गलमय प्रभुके विधानसे ही आज मुझे भोजन नहीं मिला, इसमें निश्चय ही मेरा कोई अत्यन्त मङ्गल छिपा है,' तो वह तत्क्षण सुखी हो जाय।

अबतकके विवेचनका सारांश यह है कि घटनामें दुःख नहीं है। घटनाके प्रति प्रतिकूल भावना ही हमारे दुःखका सृजन करती है। अतः यदि हम अपना दुःख मिटाना चाहते हों तो घटनाकी ओर न देखकर उसमें ओतप्रोत प्रभुकी ओर दृष्टि स्थिर करें। उनकी ओर दृष्टि लगी कि बस, वे-ही-वे दीखने लगेंगे, सर्वत्र उनके ही मङ्गलमय कर-कमल काम करते दीखेंगे। फिर हमारी प्रतिकूलता मिट जायगी और हमारा दुःख भी सदाके लिये समाप्त हो जायगा। दुःखनाशका यही अमोघ उपाय है।

=★=

ENGLISH TRANSLATION

he loses all enthusiasm. Why is this so? The experience of hunger is felt equally on both days; it is solely because on the first day that hunger and the pain of hunger are agreeable to him, and on the second day, disagreeable. It is only due to the difference in perspective that the very same kind of event becomes a cause of happiness on one day and a cause of sorrow on another. If he could perhaps change his perspective and think, "It is solely by the dispensation of the All-Auspicious Lord that I did not receive food today; surely some supreme good for me lies hidden in this," he would become happy that very instant. The essence of the discussion so far is that suffering does not reside in the event itself. It is the adverse attitude toward the event that creates our suffering. Therefore, if we wish to eradicate our suffering, we should not look at the event, but fix our gaze upon the Lord who permeates it. Once our gaze is fixed upon Him, He alone will become visible everywhere, and His all-auspicious lotus-hands will be seen working throughout all things. Then our sense of adversity will dissolve, and our suffering too will end forever. This is the unfailing means for the destruction of sorrow.

=★=

CHAPTER 15

भगवान्‌की ज्योति जगा लें

Kindle the Light of the Lord

Source coverage: 128–138

ORIGINAL

भगवान्‌की ज्योति जगा लें

समस्त विश्व प्रभुमें ही स्थित है एवं विश्वके कण-कणमें प्रभु अवस्थित हैं। फिर अपने-परायेका भेद जाता रहता है, शत्रु-मित्रकी भावना नष्ट हो जाती है, सर्वत्र एक अखण्ड आत्मसत्ता, भगवत्-सत्ताकी ही अनुभूति होती है। उस स्थितिमें सागरकी लहरें, पक्षियोंका कलरव, वृक्षोंकी ओरसे झुर-झुरकर बहनेवाली वायु, पर्वतशिखरोंपर झरते हुए झरने, पर्वतोंसे निकली नदियाँ, सूर्यकी प्रकाशमयी किरणें, चन्द्रकी शीतल चाँदनी, नीला आकाश, नीले, उजले, काले, पीले बादल, हरे-भरे खेत, रङ्ग-बिरङ्गे फूल, फूलोंपर गुन-गुन करते हुए भौंरे—प्रत्येक वस्तु हमारे नेत्रोंके सामने भगवान्‌की परम सुन्दर आनन्दमयी लीलाके अङ्ग बनकर—भगवान् बनकर उपस्थित होती है। इसी प्रकार शरीरकी व्याधि, व्याधि मिटकर स्वास्थ्यकी प्राप्ति, अन्न-वस्त्रके अभावमें होनेवाला कष्ट, अनेक स्वादिष्ट पदार्थोंके भोजन करनेका एवं सुन्दर वस्त्रोंसे सुसज्जित होनेका सुख, जनताके द्वारा किया हुआ अपमान, जनताके द्वारा दी हुई फूलमालाओंकी भेंट, सर्वत्र फैली हुई निन्दा, सर्वत्र होनेवाली प्रशंसा, पुत्रके जन्मका उत्सव, जवान बेटेकी मृत्यु, बसे हुए गाँवोंका उजड़ जाना, उजड़े हुए गाँवोंका बस जाना—इन सबमें हमें भगवान्‌का मङ्गलमय स्पर्श प्राप्त होता है, भगवान्‌की लीला दीखती है। फिर हमारे ऊपर कोई बन्धन नहीं रहता; यह करो, यह मत करो, ऐसे करो, ऐसे मत करो, इस समय करो, इस समय मत करो—यह नियन्त्रण उठ जाता है, क्योंकि हमारी चेष्टाएँ भी उस अवस्थामें कोई

ENGLISH TRANSLATION

Awaken the Divine Light of the LordThe entire universe is situated in the Lord alone, and the Lord is situated in every single particle of the universe. Then the distinction between one's own and another's disappears, the feeling of friend and foe is destroyed, and everywhere one experiences only one indivisible Self-existence, the Divine Existence of the Lord. In that state, the waves of the ocean, the chirping of birds, the gentle breeze blowing through the trees, the waterfalls cascading upon mountain peaks, the rivers issuing from mountains, the luminous rays of the sun, the cool moonlight of the moon, the blue sky, the blue, white, black, and yellow clouds, the lush green fields, the multi-colored flowers, and the bumblebees humming over blossoms-every single thing appears before our eyes as an integral part of the supremely beautiful, bliss-filled play of the Lord-becoming the Lord Himself. In the same way, the ailment of the body, the attainment of health upon the removal of ailment, the distress arising from the lack of food and clothing, the pleasure of eating many delicious delicacies and dressing in beautiful garments, the humiliation inflicted by people, the offering of flower garlands bestowed by the public, the censure spread everywhere, the praise echoing everywhere, the celebration of the birth of a son, the death of a young son, the ruin of inhabited villages, and the resettlement of ruined villages-in all of these, we obtain the auspicious touch of the Lord, and perceive the divine play of the Lord. Then no bondage remains upon us; "do this, do not do this, do it this way, do not do it this way, do it at this time, do not do it at this time"-this control is lifted, because in that state our actions too

ORIGINAL

स्वतन्त्र सत्ता नहीं रखतीं, हमारे अन्दरसे भी भगवान्‌की ही इच्छा व्यक्त होती है, अतः ये भी उस महान् लीलाके अङ्गभूत बन जाती हैं। किसी गुफामें हजार वर्षसे, लाख वर्षसे अन्धकार भरा हो, किन्तु उसमें हम किसी प्रकार एक ऐसा छेद बना दें कि सूर्यकी किरणें प्रवेश करने लग जायँ। फिर तो गुफाका अन्धकार उसी क्षण जाता रहेगा। लाखों वर्षोंसे रहनेवाला अन्धकार यह नहीं कहेगा कि मैं यहाँ इतने दिनोंसे था, मैं तो धीरे-धीरे जाऊँगा; प्रकाश आया कि अन्धकार विलीन हुआ! इसी प्रकार हृदयमें भगवान्‌की दिव्य ज्योतिके उदय होनेभरकी देर है। जिस क्षण उदय हुई कि हमारा अनादिकालीन अज्ञान भी नष्ट हो जायगा तथा हम सर्वत्र भगवान्‌की सत्ताका अनुभव कर निहाल हो जायँगे। किन्तु जबतक ऐसा नहीं हुआ है, अज्ञानका अँधेरा नहीं मिटा है, प्रभुकी ज्योति नहीं उदय हुई है, तबतक हमपर नियमोंका बन्धन है कि हमें अमुक व्यवहार ऐसे इस समय करना चाहिये, इसका परिणाम सुन्दर होता है; अमुक व्यवहार ऐसे समय नहीं करना चाहिये, इसे करनेका फल बुरा होता है। हम नहीं जानें, नहीं भी स्वीकार करें, मनमाना करने लग जायँ, फिर भी जो नियमका बन्धन है, वह तो रहेगा ही। जो तैरना नहीं जानता, उसे गहरे जलमें नहीं जाना चाहिये, जायगा तो डूब जायगा—यह नियम तैरना न जाननेवाले अबोध शिशुपर उसके नहीं माननेपर भी गहरे जलमें जानेसे लागू पड़ता ही है। ऐसे ही हमारे न माननेपर भी नियम तो काम करता ही है। अतः बुद्धिमानी इसीमें है कि हम अवश्य लागू होनेवाले नियमोंको पहलेसे ही मानकर चलें, जगन्नियन्ता प्रभुके द्वारा निर्धारित नियमोंको स्वीकार करते हुए ही आगे बढ़ें।

ENGLISH TRANSLATION

do not possess any independent existence; through us as well, only the will of the Lord is expressed, and hence these actions also become integral parts of that sublime divine play. Suppose a cave has been filled with darkness for a thousand years or a hundred thousand years, but we somehow make an opening in it such that the rays of the sun begin to enter. Then the darkness of the cave will vanish that very moment. The darkness that has resided for hundreds of thousands of years will not say, "I have been here for so many days, I shall leave only gradually"; the moment light arrives, darkness is dissolved! In the very same manner, it is only a matter of the dawn of the divine light of the Lord within the heart. The very instant it dawns, our beginningless ignorance will also be destroyed, and experiencing the presence of the Lord everywhere, we shall be truly blessed and fulfilled. However, as long as this has not occurred, as long as the darkness of ignorance has not been dispelled and the light of the Lord has not dawned, there is the binding force of rules upon us: that we ought to conduct ourselves in a particular manner at such a time, for its result is auspicious; that we ought not to act in a particular manner at such a time, for the fruit of doing so is adverse. Even if we do not know this, do not accept it, and begin to act willfully, nevertheless, the binding restraint of the law shall certainly remain. One who does not know how to swim should not enter deep water, and if he does, he will drown-this rule applies to an innocent child who does not know how to swim, upon entering deep water, even if he does not accept it. In the very same way, even if we do not accept it, the law continues to operate. Therefore, wisdom lies in walking by accepting beforehand those rules that will inevitably apply, advancing only while accepting the rules ordained by the Lord, the Supreme Controller of the universe.

ORIGINAL

इसका परिणाम यह होगा कि हमारी जीवनयात्रा सुख-
शान्तिसे आगे बढ़ेगी, परमानन्दमय प्रभुसे मिलनेका प्रशस्त मार्ग हमें
प्राप्त हो जायगा तथा अन्तमें हम उनसे मिलकर कृतार्थ हो सकेंगे। हम कह सकते हैं कि जब ऐसी बात है, तब हम निर्णय कैसे करें
कि हमें कौन-सा व्यवहार कब कैसे करना चाहिये। तो इसके लिये एक
व्यापक नियम यह बना लें कि हम जो व्यवहार जैसे जिस समय
दूसरोंके द्वारा अपने प्रति आचरित देखना चाहते हैं, वही व्यवहार उसी
प्रकारसे उस समय हमें दूसरोंके प्रति करना चाहिये। इसका परिणाम
सुन्दर होगा। तथा हम दूसरोंके द्वारा जो व्यवहार जिस कालमें जिस
ढंगसे अपने प्रति होना पसन्द नहीं करते, उसे दूसरोंके प्रति उसी ढंगसे
वैसे ही समयमें कभी नहीं करना चाहिये। उसे करनेका फल बुरा ही
होगा। इस नियमको धारण कर लेनेपर निर्णय होनेमें न तो देर लगेगी,
न कभी भूल ही होगी। अब सोचकर देखें—हम चाहते हैं कि सभी सदा सब बातोंमें
हमसे सत्य बोलें, कोई व्यक्ति कभी किसी प्रसङ्गमें हमसे झूठ न बोले।
लेन-देनमें सभी हमसे सच्चा व्यवहार करें—साग बेचनेवाले हमें सच्चा
भाव बतायें, पूरा तौलें; फल बेचनेवाले अच्छे फल दें, ठीक-ठीक
मूल्य लें; मोदी सभी वस्तु अच्छी दें और उचित मूल्य लें, कोई भी
हमें तनिक भी न ठगे। सभी हमसे सरल व्यवहार करें, कोई भी हमसे
कपट न करे! हम ऐसा चाहते हैं या नहीं? कोई भी यदि कभी किसी
प्रसङ्गमें हमसे झूठ बोलता है, हमें ठगता है, हमसे कपट करता है,
तो हमें बुरा लगता है या नहीं? तो बस फिर दृढ़तापूर्वक व्रत लेकर
हम भी यह करें कि सदा सभी बातोंमें सबसे सत्य बोलें, किसीसे भी
कभी किसी प्रसङ्गमें झूठ न बोलें। सबके साथ सच्चा व्यवहार करें,

ENGLISH TRANSLATION

The consequence of this will be that our journey of life will proceed in happiness and peace, we shall obtain the open path to meeting the supremely blissful Lord, and ultimately we shall attain fulfillment by uniting with Him. We may ask: when such is the case, how then do we decide which conduct we should adopt, and when and how we should practice it? For this, let us establish a universal rule: whatever conduct, in whatever manner, and at whatever time we wish to see practiced by others toward ourselves, that very conduct we ought to practice toward others in the same manner and at that time. Its outcome will be beautiful. And whatever conduct, at whatever time, and in whatever manner we do not like to be done toward ourselves by others, we should never do that toward others in that manner and at such a time. The consequence of doing it will certainly be bad. Once this principle is embraced, it will take no time to arrive at a decision, nor will any mistake ever occur. Now let us reflect and see-we desire that everyone should always speak the truth to us in all matters, and that no person should ever speak a lie to us on any occasion. In transactions, everyone should deal honestly with us-vegetable sellers should tell us the true price and weigh accurately; fruit sellers should give good fruits and charge the exact, fair price; the grocer should provide all goods of good quality and charge a proper price, and no one should cheat us even in the slightest. Everyone should deal straightforwardly with us, and no one should practice deceit toward us! Do we desire this or not? If anyone ever speaks a lie to us on any occasion, cheats us, or practices deceit toward us, do we feel hurt or not? Therefore, firmly resolving with a sacred vow, let us also ensure that we always speak the truth to everyone in all matters, and never speak a lie to anyone on any occasion. Let us deal truthfully with everyone,

ORIGINAL

किसीको कभी न ठगें। हमारा सबके प्रति सरल व्यवहार हो, किसीके प्रति कपट न हो।हम चाहते हैं कि सभी जगह हमें सबके द्वारा अधिक-से-अधिक शारीरिक सुविधा प्राप्त हो, कोई भी हमें कभी शारीरिक कष्ट न दे। हम जहाँ जायें, वहीं अमृतभरी वाणीसे हमारा स्वागत हो, सबकी वाणीमें हमारे प्रति आदर भरा हो, प्रेम भरा हो, कोई भी हमें कटु वाणी न कहे, हमारा चित्त न दुःखाये। मनसे सभी हमारा मङ्गल चाहें, हमारे लिये शुभ चिन्तन करें; कोई भी हमारा अनिष्ट न सोचे। बस, ठीक इसी प्रकार हमें भी चाहिये कि हमारे सम्पर्कमें आनेवाले प्रत्येक प्राणीको हम अधिक-से-अधिक शारीरिक सुविधा दें, किसीको भी हमारे द्वारा शारीरिक कष्ट न पहुँचे। जो भी हमसे मिलें उनके लिये हमारी वाणीमें मधु भरा हो, मधुभरी वाणीसे हम उनका आतिथ्य करें, उनके साथ बातचीतमें हमारी वाणीसे आदर एवं प्रेम झरता रहे। किसीके प्रति भूलकर भी हम कटु वाणीका प्रयोग न करें, कड़वी बात कहकर किसीका भी चित्त न दुःखायें। मनसे सभीके लिये मङ्गल सोचें, सभीके लिये शुभ भावना करें, भूलकर भी कभी किसीका अमङ्गल, अशुभ, अनिष्ट होनेकी इच्छा न करें।हमपर जब विपत्ति आती है, कोई कष्ट आता है, उस समय इच्छा होती है कि सभी हमें हृदयसे लगा लें, सभी हाथ बढ़ाकर हमारे आँसू पोंछें; हमारे पास जो वस्तुएँ नहीं हैं, उनकी पूर्ति कर दें, उस समय कोई हमारी उपेक्षा न करे। जब हमें ऐसी इच्छा होती है, तब हमारे जीवनका भी यही व्रत होना चाहिये कि किसीको विपत्तिमें पड़ा देखकर—विशेषतः जिसकी सँभाल करनेवाला कोई न दीखे—उसे हम अपने हृदयसे लगा लें, उसके आँसू पोंछनेकी यथासाध्य चेष्टा करें,

ENGLISH TRANSLATION

and never cheat anyone. May our conduct toward all be straightforward, and devoid of deceit toward anyone. We desire that everywhere we should receive the utmost physical comfort from everyone, and that no one should ever inflict physical distress upon us. Wherever we go, we should be welcomed with nectar-sweet speech; everyone's speech toward us should be filled with reverence and love; no one should speak harsh words to us or cause grief to our heart. In their minds, everyone should wish for our well-being and contemplate good for us; no one should think of our harm. Just in this very manner, we too ought to provide the utmost physical comfort to every living being who comes into contact with us, ensuring that no physical distress is caused to anyone through us. For whoever meets us, our speech should be filled with sweetness; we should welcome them with honey-sweet words, and in our conversations with them, respect and love should continuously flow from our speech. Even by mistake, we should never use harsh words toward anyone, nor cause grief to anyone's heart by uttering bitter remarks. In our mind, let us wish auspiciousness for all, nurture benevolent feelings for all, and never even inadvertently desire that misfortune, inauspiciousness, or harm befall anyone. When adversity comes upon us or some suffering befalls us, at that time the desire arises that everyone should embrace us to their heart, everyone should extend a hand to wipe our tears, supply whatever necessities we lack, and that no one should neglect us at such a time. When we harbor such a desire, then the vow of our life also ought to be that upon seeing anyone fallen into adversity-especially one who appears to have no one to take care of them-we should embrace them to our heart, make every possible effort to wipe their tears,

ORIGINAL

उसके जो अभाव हैं, यदि हम उन्हें पूरा कर सकते हों तो अवश्य पूरा कर दें; ऐसा कोई भी व्यक्ति ध्यानमें आनेपर हम उसकी कदापि उपेक्षा न करें।सारांश यह कि जबतक हमें सर्वत्र भगवद्भावना नहीं होने लगती, तबतक हमपर नियमोंका बन्धन है और इसीलिये हमें सावधान होकर, उपर्युक्त कसौटीपर, अपनी चेष्टाओंको कसकर ही व्यवहारमें उतरना चाहिये। पर इतनेसे ही हम भगवान्के आलोकमें जा पहुँचेंगे, ऐसी बात नहीं है। इसके लिये हमें और भी आगे--बहुत आगे बढ़ना पड़ेगा।यहाँ जगत्का अत्यन्त स्थूल प्रकाश हमें कैसे मिलता है, हम

इसपर विचार करें। दीपक हो, स्नेह (घृत या तेल) हो, स्नेहमें सनी बत्ती हो एवं फिर इस बत्तीका किसी जलते हुए दीपसे संयोग हो जाय। इतनी बात होनेपर हमें जगत्का स्थूल आलोक प्राप्त होता है। आलोक प्राप्त होनेपर भी यदि हमारी आँखें नहीं--आँखें नष्ट हो गयी हैं या मोतियाबिन्द हो गया है--तो हमें उस ज्योतिकी अनुभूति नहीं हो सकती। अतः सबसे पहले आँखें होनी चाहिये। इसी प्रकार प्रभुका आलोक पानेके लिये भी एक विशेष प्रकारके दीप, स्नेह आदि एवं आलोक-दर्शनके उपयुक्त आँखें आवश्यक हैं; हमारे अन्दर श्रद्धा (विश्वास) की निर्मल आँखें हों, इन्द्रियाँ दीपका काम करने लगें, भगवत्प्रेमकी स्निग्धता उन दीपोंमें भरने लगे, मनरूपी बत्ती उसके संयोगमें आकर स्निग्ध बन जाय तथा यह बत्ती प्रभुका आलोक-विस्तार करनेवाले किसी सच्चे सन्तरूपी प्रज्वलित दीपसे एक बार जुड़ जाय तो भगवान्की ज्योति हमारे अन्दर भी निश्चय प्रकट हो जायगी।पहली बात तो यह है कि भगवान्की सत्तामें, उनके अनन्त

सामर्थ्यमें, उनके अनन्त दिव्य गुणोंमें हमारी अचल अडिग श्रद्धा हो।

ENGLISH TRANSLATION

Whatever needs he has, if we are able to fulfill them, we must certainly fulfill them; if any such person comes to our attention, we should never ignore him. The summary is that so long as we do not begin to perceive the presence of the Divine everywhere, we remain bound by rules, and therefore, remaining vigilant, we ought to engage in worldly dealings only after testing our endeavors upon the aforementioned touchstone. Yet, it is not that merely by this much we shall reach the divine light of God. For this, we shall have to advance further--much further. Let us consider how we obtain the grossest light of this physical world. There must be a lamp, there must be oil or ghee (sneha), a wick soaked in that oil, and then this wick must come into contact with an already burning lamp. Once all these conditions are met, we obtain the gross light of the world. Even when the light is present, if we have no eyes--if our eyes are destroyed or afflicted with cataracts--we cannot perceive that radiance. Therefore, first and foremost, there must be eyes. In the same manner, to attain the light of the Lord, a special kind of lamp, oil, etc., along with eyes suitable for beholding the light, are essential; we must possess within us the pure eyes of faith (trust), the senses must begin to serve as the lamp, the soothing unction of divine love must begin to fill those lamps, the wick of the mind must become saturated by its contact, and once this wick is joined to a burning lamp in the form of a true saint who spreads the Lord's illumination, the light of God will surely manifest within us as well. The first requirement is that we must possess an unwavering, steadfast faith in the existence of the Lord, in His infinite omnipotence, and in His boundless divine attributes.

ORIGINAL

भगवान् अवश्य हैं, वे सब कुछ करनेमें समर्थ हैं, वे करुणासिन्धु हैं, प्रेमसमुद्र हैं, सौन्दर्य-सागर हैं, उनमें सत्य, क्षमा, शुचिता, कृतज्ञता, दक्षता, स्थिरता, सहिष्णुता, गम्भीरता, समता, मङ्गलमयता, प्रेमवश्यता आदि अगणित अनन्त सद्गुण अपरिसीम मात्रामें नित्य वर्तमान रहते हैं, एक क्षुद्र दर्पणमें सम्पूर्ण आकाशका प्रतिबिम्ब ग्रहण करना जैसे असम्भव है, वैसे ही प्रभुके अस्तित्वकी, उनके अनन्त अपरिसीम सौन्दर्य, माधुर्य आदि सद्गुणोंकी पूरी-पूरी कल्पना हमारे क्षुद्र मन-बुद्धिमें समा ही नहीं सकती;--इस बातपर हमारा दृढ़ विश्वास हो। हमारे इस विश्वासको संशयकी छाया कभी छूने न पाये, किन्तु हमारा दुर्भाग्य कहें या क्या कहें--हमारे अन्दर प्रभुपर विश्वास ही नहीं है। (हजारोंमें एक व्यक्ति भी कठिनतासे मिलेगा, जो सचमुच भगवान्में विश्वास रखता हो।) हम पापपर विश्वास कर लेते हैं, किसी मनुष्यपर अथवा अपने पुरुषार्थ (अहङ्कार) पर हमारा भरोसा हो जाता है, पर प्रभुपर नहीं। हम सोचते हैं--हमारा अमुक कार्य है, इसमें इतना झूठ तो हमें बोलना ही पड़ेगा, बिना झूठ बोले काम होनेका ही नहीं, दूसरे शब्दोंमें झूठ (पाप) पर हमारा विश्वास है कि झूठ हमारा काम कर देगा। हम देखते हैं कि हमारा यह कार्य अमुक सज्जन कर सकते हैं तथा उनपर विश्वास करके उनकी आशा लगाये रहते हैं। अथवा सोचने लगते हैं--अजी चलो, रखा ही क्या है, हम करके छोड़ेंगे। अर्थात् अपने अहङ्कारका हमें भरोसा है। हम भगवान्की ओर नहीं ताकते कि वे हमारा कार्य कर दें। सच तो यह है कि हमारा यह कार्य भी, जिसे हम झूठ बोलकर सफल करने जा रहे हैं, मनुष्यकी अहङ्कारकी शक्तिसे पूरा कर लेनेका मनसूबा बाँध रहे हैं, पूरा होगा भगवान्की शक्ति-प्रेरणा एवं इच्छासे ही; किंतु हमारा अविश्वास इस सत्यको हमपर प्रकट नहीं

ENGLISH TRANSLATION

God most certainly exists; He is capable of doing all things; He is an ocean of compassion, an ocean of love, an ocean of beauty; within Him countless, infinite virtues such as truth, forgiveness, purity, gratitude, skill, steadfastness, forbearance, profundity, equanimity, auspiciousness, submissiveness to love, and the like reside eternally in measureless abundance; just as it is impossible for a tiny mirror to capture the reflection of the entire sky, so too the complete conception of the Lord's existence, of His infinite, boundless beauty, sweetness, and divine attributes simply cannot be contained within our petty mind and intellect;--in this truth we must have firm faith.

May the shadow of doubt never touch this faith of ours; yet, whether we call it our misfortune or whatever else--we simply lack faith in the Lord within us. (Scarcely will one person in thousands be found who truly places faith in God.) We put our trust in sin, we place our reliance on some human being or on our own human endeavor (ego), but not on the Lord. We think--we have such and such a task, so we must tell this much lie, the work cannot possibly be done without lying; in other words, we have faith in falsehood (sin) that the lie will accomplish our task. We see that a certain gentleman can do this work of ours, and placing our trust in him, we pin our hopes upon him. Or we begin to think--"Come on, what does it matter, we will certainly get it done ourselves." That is to say, we rely on our ego. We do not look toward God to accomplish our work. The truth is that even this task of ours, which we are setting out to accomplish through lies, or planning to fulfill by the power of human ego, will ultimately be accomplished only through God's power, inspiration, and will; yet our disbelief does not allow this truth to be revealed to us.

ORIGINAL

होने देता और हमें ऐसा दीखता है कि झूठसे काम होगा, वे कर देंगे, हम कर लेंगे। इस प्रकार हम सदा उत्तरोत्तर भगवान्के आलोकसे दूर ही हटते रहते हैं, उस ओर नहीं बढ़ते। कभी विश्वास करते भी हैं तो वह डगमग करता रहता है। नेत्रोंकी ज्योतिमें मोतियाबिन्दकी तरह उस विश्वासमें संशय समाया रहता है। मोतियाबिन्द होनेपर जैसे ज्योति धुँधली हो जाती है, सामनेकी वस्तु हम स्पष्ट देख नहीं पाते, वैसे ही विश्वासमें संशय घुस जानेपर--'प्रभु करेंगे कि नहीं?' 'क्या पता, प्रभुने किया है या अमुक व्यक्तिकी सहायतासे हमारा काम हो गया?'--इस प्रकारका संशय रहनेपर विश्वाससे होनेवाले प्रभुके चमत्कारको सामने रहनेपर भी हम स्पष्ट नहीं देख पाते। इसीलिये संशयहीन दृढ़ विश्वास करनेकी आवश्यकता है। ऐसा निर्मल, स्थिर विश्वास होनेपर ही सभी बातोंमें प्रभुकी ओर ताकनेकी हमारी प्रवृत्ति होगी; हम उनकी ओर देखना चाहेंगे, देखेंगे तथा देखनेपर आगे या पीछे उनका आलोक हमारे नेत्रोंमें व्यक्त होकर ही रहेगा। इस प्रकार बुद्धिमें भगवान्की सत्ताका दृढ़ निश्चय होना ही है श्रद्धाकी निर्मल आँख।

दूसरी बात यह है कि हम इन्द्रियोंको विषयोंसे लौटाकर उनका मुख प्रभुकी ओर करें। जिस प्रकार उलटाये हुए दीपमें तेल रखा नहीं जा सकता, उसी प्रकार प्रभुकी ओर पीठ देकर विषयोंकी ओर मुख रखनेवाली इन्द्रियोंमें भगवत्प्रेमकी स्निग्धता आ नहीं सकती। हमारी इन्द्रियोंका मुख उलटा हो रहा है, प्रभुसे उलटी दिशाकी ओर मुख करके ये दौड़ रही हैं--नेत्रोंको सुन्दर रूप, नासाको मीठा सौरभ, कानको मधुर शब्द, रसनाको मधुर रस, त्वक्को सुकोमल स्पर्श अत्यन्त प्यारा है। सुन्दर, सुरभित, मधुर, सुकोमलके प्रति प्रीति बुरी भी नहीं है। पर सुन्दरता, सुवास, मधुरता, कोमलता आदि यहाँ है

ENGLISH TRANSLATION

It does not allow this truth to be seen, and it appears to us that falsehood will get the job done, that someone else will do it, or that we will accomplish it ourselves. In this way, we continuously move progressively further away from the light of God, rather than advancing toward it. Even when we do believe at times, that faith keeps wavering. Like a cataract in the vision of the eyes, doubt remains embedded in that faith. Just as sight becomes blurred when a cataract develops and we cannot clearly see the object in front of us, likewise, when doubt enters into faith--"Will the Lord do it or not?" "Who knows whether the Lord did it or our work was accomplished through the help of such-and-such person?"--when such doubt exists, we cannot clearly perceive the miracle of the Lord wrought through faith, even when it is right before us. For this reason, there is a need for doubt-free, firm faith. Only when such pure, steady faith exists will there arise in us the inclination to look toward the Lord in all matters; we shall wish to look toward Him, we shall behold Him, and upon beholding Him, sooner or later His illumination will inevitably manifest in our eyes. Thus, having a firm conviction of the Lord's existence in the intellect is itself the pure eye of faith. The second point is that we must turn the senses away from worldly sense-objects and direct their faces toward the Lord. Just as oil cannot be held in an inverted lamp, in the exact same manner, the soothing unction of divine love cannot enter into the senses that turn their backs upon the Lord and face toward sense-objects. The orientation of our senses is inverted; turning their faces in the opposite direction from the Lord, they are running away--to the eyes, beautiful form is exceedingly dear; to the nose, sweet fragrance; to the ears, melodic sound; to the tongue, delicious taste; and to the skin, delicate touch. Affection toward what is beautiful, fragrant, sweet, and delicate is not bad in itself. But where do beauty, fragrance, sweetness, delicacy, and the like truly reside here in this world?

ORIGINAL

कहाँ? यह तो भ्रम है। हम थोड़ी देरके लिये विवेकसे विचार करें--हमारी इन्द्रियाँ किसीके (परस्पर स्त्री-पुरुषोंके) सुन्दर रूपपर, सुरीले कण्ठपर, इत्र या सेंटसे सुवासित अङ्गोंके सुवासपर, अङ्गोंके कोमल स्पर्श आदिपर न्योछावर होने लगती हैं। पर मान लें, कलको उसकी मृत्यु हो जाय तो फिर वह सुन्दरता, सुवास आदि नष्ट क्यों हो जाते हैं? शरीर तो वही है, सुन्दरता क्या हो गयी। मुख भी है, जीभ भी है, पर सुरीला कण्ठ लुप्त क्यों हो गया? कितना भी इत्र, सेंटसे उस मृत शरीरको चुपड़ दें, पर उसमें सड़न क्यों आने लग गयी? अङ्ग ऐंठ क्यों गये? अब यदि हमारा विवेक ठीक-ठीक काम करता है तो हम सहजमें ही समझ सकते हैं कि जबतक जीवके रूपमें प्रभुकी सत्ता, प्रभुकी आंशिक ज्योति उस शरीरमें इन्द्रिय-गोलकोंसे व्यक्त थी, तभीतक वह सुन्दरता थी, सुरीली वाणी व्यक्त हो रही थी, सुवास झरता था, कोमलता लहराती थी। वह सत्ता अव्यक्त हुई कि ये सब भी उसीके साथ अव्यक्त हो गये, चले गये। वास्तवमें सौन्दर्य, माधुर्य, सौरभ-सुवास प्रभुका था, प्रभुके रहनेपर शरीर इन्द्रियोंमें उनकी छाया पड़ रही थी, हमारी इन्द्रियोंको भ्रम हो रहा था कि वह सुन्दरता आदि इस शरीरकी है, अब प्रभु नहीं हैं, इसलिये ये भी नहीं दीख रहे हैं। अतः ये सब प्रभुमें हैं, शरीरमें नहीं। प्रभु नित्य हैं, उनके सौन्दर्य-माधुर्य आदि गुण भी नित्य हैं, शरीर नश्वर है, सड़-गलकर मिट्टीमें मिल जानेवाली वस्तु है। इस विवेकको जाग्रत् करके नश्वर वस्तु, नश्वर भावसे चिपटी हुई इन्द्रियोंको हमें वहाँसे अलगकर प्रभुकी ओर करना पड़ेगा। जब इनका मुख इधरसे मुड़कर प्रभुकी ओर हो जायगा, भ्रमकी ओरसे हटकर जब ये सत्यस्वरूप प्रभुकी ओर ताकने लगेंगी, तब ये प्रभुका आलोक प्रकट करनेके लिये दीपकका काम देंगी, भगवत्-

ENGLISH TRANSLATION

Where are they? This is merely a delusion. Let us reflect with discernment for a moment--our senses begin to sacrifice themselves over someone's (mutually between men and women) beautiful form, melodious voice, the scent of limbs perfumed with attar or scent, the soft touch of limbs, and so on. But suppose that tomorrow that person dies, then why do that beauty, fragrance, etc., get destroyed? The body remains the same, but what became of the beauty? The mouth is still there, the tongue is still there, but why did the melodious voice vanish? No matter how much attar or perfume we smear upon that dead body, why does decomposition begin to set in? Why do the limbs stiffen? Now, if our discernment functions properly, we can easily understand that only as long as the presence of the Lord, the partial light of the Lord, was manifested in that body in the form of the individual soul (jiva) through the bodily sense-organs, only that long did that beauty exist, was that melodious voice expressed, did fragrance emanate, and did softness ripple. The moment that Divine Presence became unmanifest, all of these also became unmanifest along with it and departed. In truth, the beauty, sweetness, and fragrance belonged to the Lord; while the Lord was present, His shadow was falling upon the body and senses; our senses were under the illusion that that beauty and the like belonged to this body; now that the Lord is not there, these too are no longer seen. Therefore, all these reside in the Lord, not in the body. The Lord is eternal, and His attributes such as beauty and sweetness are also eternal; the body is transient, a thing destined to decompose and merge into the dust. Awakening this discernment, we must detach our senses, which are clinging to transient objects and perishable feelings, from there and turn them toward the Lord. When their face is turned away from this side toward the Lord, when turning away from delusion they begin to gaze toward the Lord who is the Embodiment of Truth, then they will serve as lamps to reveal the light of the Lord, divine...

ORIGINAL

प्रेमकी स्निग्धता इनमें एकत्र हो सकेगी। दूसरे शब्दोंमें हमारी इन्द्रियोंमें विषयोंके प्रति वैराग्य होना ही यहाँ उनका दीपकका काम करने लग जाना है।इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि हम सबसे सम्बन्ध तोड़कर 'वैरागी बाबा' बन जायँ। ऐसा करना तो इस पद्धतिको सर्वथा नहीं समझना है। इसका तात्पर्य यह है कि नश्वरमें अवस्थित अविनाशीको हम ढूँढ़ निकालें। सुन्दर शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध—इन सबका जहाँ उद्गम है, वहाँ—उन प्रभुकी ओर हमारी इन्द्रियाँ केन्द्रित हों। इन्द्रियोंका मुख भगवान्‌की ओर हो जानेपर तीसरी एवं चौथी बात अपने-आप आरम्भ हो जायगी। विषयोंके सम्बन्ध एवं प्रभुके सम्बन्धके परिणाममें एक भारी अन्तर यह है कि विषयोंके प्राप्त होनेपर जब इन्द्रियाँ उनका उपयोग करने लगती हैं, तब बस, उसी क्षणसे ही रस (आनन्द) की मात्रा कम होने लग जाती है। किसी रूपके प्रति हमारा अत्यधिक आकर्षण है; पर जहाँ उस रूपका उपभोग हमारी आँखोंको मिलने लगा कि बस, उसी क्षणसे दर्शनका रस कम होने लगता है। भले ही प्रारम्भमें यह लक्षित न हो, पर यह ध्रुव सत्य सिद्धान्त है; किन्तु इससे ठीक विपरीत यदि एक बार भी हम सर्वत्र व्याप्त प्रभुके नित्य सुन्दर रूपकी ओर आकर्षित हो जायँ तो यह आकर्षण नित्य-निरन्तर बढ़ता ही रहेगा; दर्शनसुखकी मात्रा निरन्तर बढ़ती रहेगी। एक नवयुवक किसी रूपवती युवतीको देखकर मुग्ध हो रहा है तथा प्रभुके आलोकका अनुभव करनेवाला एक सन्त अपनी काली-कलूटी पत्नीको देखकर प्रेममें डूब रहा है—इन दोनोंमें युवकका युवतीके प्रति आकर्षण, प्रेम, उससे प्राप्त होनेवाला सुख तो मिलनके प्रथम क्षणसे ह्रासकी ओर बढ़ रहा है, किन्तु सन्तका आकर्षण, प्रेम-सुख प्रतिक्षण वृद्धिकी ओर जा रहा है। ऐसा इसीलिये कि वह युवक

ENGLISH TRANSLATION

The tenderness of love will be gathered within them. In other words, our senses developing dispassion toward worldly sense objects is itself what begins to serve here as the lamp. This by no means implies that we should sever all ties and become an ascetic hermit. Doing so would mean completely misunderstanding this path. Its true meaning is that we discover the Imperishable abiding within the perishable. Where the source of all beautiful sound, touch, form, taste, and fragrance lies-there, toward the Lord, our senses should be focused. Once the senses are turned toward God, the third and fourth steps will begin naturally on their own. A major difference between the outcome of worldly attachment and attachment to the Lord is that upon attaining worldly objects, the very moment the senses begin to enjoy them, the measure of joy (bliss) begins to diminish. We may feel an intense attraction toward a particular form; yet the moment our eyes begin to partake of that form, the joy of seeing it begins to decrease. Even if this is not apparent at first, it is an absolute and certain truth. In stark contrast, if we are attracted even once to the ever-beautiful form of the all-pervading Lord, this attraction will continue to grow eternally and unceasingly; the bliss of divine vision will perpetually increase. A young man is enchanted upon seeing a beautiful maiden, while a saint who has experienced the divine light is immersed in love upon beholding his dark and plain wife. Between these two, the youth's attraction, love, and the pleasure derived from the maiden begin to decline from the very first moment of union, whereas the saint's attraction and blissful love increase with every passing moment. This is because the young man

ORIGINAL

उस युवतीके बाह्य नश्वर सौन्दर्यको देख रहा है तथा सन्त उस काली-कलूटी पत्नीके अन्तरमें व्यक्त प्रभुके नित्य नवीन हो जानेवाले सौन्दर्यको निहार रहा है। अतः जहाँ इन्द्रियोंका मुख प्रभुकी ओर हुआ कि इनका आकर्षण प्रभुकी ओर क्षण-क्षणमें बढ़ने लगेगा, यह आकर्षण प्रेममें परिणत होने लगेगा, प्रेमजनित स्निग्धतासे ये भरने लगेंगी। साथ ही यह नियम है कि मनके बिना इन्द्रियाँ काम नहीं कर सकतीं, जहाँ इन्द्रियाँ काम कर रही हैं, वहाँ मन भी निश्चय ही है। जब इन्द्रियाँ विषयोंमें भटक रही थीं, तो उस समय हमारे मनकी वृत्तियाँ भी बिखरे तन्तुओंकी भाँति इधर-उधर फैली रहती थीं; जब इन्द्रियाँ मुड़कर एक प्रभुकी ओर उन्मुख हो गयीं, तब मनकी वृत्तियाँ भी एकाग्र हो गयीं; मानो बिखरे हुए तन्तु एकत्र होकर, जुड़कर बत्तीके रूपमें परिणत हो गये। साथ ही यदि हमारी इन्द्रियोंमें भगवत्-प्रेमकी स्निग्धता बढ़ती जा रही है तो निश्चय है कि उनके साथ रहनेके कारण हमारा मन भी उस स्निग्धतासे सनता जा रहा है, यही है इन्द्रियरूप दीपका स्निग्ध पदार्थसे भर जाना एवं मनरूपी बत्ती (आलोक ग्रहण करनेके साधन) का स्निग्ध हो जाना। इसीको कहते हैं भगवान्में राग हो जाना, रागयुक्त मनका भगवान्में एकाग्र हो जाना।अब बस, पाँचवीं बात शेष रही है। वह है इस दीपका किसी प्रज्वलित दीपसे संसर्ग करा देना। अर्थात् हमारा रागयुक्त एवं एकाग्र हुआ मन किसी ऐसे सन्तके मनसे जा जुड़े, जिसमें प्रभुकी ज्योति जल रही हो तो यह भी अपने-आप प्रज्वलित हो जायगा। यदि हमारी बुद्धिमें भगवान्की सत्ताका दृढ़ निश्चय हो, इन्द्रियोंमें विषयोंके प्रति विराग हो, भगवान्के प्रति राग हो, रागयुक्त मन भगवान्में एकाग्र हो रहा हो तो अपने हृदयमें जलती हुई प्रभुकी ज्योतिको हमारे मनसे छुआकर ज्योति जगानेवाले सन्त अपने-आप हमें ढूँढ़ते हुए आ पहुँचते हैं, नहीं-नहीं स्वयं प्रभु ही उन सन्तके रूपमें आकर, हृदयसे लगाकर

ENGLISH TRANSLATION

is beholding the external, perishable beauty of that maiden, whereas the saint is gazing upon the ever-renewing beauty of the Lord manifested within that dark-complexioned wife. Therefore, the moment the senses turn toward the Lord, their attraction toward Him will grow from moment to moment, this attraction will transform into divine love, and they will become filled with the tenderness born of love. Moreover, it is a universal rule that the senses cannot function without the mind; wherever the senses are operating, the mind is certainly present there as well. When the senses were wandering among worldly objects, the modifications of our mind were scattered here and there like loose threads; but when the senses turned back and faced the Lord alone, the modifications of the mind also became one-pointed, as if scattered fibers came together and joined to form a wick. Furthermore, if the tenderness of divine love continues to increase within our senses, it is certain that by remaining in their company, our mind too is being saturated with that same tenderness. This is what is meant by the lamp of the senses being filled with the smooth oil of devotion and the wick of the mind (the instrument for receiving light) becoming soaked with it. This is called developing intense love for God, and the focused absorption of that loving mind in God. Now, only the fifth step remains. That is bringing this lamp into contact with an already ignited lamp. In other words, when our loving and focused mind connects with the mind of such a saint in whom the light of the Lord is burning, this lamp too will spontaneously be kindled. If our intellect holds a firm conviction in the reality of God, if there is dispassion in the senses toward worldly objects, love toward God, and the loving mind is becoming focused upon the Lord, then saints who awaken the inner light by touching our mind with the divine flame burning in their own hearts will seek us out and arrive on their own; nay, the Lord Himself comes in the form of that saint, embraces us to His heart,

ORIGINAL

हमारे हृदयको भी आलोकित कर देते हैं। फिर अनुभव होता है—हम नहीं, हमारा कुछ नहीं, एकमात्र वे ही वे हैं, सर्वत्र उन्हींकी लीला चल रही है। आरम्भसे लेकर अबतक—व्यवहार-सुधार (मानवधर्म), भगवान्में श्रद्धा, विषयोंमें वैराग्य, भगवान्में अनुराग, मनकी एकाग्रता एवं सन्त-मिलन—ये छः बातें हुईं। ये छः बातें हमारे जीवनमें आ जायँ, इसके लिये हमें चेष्टा करनी ही चाहिये। यह नियम नहीं है कि सबके जीवनमें ये एक ही क्रमसे आयेंगी। हमारे संस्कार एवं वातावरणके अनुसार ही क्रम बनेगा और वह भिन्न-भिन्न होगा। पर यह सत्य है कि इनमें एक पूरी आ गयी तो शेष पाँचों भी आकर ही रहेंगी; क्योंकि इनमें परस्पर सम्बन्ध है। हमें तो चाहिये कि एकको, दोको, तीनको—जितना हम अपने जीवनमें उतार सकें, उन्हें क्रियात्मकरूपसे अपने जीवनमें उतारें; शेष अपने-आप उतर आयेंगी। इस प्रकार चेष्टा करके, जीवन समाप्त होते-न-होते हम भगवान्की ज्योति जगा लें, ज्योति जगाकर उनको पहचान लें। यह हो गया तब तो ठीक है, अन्यथा जीवन सर्वथा निरर्थक गया। लाभ तो कुछ हुआ नहीं, प्रत्युत ऐसी महान् हानि हुई कि उसे पूरा कर लेना अत्यन्त कठिन है। एक मानवजीवन ही ऐसा है, जिसमें हमें विवेक प्राप्त है। इस विवेकका उपयोग कर हम प्रभुके आलोकका दर्शन पा सकते हैं, प्रत्येक प्राणीमें—सर्वत्र समस्त विश्वमें उन्हें भरा अनुभव कर परमानन्द सिन्धुमें सदाके लिये निमग्न हो सकते हैं—इह चेदवेदीदथ सत्यमस्ति
न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः ।
भूतेषु भूतेषु विचित्य धीराः
प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति ॥

ENGLISH TRANSLATION

and illuminates our heart as well. Then the realization dawns: we do not exist, nothing belongs to us, He and He alone is everywhere, and His divine play alone is unfolding throughout the universe. From the beginning up to this point, six principles have been presented: moral refinement in conduct (human duty), faith in God, dispassion toward sense objects, deep love for God, concentration of the mind, and union with holy saints. We must certainly endeavor so that these six principles manifest in our life. It is not an absolute rule that they will appear in the exact same sequence in everyone's life. The sequence will form according to our latent impressions and environment, and it will vary from person to person. Yet it is an absolute truth that if even one of these is fully realized, the remaining five are bound to follow, for they are intimately interrelated. What is required of us is to put into practice one, two, or three-as many as we can practically assimilate into our life; the rest will descend naturally. By striving in this manner, before this life draws to a close, let us awaken the light of God, and having awakened that light, let us recognize Him. If this is achieved, all is well; otherwise, life has gone entirely in vain. No gain was achieved; rather, so great a loss was incurred that it is exceedingly difficult to overcome. Human life alone is such that we are endowed with the faculty of spiritual discernment. Utilizing this discernment, we can attain the vision of the Lord's divine light, perceive Him pervading every living being and the entire universe, and remain immersed forever in the ocean of supreme bliss:[Sanskrit] If one has realized the Supreme Truth here in this life, then there is true fulfillment; if one has not realized It here, there is great destruction. Having perceived the Divine in each and every being, the wise, departing from this world, attain immortality.

CHAPTER 16

प्रभुका आश्रय
Refuge in the Lord

Source coverage: 139–146

ORIGINAL

प्रभुका आश्रय

कहते हैं कि बवण्डर (चक्रवात) के ठीक बीचमें एक ऐसा स्थान भी रहता है, जहाँ कोई हलचल नहीं, वायुका तनिक भी प्रकोप नहीं; प्रत्युत वहाँ इतनी शान्ति रहती है कि यदि किसी छोटे शिशुको वहाँ सुलाया जा सके तो वह सुखकी नींद सोता रहेगा, वायुका झकझोर उसे छू तक नहीं सकेगा। ठीक इसी प्रकार इस संसार-कोलाहलके मध्यमें प्रभु विराजित हैं तथा जहाँ वे हैं, वहाँ न तो जगत्की हलचल है और न त्रितापकी विषमयी ज्वाला ही; वहाँ सर्वदा और सर्वथा सुख-शान्ति भरी रहती है; जो कोई भी वहाँ पहुँच जाता है, उसके प्राण शीतल हो जाते हैं; जगत्के उलट-फेर फिर उसपर अपना कुछ भी प्रभाव नहीं डाल सकते। हम अपने जीवनपर विचार कर देखें तो पता चलेगा कि उसमें न जाने कितने चढ़ाव-उतार हुए हैं; कितनी बार हम हँसे हैं और कितनी बार रोये हैं। संसारके प्रवाहमें बहते हुए हम सदा चञ्चल बने रहते हैं। अबतक कोई भी ऐसा विश्रामस्थल हमें नहीं मिला, जहाँ थोड़ी देरके लिये भी आरामसे टिककर शान्तिसे स्थिर होकर हम थकान मिटा सकें। थककर हम जिसका सहारा लेने चलते हैं, देखते हैं वह भी हमारी ही भाँति चञ्चल है, सतत उसी प्रवाहमें बह रहा है। इस प्रकार संसारके थपेड़ोंकी चोट खाते-खाते हमारी इन्द्रियाँ व्याकुल हो गयी हैं, मन उद्विग्न हो उठा है और बुद्धि कुण्ठित हो चली है। इन्द्रियाँ यहाँकी वस्तुओंमें सुख ढूँढ़ने जाती हैं, पर सुखके बदले आगे या पीछे इन्हें प्राप्त होती है सदा विषैली ज्वाला ही। ये बुरी तरह झुलस जाती हैं। मन अनुकूल ढूँढ़ने जाता है, अमुक परिस्थिति ऐसी बन जाय,

ENGLISH TRANSLATION

The Refuge of the LordIt is said that at the very center of a whirlwind (cyclone), there exists a place where there is no turmoil, not even the slightest fury of the wind; rather, such profound peace reigns there that if a small infant could be put to sleep in that spot, the child would sleep blissfully, and the violent gust of wind could not even touch them. In the exact same manner, the Lord resides in the very midst of the clamor of this world, and where He is, there is neither the turmoil of the world nor the venomous flames of the threefold miseries; peace and joy abide there always and in every way. Whoever reaches that sanctuary finds their vital spirit cooled and soothed; the vicissitudes of the world can no longer exert any influence upon them. If we reflect upon our own life, we will discover how many countless ups and downs have occurred within it, how many times we have laughed, and how many times we have wept. Drifting in the current of worldly existence, we remain ever restless. Until now, we have found no such resting place where we could stay at ease even for a short while, settle peacefully, and dispel our exhaustion. When we grow weary and seek someone's support, we find that they too are restless just like us, continually drifting along in that very same stream. In this way, continually battered by the blows of the world, our senses have become distraught, the mind has grown agitated, and the intellect has become blunted. The senses go in search of happiness among the objects of this world, but instead of happiness, sooner or later what they always receive is a poisonous flame. They are severely scorched. The mind goes searching for favorable circumstances, wishing that a particular situation would unfold in a certain way,

ORIGINAL

अमुक व्यक्ति ऐसा बन जाय, यों सोचता हुआ यहाँकी वस्तुओंमें अपने योग्य आश्रय ढूँढ़ने चलता है, पर इसे भी पहले या पीछे मिलती है भयानक प्रतिकूलता ही। आजतक किसीके लिये भी सभी बातें सदा और सर्वथा अनुकूल बन गयी हों, यह न कभी हुआ है न होगा। इसीलिये अनुकूलता ढूँढ़नेवाले मनको प्रतिकूलता प्राप्त होती है और उस समय वह हाहाकार कर उठता है। बुद्धि सारा विवेक लगाकर निर्णय देती है कि बस, 'इस काममें लगो, इस बार सफलता अवश्य मिलेगी, इस बार तुम्हारे सारे अभावोंकी पूर्ति हो जायगी।' किन्तु परिणाम यह होता है कि हम असफल हो जाते हैं; अथवा कहीं सफल भी हुए, हमारा कोई-सा एक अभाव पूर्ण भी हो गया तो उसके साथ ही नये दसों-बीसों अभाव खड़े हो जाते हैं; अब इन नये अभावोंकी पूर्ति कैसे हो, इस विषयमें बुद्धि कोई भी निर्णय नहीं कर पाती, इस प्रकार हमारा जीवन ही संसारके बवण्डरमें यहाँसे वहाँ उड़ता रहता है, सदा अशान्त बना रहता है, किन्तु यदि हम बवण्डरसे खिसककर इसीके केन्द्रमें विराजित प्रभुसे जा लगें, उनकी छत्रछायामें हम विश्राम पा जायँ तो फिर हमारी दशा सर्वथा दूसरी ही हो जाय। उस समय यहाँकी हलचल चाहे कितनी ही भयानक, कितनी ही प्रबल क्यों न हो, हम उससे कभी विचलित नहीं हो सकते।

हम देखते हैं एक राष्ट्र दूसरेका विरोधी है, एक जाति दूसरीको पददलित करने जाती है, एक समाज अपने साथ-साथ चलनेवाले दूसरे समाजको कोसता है और एक व्यक्ति दूसरेको नीचा दिखानेकी भरपूर चेष्टा करता है। दूसरी ओर—यद्यपि पहलेकी तुलनामें बहुत ही कम हैं—ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं कि एक राष्ट्र दूसरेका मित्र है, एक जाति दूसरेका अभ्युत्थान चाहती है, एक समाज दूसरे समाजका

ENGLISH TRANSLATION

Thinking "May such-and-such a person become like this," one goes searching for a worthy shelter among the objects of this world, but sooner or later, one meets only with terrible adversity. That all circumstances have ever become entirely and always favorable for anyone-this has neither ever happened nor ever will. Therefore, the mind that seeks favorability meets with adversity, and at that time it cries out in despair. Applying all its discernment, the intellect gives its verdict: "Just engage in this task; this time success will surely be attained; this time all your wants will be fulfilled." But the outcome is that we fail; or, even if we happen to succeed somewhere and some single want of ours is fulfilled, alongside it ten or twenty new wants arise. Now, as to how these new wants may be fulfilled, the intellect can make no decision whatsoever; thus, our very life keeps drifting hither and thither in the whirlwind of the world, remaining forever unquiet. But if, stepping aside from the whirlwind, we cling to the Lord seated at its very center and find repose under His sheltering shade, then our state would become entirely different. At that time, no matter how terrifying, no matter how intense the turmoil here may be, we can never be shaken by it. We see that one nation opposes another, one race proceeds to trample another underfoot, one community curses another community walking alongside it, and one individual makes every effort to bring down another. On the other hand-though far fewer in comparison to the former-such examples are also found where one nation is a friend to another, one race desires the upliftment of another, one community

ORIGINAL

आदर करता है और एक व्यक्ति दूसरेको ऊपर उठानेके लिये अपना सर्वस्व दे डालता है। एक ओर अशुभ प्रवृत्तिका प्रवाह है, दूसरी ओर शुभका। प्रत्येक सद्भावना रखनेवाला मानव यही चाहेगा कि शीघ्र-से-शीघ्र जगत्में अशुभ प्रवृत्तिका अन्त हो जाय और शुभका अधिक-से-अधिक तथा शीघ्र-से-शीघ्र विस्तार हो; किन्तु इस अशुभका विनाश एवं शुभका विस्तार तबतक सम्भव नहीं, जबतक इस हलचलसे जुड़े हुए हम इसीके साथ बह रहे हैं। इसके लिये तो हमें इससे हटकर इसी हलचलके बीचमें अवस्थित, पर इससे सर्वथा परे प्रभुको अपने जीवनका आधार बनाना पड़ेगा, सबके केन्द्रमें विराजित प्रभुका आश्रय ग्रहण करना पड़ेगा। तभी अशुभके अन्त एवं शुभके प्रसारमें हम सहायक बन सकेंगे।

कहनेका तात्पर्य यह है कि चाहे हमारा उद्देश्य अपनेतक ही सीमित हो, हम केवल अपनी ही सुख-शान्ति चाहते हों, अथवा हमारा उद्देश्य अत्यन्त विशाल हो—समाजकी, जातिकी, राष्ट्रकी और सारे विश्वकी सुख-शान्ति हमारा लक्ष्य हो—इन दोनों परिस्थितियोंमें जबतक इनके लिये किये जानेवाले बाहरी प्रयासपर ही हम निर्भर करते हैं, प्रभुपर नहीं, इन उद्देश्योंकी पूर्तिके लिये जो-जो चेष्टाएँ होती हैं, उन्हींपर हमारा ऐसा विश्वास है—इन्हें करते रहो, केवल इनके करते रहनेसे ही हमारे उद्देश्यकी सिद्धि हो जायेगी, प्रभुकी कृपाकी हमें क्या आवश्यकता है, जबतक केवल मात्र रजोमयी प्रवृत्तियों (हलचल) में ही हम तन्मय हो रहे हैं, प्रभुको भूले हुए हैं, तबतक तो हम भटकते ही रहेंगे। किसी भी शुभ उद्देश्यकी पूर्ति तबतक हो ही नहीं सकती, जबतक प्रभु हमारे आधार नहीं बन जाते।

यह बात अच्छी तरह सदा ध्यानमें रखनेकी है कि हम चाहे

ENGLISH TRANSLATION

respects another community, and one individual gives his all to elevate another. On one side is the current of inauspicious tendencies, and on the other, that of the auspicious. Every person possessing goodwill would desire that the inauspicious tendency in the world come to an end as swiftly as possible, and that the auspicious expand as extensively and as quickly as possible; but the destruction of this inauspiciousness and the expansion of the auspicious are not possible so long as, attached to this turmoil, we are drifting along with it. For this, moving away from it, we will have to make the Lord-who is situated in the midst of this turmoil, yet entirely beyond it-the foundation of our life, and take shelter of the Lord seated at the center of all. Only then can we become instrumental in the cessation of the inauspicious and the dissemination of the auspicious. The purport is that whether our objective is limited to ourselves alone, and we desire only our own peace and happiness, or our objective is exceedingly vast-the peace and happiness of society, of the race, of the nation, and of the entire world being our goal-in both these circumstances, so long as we rely solely on the external efforts made for them and not upon the Lord; so long as our faith in the efforts made for the fulfillment of these objectives is such: "Keep doing these, merely by continuing to do them the attainment of our objective will be accomplished; what need have we for the Lord's grace?"; and so long as we are absorbed solely in passionate activities (the turmoil) and have forgotten the Lord, we shall only continue to wander. The fulfillment of any auspicious objective can never occur until the Lord becomes our foundation. This point must always be kept well in mind: that no matter if we

ORIGINAL

अत्यन्त शुभ-से-शुभ उद्देश्यको लेकर ही किसी सत्कर्ममें प्रवृत्त क्यों न हुए हों, यदि प्रभुका आश्रय किये बिना ही हम आगे बढ़ना चाहते हैं तो यह निश्चित है कि हमारा शुभ उद्देश्य बदलकर धीरे-धीरे किसी अशुभमें परिणत हो जायगा, साथ ही उस सत्कर्ममें भी अनेक त्रुटियाँ आ घुसेंगी और वह सत्कर्म भी बदलते-बदलते अन्तमें सम्भवतः पापकर्म बन जायगा। ऐसा इसीलिये होगा कि समस्त शुभ विचार, समस्त सद्भाव आते हैं इनके अनन्त भण्डार प्रभुकी ओरसे। जहाँ प्रभुका सम्बन्ध नहीं, वहाँ ये आयेंगे कहाँसे? रहेंगे कैसे? जहाँ प्रभु नहीं, वहाँ शुभका सौरभ भी नहीं, सत्त्वका प्रकाश भी नहीं। वहाँ तो रजका बवण्डर है, तमोगुणका अँधेरा है। वृक्षसे टूटा हुआ एक सुन्दर पुष्प जैसे बवण्डरमें पड़कर धूलिसे सन जाता है, अँधेरेमें नाचने लगता है, वैसे ही प्रभुका आश्रय छोड़ देनेपर हम संसारके प्रवाहमें पड़कर रजोगुणी-तमोगुणी प्रवृत्तियोंमें उलझ जाते हैं। उन्हींमें चक्कर काटने लगते हैं। हम तब स्वयं अशुभसे चिपटे हुए होते हैं, अशान्त होते हैं, तब फिर दूसरेको सुख-शान्ति दे सकें यह कैसे सम्भव है? पहले हम स्वयं इस हलचलसे हटें, प्रभुका आश्रय ग्रहण करें, तभी हम स्वयं शुभसे जुड़ पायेंगे, शान्तिका अनुभव करेंगे एवं तभी हमारे द्वारा जगत्में दूसरेको भी शुभ एवं शान्तिकी प्राप्ति होगी।

प्रभुके आश्रय ग्रहण करनेका यह अर्थ नहीं कि हम अकर्मण्य बन जायँ, 'काम करना तो रजोगुणी-तमोगुणी प्रवृत्ति है' यह कहकर अवश्यकर्तव्य कर्मोंकी अवहेलना करने लगें। प्रभुका आश्रय करनेपर तो हमारे लिये अकर्मण्य बनना सम्भव ही नहीं। फिर तो हमारे जीवनका प्रत्येक क्षण सदा शुभ चेष्टाओंसे ही पूर्ण रहेगा। जिस क्षण हमने वास्तवमें आश्रय ग्रहण किया कि बस, उसी क्षणसे प्रभुके दिव्य

ENGLISH TRANSLATION

have engaged in a righteous deed even with the most noble and auspicious objective, if we wish to move forward without taking refuge in the Lord, it is certain that our auspicious objective will gradually transform into something inauspicious; along with this, many flaws will creep into that righteous deed, and that righteous deed too, changing continuously, will in the end perhaps become a sinful act. This will happen because all auspicious thoughts and all pure sentiments come from the Lord, their infinite repository. Where there is no connection with the Lord, from where will these come? How will they abide? Where the Lord is not, there is neither the fragrance of the auspicious nor the light of sattva. There lies only the whirlwind of rajas and the darkness of tamas. Just as a beautiful blossom severed from a tree, falling into a whirlwind, becomes smeared with dust and flutters in the darkness, so too, upon abandoning the shelter of the Lord, falling into the worldly current, we become entangled in passionate and ignorant tendencies. We begin to revolve in them. When we ourselves are clinging to the inauspicious and are devoid of peace, how then is it possible that we can impart peace and happiness to another? First, let us withdraw ourselves from this turmoil and take refuge in the Lord; only then shall we ourselves be connected with the auspicious and experience peace, and only then, through us, will others in the world also attain the auspicious and peace. Taking refuge in the Lord does not mean that we become inactive, or begin to disregard obligatory duties saying, "Working is a rajasic and tamasic tendency." Upon taking refuge in the Lord, it is simply not possible for us to become inactive. Thereafter, every single moment of our life will remain ever full of auspicious endeavors. The very moment we truly take refuge, from that very instant the Lord's divine

ORIGINAL

अनन्त सद्गुणोंका विकास हमारे अन्दर भी होना आरम्भ हो जायगा। आगमें एक लोहेका टुकड़ा गिरा कि बस, उसी क्षणसे उसमें आगके गुण आने लगेंगे। ठीक वैसे ही प्रभुका आश्रय ग्रहण करते ही प्रभुके गुण भी हमारे अन्दर प्रकट होने लगेंगे। दूसरे शब्दोंमें कहें तो यह कहना चाहिये कि हमारे अन्दर हमारे स्थानपर प्रभुकी सत्ता व्यक्त होने लगेगी। आज हमारे अन्तरालसे हमारा अहङ्कार बोलता है, अहङ्कार देखता है, सुनता है, स्पर्श करता है, सब कुछ अहङ्कार करता है; पर फिर हमारे इस अहङ्कारके प्रभु बोलना आरम्भ करेंगे, वे ही देखेंगे, सुनेंगे, स्पर्श करेंगे, सब कुछ वे करने लगेंगे। जहाँ वे ही सब कुछ कर रहे हैं, वहाँ अकर्मण्यताके लिये स्थान कहाँ? अकर्मण्यता तो तमोगुणका परिणाम है। प्रभु तो तीनों गुणोंसे अतीत हैं, किन्तु साथ ही अनन्त अप्राकृत गुणोंसे भी विभूषित हैं। सदा सबका सर्वथा मङ्गल करते रहना उनका स्वभाव है। उनका यह स्वभाव हमारे अन्दर अवश्य ही अभिव्यक्त होगा। हमारे द्वारा भी विश्वके समस्त प्राणियोंके हितकी सतत स्वाभाविक चेष्टा होगी। अतः हम यदि भगवदाश्रयके भ्रममें कहीं अकर्मण्य बनने लगें तो सावधान हो जाना चाहिये।

वास्तवमें प्रभुका आश्रय हो गया है या आश्रय होनेका भ्रम हो रहा है, इसकी कसौटी यह है—

(१) पूर्णरूपसे आश्रय ग्रहण करनेके पश्चात् प्रभुकी सत्ता हमारे हृदयमें सदा जागरूक रहेगी। प्रभु हैं, अवश्य हैं, सर्वत्र सबमें समाये हुए हैं। यह भावना हमें कभी नहीं छोड़ेगी। आकाशमें, वायुमें, तेजमें, जलमें, थलमें, मनुष्यमें, पशुमें, पक्षीमें, कीटमें, भृङ्गमें, स्थावरमें, जङ्गममें, जड़में, चेतनमें, कार्यमें, कारणमें, बड़ेमें, छोटेमें, गुणवान्में, गुणहीनमें, गोरेमें, कालेमें, सुन्दरमें, कुरूपमें—सर्वत्र एक ही प्रभु

ENGLISH TRANSLATION

and infinite virtues will begin to unfold within us as well. The moment an iron piece falls into fire, from that very instant the attributes of fire begin to appear in it. Exactly like that, upon taking refuge in the Lord, the virtues of the Lord will also begin to manifest within us. To state it in other words, it should be said that within us, in our place, the presence of the Lord will begin to be expressed. Today, from our inner depths, our ego speaks, the ego sees, hears, touches, the ego does everything; but then, the Lord of this ego of ours will begin to speak, He alone will see, hear, touch, and He will begin to do everything. Where He alone is doing everything, where is the room for inactivity? Inactivity is the outcome of tamas. The Lord is beyond the three modes of nature, yet at the same time He is adorned with infinite transcendental virtues. To continually bring about the welfare of all in every manner is His nature. This nature of His will certainly manifest within us. Through us, too, there will be a continuous, natural endeavor for the welfare of all living beings in the universe. Therefore, if under the delusion of divine refuge we begin to become inactive anywhere, we must become vigilant. Whether refuge in the Lord has truly taken place or there is only a delusion of taking refuge, the touchstone for this is:(1) After taking refuge completely, the presence of the Lord will remain ever awakened in our heart. The Lord is, He certainly is, He pervades everywhere and in everyone. This feeling will never leave us. In the sky, in the air, in fire, in water, on earth, in man, in beast, in bird, in insect, in beetle, in the immovable, in the movable, in the insentient, in the sentient, in the effect, in the cause, in the great, in the small, in the virtuous, in the devoid of virtue, in the fair, in the dark, in the beautiful, in the uncomely-everywhere only the one Lord

ORIGINAL

नित्य विराजित हैं, यह विश्वास कभी शिथिल नहीं होगा, बल्कि उत्तरोत्तर दृढ़ होता जायगा।

(२) हम एवं हमसे सम्बन्ध रखनेवाली समस्त वस्तुओंपर एकमात्र प्रभुका ही अधिकार है, यह धारणा सदा बनी रहेगी।

(३) जहाँ जिस समय जो कुछ जैसे हो रहा है, वहाँ वह सब कुछ सदा सभी प्रकारसे प्रभुके द्वारा हो रहा है और सर्वथा ठीक हो रहा है, कहीं भी तनिक भी भूल या प्रमाद नहीं है, मङ्गल-ही-मङ्गल हो रहा है, इस प्रकार प्रभुके प्रत्येक विधानमें पूर्ण सन्तोषकी सहज अनुभूति होगी।

(४) हमारी प्रत्येक चेष्टा प्रभुके लिये होगी एवं अहङ्कारसे शून्य होगी। प्रभु यन्त्री बनेंगे हम यन्त्र बन जायँगे। इस कोलाहलमय संसारमें हमारी इन्द्रियाँ, शरीर-मन-बुद्धि—सभी काम तो करते रहेंगे, पर ये सब-के-सब प्रभुकी मङ्गलमयी इच्छाका अनुसरण करेंगे। इसीलिये हमारी चेष्टामें अनाचार, दुराचार, द्रोह, द्वेष, दम्भ, कपट आदिकी गन्ध भी नहीं रहेगी। हमारी प्रत्येक चेष्टामें उत्कृष्ट सदाचार, विशुद्ध सेवाभाव और हित करनेका पवित्र उद्देश्य आदि ही भरे होंगे।

यदि उपर्युक्त बातें हममें आ गयी हैं, आ रही हैं तब तो समझना चाहिये कि प्रभुका आश्रय हुआ है, हो रहा है। अन्यथा हम मार्ग भूल गये हैं, बवण्डरमें ही अभीतक चक्कर काट रहे हैं, इस स्थितिमें हमारा उद्देश्य सफल होनेका नहीं, गिरेंगे, उठेंगे, पर फिर गिर जायँगे, हमारा भटकना बन्द नहीं होगा—यह मानना चाहिये। यही सत्य बात भी है। किन्तु इसका यह अर्थ भी नहीं समझना चाहिये कि हमारे अन्दर इतनी बातें पूरी हों, तभी हम प्रभुका आश्रय पानेके अधिकारी होंगे। पूर्ण आश्रय ग्रहण करनेपर तो ये बातें अवश्य आ जायँगी, पर उससे

ENGLISH TRANSLATION

are ever present, this faith will never weaken; rather, it will become increasingly firm day by day.
(2) The Lord alone has the sole right over us and over all things related to us-this conviction will permanently abide.
(3) Wherever, whenever, whatever, and however anything is happening, all of it is always and in every way being brought about by the Lord and is entirely right; nowhere is there the slightest mistake or negligence, only supreme auspiciousness is unfolding-in this manner, one will naturally experience complete contentment in every ordinance of the Lord.
(4) Our every endeavor will be for the Lord and will be devoid of ego. The Lord will become the operator of the instrument, and we shall become the instrument. In this tumultuous world, our senses, body, mind, and intellect will indeed continue to perform their functions, but every single one of them will follow the auspicious will of the Lord. Therefore, in our endeavors, there will not remain even the slightest trace of impropriety, misconduct, malice, hatred, hypocrisy, or deceit. Our every effort will be filled only with supreme virtue, pure spirit of service, and the sacred intention of doing good.
If the aforementioned traits have manifested or are manifesting within us, then it should be understood that refuge in the Lord has been taken and is being maintained. Otherwise, we have lost our way and are still revolving within a whirlwind; in this state, our goal will not be attained; we shall fall, rise, and fall again; our wandering will not cease-this must be acknowledged. This indeed is the truth.
Yet, this should not be understood to mean that we shall be entitled to receive the Lord's refuge only when all these conditions are fulfilled within us. Upon taking complete refuge, these attributes will certainly manifest, but even prior to that,

ORIGINAL

पूर्व हम जैसे हैं, उसी रूपमें आश्रय पानेके अधिकारी तो हैं ही। एक भिखारी अपने पेटकी ज्वाला शान्त करनेके लिये मुट्ठीभर अन्न पानेकी आससे प्रभुका आश्रय ले सकता है। कोई वस्त्रहीना स्त्री बच्चोंका शरीर ढकनेके लिये पाँच गज वस्त्रकी इच्छासे आश्रय कर सकती है। कोई अपने परिवारके भरण-पोषणके निमित्त दस रुपयेकी नौकरी दिला देनेके लिये, कोई सिरपर आयी हुई विपत्तिको टाल देनेके लिये एवं कोई फोड़ेकी पीड़ासे कराहता हुआ पीड़ा हर लेनेके लिये प्रभुका आश्रय माँग सकता है। इस प्रकार विविध उद्देश्योंसे विविध व्यक्ति विविध अवसरोंपर प्रभुके आश्रयकी चाह कर सकते हैं। प्रभु अपना आश्रय सभीको देते भी हैं। उनका द्वार तो सदा सबके लिये समानभावसे खुला रहता है। उनके द्वारपर वे प्रहरी नहीं, जो मोटरपर चढ़कर आनेवालोंके लिये द्वार खोल देते हैं और धूलसे सने अस्थिपञ्जरमात्र हुए भिखारीको आते देखकर गरज उठते हों—'ठहर जा! कहाँ जाता है! अभी मिलनेका समय नहीं है; मालिक सो रहे हैं, यहाँसे दूर हट जा, तुझे द्वारपर खड़े देखकर मालिक नाराज हो जायेंगे।' विश्वेश्वर प्रभुके द्वारपर वाणीसे विष बिखेरनेवाले ऐसे प्रहरी नहीं; वहाँ किसीको भी कोई रोकनेवाला नहीं, वहाँ तो सबके लिये समानभावसे अपरिसीम सुखका भण्डार खुला है, वहाँ पक्षपात नहीं है। प्रभुके लिये कौन प्रिय और कौन अप्रिय है? कौन अपना है, कौन पराया है। वे तो सबके आत्मा हैं, सबके प्रियतम हैं, अतः जो भी आश्रय लेने जाता है, उसीका—चाहे वह कितना भी पतित, उपेक्षित क्यों न हो—वे स्वागत ही करते हैं, उसे अपने हृदयसे लगा लेते हैं। उनके हृदयसे लग जानेपर, उनका आश्रय मिल जानेपर फिर भले ही चारों ओर संसारकी आँधी कितनी ही प्रबल वेगसे क्यों न बह रही हो, वह उसे स्पर्श कर नहीं सकेगी।

ENGLISH TRANSLATION

just as we are, in that very state, we are certainly entitled to attain His refuge. A beggar may take refuge in the Lord with the hope of receiving a handful of grain to extinguish the fire of his hunger. A destitute woman without clothing may seek refuge desiring five yards of cloth to cover the bodies of her children. Someone may seek the Lord's shelter to secure a ten-rupee job for the sustenance of his family, someone to avert an impending calamity fallen upon his head, and someone groaning from the pain of a boil may beg for refuge so that his pain may be relieved. In this manner, different individuals may desire the shelter of the Lord on diverse occasions with diverse motives. The Lord indeed grants His shelter to everyone. His door ever remains equally open to all. At His door there are no gatekeepers who throw open the gates for those arriving in motorcars, yet upon seeing a dust-covered beggar reduced to a mere skeleton, roar out-'Halt! Where do you think you are going! It is not time for visiting now; the master is asleep; get away from here, seeing you standing at the gate will anger the master.' At the door of the Lord of the universe, there are no such sentries dispensing poison through their speech; there, no one stops anyone; there, the repository of boundless joy lies open equally to all; there, partiality does not exist. Who is dear and who is disagreeable to the Lord? Who is one's own, and who is an outsider? He is indeed the Soul of all, the Beloved of all; therefore, whoever goes to seek refuge-no matter how fallen or neglected he may be-the Lord warmly welcomes him and embraces him to His heart. Once one is embraced to His heart, once His shelter is obtained, then no matter how violently the storm of worldly existence may blow on all sides, it will not be able to touch him.

ORIGINAL

वह तो उस आँधीके अन्तरालमें ही प्रभुके समीप सुखकी अखण्ड समाधिमें विलीन हो जायगा। फिर उसे विचलित कौन कर सकता है? उसकी सुख-समाधि भङ्ग करनेकी सामर्थ्य किसमें है?
क्षणभरके लिये भी, किसी उद्देश्यसे भी यदि हम प्रभुका आश्रय ग्रहण कर सकें तो हमारा परम सौभाग्य है। यहाँसे निराश होनेपर हम कभी-कभी ऐसा करते भी हैं। पर भूल यह करते हैं कि उस आश्रयको पकड़े नहीं रहते, छोड़ देते हैं। जिस आवश्यकतासे हमने आश्रय लिया था, वह पूरी हुई कि आश्रय भी शिथिल हुआ, छूट गया। कदाचित् एक बार प्रभुका आश्रय ग्रहण कर, उनपर निर्भर होकर इसे हम अक्षुण्ण बनाये रख सकते तो आज हमारे सब ओर जो कर्मका-कर्म-फलका बवण्डर बह रहा है, इसमें पड़कर विवश हुए हम जो नाच रहे हैं, नाचते-नाचते थक गये हैं, इससे त्राण पा जाते। फिर भी यह बवण्डर रहता तो अवश्य, किन्तु भयावह नहीं रहता, खेलकी वस्तु बन गया होता। हम प्रभुके हृदयमें रहकर इस खेलका आनन्द लेते रहते, आनन्दकी चिर समाधिमें अपने-आपको खो देते। मानव-जीवन सफल हो जाता।

ENGLISH TRANSLATION

He will, within the very midst of that storm, merge into the unbroken trance of bliss near the Lord. Who then can agitate him? Who possesses the power to disrupt his state of blissful absorption?
Even for a single moment, or for whatever purpose, if we are able to take refuge in the Lord, it is our supreme fortune. When disappointed with this world, we sometimes even do so. But the mistake we make is that we do not hold on to that refuge; we let it go. No sooner is the need fulfilled for which we took shelter than the refuge too becomes slackened and slips away. If perhaps, having once taken refuge in the Lord and relying entirely upon Him, we could keep it unbroken, then we would find deliverance from this whirlwind of action and fruit of action raging all around us today, caught helplessly in which we are dancing and have grown weary of dancing. Even then this whirlwind would certainly exist, but it would no longer remain terrifying; it would have become an object of play. Abiding in the heart of the Lord, we would continue to relish the delight of this play and lose ourselves in the eternal trance of divine joy. Human life would then become fulfilled.

CHAPTER 17

भगवान्‌का सम्बन्ध ही सच्चा सम्बन्ध है

Relationship with the Lord Is the Only True Relationship

Source coverage: 147–156

ORIGINAL

भगवान्‌का सम्बन्ध ही सच्चा सम्बन्ध है

सब प्रकारके सुख एवं सुविधाएँ हमें प्राप्त हों, धन-सम्पत्ति हो, मान-सम्मान हो, प्रभुत्व-अधिकार हो, हमारे सम्बन्धसे लोगोंका स्वार्थ सधता हो, स्वार्थ सधनेकी आशा हो, उस समय तो हमसे सम्बन्ध रखनेवालोंकी कमी नहीं होती। लोग हमसे सम्बन्ध दिखाकर अपना परिचय देनेमें गौरव अनुभव करते हैं। न होते हुए भी सम्बन्ध जोड़ लेते हैं; परन्तु जब पलड़ा बदलता है, आपत्ति-विपत्ति हमें चारों ओरसे घेर लेती है, हमारा वैभव नष्ट हो जाता है, पद-पदपर अपमान होता है, हमें कहीं टिकनेतकका अधिकार नहीं रह जाता, हमसे काम बननेकी बात दूर, हमारे सम्पर्कमें आनेसे मिथ्या कलङ्क लगनेकी सम्भावना हो जाती है, उस समय अधिकांश लोग हमसे सम्बन्ध तोड़ लेते हैं। कभी हमसे सम्बन्ध था, यह प्रकट होनेमें भी लज्जाका अनुभव करते हैं। सम्बन्धकी बात छिपानेकी चेष्टा करते हैं। यह मानवी दुर्बलता हममेंसे अधिकांशके जीवनमें समय आनेपर कम या अधिक मात्रामें व्यक्त हो ही जाती है। एकमात्र भगवान् ही ऐसे हैं, जो कभी भी किसीका भी किसी भी अवस्थामें साथ नहीं छोड़ते। वे आत्मारूपसे, अन्तर्यामी रूपसे सदा साथ रहते हैं। उनका अनन्त सौहार्द, हम चाहे कितने ही नीचे गिर जायँ, हमें मिलता ही रहता है। हमारा-उनका सम्बन्ध सदा एक-सा बना रहता है। अनादिकालसे बना है, अनन्तकालतक बना रहेगा।

कदाचित् हम अपने ऐसे नित्य साथीको पहचान पाते, प्रभुके साथ अपने नित्य-सम्बन्धकी हमें स्मृति हो जाती, वह स्मृति सदा बनी रहती, तो परिस्थिति भले कैसी ही क्यों न हो, हमारा जीवन अस्त-व्यस्त नहीं होता, हमें जो निराशा होती है, वह नहीं होती, जो नीरसताका बोध होता है, वह नहीं होता और जो असन्तोषका अनुभव होता है, वह भी नहीं होता।

यह स्पष्ट है कि हममेंसे प्रत्येककी रुचि भिन्न है। रुचिके अनुरूप ही हमारा उद्देश्य होता है तथा जैसा उद्देश्य है, उसीके अनुसार कार्यक्षेत्रका निर्माण होता है। किसीका उद्देश्य स्वदेशकी सेवा है, किसीका समाज-सुधार है, किसीका दीन-दुःखियोंका दुःख बँटाना

ENGLISH TRANSLATION

The Relationship with the Lord Alone Is the True Relationship

When all manner of pleasures and comforts are accessible to us, when there is wealth and property, honor and respect, authority and power, and when people's self-interest is served through association with us or there is hope of serving their self-interest, at such a time there is no dearth of people maintaining a connection with us. People feel proud to introduce themselves by showing their association with us. Even when none exists, they forge connections; but when the scales turn, when misfortunes and calamities surround us on all sides, our opulence is destroyed, humiliation occurs at every step, we are left without even the right to stay anywhere, and far from being of any use, coming into contact with us carries the risk of false stigma, at that time most people sever their ties with us. They even feel ashamed if it is revealed that they once had a connection with us. They strive to conceal the matter of that relationship. This human frailty manifests to a greater or lesser degree in the lives of most of us when the time arrives.

God alone is such that He never abandons anyone in any state whatsoever. As the Self, as the Inner Controller, He is ever present with us. His boundless affection continues to be bestowed upon us, no matter how low we may fall. Our relationship with Him ever remains uniform. It has existed from beginningless time and will endure throughout eternity.

If only we could recognize such an eternal companion of ours, if we could awaken the memory of our eternal relationship with the Lord and that memory were to remain constantly, then no matter what the circumstances might be, our life would not be disordered, the despair we feel would not arise, the sense of desolation we experience would not exist, and the discontent we suffer would also not occur.

It is evident that the inclination of each one of us is distinct. Our purpose aligns with our inclination, and the sphere of action is formed in accordance with that purpose. For someone, the goal is service to one's motherland; for another, social reform; for someone else, sharing in the sorrow of the poor and afflicted-

ORIGINAL

है—ऐसे भिन्न-भिन्न उद्देश्योंको लेकर हम कार्यक्षेत्रमें उतरते हैं। हमारे उद्देश्यसे जिनका मेल होता है, उनके सम्पर्कमें हम आते हैं और उनके साथ एक सम्बन्ध-सा स्थापित हो जाता है। फिर परस्पर आदान-प्रदान होता है। अपने उद्देश्यकी सिद्धिके लिये हम जो उन्हें दे सकते हैं, देते हैं; उनसे जो लेना सम्भव है, लेते हैं। पर यह सम्बन्ध निभता तभीतक है, जबतक हम अपने प्रयासमें सफल होते जाते हैं, जगत्की दृष्टिमें सफल होते दीखते हैं। जहाँ असफलताकी बारी आयी, लोगोंको यह अनुभव हुआ कि हमसे उन्हें उनकी इच्छित वस्तुकी प्राप्ति नहीं हो सकेगी कि बस, वहीं वे सम्बन्ध तोड़ने लगते हैं। जो सम्बन्ध नहीं तोड़ते, उनके सहयोगमें भी शिथिलता तो आ ही जाती है। पहले-जैसा उत्साह उनकी ओरसे भी हमें प्राप्त नहीं होता। साथी हमारी असफलताके कारणोंपर विचार नहीं करते; असफल होनेपर भी हमारा उद्देश्य अभीतक ज्यों-का-त्यों वही है, इस ओर उनका ध्यान नहीं जाता! वे तो बस देखते हैं कि सफलता हमारा साथ दे रही है या नहीं? हमारी सफलता एवं असफलतापर ही उनके सम्बन्धका बना रहना और टूट जाना निर्भर करता है। सफल हैं, तबतक सभीका सम्बन्ध है, सभीका सहयोग हमें मिलता है, सभी हाथ बँटाते हैं। असफल हुए कि सम्बन्ध भी समाप्त हुआ, उनसे जो सहायता और प्रीति प्राप्त थी, वह भी समाप्त हो गयी, सभीने हाथ खींच लिये। इसका परिणाम यह होता है कि उस समय एक अजब-सी उधेड़बुनमें हम पड़ जाते हैं; क्या करें, क्या न करें—कुछ भी स्थिर नहीं कर पाते। निराशा घेर लेती है, जीवनका रस निकल-सा जाता है, कहीं भी सन्तोष प्राप्त नहीं होता, ऐसा इसीलिये होता है कि हम ऐसे सम्बन्धपर निर्भर करते हैं जो स्थायी नहीं है, जो किसी हेतुको लेकर स्थापित होता है और हेतुके पूर्ण न होनेपर मिट जाता है। प्रभुके साथ हमारा जो अहैतुक नित्य-सम्बन्ध है, यदि उसे हम जान लेते, उसपर हम निर्भर करते, एकमात्र प्रभुके ही सहयोगपर भरोसा रखकर अपने उद्देश्यकी पूर्ति

ENGLISH TRANSLATION

Taking up such varied objectives, we step into the field of action. We come into contact with those whose aims align with ours, and a sort of relationship is established with them. Then mutual give-and-take follows. For the fulfillment of our purpose, whatever we can offer them, we give; whatever is possible to receive from them, we take. But this relationship lasts only as long as we continue to succeed in our endeavor and appear successful in the eyes of the world. The moment failure arrives, the moment people realize that they will not obtain their desired object from us, right then and there they begin severing ties. Even those who do not sever ties become lax in their cooperation. We no longer receive from their side the enthusiasm that once existed. Companions do not reflect upon the causes of our failure; they do not pay heed to the fact that even in failure, our aim remains entirely unchanged! They only look at whether success is accompanying us or not. The maintenance or dissolution of their relationship depends solely upon our success and failure. As long as we are successful, everyone remains connected, we receive everyone's cooperation, and everyone lends a helping hand. The moment we fail, the relationship too comes to an end; the help and affection once received from them vanish as well, and everyone withdraws their hands. The consequence of this is that we fall into a strange dilemma at that time; we cannot decide at all what to do and what not to do. Despair surrounds us, the very zest of life seems drained away, and nowhere is contentment found. This happens precisely because we depend on a relationship that is not enduring, one that is established upon a motive and disappears when that motive remains unfulfilled. If only we recognized our motiveless, eternal relationship with the Lord, if only we depended upon it and strove toward fulfilling our aim relying solely on the cooperation of the Lord,

ORIGINAL

करने चलते तो उलझन कदापि पैदा न होती, हमारी आशाको कभी ठेस नहीं लगती, जीवन उत्तरोत्तर आनन्दसे भरता जाता और सन्तोष पद-पदपर हमारा स्वागत करने आता!

प्रथम तो यहाँका सम्बन्ध स्थायी नहीं; क्योंकि सहैतुक है तथा इसीलिये यहाँके सम्बन्धमें विशुद्ध सौहार्द भी नहीं। विशुद्ध प्रेममें कोई भी हेतु नहीं होता और जहाँ विशुद्ध प्रेम नहीं, वहाँ हमारे लिये कोई अपना सर्वस्व दान कर दे, यह सम्भव नहीं। यहाँके स्थापित सम्बन्धमें यह दूसरी त्रुटि है। तीसरी बात यह कि हमारा जिनसे सम्बन्ध होता है, उनकी शक्ति-सामर्थ्यकी भी एक सीमा है, उस सीमाके भीतर रहकर ही वे हमारी सहायता करते हैं, कर सकते हैं। चौथी बात यह कि उनका ज्ञान भी देश-कालसे सीमित है, वे नहीं जानते, नहीं जान सकते कि विश्वके किस स्तरमें कहाँ क्या हो रहा है, कल क्या हुआ है और कल क्या होगा। उनके पास जो सीमित ज्ञान है, उसीके आधारपर ही वे हमारे साथ सम्बन्ध रखकर सम्बन्धके अनुरूप कर्तव्योंका पालन करते हैं। इसीलिये न जाने कितनी बार भूल भी कर बैठते हैं, किन्तु प्रभुके साथ हमारा जो सम्बन्ध है वह तो अनादि है, सदा स्थिर एकरस रहनेवाला है। उनके सम्बन्धमें कोई हेतु नहीं। वह सम्बन्ध अत्यन्त निर्मल, असीम प्रेमसे भरा है। इसीसे वे हमारे लिये अपना सर्वस्व दान भी करते हैं। प्रभुकी शक्ति-सामर्थ्यकी भी सीमा नहीं, वह तो अनन्त असीम है। उनके लिये यह कहना नहीं बनता कि प्रभु यह तो कर सकते हैं और यह नहीं कर सकते। वे सर्वसमर्थ हैं, सब कुछ कर सकते हैं, असम्भवको सम्भव कर सकते हैं। साथ ही वे सर्वज्ञ हैं, सब कुछ जानते हैं, अतीत, वर्तमान, भविष्यका अणु-अणु उन्हें ज्ञात है; अगणित विश्व-ब्रह्माण्डमें कहाँ किस समय क्या हुआ, क्या हो रहा है और क्या होगा, इसको वे पूरा-पूरा जानते हैं। इसीलिये उनसे कभी तनिक-सी भी भूल नहीं होती। ऐसे प्रभुको, प्रभुके साथ अपने नित्य-सम्बन्धको यदि हम जान लें, उनके सम्बन्धका ही एकमात्र भरोसा

ENGLISH TRANSLATION

then confusion would never arise, our hope would never suffer a blow, life would become increasingly filled with bliss, and contentment would come forward to welcome us at every single step!

In the first place, worldly relationships here are not permanent, because they are based on self-interest; and for this very reason, there is no pure affection in such relationships either. In pure love there is no motive whatever, and where there is no pure love, it is impossible for someone to surrender their all for us. This is the second defect in the relationships formed here. The third point is that those with whom we form relationships have a limit to their power and capacity; only within that limit do they help us, or can they help us. The fourth point is that their knowledge is also constrained by time and space; they do not know, nor can they know, what is happening where across the different planes of the universe, what occurred yesterday, and what will happen tomorrow. Based solely on the limited knowledge they possess, they maintain relations with us and perform duties corresponding to that relation. For this reason, who knows how many times they commit errors! But our relationship with the Lord is beginningless, eternally stable, and unchanging. In His relationship there is no motive. That relationship is utterly pure and filled with boundless love. For this very reason, He bestows His everything upon us. There is no limit to the Lord's power and capacity either; it is infinite and boundless. In His case it cannot be said that the Lord can do this, but cannot do that. He is omnipotent, capable of doing everything, and able to make the impossible possible. At the same time, He is omniscient, knowing all things; every minute particle of the past, present, and future is known to Him. In the countless universes of creation, what happened, what is happening, and what will happen anywhere and at any time-all of this He knows completely. Therefore, not the slightest mistake ever occurs from Him. If only we could know such a Lord and recognize our eternal relationship with Him, and relying solely upon our connection with Him,

ORIGINAL

करके हम अपने कार्यक्षेत्रमें उतरें, तब सफलता, आनन्द और सन्तोष तो आगे-से-आगे हमें वरण करनेके लिये तैयार खड़े मिलेंगे ही।

प्रश्न होता है कि जब हमारा ऐसे महामहिम प्रेममय प्रभुसे नित्य-सम्बन्ध है, वे कभी हमारा साथ नहीं छोड़ते, तब हम उनको आखिर जान क्यों नहीं पाते? उनको जानकर, नित्य-सम्बन्धका अनुभव करके हम उन्हींपर निर्भर क्यों नहीं करते? तो इसका उत्तर यह है कि हमारी इन्द्रियाँ स्वभावसे बहिर्मुखी हैं, बाहरकी ओर देखती हैं, भीतरकी ओर नहीं—

'पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयम्भूः'

इसीलिये सबके अन्तरालमें विराजित प्रभुको हम नहीं जान पाते तथा तबतक जान भी नहीं पायेंगे, जबतक इन्द्रियोंका प्रवाह बाहरकी ओरसे मुड़कर अन्तर्मुख न बन जाय, प्रभुकी ओर न हो जाय। अभी तो अन्तर्मुख होनेकी बात दूर, सत्त्वमुखी प्रवाह भी नहीं है; हमारी इन्द्रियाँ प्रगाढ़ तमोगुणकी ओर दौड़ रही हैं।

हम अपने मनके भावोंका विश्लेषण करके देखें तो पता चलेगा कि हममेंसे अधिकांशके मन तपोमय आसुरभावोंसे भरे हैं। अधिकांश इस बातको जानतेतक नहीं कि किस-किस कर्मसे हमारा अपना एवं दूसरोंका, इस जीवनमें एवं जीवनके पश्चात् परलोकमें यथार्थ कल्याण होना सम्भव है, ऐसे किस-किस कर्ममें हमें लगना चाहिये तथा ऐसे कौन-कौनसे कर्म हैं, जिनसे हमारा अपना एवं दूसरोंका अकल्याण निश्चित है, जिनसे हमें अवश्य बचना चाहिये। इस ज्ञानका अभाव होनेके कारण हम मनमाने कर्म करते हैं। इनका अन्ततः परिणाम क्या होगा, इस ओर तो हमारा ध्यान ही नहीं रहता। हममें पवित्रता नहीं, सदाचार नहीं, फिर सत्य तो होता ही कैसे? तमोऽभिभूत मनके फेरमें पड़कर कोई-कोई तो यहाँतक बहक जाते हैं और पुकार उठते हैं—

‘अरे देखो, ईश्वर नामकी कोई वस्तु नहीं है; जगत्का निर्माण करनेवाला जगदाधार कोई ईश्वर है, ऐसा मानना भ्रम है, जगत् तो अपने-आप बनता है, स्त्री-पुरुषका सम्भोग हुआ और जगत् बन गया, कामभोगका

ENGLISH TRANSLATION

step into our sphere of action, then success, joy, and contentment will undoubtedly stand ready ahead of us to embrace us.

The question arises: when we possess an eternal relationship with such an all-glorious, loving Lord, and He never abandons our side, why after all are we unable to know Him? Having known Him and realized this eternal relationship, why do we not depend on Him alone? The answer to this is that our senses are outward-turned by nature; they gaze outward, not inward-

[Sanskrit] "The Self-existent Lord pierced the openings of the senses outward."

For this reason, we cannot perceive the Lord seated deep within all beings, nor shall we be able to perceive Him until the current of the senses turns away from the outside to become inward-directed, turning toward the Lord. At present, to say nothing of becoming inward-directed, there is not even a movement toward Sattva; our senses are rushing toward intense Tamas.

If we analyze the feelings of our mind, we shall find that the minds of most of us are filled with dark, demonic tendencies. Most people do not even know by which actions real well-being-for ourselves and for others, in this life and in the hereafter after life-is possible; in which such actions we ought to engage, and what those actions are from which harm to ourselves and others is certain, and from which we must strictly abstain. Due to the lack of this knowledge, we perform arbitrary actions as we please. Toward what their ultimate outcome will be, our attention does not go at all. There is no purity in us, no righteous conduct; how then could truth abide? Falling into the delusion of a mind overpowered by Tamas, some go so far astray that they exclaim-

"Look here, there is no such entity as God; to believe that there is a God who created the world and sustains the world is an illusion. The world comes into being on its own; a man and a woman unite and the world is formed. This world is the outcome of sensual desire and union;

ORIGINAL

परिणाम यह जगत् है, कामके अतिरिक्त और कोई भी जगत्का अन्य कारण है ही नहीं; हम-तुम सभी कामोपभोगके फलस्वरूप उत्पन्न हुए हैं तथा सोच लो, उत्पन्न होनेसे पूर्व हमारी कोई सत्ता नहीं थी; मृत्युके पश्चात् कोई सत्ता रहेगी भी नहीं!' हमारी यह भ्रान्त धारणा हमें इतना उच्छृङ्खल, इतना कठोर बना देती है कि भयानक-से-भयानक कर्म करनेमें हमें तनिक-सी भी हिचक नहीं होती, जगत्के ध्वंसका बीज अपने हाथोंसे बोनेमें हम तनिक भी सङ्कुचित नहीं होते। भोग-वासनाकी आग इतनी अधिक प्रज्वलित हो गयी है कि अब बुझनेकी आशा ही प्रायः नहीं रही। दम्भ तो हमारा स्वभाव बन गया है, मान-मद चिरसङ्गी हो गये हैं। मिथ्या आग्रह, अपवित्र व्यवहार हमारे लिये गौरवकी वस्तु है। अन्तिम श्वास आ रहे हैं, पर चिन्ता लगी है भोगोंकी। क्यों न हो, जीवनकी सार्थकता अधिक-से-अधिक भोगोंको भोगनेमें ही है, यह हमारा निश्चय जो बन गया है। भोग-प्राप्तिके सैकड़ों-हजारों उपायोंमें मन फँसा है। पर प्रधान उपाय तो धन है। धन पासमें है तो फिर भोग इसके मूल्यमें प्राप्त हो ही जायँगे। अतः हमें तो धन एकत्र करना है, न्यायसे, अन्यायसे, चाहे जैसे हो वैसे आने चाहिये। अजी, देख लो! इतना धन हमने कमा लिया और देखते रहना इतना और कमा ही लेंगे। हमारे ये-ये मनोरथ थे, वे तो सब-के-सब पूरे हो गये, अब अमुक-अमुक इच्छाएँ रही हैं, देख लेना—इनकी पूर्ति भी करके छोड़ेंगे। भला, अमुक सज्जन आये थे हमारे मार्गमें रोड़े बनकर! जाकर देखो, उनकी चिता जल रही है। इनके तीन साथी और हैं, कुछ ही दिनोंमें यदि वे तीनों भी चिताकी राख न बन गये तो तुम कहना। यहाँ तुम्हारे ईश्वरका शासन नहीं चलेगा, यहाँके ईश्वर तो हम हैं, हमारा शासन रहेगा। हमने कभी बाजी हारी हो तो बताओ! जिस कार्यमें

ENGLISH TRANSLATION

other than lust there is no other cause of the world whatsoever. You, I, and everyone else have originated as a result of sensual indulgence; and consider this, before being born we had no existence, and after death no existence shall remain!" This mistaken notion of ours makes us so unrestrained and so hardened that we do not feel the slightest hesitation in committing the most horrific deeds, nor do we shrink in the least from sowing the seeds of the world's destruction with our own hands. The fire of craving for sensory pleasures has blazed so intensely that practically no hope of its extinguishing remains. Ostentation has become our very nature, while vanity and pride have turned into our lifelong companions. False obstinacy and impure conduct are matters of pride for us. The final breaths are drawing near, yet the mind remains anxious for sensory pleasures. And why should it not be so, since our firm conviction has become that the true worth of life lies solely in enjoying sensory pleasures to the utmost? The mind is trapped in hundreds and thousands of schemes to obtain pleasure. But the chief means is wealth. If wealth is at hand, then pleasures will surely be acquired in exchange for it. Therefore, we must amass wealth-by fair means, by unfair means, no matter how, it must come. "Look here! We have earned so much wealth, and just you watch, we shall earn this much more. Such and such were our desires, and every one of them has been fulfilled; now certain other wishes remain, and see-we shall certainly fulfill them too. Well, that gentleman came as an obstacle in our path! Go and see, his funeral pyre is burning. He has three other companions; if within a few days those three do not also turn into ashes on the pyre, then hold me to account. Here your God's rule will not work; we are the gods here, and our rule shall prevail. Tell me if we have ever lost a wager! In whatever undertaking

ORIGINAL

हाथ डाला, वही सिद्ध होकर रहा। ऐसी सिद्धि रखनेवाला सिद्ध हमारे अतिरिक्त कोई और है क्या? हमारे-जितनी शक्ति किसमें है? हमारे समान सुखी कौन है? धनमें, जनमें हमारी होड़ करनेका साहस किसमें है? किसी बातमें भी हमारे समकक्ष होनेका दम भरनेवाला कोई है? हम इतनी संस्थाओंका संचालन करते हैं, इतनीका और करनेवाले हैं, करके छोड़ेंगे। पैसे हमने कमाये ही हैं, इसीलिये कि इनसे अधिक-से-अधिक शुभ कर्म करेंगे, लोगोंको दान देंगे, कीर्ति कमायेंगे और मौज भी करेंगे—इस प्रकारके अगणित आसुरभावोंसे हमारा मन भरा है, ऐसी तमोमयी भावनाओंसे हमारी इन्द्रियाँ नीचे-ऊपर, बाहर-भीतर—सब ओरसे पूर्ण हो रही हैं। अब ऐसे तमसाच्छन्न मन एवं इन्द्रियोंको अन्तर्मुख कर लेना सहज काम थोड़े ही है! इन्हें तो पहले क्रमशः सत्त्वमुखी करना पड़ेगा। दृढ़ अभ्यासके द्वारा इनकी धारा सत्त्वगुणकी ओर मोड़नी पड़ेगी। जब इनमें सत्त्वगुणकी प्रतिष्ठा होने लगेगी, तभी ये अन्तर्मुख हो सकेंगे, प्रभुकी ओर इनका मुख हो सकेगा।

इन्हें सत्त्वमुखी करनेके लिये निम्नलिखित बातोंको ध्यानमें रखना आवश्यक है—

(१) सबसे पहले हमारा यह दृढ़ विश्वास हो कि प्रभु हैं, अवश्य हैं, निस्सन्देह हैं। जबतक यह विश्वास नहीं होगा, तबतक हमारा कोई भी प्रयास इस दिशामें सफल नहीं हो सकेगा। प्रभुकी सत्तामें विश्वास न करनेवालेकी इन्द्रियाँ कभी सत्त्वमुखी हो ही नहीं सकतीं—

'असन्नेव स भवति। असद्ब्रह्मेति वेद चेत्।'

'जो समझता है कि ईश्वर नहीं है, वह सदाचारसे भ्रष्ट हो ही जाता है।'

(२) हमारे अन्दर जैसे संस्कार सञ्चित हैं, उन्हींके अनुरूप मनमें

ENGLISH TRANSLATION

"...whichever task we set our hand to, succeeded without fail. Is there any accomplished being other than us who possesses such attainment? Who has as much power as we do? Who is as happy as we are? Who dares to rival us in wealth or following? Is there anyone capable of boasting equality with us in any matter whatsoever? We manage so many institutions, and we are about to manage many more, and we shall not rest until we do so. We have earned money precisely so that we may perform more and more noble deeds with it, distribute charity to people, earn renown, and enjoy ourselves as well"-our mind is filled with countless demonic notions of this kind, and our senses are completely permeated from top to bottom, outside and inside, in every direction with such dark, ignorant (tamasic) feelings. Now, turning such a darkness-shrouded mind and senses inward is hardly an easy task! First, they must gradually be oriented toward purity (sattva). Through steadfast practice, their current must be turned toward the quality of sattva. Only when sattva begins to be established within them will they be able to turn inward and direct their gaze toward the Lord. To make them oriented toward sattva, it is essential to keep the following points in mind:(1) First of all, we must possess the firm conviction that the Lord exists, He certainly exists, beyond any shadow of a doubt. As long as this conviction is absent, none of our efforts in this direction can succeed. The senses of one who does not believe in the existence of the Lord can never become oriented toward sattva: [Sanskrit] "If one knows Brahman as non-existent, he becomes non-existent himself." "He who believes that God does not exist inevitably falls away from righteous conduct."(2) According to the impressions (samskaras) accumulated within us, in the mind there arise

ORIGINAL

स्फुरणाएँ होती हैं और फिर इन्द्रियोंसे कर्म बनते हैं। हमें गम्भीरतासे विचार करना पड़ेगा कि हमारी स्फुरणाएँ शुभ हैं या अशुभ। जिन स्फुरणाओंसे हमारा एवं जगत्के प्रत्येक प्राणीका परिणाममें भला हो, वे तो शुभ हैं तथा जिनसे हमारा एवं जगत्का परिणाममें बुरा हो, वे अशुभ हैं। यदि शुभ स्फुरणाएँ होती हैं, तब तो सुन्दर बात है ही, अन्यथा अशुभ स्फुरणाओंका दमन करना ही पड़ेगा। इसके लिये सर्वोत्तम साधन है शुभमय वातावरणमें निवास। जिन सत्पुरुषोंमें दैवी गुणोंका विकास हो चुका है, जिन स्थानोंमें दैवी भावके परमाणु भरे हैं, वहाँ उनके पवित्र सङ्गका यथासम्भव अधिक-से-अधिक सेवन करना। इससे अशुभका दमन एवं शुभका उन्मेष हममें अवश्य होगा।(३) कुछ किये बिना तो हम रह नहीं सकते; मन, इन्द्रियों एवं शरीरसे कुछ-न-कुछ कर्म होते ही रहेंगे; किन्तु संस्कारवश हमारा स्वभाव बन जाता है कि किसी कर्मके प्रति—शुभ हो या अशुभ—हमारी अत्यधिक प्रवृत्ति हो जाती है। हमारा दृढ़ आग्रह हो जाता है कि हम तो यही करेंगे। यदि वह अशुभ कर्म है तब तो उसका अविलम्ब परित्याग कर ही देना चाहिये; किन्तु यदि वह शुभ भी हो तो उसमेंसे हम अपनी आसक्ति शिथिल करें। हम अपनेको प्रभुका सेवक समझें। सेवकका यह आग्रह कदापि नहीं होता कि हम तो अपने स्वामीकी अमुक सेवा ही करेंगे। सेवकका जीवन सेवाके लिये होता है। मालिककी रुचि देखकर ही वह अपनी सेवा समर्पित करता है। स्वामीकी रुचि यदि यह है कि अमुक सेवक घरमें झाड़ू लगानेका ही कार्य करे तो सेवकका यह आग्रह क्यों हो कि नहीं, हम तो आपको संगीत सुनाया करेंगे। प्रभु यदि यह चाहते हैं कि अपने घरको आश्रमके रूपमें परिणत कर दो, वृक्षके नीचे पड़े हुए असहाय, रुग्ण

ENGLISH TRANSLATION

inspirations and impulses, and through the senses, actions are then formed. We must reflect deeply on whether our impulses are auspicious or inauspicious. Those impulses which ultimately result in good for ourselves and for every creature in the world are auspicious; and those which ultimately result in harm for ourselves and the world are inauspicious. If auspicious impulses arise, that is indeed wonderful; otherwise, inauspicious impulses must certainly be subdued. The best means for this is living in an auspicious, uplifting environment: partaking as much as possible in the holy company of virtuous persons in whom divine qualities have fully blossomed, and abiding in places saturated with vibrations of divine consciousness. Through this, the suppression of the inauspicious and the dawn of the auspicious will surely take place within us.(3) We cannot remain without doing something; actions will inevitably continue to take place through the mind, senses, and body. However, due to past impressions, it becomes our nature to develop an excessive attachment toward a particular action, whether it is auspicious or inauspicious. We form a stubborn insistence that we will do only this. If it is an inauspicious action, it should be abandoned immediately; but even if it is an auspicious one, we should loosen our attachment to it. We must look upon ourselves as the servant of the Lord. A servant never insists that he will perform only a specific service for his Master. A servant's life is meant for service. Observing the Master's pleasure, he offers his service accordingly. If it is the Master's wish that a particular servant should merely sweep the house, why should the servant insist, "No, I shall only sing music to you"? If the Lord wishes that you transform your house into an ashram, and offer shelter and care to helpless, diseased

ORIGINAL

भिखारियोंको आश्रय देकर उनकी सेवा करो तो हमारा यह आग्रह क्यों हो कि नहीं, हम तो व्याख्यान देकर जनतामें फैली कुरीतियोंको ही मिटायेंगे। हमें तो उसी कर्ममें प्रवृत्त होना चाहिये जिसमें प्रभुकी रुचि है। प्रभुकी रुचि हमें किस कर्ममें प्रवृत्त करनेकी होगी, इस बातको इस कसौटीपर कसकर हम निर्णय कर लें—(क) कर्म परम शुभ है, (ख) इसे करनेके लिये कम-से-कम आदमी आगे बढ़ रहे हैं, (ग) इसे करनेकी योग्यता हमारे अन्दर प्रभुने दी है। बस, यही कर्म है, जिसमें हमें लगना है, इसीके लिये प्रभुकी रुचि है, इसीमें हम लगें। पर सावधान रहें, कहीं इसमें भी हमारी आसक्ति न हो जाय, इसके बदले यदि प्रभु फिर किसी अन्य कार्यका भार सौंपें तो समान प्रसन्नतासे ही हम इसे छोड़कर उसमें प्रवृत्त हो सकें।(४) हम पहलेसे ही किसी निश्चित फलकी कामना रखकर ही किसी कर्ममें लगते हैं। हमारे इस कर्मका अमुक फल हो, यह इच्छा पहले ही मनमें उदय हो जाती है। इस फलकी इच्छाको हमें छोड़ना पड़ेगा। प्रभुने जो काम सौंपा है, उसे पूरी तत्परतासे हमें करना है, हम कर रहे हैं, किन्तु इसका फल क्या होगा, यह प्रभु जानें; उनकी जो इच्छा हो, इस कर्मका वही फल हो। इस भावनाको सुदृढ़ करके, अन्ततक सुदृढ़ रखते हुए ही हमें कर्ममें लगना चाहिये। साथ ही शुभके आचरणसे प्राप्त होनेवाली प्रतिष्ठा, मान-सम्मान आदिमें भी हम फँस न जायें, प्रभुके आज्ञा-पालनका भाव हटकर कहीं मान-बड़ाईकी प्राप्ति हमारे कर्मका उद्देश्य न बन जाय, इसके लिये भी हम सदा सजग रहें। यह बात कहने-सुननेमें जितनी सरल है, आचरणमें उतनी नहीं। पर्वतके समान दृढ़ अचल निश्चय हो, अविराम सतत प्रयत्न हो, प्रभुकी कृपाका सम्बल हो—तभी इसमें सफलता मिलती है।

ENGLISH TRANSLATION

beggars lying beneath the trees, why should we insist, "No, we shall eradicate social evils among the public only by delivering lectures"? We ought to engage only in that action which pleases the Lord. As to which action the Lord wishes us to engage in, let us determine it by testing it against this touchstone: (a) the action is supremely noble, (b) very few people are coming forward to do it, and (c) the Lord has endowed us with the ability to carry it out. This alone is the work to which we must dedicate ourselves; this is what pleases the Lord, and in this alone should we engage. But beware lest we develop attachment even to this, so that if the Lord instead entrusts us with the responsibility of some other task, we may leave this and take up that with equal joy. (4) We tend to engage in an action only with the desire for a specific result preconceived in mind. The desire that our action must yield a particular fruit arises beforehand in the mind. We must relinquish this desire for results. The task that the Lord has entrusted to us must be performed by us with utmost dedication, and we are performing it; but what its result shall be is known to the Lord alone; whatever His will may be, let that be the fruit of this action. Having strengthened this conviction and maintaining it steadfastly until the very end, we should apply ourselves to work. At the same time, we must remain ever vigilant lest we become trapped in the prestige, honor, and respect arising from righteous conduct, and lest our purpose shift away from obedience to the Lord's command and turn into the pursuit of fame and praise. This principle is as difficult to practice as it is simple to speak and hear. Only when there is an unshakeable resolve steadfast as a mountain, continuous and tireless effort, and the support of the Lord's grace, does one attain success in this.

ORIGINAL

अतः बड़ी लगनसे हमें इसके लिये प्रयत्न करना होगा।(५) हम सोचकर देखें, इन्द्रियोंमें अपने-अपने कार्य-सम्पादनकी शक्ति कहाँसे आती है? नेत्रोंमें देखनेकी शक्ति, कानोंमें श्रवणकी शक्ति, नाकमें घ्राणकी शक्ति—ये सब कहाँसे आयीं? वाणीमें बोलनेकी शक्ति, हाथमें ग्रहण-त्यागकी शक्ति, पैरोंमें चलनेकी शक्ति—ये सब शक्तियाँ किसने दी हैं? मनमें सोचने-विचारनेकी, बुद्धिमें निश्चय करनेकी शक्ति किसकी दी हुई है? प्राणोंमें जीवित रखनेकी शक्ति किसकी है? हमारा शरीर किसकी शक्तिपर अवलम्बित है? ये सब शक्तियाँ प्रभुकी ही तो हैं। प्रभुसे ही तो हमें प्राप्त होती हैं। एकमात्र प्रभुकी शक्तिसे शक्तिमान् होकर ही तो इन्द्रिय, मन, शरीर कर्म करनेमें समर्थ होते हैं, कर्म कर पाते हैं। फिर हम जो पद-पदपर कह बैठते हैं 'यह हमने किया; यह हमारा "मैं" कितनी निरर्थक, कितनी मिथ्या वस्तु है?' अतः इस अहङ्कारकी वृत्तिको हमें नष्ट करना चाहिये।(६) समुदायका प्रवाह तमोगुणकी ओर है। अतः जिस समय हम सत्त्वगुणकी ओर अपने जीवनको मोड़ने लगेंगे, उस समय अनेक विघ्न-बाधाएँ हमारी प्रगति रोकनेके लिये, हमें पीछे लौटा देनेके लिये सामने आयेंगी। यदि पर्याप्त धैर्य हममें नहीं होगा तो उसी तमोमय प्रवाहमें हम पहलेकी भाँति बह चलेंगे, इसलिये धैर्य धारण करें, उन विविध विघ्न-बाधाओंसे हम तनिक भी विचलित न हों। जय सत्यकी ही होगी। अन्तमें सत्त्वमुखी प्रवाह ही विजयी होगा, यह विश्वास करके सदा अपने निश्चयके अनुरूप कार्य करते रहें। विघ्न-बाधाओंको देखकर हम धैर्य न खो दें, अपितु दूने उत्साहसे आगे बढ़ें।(७) यदि हमारा कोई कार्य सफल हो जाय तो हम हर्षसे

ENGLISH TRANSLATION

Therefore, we must strive for this with great dedication.(5) Let us pause and reflect: whence comes the power in each of the senses to perform its respective function? The power to see in the eyes, the power of hearing in the ears, the power of smell in the nose-from where did all these come? Who gave all these powers: the power to speak in the voice, the power to grasp and release in the hands, the power to walk in the feet? Whose gift is the capacity to think and reflect in the mind, and the power to resolve in the intellect? Whose is the power that sustains life in the vital breaths? Upon whose power does our body depend? All these powers belong to the Lord alone. They are received by us from the Lord alone. It is only by being empowered through the power of the Lord alone that the senses, mind, and body are capable of acting and able to perform deeds. Then why do we proclaim at every step, "I did this; this is mine"-what a meaningless, utterly false entity this "I" is! Therefore, we must destroy this attitude of egoism. (6) The current of worldly society flows toward tamas (darkness and inertia). Hence, the moment we begin to turn our life toward sattva (purity and light), numerous obstacles and hindrances will rise before us to halt our progress and turn us back. If we do not possess sufficient patience, we shall drift away as before in that dark current; therefore, hold fast to patience, and let us not be perturbed in the least by those diverse obstacles. Victory belongs to truth alone. In the end, the stream oriented toward sattva alone will triumph; holding this firm faith, let us constantly act in accordance with our resolve. Seeing obstacles and hindrances, let us not lose heart, but rather advance with redoubled enthusiasm.(7) If any work of ours succeeds, we, out of joy

ORIGINAL

फूलकर कुप्पा न बन जायँ, कार्य विफल हो जाय तो शोकमें भरकर सिर न पीटने लगें-यह सावधानी प्रत्येक कार्यका परिणाम ग्रहण करते समय अवश्य रहे। सफलता हुई है प्रभुकी इच्छासे, असफलता आयी है प्रभुकी इच्छासे। दोनोंको ग्रहण करते समय प्रभुकी इच्छा पूर्ण हो रही है, इस भावनाका समरस आनन्द ही हमारे मनको स्पर्श करे, हर्ष-शोकके विकार हमें छू न लें-इसके लिये भी हम दृढ़ प्रयत्न करें। उपर्युक्त बातोंको ध्यानमें रखकर यदि हम सतत प्रयत्न करेंगे तो हमारी इन्द्रियोंका प्रवाह क्रमशः सत्त्वमुखी होने लगेगा। सत्त्वगुण भरनेपर ही ये अन्तरकी ओर, प्रभुकी ओर दौड़ सकेंगी। तभी त्रिगुणातीत, दिव्य चिन्मय अनन्तगुणगणभूषित आनन्दमय प्रभुका हम स्पर्श पा सकेंगे, उन्हें पहचान पायेंगे। तभी हमारे इतने निकट नित्य अवस्थित प्रभुके सम्बन्धकी भी हमें पहचान होगी। उस समय वास्तवमें हमारी क्या अनुभूति होगी, वाणीमें यह बतानेकी तो सामर्थ्य नहीं है। वह इतना ही कह सकती है कि हमें उस समय अनुभव होगा कि प्रभुका-भगवान्‌का सम्बन्ध ही सच्चा सम्बन्ध है। अन्य सम्बन्धोंकी कल्पना भी इसीलिये हो पाती है कि उन-उन स्थलोंमें प्रभुकी छाया पड़ती है, वे सम्बन्ध प्रभुकी छायापर अवलम्बित हैं, पर हैं वे अस्थायी। निर्भर करने योग्य एवं सत्य तो एकमात्र प्रभुका सम्बन्ध ही है।

ENGLISH TRANSLATION

We must not become puffed up with pride, nor, if an endeavor fails, should we beat our heads filled with grief-this vigilance must certainly be maintained while accepting the outcome of every undertaking. Success has occurred by the Lord's will; failure has come by the Lord's will. While accepting both, only the equanimous joy of the sentiment that the Lord's will is being fulfilled should touch our minds, and we should also strive resolutely so that the afflictions of joy and sorrow do not affect us. Keeping the above points in mind, if we make constant efforts, the flow of our senses will gradually begin to turn toward Sattva. Only when filled with the quality of Sattva will they be able to run inward, toward the Lord. Only then shall we be able to attain the touch of the Lord-who transcends the three gunas, is divine, pure consciousness, adorned with infinite multitudes of virtues, and filled with bliss-and be able to recognize Him. Only then shall we also realize our relationship with the Lord, who is ever seated so close to us. Speech lacks the capacity to express what our realization will truly be at that moment. It can only state that we shall then realize that our relationship with the Lord-with God-is the only true relationship. The very conception of other relationships is possible only because the Lord's reflection falls upon those instances; those relationships depend upon the shadow of the Lord, yet they are transient. The only relationship that is dependable and true is exclusively that with the Lord.

CHAPTER 18

भगवान्‌की पूजा-आरती

Worship and Ārati of the Lord

Source coverage: 157–166

ORIGINAL

भगवान्‌की पूजा-आरती

मन्दिरमें प्रभुके श्रीविग्रहके सामने हम विविध सामग्रियोंसे उनकी पूजा करते हैं; उन्हें धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल अर्पण करते हैं; उनकी आरती उतारते हैं; उनके लिये सुन्दर शय्या बिछाकर उन्हें शयन कराते हैं तथा फिर बड़े भावसे बीजना (पंखा) झलकर उनकी सेवा करते हैं, ऐसा करना बड़े सौभाग्यकी बात है, अवश्य-अवश्य करना चाहिये। पर यदि इस पूजाके साथ ही हम विश्वरूप भगवान्‌की पूजाको भी अपनी दिनचर्यामें सम्मिलित कर लेते तो हमारा जीवन फिर पूजामय बन जाता, हमारी पूजा सर्वाङ्गीण पूजा हो जाती।

यदि हृदयमें प्रभुकी ज्योति जग गयी है तथा उस ज्योतिके आलोकमें मन्दिरके देवता-श्रीविग्रहके रूपमें विराजित प्रभु हमारी दृष्टिके सामने सर्वथा चिन्मय बन गये हैं, एक क्षणके लिये भी हमें यह अनुभूति नहीं होती कि ये धातु-पाषाण आदिसे बनी हुई मूर्ति हैं, तब तो कुछ कहना बनता ही नहीं; क्योंकि फिर तो हमारे द्वारा विश्वरूप प्रभुकी उपेक्षा सम्भव ही नहीं। हमारी दृष्टिमें विश्वकी सत्ता ही नहीं रहेगी, एकमात्र प्रभु-ही-प्रभु रहेंगे और यदि कहीं विश्वकी सत्ता रहेगी भी तो विश्वके अणु-अणुमें हमें अपने इष्टदेव ही भरे दीखेंगे। जितने आदरसे, जिस प्रेमसे हम मन्दिरमें भेंट चढ़ायेंगे, उतने ही आदरसे, उसी प्रेमसे विश्वरूप प्रभुको भी हम यथायोग्य यथासम्भव उपहार समर्पित करेंगे; किन्तु जबतक यह ज्योति नहीं जगी है तबतक सावधान होकर हमें अपनी पूजाको विशुद्ध एवं परिपूर्ण बनानेकी चेष्टा करनी पड़ेगी।

हम देखते हैं कि पूजा समाप्त करनेके बाद जब हमें भूखकी अनुभूति होती है, तब हम स्वयं प्रसाद ग्रहण करते हैं तथा इष्ट-मित्रोंको भी प्रसाद देते हैं। हमें जब शीतका अनुभव होता है तब हम अपने अङ्गोंको आवश्यक वस्त्रोंसे ढकते हैं। जब हमारे शरीरमें रोग होते हैं,

ENGLISH TRANSLATION

Worship and Aarti of the LordIn the temple, before the sacred deity form of the Lord, we worship Him with various offerings; we offer Him incense, light, food offerings, and betel leaf; we perform His aarti; spreading a beautiful bed for Him, we put Him to rest, and then, with great devotion, serve Him by fanning Him with a hand-fan. Doing so is a matter of great good fortune, and one must definitely do it. But if, along with this worship, we were also to include the worship of the cosmic-form Lord in our daily routine, our entire life would then become imbued with worship, and our worship would become all-encompassing. If the light of the Lord has awakened in the heart, and in the illumination of that light, the deity of the temple-the Lord seated in the form of the sacred image-has become entirely conscious before our vision, and if not even for a single moment do we perceive that this is an idol made of metal, stone, etc., then nothing more remains to be said; because then, neglecting the cosmic-form Lord through us is simply impossible. In our sight, the independent existence of the universe will cease to be; there will be solely the Lord and the Lord alone; and even if the universe appears to exist anywhere, we shall behold our chosen deity pervading every single atom of the universe. With the same reverence and love with which we offer gifts in the temple, with that very reverence and love we shall also present offerings to the cosmic-form Lord as befitting and as possible. However, until this light has awakened, we must remain vigilant and strive to make our worship pure and complete. We observe that after finishing worship, when we experience hunger, we ourselves partake of the sanctified food (prasad) and also distribute prasad to our dear friends. When we feel cold, we cover our limbs with the necessary garments. When illnesses afflict our bodies,

ORIGINAL

तब उनको दूर करनेके लिये हम ओषधियोंका भी सेवन करते हैं, किन्तु ऐसा करते समय सभी तो नहीं, पर हममेंसे अधिकांश इस बातको भूल जाते हैं कि अभी-अभी हम जिन प्रभुकी पूजा मन्दिरमें कर आये हैं, वे ही प्रभु पुनः हमारी पूजा ग्रहण करनेके लिये विविध रूप धारण किये बाहर खड़े हैं। वे ही स्वच्छ शुद्ध वस्त्र धारण किये, सिरपर तिलक लगाये, निर्मल पवित्र धातुपात्र हाथमें लिये हुए सन्तमण्डलीके रूपमें प्रसाद पानेकी शान्तिसे बाट देख रहे हैं तथा वे ही अपने अङ्गोंमें चिथड़ा लपेटे, धूलमें सने, टीनका टूटा डिब्बा हाथमें लिये कङ्गाल बनकर कुछ भी दे देनेके लिये करुण पुकार लगा रहे हैं। एक रूपमें वे शरीरपर ऊनी वस्त्र धारण किये भद्रपुरुषके वेशमें हमारी बैठकमें हमसे गरीबोंको कम्बल बाँटनेके सम्बन्धमें परामर्श एवं सहायता लेने आये हैं तथा दूसरे रूपमें वे ही हमारे द्वारके बाहर खड़े रहकर जाड़ेसे ठिठुरते हुए हमारे बाहर आनेकी बाट देख रहे हैं और ठण्डसे बचनेके लिये हमें चादर ओढ़ते देखकर, 'बाबूजी ! जाड़ेसे मरा जा रहा हूँ, एक पुराने टाटका टुकड़ा मुझे भी दे दो, भगवान् तुम्हारा भला करेगा, ऐसा बार-बार चिल्ला रहे हैं।' हम जिस समय सब प्रकारसे सजे हुए कमरेमें मोटे गद्देपर तकियेके सहारे बैठे यह कह रहे हैं--'वैद्यजी ! पूजा करते समय मामूली सिर-दर्द हो गया था, अभीतक वह मिटा नहीं, इसीसे भगवान्‌की पूजाके समय भी कुछ विक्षेप हुआ।' और वैद्यजीसे अपने रोग-नाशके लिये दवाकी व्यवस्था करवा रहे हैं; ठीक उसी समय वे प्रभु मन्दिरमें विराजित रहनेवाले वे हमारे इष्टदेव ही हैजाके रोगसे पीड़ित, अत्यन्त दुर्बल, अनाथ भिखारीके वेशमें सड़कपर पड़े हुए होते हैं तथा हमारे पास एक दूसरे रूपसे सूचना भेजते हैं कि 'बाबूजी ! एक भिखारी पड़ा है, उसके सारे कपड़े टट्टीमें सन गये हैं, बड़ा ही दुर्बल और दुःखी है, उसकी कुछ व्यवस्था होनी चाहिये।' किन्तु ऐसे अवसरोंपर हमें यह याद नहीं रहता कि इन सभी रूपोंमें प्रभु ही हमारी पूजा ग्रहण करने आते हैं। इसीलिये हम कभी तो उनकी

ENGLISH TRANSLATION

we consume medicines to cure them; but while doing so, though not all, most of us forget that the very Lord whom we have just worshipped in the temple is standing outside in various forms to receive our worship again. It is He who, clad in clean and pure garments, with tilak applied on His forehead, and holding an immaculate holy metal vessel in hand, patiently awaits to receive prasad in the form of an assembly of saints; and it is He who, with rags wrapped around His limbs, smeared with dust, and holding a broken tin can in hand, calls out with a plaintive cry as a destitute beggar, asking for whatever might be given. In one form, wearing woolen clothes upon His body in the guise of a gentleman, He has come to our parlor to seek our counsel and assistance regarding the distribution of blankets to the poor; and in another form, standing outside our doorway and shivering with cold, He waits for us to step outside, and seeing us wrap a shawl to protect ourselves from the chill, He repeatedly cries out, "Sir! I am dying of cold, please give me even a piece of old sackcloth, God will bless you." While we, sitting supported by pillows on a thick mattress in a fully decorated room, are saying, "Doctor! A slight headache arose during worship, it has not subsided yet, and because of this, some distraction also occurred during the Lord's worship," and are arranging medication from the physician for curing our ailment; exactly at that very moment, that same Lord-our chosen deity who resides in the temple-lies on the road in the guise of an extremely frail, orphaned beggar afflicted with cholera, and sends word to us through another form, saying, "Sir! A beggar is lying there, all his clothes are soiled with excrement, he is extremely weak and miserable, some arrangement ought to be made for him." Yet on such occasions, we fail to remember that in all these forms, it is the Lord alone who comes to accept our worship. For this reason, we sometimes

ORIGINAL

उपेक्षा कर देते हैं तथा कभी-कभी उनके प्रति बहुत बुरा व्यवहार कर बैठते हैं। यदि हम प्रभुको इन सभी रूपोंमें पहचान पाते तो जो सुख हमें स्वयं प्रसाद पानेमें, जो आदर-प्रेम-भाव अपने इष्ट-मित्रोंको प्रसाद देनेमें होता है, उससे बहुत अधिक तृप्ति एवं प्रेमकी अनुभूति भिखारीके टीनवाले पात्रमें भोजन परसते समय होती। जो रस हमें स्वयं ऊनी कपड़े ओढ़नेपर ठण्ड मिटनेसे प्राप्त होता है, उससे बहुत अधिक बढ़कर रस हमें उस दीन-हीन सर्दीसे ठिठुरते हुएको कपड़ा देनेमें प्राप्त होता। जो तत्परता अपने रोगको दूर करनेके लिये हममें होती है, उससे बहुत अधिक मात्रामें लगन उस रुग्ण अनाथ व्यक्तिकी समुचित व्यवस्था एवं सेवा करनेमें होती। पर हममें तो इनसे विपरीत भाव होते हैं। इसीलिये हमारी पूजा भी अधूरी ही रह जाती है।

प्रभुको पहचाननेवाले भक्तके द्वारा पूजा कैसी होती है, यह हमें जानना चाहिये। सन्त एकनाथके जीवनकी एक घटना है, जिससे हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। उस समय भारतवर्षमें रेल नहीं थी। दक्षिण भारतसे उत्तरकी सीमा हिमालयकी गङ्गोत्तरीतक आना सहज काम नहीं था। हृदयमें प्रभुकी झाँकी करते हुए सन्त एकनाथ गङ्गोत्तरी आये, वहाँके पुनीत जलको काँवरमें भरकर ले चले, काशी होते हुए रामेश्वरकी ओर जाने लगे; वहाँ जाकर उस जलसे वे प्रभुकी पूजा करना चाहते थे। धीरे-धीरे रामेश्वर निकट आने लगा, अत्यन्त समीप आ गया। ग्रीष्मऋतु थी। एक दिन दुपहरीकी जलती धूपमें एकनाथने रेतीले मैदानमें एक गधेको पड़े छटपटाते देखा-वे उसके निकट चले गये। देखा-प्याससे उस असहाय पशुकी बुरी दशा हो रही है। एकनाथको अनुभव हुआ, मेरी पूजा स्वीकार करनेके लिये ही प्रभु यहाँ पधार गये हैं। अविलम्ब उन्होंने काँवर उतारी और गङ्गोत्तरीका वह पुनीत जल गधेके मुखमें डालना आरम्भ किया। ठण्डा जल पीनेसे उस मरणासन्न प्राणीमें नवीन प्राणोंका सञ्चार हो आया। गधा उठ खड़ा हुआ तथा सुखपूर्वक एक ओर चला गया। एकनाथकी पूजा सम्पन्न

ENGLISH TRANSLATION

neglect Him, and at times end up treating Him very poorly. If we were able to recognize the Lord in all these forms, then far greater than the pleasure we feel in partaking of prasad ourselves, and far greater than the reverence and love felt in offering prasad to our dear friends, would be the experience of satisfaction and love felt while serving food into the beggar's tin container. Far greater than the delight we obtain from overcoming the chill by wrapping ourselves in woolen garments would be the delight obtained from giving clothing to that destitute person shivering in the cold. Far greater in measure than the promptness we have in curing our own illness would be our dedication in making proper arrangements and rendering service to that ailing, orphaned person. But our sentiments are contrary to these. For this reason, our worship also remains incomplete. We ought to know how worship is performed by a devotee who truly recognizes the Lord. There is an incident from the life of Saint Eknath from which we can learn a great deal. In those days, there were no railways in India. Traveling from South India to the northern frontier of the Himalayas at Gangotri was no easy task. Envisioning the Lord in his heart, Saint Eknath came to Gangotri, filled a carrying pole (kanwar) with the holy water from there, and carrying it along, began proceeding via Kashi toward Rameshwaram; reaching there, he wished to worship the Lord with that water. Gradually, Rameshwaram began to draw near, coming extremely close. It was summer. One day, under the blazing midday sun, Eknath saw a donkey lying in a sandy plain, writhing in agony-he went near it. He saw that the helpless beast was in a terrible state due to thirst. Eknath realized that the Lord Himself had arrived right here to accept his worship. Without delay, he lowered the kanwar and began pouring that holy water of Gangotri into the donkey's mouth. Upon drinking the cool water, a new surge of life was infused into that dying creature. The donkey stood up and walked away comfortably to one side. Eknath's worship was accomplished

ORIGINAL

हो गयी। वे उल्लासमें भर रहे थे, किंतु उनके अन्य साथी दुःख कर रहे थे कि 'हाय, इतने परिश्रमसे लाया हुआ गङ्गोत्तरीका जल व्यर्थ चला गया। रामेश्वर जाकर इससे प्रभुकी पूजा नहीं हो सकी। इस जीवनमें पुनः गङ्गोत्तरीसे जल लाकर पूजा हो सकेगी, यह तो सम्भव नहीं।' उनकी भावना देखकर एकनाथ हँसे। हँसकर बोले—'भाइयो! शरीरका पर्दा हटाकर देखो, फिर दीखेगा कि एकमात्र प्रभु ही सर्वत्र परिपूर्ण हैं। मेरी पूजा तो रामेश्वरके मन्दिरमें विराजित स्वयं प्रभुने यहींसे स्वीकार कर ली।'अब कहीं हम भी सन्त एकनाथकी तरह विश्वके कण-कणमें विराजित प्रभुको पहचान सकते तो हमारी पूजा भी सर्वाङ्गीण पूजा बन जाती। हमारी आजकी जो यह दशा है कि पासकी नदीसे जल भरकर हम किसी मन्दिरमें प्रभुकी पूजा करने चलते हैं, मन्दिरसे कुछ दूरपर ही हमें एक ऐसा असहाय, उपेक्षित प्राणी—पशु नहीं, मनुष्य—मिलता है, जिसके अन्तिम श्वास आ रहे हों, हमारी दृष्टि भी उसपर पड़ जाती है, किन्तु हम उस ओरसे दृष्टि हटा लेते हैं, क्षणभरके लिये रुककर कौतूहलकी दृष्टिसे हम भले कुछ पूछ-ताछ कर लें, पर आखिर हमारा भी उस मरणासन्न व्यक्तिके प्रति कोई कर्तव्य है, यह भावना भी हमारे मनमें नहीं उदय होती। अधिक-से-अधिक कुछ हुआ तो इतना कि करुणामिश्रित दो-चार शब्द मुँहसे उच्चारण कर लेते हैं और फिर मन्दिरमें पूजा करने चले जाते हैं। इतना भी नहीं करते कि अपने लोटेके जलकी कुछ बूँदें उस मुमूर्षुके सूखते हुए कण्ठमें तो डाल दें—हमारी ऐसी दशा प्रभुको पहचाननेपर कदापि नहीं होती। फिर तो हमें भी यह दीखता कि मन्दिरके देवता हमारी पूजा ग्रहण करनेके लिये यहाँ इस रूपमें प्रकट हो गये हैं तथा उस समय केवल जल ही नहीं, हमारे पास जो कुछ भी साधन प्राप्त हैं, हमारे द्वारा जो कुछ भी होना सम्भव है, उन सबका पूर्ण उपयोग करते हुए पूरी तत्परतासे हम उस रूपमें विराजित प्रभुकी पूजामें ही जुट पड़ते।

ENGLISH TRANSLATION

was accomplished. He was filled with joy, but his other companions were grieving that, 'Alas! The water from Gangotri brought with so much toil has gone in vain. Going to Rameshwaram, the worship of the Lord could not be performed with it. That in this life worship could again be done by bringing water from Gangotri is simply not possible.' Seeing their sentiment, Eknath smiled. Having smiled, he said, 'Brothers! Remove the veil of the body and look; then it will be seen that the Lord alone is completely present everywhere. The Lord Himself, enshrined in the temple of Rameshwaram, has accepted my worship right from here.' Now, if somehow we too, like Saint Eknath, could recognize the Lord seated in every particle of the universe, our worship too would become all-encompassing worship. Our condition today is such that, filling water from a nearby river, we set out to worship the Lord in some temple, and just a short distance from the temple we come across such a helpless, neglected being-not an animal, but a human being-who is drawing his final breaths; our glance also falls upon him, yet we turn our eyes away from that direction; pausing for a moment, we might make some inquiries out of curiosity, but after all, even the feeling that we have a duty toward that dying person does not arise in our mind. If at most anything happens, it is merely that we utter a few compassionate words from our mouth and then proceed to the temple to worship. We do not do even this much: to pour a few drops of water from our jug into the parched throat of that dying person-such a condition of ours would never occur upon recognizing the Lord. Then it would also be visible to us that the Deity of the temple has manifested here in this form to receive our worship, and at that time, using not merely water but whatever means are available to us, and whatever is possible for us to do, fully utilizing all of them with complete readiness, we would plunge straight into the worship of the Lord seated in that form.

ORIGINAL

कभी-कभी हम ऐसा सोचते हैं कि 'क्या करें, विश्वरूप भगवान्‌की पूजाके उपयुक्त साधन ही हमारे पास नहीं हैं। साधनके अभाववश ही हम पूजा नहीं कर पाते।' पर ऐसी धारणा हमारे मनका भ्रम ही है! यह बात बिलकुल नहीं है कि जो साधन हमारे पास नहीं हैं वे हो जायँ तभी प्रभुकी पूजा होगी। असलमें तो हमारे अन्दर पूजाकी सच्ची चाह होनी चाहिये। चाह होनेपर हम अपने द्वारा होनेवाले प्रत्येक कर्मसे, प्रत्येक चेष्टासे उनकी पूजा कर सकते हैं। जीवन-निर्वाहके लिये आखिर कोई-न-कोई कार्य तो हम करते ही हैं। हम दूकानदार हैं—चावल, दाल, नमक, मसाला, घी, चीनी, बर्तन, वासन, कपड़ा, गहना, हीरा, मोती आदिमेंसे किसी वस्तुकी हमारी दूकान है। दूकानपर हम प्रतिदिन दस घण्टे नियमसे बैठते हैं। अब सोचकर देखें, ग्राहकके रूपमें हमारी दुकानपर कौन आता है? प्रभु ही तो आते हैं। फिर प्रभुको उस रूपमें देखकर, पहचानकर, सम्मानपूर्वक उचित मूल्य लेकर उनकी सेवाकी दृष्टिसे यदि हम उन्हें ईमानदारीके साथ अच्छी वस्तु दे देते हैं, तो यह माल बेचना ही हमारी पूजा हो जायगी; किन्तु हमारी वृत्ति तो यह होती है कि ग्राहकसे अधिक-से-अधिक मूल्य लेकर बदलेमें घटिया माल उसके हाथमें खपा दें। हम नमूनेमें कुछ दिखाते हैं और देते समय देते कुछ दूसरा ही हैं। इस प्रकार अपने ही इष्टदेवकी हम वञ्चना करते हैं। इतना ही नहीं, उन्हें ठगकर उलटा हम उन्हींपर झूठा अहसान लादते हैं कि 'देख जी! यह वस्तु इतने मूल्यमें हमने आपको दे दी, दूसरी जगह आपको नहीं मिलेगी।' भगवान् देखते हैं—'देखो, यही व्यक्ति मन्दिरमें तो मेरे समक्ष विविध उपचार रखकर बड़े आदर-भावसे मेरी पूजा करता है, पर जब मैं इस रूपमें यहाँ इसकी पूजा ग्रहण करने आया हूँ, तब बुरी तरहसे यह मुझको एवं अपने-आपको ठग रहा है।'

ENGLISH TRANSLATION

Sometimes we think, 'What can we do? We simply do not have the appropriate means for the worship of the universal-form Lord. It is only due to the lack of means that we are unable to perform worship.' But such a notion is merely a delusion of our mind! It is not at all the case that only when the means we lack become available will the worship of the Lord take place. In reality, there should be a true yearning for worship within us. When the yearning is present, we can worship Him through every action and every endeavor performed by us. After all, we certainly do some work or other for our livelihood. Suppose we are a shopkeeper-we have a shop of any commodity among rice, lentils, salt, spices, ghee, sugar, utensils, vessels, cloth, jewelry, diamonds, pearls, etc. We sit at the shop regularly for ten hours every day. Now let us reflect and see: who comes to our shop in the form of a customer? It is none other than the Lord who comes. Then, seeing and recognizing the Lord in that form, taking a fair price with respect, and with an attitude of serving Him, if we give Him good goods with honesty, then this selling of goods itself will become our worship; but our tendency is to extract the maximum price from the customer and in exchange dispose of substandard goods into his hands. We show something in the sample, and at the time of giving, we give something entirely different. In this way, we deceive our very own chosen Deity. Not only this, after cheating Him, we inversely impose a false favor upon Him, saying, 'Look here! We gave you this item at such a price; you will not get it anywhere else.' The Lord sees-'Look, this very person in the temple places various offerings before Me and worships Me with great reverence, but when I have come here in this form to receive his worship, he is terribly deceiving Me as well as himself.'

ORIGINAL

वास्तवमें तो हम
ही ठगे जाते हैं, क्योंकि सर्वसमर्थ प्रभु तो नित्य अपनी अखण्ड महिमामें स्थित हैं, अपने स्वरूपानन्दसे नित्य परिपूर्ण हैं, हमारी पूजा ग्रहण करनेकी आवश्यकता उन्हें नहीं है, वे तो स्वभावगत करुणावश हमारा मङ्गल करनेके लिये ही हमारी पूजा स्वीकार करते हैं। पूजा करनेका जो कुछ भी फल है, लाभ है, वह तुरन्त पूजा करनेवालेको ही वे लौटा देते हैं। जैसे सज-धजकर हम दर्पणके सामने खड़े होते हैं तो उस समय हमारे मुखका सौन्दर्य दर्पणमें दीखनेवाले प्रतिबिम्बको भी ठीक उसी मात्रामें सुन्दर बना देता है, हमारी सजावटको दर्पण पूरा-पूरा हमें ही तुरन्त उसी क्षण लौटा देता है, वैसे ही प्रभुके प्रति की हुई सद्भावना, उन्हें समर्पित की हुई वस्तु, उनको छूकर उसी क्षण हमारे पास चली आती है, हमारी पूजाको प्रभु ज्यों-की-त्यों अविलम्ब हमें ही अर्पित कर देते हैं। हमारी दूकानपर ग्राहकके रूपमें आये हुए भगवान्‌की यदि हम वञ्चना करते हैं, तो वह असद्व्यवहार हमपर ही प्रतिफलित होता है, दूसरेपर नहीं, प्रभुको ठगने जाकर हम स्वयं ठगे जाते हैं। ऐसा न करके यदि हम अपने दैनिक व्यवहारोंको विशुद्ध बना लें, दूकानपर आये हुए प्रत्येक ग्राहकके रूपमें प्रभुको पहचानकर सबको समान आदरभाव देते हुए पवित्र लेन-देन करें तो यह हमारी खरीद-विक्री ही विश्वरूप प्रभुकी पूजा बन जायगी। ऐसे ही यदि हम चिकित्सक हैं तो प्रत्येक रोगीमें प्रभुको पहचानकर, शिक्षक हैं तो प्रत्येक छात्रमें भगवान्‌को विराजित देखकर और वकील हैं तो प्रत्येक वादी, प्रतिवादी, न्यायाधीश, साक्षीमें अपने इष्टदेवको ही अभिव्यक्त देखकर यथायोग्य अपने उचित विशुद्ध व्यवहारसे उनकी पूजा कर सकते हैं। हम जहाँ जिस क्षेत्रमें हैं, जिस परिस्थितिमें जो भी काम करते हैं,

ENGLISH TRANSLATION

In reality, it is we ourselves who are deceived, because the all-powerful Lord is eternally established in His undivided glory and eternally filled with the bliss of His own nature; He has no need to receive our worship. It is solely out of innate compassion, to bestow our welfare, that He accepts our worship. Whatever fruit or benefit there is in performing worship, He immediately returns it to the worshiper alone. Just as when, adorning ourselves, we stand before a mirror, at that time the beauty of our face makes the reflection visible in the mirror beautiful in precisely the same measure, and the mirror returns our adornment entirely to us at that very instant, similarly, goodwill directed toward the Lord and an object offered to Him, upon touching Him, comes right back to us in that very moment; the Lord, without delay, renders our worship back to us exactly as it was. If we deceive God who has come to our shop in the form of a customer, then that misbehavior reflects back upon us alone, not on anyone else; going to cheat the Lord, we ourselves get cheated. Instead of doing so, if we purify our daily dealings, recognize the Lord in the form of every customer who visits the shop, and conduct pure transactions while giving equal reverence to all, then this buying and selling of ours will itself become the worship of the universal-form Lord. Likewise, if we are a physician, by recognizing the Lord in every patient; if a teacher, by seeing God enshrined in every student; and if a lawyer, by seeing our chosen Deity alone manifested in every plaintiff, defendant, judge, and witness, we can worship Him through our proper, pure conduct in a fitting manner. Wherever we are, in whichever sphere, whatever work we do in whatever circumstance,

ORIGINAL

वहीं उसी क्षेत्रमें, उसी परिस्थितिमें अपने कामको विशुद्ध बना सकते हैं तथा फिर अपने सम्पर्कमें आनेवाले प्रत्येक व्यक्तिमें प्रभुको देखकर उन्हें यथायोग्य रूपमें अपनी विशुद्ध पूजा समर्पित कर सकते हैं। अनादि-संस्कारवश एक बार ऐसा करनेमें कुछ कठिनताका अनुभव हो सकता है, पर यदि हममें लगन है, अपने जीवनको पूजामय बनानेके लिये हम कटिबद्ध हैं तो अनन्त शक्तिमान् प्रभुकी शक्ति अपने-आप हमें ऊपर उठाने लगेगी, कठिनाइयाँ दूर होती जायँगी, आगे-से-आगे सुगम पथ दीखता जायगा। फिर हमें यह भ्रम नहीं होगा कि पूजाके उपयुक्त साधन ही हमारे पास नहीं हैं। हम करें तो क्या करें। हमें तब स्पष्ट दीखेगा कि जिस वेषमें प्रभु पूजा ग्रहण करने आये हैं, उसके अनुरूप पूजाकी सामग्री उन्होंने पहलेसे ही हमारे पास भेज रखी है। परम उत्साहसे हम उन सामग्रियोंका खुले हाथों उपयोग करेंगे तथा धीरे-धीरे हमारा जीवन पूजामय होकर ही रहेगा।मन्दिरमें विराजित ठाकुरजीकी नित्य पूजा करनेवाले, अचल श्रद्धा, निश्चल प्रेमसे पूजाकी विविध सामग्रियोंको अर्पण करके रामको रिझानेवाले भक्तशिरोमणि गोस्वामी तुलसीदासजीने पूजाका एक अत्यन्त सुन्दर क्रम बताया है। वे कहते हैं—रे मन! समस्त दुःखद्वन्द्वोंको नाश कर देनेवाले आनन्दमय प्रभुकी तू ऐसी आरती (पूजा) किया कर। इन्द्रियोंके नियामक प्रभुने ऐसी आरती करनेकी शक्ति तेरी इन्द्रियोंमें दे रखी है, उनकी शक्तिसे शक्तिमान् होकर तू इस प्रकारकी आरती आरम्भ कर! देख तू धूप देना तो जानता ही है; पर आज एक नया धूप तुझको बताता हूँ। जड़, चेतन, सारा विश्व प्रभुका ही रूप है। वे सर्वत्र निरन्तर विराजमान हैं—इस वासना (सुगन्ध) की धूप तू प्रभुको समर्पित कर। इस धूपसे प्रभुका विश्वरूप सारा मन्दिर सुवासित

ENGLISH TRANSLATION

right there in that very sphere and in that very circumstance we can make our work pure, and then, seeing the Lord in every person who comes in contact with us, we can offer our pure worship to Him in a fitting manner. Due to beginningless impressions, some difficulty may be experienced in doing so at first, but if there is dedication in us and we are resolved to make our life full of worship, then the power of the infinitely powerful Lord will automatically begin to lift us up, difficulties will keep getting removed, and an increasingly easy path will become visible ahead. Then we will not have the illusion that we lack the proper means for worship, wondering what we should do. It will then be clearly visible to us that the Lord has already sent to us the articles of worship corresponding to the attire in which He has come to accept worship. With supreme enthusiasm we will use those articles with open hands, and gradually our life will certainly become filled with worship. The crest-jewel of devotees, Goswami Tulsidas Ji-who daily worshiped Thakur Ji enshrined in the temple and pleased Rama by offering diverse articles of worship with unwavering faith and unblemished love-has described an exceedingly beautiful sequence of worship. He says-O mind! Perform such an Arati (worship) of the blissful Lord, the destroyer of all griefs and dualities. The Lord, the controller of the senses, has placed the power to perform such Arati within your senses; becoming empowered by His power, commence this kind of Arati! Behold, you already know how to offer incense; but today I tell you of a new incense. The entire universe-insentient and sentient-is the very form of the Lord. He is continuously present everywhere-offer the incense of this fragrance (vasana) to the Lord. With this incense, the entire temple of the Lord's universal form will become fragrant

ORIGINAL

हो जायगा। तेरी भी 'यह अपना, यह पराया', 'यह अच्छा, यह बुरा', इस प्रकारकी भेदरूप दुर्गन्ध मिट जायगी। ऐसी धूप देकर फिर स्वरूप-ज्ञानका दीपक जला दे, प्रभुके साथ सदा-सर्वदा संयुक्त रहनेकी अनुभूति कर ले। इस प्रदीपके आलोकमें तेरे ऊपर छाया हुआ क्रोध, मद, मोह आदिका अँधेरा नष्ट हो जायगा; इतना ही नहीं, इस ज्ञानके प्रकाशमें तेरे समीप रहनेवाले सपरिकर अभिमानरूप प्रबल डाकूकी शक्ति नष्ट हो जायगी, यही डाकू तो तेरी की हुई पूजाका फल लूट लेता है। इस ज्ञानकी ज्योतिके सामने फिर इसकी शक्ति ठहर नहीं सकेगी; क्षीण हो जायगी। अब निश्चिन्त होकर भाव (भक्ति) का नैवेद्य अर्पण कर। तेरी प्रत्येक चेष्टा प्रभुको सुख पहुँचानेके उद्देश्यसे ही हो, इस निर्मल भावका ही तू भोग लगा; तेरा यह सुन्दर नैवेद्य प्रभुको अत्यन्त सन्तोषकर होगा। यह करके फिर प्रेमका ताम्बूल सामने रख दे; तू इतना कोमल, सरस, सुगन्धित दोषहारी बन जा कि प्रभु तुझे अपने ओठोंपर धारण कर लें, तू उनकी स्मृतिका विषय बन जाय। इसका परिणाम यह होगा कि दुःख तुझे छू नहीं सकेंगे, संशय तुझे चञ्चल नहीं बना सकेगा, उनकी अनन्त शोभा, असीम सौन्दर्यके प्रवाहसे तू इतना भर जायगा कि अपार संसारकी वासनाओंके बीज फिर तुझमें ठहर नहीं सकेंगे, बह जायेंगे। फिर तुझे यह अनुभव होगा कि अभी-अभी जो दस इन्द्रियरूपी दस बत्तियाँ अशुभ-शुभ कर्मरूपी घृतमें सनी थीं, उनका आसक्ति-त्यागरूप अग्निसे संयोग हो गया है, उनमेंसे सत्त्वगुणरूपी लौ निकल रही है। लौ भक्ति, वैराग्य, विज्ञानमें परिणत हो रही है। बस, इन्हीं भक्ति-वैराग्य-विज्ञानरूपी दीपोंसे तू जगन्निवास प्रभुकी नीराजन (आरती) कर, अपने भक्ति, वैराग्य, विज्ञान—ये भी तू उन्हें समर्पित कर दे। रे मन ! धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, नीराजनसे

ENGLISH TRANSLATION

will be attained. Your foul odor of division, such as "this is mine, this is another's" and "this is good, this is bad," will also be erased. Having offered such incense, light the lamp of knowledge of the true Self and realize the experience of being ever united with the Lord. In the radiance of this lamp, the darkness of anger, pride, infatuation, and the like that overshadows you will be destroyed; not only that, but in the illumination of this knowledge, the power of the mighty robber named arrogance along with his retinue dwelling near you will be broken. It is this very robber who robs the fruit of the worship you perform. Before the light of this knowledge, his strength will no longer be able to stand; it will waste away. Now, free from anxiety, offer the sacred food-offering of devotion. Let your every endeavor have the sole purpose of bringing delight to the Lord; offer the oblation of this pure feeling alone; this beautiful offering of yours will bring supreme satisfaction to the Lord. Having done this, place before Him the betel leaf of love; become so tender, full of sweet essence, fragrant, and free of blemish that the Lord may place you upon His lips and you may become the object of His remembrance. The consequence of this will be that sorrows will not be able to touch you, doubts will not be able to unsettle you, and you will become so filled with the flood of His infinite splendor and boundless beauty that the seeds of desires of this boundless worldly existence will no longer be able to remain within you; they will be washed away. Then you will realize that the ten wicks of the ten senses, which just now were soaked in the clarified butter of auspicious and inauspicious deeds, have come into union with the fire of renunciation of attachment, and from them the flame of the quality of purity (sattva) is rising. The flame is transforming into devotion, dispassion, and supreme wisdom. Thus, with these lamps of devotion, dispassion, and supreme wisdom, perform the waving of lamps (arati) unto the Lord who abides in the universe, and surrender these too-your devotion, dispassion, and wisdom-unto Him. O mind! Through incense, lamp, food-offering, betel, and the waving of lights,

ORIGINAL

पूजा हो चुकी। अब तो अपने हृदयके मन्दिरमें शान्तिकी शय्या बिछा दे, दान्तिसे हृदयको भर ले। इस शान्तिके पर्यङ्कपर ही प्रभु श्रीराघवेन्द्र सुखसे शयन करेंगे। देख, उनकी सेवाके लिये अपने हृदय-मन्दिरमें क्षमा एवं करुणा आदिके रूपमें परिचारिकाएँ भी नियुक्त कर दे। इतना करके फिर झाँककर देख ! तुझे दीखेगा कि जहाँ प्रभु हैं एवं उनकी ज्योतिसे हृदय-मन्दिर चम-चम चमक रहा है। 'मैं-मेरा, तू-तेरा' मायासे उत्पन्न भेदका यह अँधेरा सदाके लिये मिट गया है। मन ! तू जान ले— यही वह आरती है जिसमें महान् तत्त्वदर्शी ऋषि, मुनि, योगी, ज्ञानी सदा लगे रहते हैं, प्रभुकी पूजा करते रहते हैं। ऐसी पूजा जो भी करता है, वह कामादि समस्त दोषोंसे मुक्त होकर तरण-तारण बन जाता है—

ऐसी आरती राम रघुबीरकी करहि मन।
हरन दुख-दुंद गोबिंद आनन्दघन ॥
अचर-चर रूप हरि, सरबगत, सरबदा।
बसत, इति बासना धूप दीजै।
दीप निजबोधगत कोह-मद-मोह-तम,
प्रौढ़ अभिमान चित्तवृत्ति छीजै ॥
भाव अतिसय बिसद प्रबर नैबेद्य सुभ,
श्रीरमन परस सन्तोषकारी।
प्रेम तांबूल गत कूर संसय सकल,
बिपुल भव-बासना-बीजहारी ॥
असुभ सुभकर्म-घृतपूरित दस बर्तिका,
त्याग पावक, सतोगुण प्रकासा।
भक्ति-बैराग्य-बिज्ञान दीपावली,
अर्पि नीराजनं जगनिवासा ॥

ENGLISH TRANSLATION

the worship has been accomplished. Now spread the bed of peace in the temple of your heart and fill the heart with self-control. Upon this couch of peace alone will Lord Sri Raghavendra repose in comfort. Behold, appoint also in the temple of your heart handmaidens in the form of forgiveness, compassion, and the like for His service. Having done this, look inside again! You will see where the Lord is, and with His radiance the temple of the heart is shining brightly. This darkness of duality born of illusion-"I and mine, you and yours"-is wiped away forever. O mind, understand this: this is that very arati in which the great truth-seeing seers, sages, yogis, and wise ones are ever engaged, continuously worshiping the Lord. Whoever performs such worship is liberated from all defects such as lust and becomes both delivered and a deliverer of others:
[Braj] O mind, perform such an arati unto Sri Rama, the hero of Raghu's line, the dispeller of sorrow and conflict, Govinda, the embodiment of dense bliss.
[Braj] Offer the incense of realizing that the Lord abides eternally in all movable and immovable forms, pervading everywhere.
[Braj] Light the lamp of self-knowledge, in which the darkness of wrath, pride, and delusion is dispelled, and the mature mental modification of arrogance wastes away.
[Braj] Offer the auspicious, supreme food-oblation of an intensely pure feeling of devotion, which brings utmost satisfaction to the delight of Lakshmi.
[Braj] Offer the betel leaf of love, which dispels all cruel doubts and destroys the seeds of manifold worldly desires.
[Braj] The ten wicks filled with the clarified butter of auspicious and inauspicious actions are ignited by the fire of renunciation, shining with the light of the sattva quality.
[Braj] Offering this row of lamps of devotion, dispassion, and supreme knowledge, perform the arati unto the Lord who abides in all the world.

ORIGINAL

विमल-हृदि-भवन-कृत शांति-पर्यंक सुभ,
सयन के बाद विश्राम श्रीराभराया ।
क्षमा-करुना प्रमुख तत्र परिचारिका,
यत्र हरि तत्र नहिं भेद माया ॥
एहि आरती-निरत सनकादि, श्रुति, सेष, सिव,
देवरिषि, अखिल मुनि तत्त्व-दरसी ।
करै सोइ तरै, परिहरै कामादि मल,
बदति इति अमलमति दास तुलसी ॥
यदि गोस्वामी तुलसीदासके इस सन्देशको हम भी ग्रहण कर सकें, इसे अपने जीवनमें उतार सकें तो हमारा जीवन भी वास्तवमें पवित्र भगवत्-पूजामय बन जाय। पूरा नहीं, हम यदि केवल इस प्रकारकी धूप एवं ऐसा नैवेद्यमात्र, केवल दो सामग्री ही प्रभुको अर्पित कर सकें—सर्वत्र प्रभुको विराजित, सबको प्रभुका ही रूप देखकर यदि उन्हें सुख पहुँचानेकी चेष्टा कर सकें तो हमारा काम तो इतनेसे ही हो जाय। मन्दिरमें तो हम पूजा करें ही, साथ ही अपनी दिनचर्यामें दो बातें और बढ़ा लें। फिर हमारी पूजा सर्वाङ्गीण हो ही जायगी, हमारा एवं प्रभुका मिलन भी तुरन्त ही हो जायगा और उनसे मिलकर हम सदाके लिये सुखी हो जायँगे।

ENGLISH TRANSLATION

[Braj] In the pure mansion of the heart, upon the auspicious couch of peace, King Sri Rama takes His rest and repose.
[Braj] Forgiveness and compassion are the foremost maidservants there; where the Lord is present, the illusory division of maya does not exist.
[Braj] Sanaka and his brothers, the Vedas, Shesha, Shiva, the divine sage Narada, and all the truth-seeing sages are absorbed in this arati.
[Braj] Whoever performs it crosses over, casting away impurities such as lust; so speaks the pure-minded servant Tulsidas.
If we too can receive this message of Goswami Tulsidas and bring it into our lives, our life too will truly become filled with holy divine worship. Even if not in its entirety, if we can offer unto the Lord only such incense and such food-offering-just these two articles-seeing the Lord seated everywhere, beholding all beings as forms of the Lord, and striving to bring delight unto Him, our purpose would be fulfilled by this alone. While we certainly perform worship in the temple, we should also incorporate two more practices into our daily routine. Then our worship will become complete in all aspects, our union with the Lord will take place at once, and having united with Him, we shall become joyful forever.

CHAPTER 19

मानसिक विष और उसके त्यागके उपाय

Mental Poison and the Means to Renounce It

Source coverage: 167–177

ORIGINAL

मानसिक विष और उसके त्यागके उपाय

एक विष तो ऐसा होता है कि उसकी क्रिया सीमित रहती है, परिणाम भी निश्चित रहता है—जैसे संखिया। किसीने संखिया खा लिया तो उसकी क्रिया शरीरतक ही सीमित रहेगी। शरीर जलने लगेगा, असह्य पीड़ा होगी, हृदयकी गति बन्द हो जायगी, प्राण निकल जायँगे। बस, इससे अधिक संखिया खा लेनेपर और कुछ भी नहीं होगा। पर कुछ विष ऐसे हैं, जिनकी क्रिया बड़ी व्यापक होती है, परिणाम भी निर्धारित नहीं होता। वे विष हैं—घृणा, द्वेष, वैर, काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह, मात्सर्य आदि दुर्गुण। इनका सेवन मनके द्वारा होता है। इनमेंसे किसीको भी किसी प्राणीने यदि अपने अन्दर स्थान दे रखा है तो वह संखियाकी तरह सीमित क्रिया करके, निश्चित फल देकर ही निवृत्त नहीं होगा। ये दुर्गुणरूपी विष तो ऐसे हैं जो जन्म-जन्मान्तरतक साथ रहेंगे, सदा जलाते रहेंगे, अनेक प्रकारकी यातनाएँ देते रहेंगे और न जाने कितनी बार जन्म-मरणकी मार्मिक पीड़ा देंगे। किन्तु जब मनुष्यकी बुद्धिमें तमोगुण बढ़ता है, तब वह भ्रमवश इन दुर्गुणोंमें अमृतकी भावना करने लगता है; फिर तो वह विरोधी व्यक्तिसे, समाजसे, जातिसे, राष्ट्रसे असूया-घृणा करनेमें अपने गौरवकी रक्षा मानता है, द्वेष-वैर करनेमें अपनी प्रतिष्ठाकी रक्षा होते देखता है, कामनाओंके पोषण करनेका नाम प्रगति रखता है, अन्दर बसी हुई क्रोधकी वृत्तिको तेज मानने लगता है, मदका नाम आत्म-सम्मान रखकर उसकी रक्षा करना अपना कर्तव्य समझने लगता है, लोभको अपनी उन्नतिका साधन समझता है, मोहका नाम प्रेम रखकर जीवनको बर्बाद कर देना आदर्श मानता है, मात्सर्यको व्यक्ति, समाज, जाति और राष्ट्रके सुधारके लिये आवश्यक वस्तु अनुभव करता है। इसीलिये ये विष—ये दुर्गुण मनुष्यमें बढ़ते चले जाते हैं। अन्तःकरण

ENGLISH TRANSLATION

Mental Poisons and the Means to Abandon Them

One kind of poison is such that its action remains limited and its outcome is also definite-like arsenic. If someone ingests arsenic, its action will remain confined only to the body. The body will begin to burn, there will be unbearable agony, the heart will stop beating, and life will depart. That is all; upon consuming arsenic, nothing more than this will happen. But there are some poisons whose action is vastly extensive and whose outcome is not predetermined. Those poisons are vices such as hatred, animosity, enmity, lust, anger, arrogance, greed, delusion, and jealousy. These are consumed through the mind. If any living being gives a place to any of these within oneself, it will not cease after acting in a limited manner and yielding a definite result like arsenic. These poisons in the form of vices are such that they will accompany the soul through birth after birth, will burn it constantly, will inflict various kinds of torments, and will cause the piercing agony of birth and death who knows how many times.

However, when the quality of darkness (tamoguna) increases in a person's intellect, one begins, out of delusion, to imagine nectar within these vices; then one considers it a preservation of one's dignity to harbor jealousy and hatred toward an opposing individual, society, community, or nation; one sees the preservation of one's prestige in bearing malice and enmity; one calls the feeding of desires progress; one begins to regard the deep-seated impulse of anger as brilliance of spirit; one labels arrogance as self-respect and considers protecting it to be one's duty; one regards greed as a means of personal advancement; one labels infatuation as love and considers ruining one's life to be an ideal; and one feels jealousy to be an essential instrument for the reform of the individual, society, community, and nation. For this reason, these poisons-these vices-continue to grow within man. The inner self

ORIGINAL

इनसे इतना ढक जाता है कि हृदयमें विराजित प्रभुकी ओरसे निरन्तर बढ़ती हुई आनन्दधाराके लिये द्वार ही बन्द हो जाता है, हमारी इन्द्रियोंमें प्रभुके द्वारा दिये हुए उस परमानन्दका एक कण भी नहीं आ पाता। इन्द्रियाँ स्थायी आनन्द पानेके लिये तरसती रहती हैं, भटकती रहती हैं, पर उन्हें स्थायी आनन्द कभी नहीं मिलता।

जिस समय हमारे अन्दर किसीके प्रति घृणाकी वृत्ति जागती है, द्वेषका भाव उदय होता है, किसी वस्तुके लिये कामना होती है, किसी वस्तु या व्यक्तिको निमित्त बनाकर क्रोध उत्पन्न होता है, अपने प्रभाव, प्रभुत्वकी स्मृति होकर मदके विचार आने लगते हैं, किसी वस्तुके प्रति लोभ होने लगता है, किसी व्यक्तिविशेष या वस्तुविशेषमें मोह (ममता) जाग उठता है, किसीकी उन्नति देखकर मत्सरता (ईर्ष्या, डाह) आती है; उस समय उन-उन वृत्तियोंके अनुरूप ही विचारोंकी मूर्तियाँ बनने लग जाती हैं। घृणासे बनी हुई विचारमूर्तिमें नीचे-ऊपर, भीतर-बाहर घृणा भरी रहेगी, द्वेषकी विचारमूर्तिमें द्वेष भरा होगा, इसी प्रकार अन्य विचारमूर्तियोंमें भी वे-वे भाव भरे होते हैं। इन मूर्तियोंमें कम्पन होता रहता है तथा ये जैसी हैं, उसी प्रकारकी किरणें इनसे निकलती रहती हैं। साथ ही, जैसे ये मूर्तियाँ हमारे अन्दर बनीं कि बस, उसी क्षण, जिनके निमित्तसे बनी हैं, उनकी ओर दौड़ जाती हैं, उनके पास पहुँच जाती हैं। उदाहरणके लिये हम घृणाको लें! हमारे अन्दर किसीके प्रति घृणाकी वृत्ति आयी कि उसी क्षण एक घृणामयी विचारमूर्ति बन गयी तथा तुरन्त ही वह उस व्यक्तिके पास जा पहुँची कि जिसके प्रति हमने घृणा की है। वहाँ जाकर यह उस व्यक्तिके शारीरिक तेज (Aura) से चिपट जाती है तथा यदि उसमें पहलेसे ही वैसा बीज (घृणाका सुप्तभाव) वर्तमान है तो उसमें भी अपने अनुरूप घृणाका भाव पैदा कर देती है। यदि वह व्यक्ति उस दूषित भावको ग्रहण करनेके लिये पहलेसे ही घृणाका भाव लिये तैयार बैठा है तब तो कहना ही क्या है, फिर तो क्षणभरका भी विलम्ब न होकर उसपर

ENGLISH TRANSLATION

It becomes so covered by these that the door is shut against the stream of bliss continuously flowing from the Lord seated within the heart; not even a single drop of that supreme bliss bestowed by the Lord is able to reach our senses. The senses keep yearning and wandering about to attain lasting bliss, yet they never obtain lasting bliss. Whenever a tendency of hatred awakens within us towards someone, a feeling of malice arises, a desire for some object is felt, anger is aroused by making some person or thing the pretext, thoughts of pride emerge upon remembering our own influence and dominance, greed arises towards something, attachment (possessiveness) awakens towards a particular person or object, or jealousy (envy, spite) comes upon seeing someone's progress, at that very moment, thought-forms begin to take shape corresponding to those very tendencies. In a thought-form made of hatred, hatred will be filled completely-above and below, inside and outside; in a thought-form of malice, malice will be filled; and similarly, in other thought-forms as well, those respective emotions are filled. A vibration constantly takes place within these forms, and rays corresponding to their nature continuously emanate from them. Moreover, the moment these forms are shaped within us, at that very instant they rush towards those for whose sake they were formed, reaching right up to them. For example, let us take hatred! No sooner does a feeling of hatred towards someone arise within us than a thought-form full of hatred is formed, and immediately it reaches that person towards whom we felt hatred. Arriving there, it clings to the bodily radiance (aura) of that person, and if such a seed (a latent feeling of hatred) is already present within them, it generates a corresponding feeling of hatred within them as well. If that person is already sitting prepared with a feeling of hatred to receive that tainted emotion, then what is there to say! In that case, without even a moment's delay, upon them

ORIGINAL

इसका प्रभाव पड़ जाता है और उसके अन्दर भी घृणाका दूषित भाव बेहद बढ़ जाता है। पर कहीं वह व्यक्ति दूसरे विचारमें लगा है, ऐसे विचारोंसे उसका मन भरा है कि जिनसे इसका मेल नहीं खाता तो यहाँ यह हमारी घृणासे निर्मित मूर्ति उस मनुष्यके चारों ओर घूमती रहती है, मौका ढूँढ़ती रहती है कि प्रवेश करनेका कोई भी अवसर मिल जाय। जहाँ एक भी छिद्र इसे मिला, उसके मनमें एक भी घृणासम्बन्धी स्फुरणा आयी कि हमारी वह घृणामयी मूर्ति उसकी स्फुरणासे जुड़ जाती है तथा फिर तो वहाँ घृणाके भावोंका ताँता लग जाता है। इसी प्रकार द्वेष, वैर, काम, मद, लोभ, मोह, मत्सर आदि भी हमारे अन्दर उत्पन्न होते हैं, इनकी मूर्तियाँ बन जाती हैं, जिनके निमित्त बनती हैं, उनके पास जा पहुँचती हैं तथा उनमें द्वेष, वैर, काम, क्रोध आदि उत्पन्न कर देती हैं।

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि हम किसी स्थानपर बैठे हैं तथा किसी निमित्तको लेकर हममें पहले घृणा, द्वेष, वैर, काम, क्रोध आदिके भाव उत्पन्न हुए, पर फिर कुछ देर बाद उस निमित्तको तो हम भूल गये और यों ही किसी व्यक्ति-विशेषको लक्ष्य करके नहीं—स्वभाववश हमारा मन क्षण-क्षणमें बदलते हुए घृणा, द्वेष, वैर, काम, क्रोध आदि भावोंसे भावित होने लगा तो उस समय भी इनकी विचारमूर्तियाँ तो बनती ही रहती हैं तथा कोई निश्चित लक्ष्य न रहनेके कारण यद्यपि निश्चित व्यक्तिके पास दौड़कर नहीं जातीं, किन्तु जहाँ जिस स्थानपर ये पैदा हुई हैं, वहाँके आकाशमें, वहाँके वातावरणमें ये बिखर जाती हैं। वहाँ वे नाचती रहती हैं तथा वहाँ जो भी व्यक्ति आता है, उसपर न्यूनाधिक प्रभाव डालती हैं। हममेंसे अधिकांश इस बातको कई बार अनुभव करते हैं, भले ही हम इसका असली रहस्य न समझें। हम देखते हैं—हम कहीं चले जा रहे हैं, कोई भी कारण नहीं है, फिर सहसा हमारे अन्दर घृणाके भाव आने लगते हैं, द्वेषकी वृत्ति जाग उठती है, कामवासना उत्पन्न हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? इसीलिये कि उस

ENGLISH TRANSLATION

its influence falls, and the tainted feeling of hatred within them increases immensely. But if that person happens to be engaged in other thoughts, and their mind is filled with thoughts that do not harmonize with it, then here this form created out of our hatred keeps circling around that person, searching for an opportunity so that any chance to enter may be found. As soon as it finds even a single opening, and even a single impulse related to hatred arises in their mind, our hate-filled thought-form joins with their impulse, and then an unending succession of feelings of hatred is set in motion there. In this very manner, malice, enmity, lust, pride, greed, infatuation, jealousy, and so forth also arise within us, their thought-forms are created, reach those for whose sake they were created, and arouse malice, enmity, lust, anger, and other such feelings within them. Sometimes it also happens that we are sitting at some place and, prompted by some cause, feelings of hatred, malice, enmity, lust, anger, and so forth first arose within us; but after a little while we forgot that cause, and without targeting any particular person-merely out of habit-our mind began to be influenced by feelings of hatred, malice, enmity, lust, anger, and so forth, constantly shifting from moment to moment. Even at that time, their thought-forms certainly continue to be formed; and because there is no definite target, although they do not rush to a specific person, they scatter into the surrounding space and atmosphere of the place where they were generated. There they keep dancing about, and upon whoever enters that place, they exert a greater or lesser influence. Most of us experience this phenomenon many times, even though we may not understand its true secret. We observe-we are walking somewhere, there is no apparent reason, yet suddenly feelings of hatred begin to arise within us, an attitude of malice awakens, or lustful desire is aroused. Why does this happen? Precisely because at that

ORIGINAL

स्थानपर, वहाँके आकाशमें, वातावरणमें, घृणा-द्वेष-कामकी विचार-मूर्तियाँ तैर रही हैं, हमसे आकर टकरा गयी हैं। हम असावधान थे, हमारा अन्दरका द्वार खुला था, वह प्रवेश कर गयी और अपने अनुरूप घृणा, द्वेष आदिके विचार उसने हमारे मनमें भी उत्पन्न कर दिये। सारांश यह कि हमारे अन्दरके दुर्गुण-रूपी विष केवल हमें ही नहीं जलाते, हमारे अन्दरसे निकल-निकलकर तथा दूर-दूरतक फैलकर दूसरोंके पास भी जा पहुँचते हैं और उन्हें भी सन्तप्त करने लगते हैं। यह भी नहीं कि एक बार जलाकर ही शान्त हो जाय, इन्हें जहाँ एक बार भी स्थान मिल गया तो फिर ये सदा बने रहते हैं और इनकी लपट बढ़ती ही रहती है। ऐसे व्यापक एवं भयंकर फल देनेवाले हैं ये दुर्गुणरूपी विष!इस विषयसमूहका—दुर्गुणोंका त्याग अत्यन्त आवश्यक है। अन्यथा हम सदा जलते रहेंगे, कभी सुखी नहीं होंगे। प्रभुके दिये हुए निराविल परमानन्दकी अनुभूति हमें कभी नहीं होगी। वह आनन्द हमें मिलनेका ही नहीं है। आज उस आनन्दकी छायाको विषयभोगके समय यदि हम पाते भी हैं तो उसमें भी ये विष मिल जाते हैं; क्योंकि जिस अन्तःकरणसे, जिन इन्द्रियोंसे हम भोगने जाते हैं, उनमें ये दुर्गुणरूपी विष भरे पड़े हैं, हमारे लौकिक आनन्दको भी ये विषैला कर देते हैं। इसलिये इनका प्रतीकार हमें करना ही है, पर प्रतीकार बातोंसे नहीं होगा। इन्हें शान्त करनेके लिये हमें साधनामें तत्पर होकर लगना पड़ेगा, न जाने कबसे स्थान पाये हुए और निरन्तर बढ़ते हुए इन दुर्गुणोंको जड़-मूलसे उखाड़ फेंकनेके लिये हमें सदा सजग रहकर परिश्रम करना पड़ेगा।वह साधना क्या है? किस प्रकारका परिश्रम है? इसका उत्तर यह है कि इसके लिये पहले तो यह दृढ़ विश्वास करना पड़ेगा कि वास्तवमें ये भयानक विष हैं और शीघ्र-से-शीघ्र त्यागने योग्य हैं। यदि इनमें हमारी गुण-बुद्धि बनी रही तब तो ये छूटने असम्भव ही हैं।

ENGLISH TRANSLATION

place, floating in its space and atmosphere, are thought-forms of hatred, malice, and lust, and they have collided with us. We were heedless, our inner doorway was open; they entered, and generated corresponding thoughts of hatred, malice, and so forth in our minds as well. The essence is that the poisons in the form of vices within us do not burn only us; issuing forth from within us and spreading far and wide, they also reach others and begin to torment them as well. Nor is it that, having burnt once, they become quiet; once they find a place, they remain forever, and their flames keep growing. Such pervasive and dreadful fruits do these poisons in the form of vices produce! The renunciation of this collection of sense-objects-of these vices-is extremely essential. Otherwise, we shall perpetually burn and never be happy. We shall never experience the untainted supreme bliss bestowed by the Lord. That bliss is simply not to be attained by us. Today, even if we experience a faint reflection of that bliss during the enjoyment of sense-pleasures, these poisons mix into that as well; because the inner mind and the senses with which we proceed to enjoy are filled with these poisons of vice, turning even our worldly pleasure toxic. Therefore, we must remedy them; but this remedy cannot be accomplished by mere words. To pacify them, we shall have to apply ourselves earnestly in spiritual practice (sadhana); to uproot completely these vices that have found shelter for ages unknown and are ever-increasing, we shall have to strive with constant vigilance. What is that sadhana? What kind of effort is it? The answer to this is that, first of all, one must cultivate the firm conviction that these are truly terrible poisons and worthy of being abandoned as quickly as possible. If we continue to view them as virtues, then letting go of them is utterly impossible.

ORIGINAL

इसलिये पहले तो इन समस्त दोषोंमें हमारी विष-बुद्धि हो तब फिर साधनामें लगें। जिस समय हमारे मनमें किसीके प्रति घृणाकी वृत्ति जागे, उसी समय उसी क्षण हम अपनेमें उसके प्रति प्रेमकी भावना जाग्रत् करें। किसी दोषको देखकर ही हम उससे घृणा कर रहे हैं, पर क्या उस व्यक्तिमें केवल दोष-ही-दोष भरे हैं? उसमें कोई भी सद्गुण नहीं हैं? सब दोष-ही-दोष भरे हों, एक भी सद्गुण न हो यह तो असम्भव है। जगत् बना है सत्, रज एवं तमके मिश्रणसे। जहाँ तम है वहाँ रज, सत् भी हैं ही, मात्रा कितनी भी अल्प हो। जहाँ हमें केवल तमोगुण दीखता है, तमोगुणके परिणाम-दोष दीखते हैं वहाँ सत् एवं सत्त्वगुणके परिणाम-स्वरूप कोई-न-कोई सद्गुण भी है ही। फिर हम क्यों नहीं अपनी दृष्टि उस सद्गुणपर ठहराकर उस व्यक्तिसे प्रेम करना आरम्भ करें? उसके उसी सद्गुणको देखते हुए हम उसके प्रति प्रेमकी भावना भेजें। इसका निश्चय परिणाम यह होगा कि जैसे घृणाकी भावना दूसरेमें भी घृणा उत्पन्न करती है, वैसे ही प्रेमसे सनी हुई हमारी गुणदृष्टि उस व्यक्तिके पास जाकर उसके उस अल्प सद्गुणको बढ़ा देगी, उसमें प्रेमका बीज बो देगी। उसके प्रति प्रेमकी भावना करके उसमें सद्गुण देखकर हमने उसे तो ऊपर उठाया ही, हमारे अन्दर जो घृणाकी गन्दी लहर उठी थी उसे इस प्रेमकी लहरने दबा दिया। हम जलने लगते, पर उसके बदले हममें सुखमयी शीतलता आ गयी। जब हममें किसीके प्रति द्वेषका भाव उत्पन्न हो, उस समय तुरन्त हम यह भाव करें कि 'नहीं, यह तो हमारा मित्र है, निश्चय मित्र है, इसके द्वारा हमारी बुराई हो नहीं सकती।' जहाँ ये भाव हमारे मनमें आये कि ये दौड़कर उसके पास भी जा पहुँचेंगे, उसके अनजानमें उसके अन्दर हमारे प्रति मित्रताका बीज बो ही देंगे। यह सम्भव है कि

ENGLISH TRANSLATION

Therefore, first let us look upon all these flaws as poison, and only then engage in spiritual practice. The moment a tendency of hatred awakens in our mind towards anyone, at that very moment, that very instant, let us awaken a feeling of love towards them within ourselves. It is only upon seeing some fault that we are hating them, but is that person filled only with faults? Are there no virtues in them at all? That someone should be filled purely with faults without a single virtue is impossible. The world is created from the mixture of Sattva, Rajas, and Tamas. Wherever there is Tamas, there Rajas and Sattva also exist, however small the measure may be. Where we see only Tamoguna and the fault-laden consequences of Tamoguna, there too, as the result of Sattva and the Sattva quality, some virtue or other must also exist. Why then do we not fix our gaze upon that virtue and begin to love that person? Looking at that very virtue of theirs, let us send feelings of love towards them. The definite result of this will be that, just as a feeling of hatred arouses hatred in another, so too will our virtue-seeking gaze, steeped in love, reach that person and magnify that small virtue in them, sowing the seed of love within them. By cultivating a feeling of love towards them and seeing virtue in them, not only did we uplift them, but the foul wave of hatred that had arisen within us was subdued by this wave of love. We were about to burn, but in its place a blissful coolness came upon us. Whenever a feeling of malice arises within us towards someone, let us immediately cultivate the feeling: 'No, this person is our friend, surely a friend; no harm can come to us through them.' No sooner do these thoughts arise in our mind than they will rush to that person as well, and without their awareness, will plant the seed of friendship towards us within them. It is possible that

ORIGINAL

उस व्यक्तिका हृदय उपयुक्त न होनेके कारण अथवा हमारे मित्रभावका बीज पुष्ट न होनेके कारण इसके अङ्कुरित होनेमें समय लगे। पर उसमें मित्रभावका आरम्भ तो हो ही गया। साथ ही जो द्वेषकी वृत्ति हमें जलाती थी, वह शान्त हो गयी।जिस क्षण कामसम्बन्धी कोई भावना मनमें प्रकट हो, उस क्षण हम भोगके त्यागकी परम उज्ज्वल भावनाएँ बढ़ाने लग जायें। भोगका त्याग करनेवाले सन्त पुरुषोंकी त्यागमयी सुन्दर घटनाओंका स्मरण कर वैसे विचारोंकी आवृत्ति करने लगें। परिणाम यह होगा कि तत्परतासे की हुई यह आवृत्ति त्यागमयी विविध सुन्दर विचारमूर्तियोंका निर्माण करने लगेगी। इतना ही नहीं, वातावरणमें ऐसे सुन्दर जो भी विचार फैले होंगे, उनको अपनी ओर आकर्षित करने लगेगी, हमारे ये सुन्दर भाव पुष्ट होने लगेंगे। हमारे अन्दर तो वह कामकी कुत्सित वृत्ति दबेगी ही, वातावरणमें सुन्दर त्यागमय परमाणु बिखर जायेंगे, जो दूसरोंकी जलन शान्त करनेमें भी सहायक बनेंगे।क्रोध आनेकी सम्भावनासे पूर्व ही हम क्षमाके विचारोंका मनन आरम्भ कर दें। परिणाम यह होगा कि स्वभाववश क्रोध आनेपर उनके आगे-पीछे क्षमाके भाव, क्षमाकी मूर्ति घेरे रहेगी। हम सोचें--जब हमसे अपराध बन जाता है, तब 'हमपर कोई नाराज न हो, हमें क्षमा कर दे', यह इच्छा हममें होती है या नहीं? न जाने हम प्रभुका कितना अपराध प्रतिदिन, प्रतिक्षण करते हैं। यदि प्रभु हमें क्षमा न करें तो हमारी क्या दशा हो। अनन्त अपराध हमसे होते हैं और प्रभु अनन्त बार क्षमा करते हैं। फिर हम भी ऐसा निश्चय क्यों न करें कि हमारा भी यदि कोई बार-बार अपराध करता है तो हम भी उसे बार-बार क्षमादान ही देंगे। तभी हम प्रभुसे क्षमा पानेके अधिकारी हैं।

ENGLISH TRANSLATION

It may take time for the seed of our friendliness to sprout, either because that person's heart is not receptive or because our seed of friendliness is not yet strong. Nevertheless, the beginning of friendliness has indeed taken place within them. At the same time, the disposition of malice that was burning us has become pacified. The very moment any thought related to lust arises in the mind, at that very moment we should begin expanding the supremely luminous thoughts of renouncing enjoyment. Remembering the beautiful, renunciation-filled episodes of saintly persons who have forsaken worldly indulgence, we should begin repeating such thoughts. The result will be that this diligent repetition will begin creating various beautiful thought-forms imbued with renunciation. Not only that, it will begin attracting toward itself whatever such sublime thoughts are diffused in the atmosphere, and our noble feelings will become nourished and fortified. Not only will that vile impulse of lust be suppressed within us, but beautiful, renunciation-laden particles will also scatter into the atmosphere, which will assist in cooling the burning agitation of others as well. Even before the possibility of anger arises, we should commence contemplating thoughts of forgiveness. The result will be that even if anger arises out of habit, the sentiments of forgiveness and the form of forgiveness will surround it before and after. Let us reflect: when an offense is committed by us, does not the desire arise within us that "no one should be angry with us, and they should forgive us"? Who knows how many offenses we commit against the Lord every day, every single moment! If the Lord were not to forgive us, what would our condition be? Endless offenses are committed by us, and the Lord forgives endlessly. Why, then, should we not also resolve that if anyone repeatedly offends against us, we too shall grant them nothing but forgiveness again and again? Only then are we entitled to receive forgiveness from the Lord.

ORIGINAL

तात्पर्य यह कि हमारा यदि क्रोधी स्वभाव है तो हम बड़ी तत्परतासे दिन-रात निरन्तर क्षमाकी भावनाओंको अपने अन्दर बढ़ायें। अन्यथा जैसे आग जिस वस्तुमें प्रकट होती है, पहले उसे जलाती है, फिर सम्पर्कमें आनेवाली दूसरी-दूसरी वस्तुओंको, वैसे ही क्रोधाग्निसे हम पहले जलेंगे, फिर औरोंको जलायेंगे। यदि हमें इस क्रोधरूपी विषकी ज्वालासे स्वयं बचना है तथा औरोंको बचाना है तो क्षमाकी भावनासे मनको भरते चले जायें। क्षमाके ये भाव कभी निष्फल तो होंगे ही नहीं, बल्कि हमें शीतल करके दूसरोंके उन दोषोंको भी निश्चय धो देंगे।ऐसे ही जब अपनेमें पूर्णताकी मिथ्या अनुभूति होकर अथवा

अपना प्रभुत्व, गुण देखकर मद जागे, तब हम सोचें--'यह हमारा मद कितना मिथ्या है! हम बड़े भारी वक्ता हैं, माना, पर वाणीमें बोलनेकी शक्ति किसकी दी हुई है? प्रभुने ही तो यह शक्ति दी है। यदि प्रभु आज वाणीकी शक्ति छीन लें, लकवा मार जाय तो हमारा यह मद धूलमें मिल जाय या नहीं? हम बड़े भारी विद्वान् हैं, सभी विषयोंकी जानकारी रखते हैं, ठीक है, पर हमारे मनमें विद्याका उन्मेष किसने किया? विद्या ग्रहणकी शक्ति मनमें किसने दी? प्रभुकी शक्तिके बिना क्या यह सम्भव है? यदि वे अपनी शक्ति हटा लें, हमारा मस्तिष्क विकृत हो जाय तो हमारा यह विद्यामद चूर-चूर हो जाय या नहीं? हमारा रूप बड़ा सुन्दर है, कण्ठ बड़ा मीठा है, सङ्गीतमें हमारी बराबरी कौन कर सकता है? बहुत ठीक, पर कल यदि हमारे अनन्त दुष्कर्मोंमेंसे किसीके फलस्वरूप प्रभु यह विधान कर दें कि चेचक हो जाय, कोढ़ हो जाय, गलेमें कैंसर हो जाय, तो हमारा वह सुन्दर रूप, कलापूर्ण कण्ठ तीन कौड़ीका हो जायगा या नहीं।' मतलब यह कि मदकी वृत्ति जागते ही मनमें अपनी दीनताके भाव तथा सारा महत्त्व

ENGLISH TRANSLATION

The essence is this: if our nature is prone to anger, we must, with great earnestness, day and night, continually expand the feelings of forgiveness within ourselves. Otherwise, just as fire first burns the object in which it is ignited and only then burns other objects that come into its contact, so too shall we first burn in the fire of anger, and then burn others. If we wish to save ourselves and others from the flame of this poison known as anger, we must continually fill our mind with the spirit of forgiveness. These feelings of forgiveness will never go in vain; rather, by cooling us, they will also surely wash away the faults of others. Similarly, when pride awakens within us through a false sense of perfection or upon seeing our own dominance and virtues, let us reflect: "How utterly false is this pride of ours! Granted that we are a great orator, but by whom was the power of speech bestowed upon our voice? The Lord alone has bestowed this power. If the Lord were to revoke the power of speech today and paralysis were to strike, would this pride of ours not be reduced to dust? Granted that we are a great scholar and possess knowledge of all subjects, but who awakened learning in our mind? Who bestowed upon the mind the power to assimilate knowledge? Is this possible without the Lord's power? If He were to withdraw His power and our brain were to become impaired, would this scholarly pride of ours not be shattered to pieces? Our appearance is exceedingly beautiful, our voice is exceedingly sweet, and who can equal us in music? Very well, but if tomorrow, as the fruit of any of our infinite misdeeds, the Lord should ordain that smallpox occur, leprosy occur, or cancer develop in the throat, will that beautiful appearance and artistic voice of ours not become utterly worthless?" The point is that the moment the impulse of pride awakens, we should begin cultivating feelings of our own insignificance and the conviction that all glory belongs to the Lord.

ORIGINAL

प्रभुका है यह भाव बढ़ाने लगें। ये पवित्र दैन्यके विचार और इनसे निर्मित भावमूर्तियाँ हमारे मदको तो कुचल देंगी ही, दूसरेमें भी प्रभुके प्रति आस्तिकताका, प्रभुके महत्त्वका भाव उदय करेंगी। स्वयं हम प्रभुके चरणोंमें नत होकर अभिमानके भारसे मुक्त होंगे, दूसरेका भी भार हलका कर देंगे।लोभकी वृत्तिको हम सन्तोषकी भावनासे नष्ट कर दें। जहाँ मनमें किसी भी वस्तुका लोभ आया हुआ दीखे, बस तुरन्त सोचना आरम्भ कर दें--'हमें तो सभी आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त हैं ही, हमें और चाहिये ही क्या। दयामय प्रभु स्वयं हमारी आवश्यकताओंका ध्यान रखते हैं, अपने-आप वे हमारी सारी व्यवस्था करते हैं।' ऐसी भावनाएँ हमें तो तृप्त करेंगी ही, हमारे सम्पर्कमें जो भी आयेंगे, उनकी अतृप्ति मिटनेमें भी हेतु बनेंगी। हमारे चारों ओर 'अभी तो और चाहिये', यह जो हाहाकार मचा हुआ है, वह भी किसी-न-किसी अंशमें शान्त होगा ही, भले ही वह शान्ति आरम्भमें अत्यन्त नगण्य क्यों न हो।मोह (ममता) का अवसर आनेपर हम सोचें--'क्या सचमुच यह वस्तु हमारी है? यदि हमारी है तो हमसे हमारी इच्छाके बिना अलग क्यों होती है! हमारी मानी हुई कोई भी वस्तु सदा तो हमारे साथ नहीं रहती। अत्यन्त निकटका हमारा यह शरीर भी तो हमारा साथ नहीं देता। बहुत-से व्यक्ति कहते थे, शरीर हमारा है, पर साथ नहीं गया; चिताकी राख बन गया। फिर थोड़ी-सी गिनी-चुनी वस्तुओंको हम "अपनी" क्यों मानते हैं, यह तो हमारा भ्रम है।' ऐसे विचारोंको हम अपनेमें उद्बुद्ध करें। फिर इनकी भावमूर्तियाँ सदा हमारे चारों ओर नाचती रहेंगी। मोहका प्रसङ्ग उदय होते ही वे हमारे मनमें ऐसे ही विचार जगा देंगी, क्योंकि यह नियम है, जो विचार हमारे अपनेसे सम्बद्ध होते हैं वे एक बार उदय होनेके पश्चात् हमारे ही चारों ओर तैरते रहते हैं, रह-रहकर अपने अनुरूप विचारोंको मनमें उदय कराते रहते हैं। फिर यह होगा कि मोहमें पड़कर कर्तव्यविमुख होनेसे हम बच

ENGLISH TRANSLATION

We should begin expanding the realization that all majesty belongs to the Lord. These sacred thoughts of humility and the thought-forms created by them will not only crush our pride, but will also awaken faith and reverence for the Lord's greatness in others. We ourselves, bowing at the lotus feet of the Lord, shall be liberated from the burden of arrogance, and we shall lighten the burden of others as well. Let us destroy the tendency of greed through the virtue of contentment. Wherever greed for any object is seen arising in the mind, immediately begin to reflect: "We already possess all necessary things; what more do we even need? The compassionate Lord Himself looks after our needs and automatically makes all arrangements for us." Such feelings will not only satisfy us, but will also serve as the cause for dispelling the discontent of whoever comes into contact with us. This clamor raging all around us-"we still need more"-will also be pacified to some extent, even if that peace may seem exceedingly negligible in the beginning. When an occasion of attachment (possessiveness) arises, let us reflect: "Is this object truly ours? If it is ours, why does it separate from us against our will? None of the things we consider our own remain with us forever. Even this body of ours, which is closest to us, does not stay with us. Many people used to say, 'the body is ours,' yet it did not accompany them; it became the ashes of the funeral pyre. Why, then, do we consider a few select items as 'our own'? This is merely our delusion." Let us awaken such thoughts within ourselves. Then their thought-forms will continually dance around us. As soon as an occasion for attachment arises, they will awaken such thoughts in our mind; for it is a rule that thoughts associated with our own self, once arisen, continue to hover around us, repeatedly causing thoughts corresponding to them to rise in the mind. The result will be that we shall be saved from turning away from our duty through attachment.

ORIGINAL

जायेंगे। केवल स्वयं ही नहीं, हमारे ये वैराग्यपूर्ण विचार वातावरणमें
फैलकर सर्वथा अनजानमें ही बहुतोंकी व्यथा मिटा देंगे, उनको
कर्तव्यपथमें आरूढ़ कर देंगे, नित्य-सत्य परमात्माकी ओर बढ़नेका
द्वार खोल देंगे।इसी प्रकार जब दूसरेकी उन्नति देखकर मत्सरता (डाह) मनमें
झाँकने लगे, तब तुरन्त ही उल्लासकी वृत्ति जगाकर हम इसे रोक दें।
हमारा अणु-अणु दूसरेकी उन्नतिसे प्रसन्न होने लगे, प्रसन्न होकर हम
उसके उन्नत सुखमय जीवनके चित्रोंकी कल्पना मन-ही-मन आरम्भ
करें। बिना विलम्ब ये विचारके चित्र उसके पास पहुँच जायँगे। जाकर
उसके सुखको तो बढ़ायेंगे ही, साथ ही हमारे चारों ओर वैसा ही उन्नत
सुखमय वातावरण बन जायगा। हम सुखी हो जायँगे, क्योंकि यह
नियम है, हमारे विचारोंके अनुरूप ही हमारा बाहरी संसार भी बनता है।यह बात नहीं है कि उपर्युक्त दुर्गुणोंका एवं
उनके प्रतीकारका बस
इतना ही रूप है कि जितना ऊपर कहा गया है। ये दुर्गुण तो विविध
प्रकारसे विविध मनुष्योंमें व्यक्त होते हैं तथा उनके प्रकारके अनुरूप
ही अनेक उपायोंसे उनका प्रतीकार भी होता है। इनके त्यागकी एक
सुन्दर प्रक्रिया यह भी है कि इनका प्रयोग बदल दिया जाय। उचित
मात्रामें रोग-विशेषपर, जैसे सङ्खिया अमृतका काम करता है, वैसे ही
ये दुर्गुण भी हमारे सहायक बन सकते हैं। यदि हममें घृणा है, नहीं
मिटती तो कोई बात नहीं, यह रहे, अवश्य रहे; पर हम दूसरेसे घृणा
न करके अपने अन्दर जो दम्भकी वृत्ति है--मलिन, गिरे हुए पापोंसे
भरे हुए होनेपर भी अपनेको उज्ज्वल, ऊँचा, पवित्र दिखानेकी जो
आदत है, उससे घृणा करें। ऐसे ही द्वेष दूसरोंसे न करके हम अपनी
नीच दुर्बलताओंसे करें, उन्हें पनपने न दें, वे तनिक भी बढ़ी हुई दीखें

ENGLISH TRANSLATION

We shall be saved. Not only ourselves, but these dispassionate thoughts of ours, spreading into the atmosphere, will completely unbeknownst to them alleviate the sorrow of many, establish them on the path of duty, and open the gateway toward advancing toward the eternal, true Supreme Lord. In the same manner, when envy (jealousy) begins to peer into the mind upon seeing another's progress, let us stop it immediately by awakening the sentiment of rejoicing. May every atom of our being begin to rejoice at another's elevation; rejoicing, let us begin visualizing in our mind images of their elevated, blissful life. Without delay, these mental images will reach them. Upon reaching them, they will not only enhance their joy, but a similarly elevated and blissful atmosphere will also be created all around us. We shall become happy, because it is a law that our external world is fashioned in accordance with our thoughts. It is not as though the nature of the aforementioned vices and their remedies is limited only to what has been described above. These vices manifest in diverse ways in diverse people, and their remedies are also accomplished through many means in accordance with their nature. A beautiful method of renouncing them is also to transform their application. Just as arsenic in proper dosage acts as nectar for a specific ailment, so too can these vices become our helpers. If there is aversion within us and it does not vanish, it does not matter; let it remain, it may certainly remain; but instead of despising others, let us despise the hypocrisy within ourselves-the habit of displaying ourselves as radiant, lofty, and pure despite being impure, fallen, and full of sins. Likewise, instead of harboring malice toward others, let us direct it toward our own base weaknesses, refusing to let them flourish whenever they appear even slightly increased.

ORIGINAL

कि उनकी जड़ काट दें। कामना करें तो ऐसी करें- 'हमें राज्यसुख नहीं चाहिये, स्वर्गसुख भी नहीं, मोक्षसुखकी भी आवश्यकता नहीं, हमें तो यह चाहिये कि संसारमें पड़े हुए, दुःखतापसे पीड़ित समस्त प्राणियोंका दुःख मिट जाय, सभी सुखी हो जायँ।' क्रोध आवे तो अपने मनकी चञ्चलतापर ही आवे, जो बार-बार हमें प्रभुके संयोगसे अलगकर संसारमें घसीट लाती है; हमारे क्रोधसे ऐसी आग निकले कि जिसमें हमारे मनकी चञ्चलता भस्म हो जाय और वह प्रभुमें सदाके लिये समाहित हो जाय। मद हो तो इस बातका कि 'हमपर प्रभुकी कैसी अनन्त अपार असीम कृपा है, उनकी कृपा पाकर हम कितने महान् बन गये हैं', ऐसे ही लोभ हो तो जगत्-रूपमें विराजित प्रभुकी सेवाका ही हो। तन, मन, धन अपना सर्वस्व लगाकर अतिशय प्रेम एवं आदरसे हम जगत्के प्रत्येक प्राणीकी, उसमें प्रभुको प्रत्यक्ष देखकर निरन्तर सेवा करें। फिर भी अतृप्ति बनी रहे-'हाय! सेवाका बहुत ही कम अवसर मिला, साधन भी हमारे पास नहीं।' कब हमें प्रभुकी सेवाके और भी सुन्दर अवसर एवं साधन प्राप्त होंगे। यदि मोह नहीं मिटता तो न मिटे, बल्कि यह और भी बढ़ जाय, इतना बढ़ जाय कि समस्त जगत्में फैल जाय, सारा जगत् हमारे मोहका विषय हो जाय, प्रभुके नाते सभी हमारे अपने बन जायें। मत्सरतासे भी डर नहीं, वह भी रहे, पर वह उदय हो हमारी अपनी ही ख्यातिको देखकर; हम उन्नतिके पथपर तो निरन्तर आगे बढ़ते चलें पर अपनी ख्याति देखकर, जगत्में अपना मान-सम्मान देखकर हममें डाह हो, हम उनके मिटनेकी इच्छा करने लगें। इस प्रकार यदि इन दुर्गुणोंका अपने ऊपर उचित मात्रामें प्रयोग हो तो ये दोष ही हमें प्रभुकी प्राप्ति करानेवाले, पद-पदपर परमानन्द, परम शान्तिका दान करनेवाले सद्गुण बन जायँगे।

ENGLISH TRANSLATION

...that we cut them off at the root. If we must harbor desire, let it be such: 'We do not desire the pleasures of kingship, nor the bliss of heaven, nor even have we any need for the bliss of liberation; our only wish is that the suffering of all creatures fallen into this world and afflicted by sorrow and torment be removed, and that all may become happy.' If anger arises, let it arise solely towards the restlessness of our own mind, which repeatedly pulls us away from communion with the Lord and drags us into worldly entanglement; may such a fire blaze from our anger that the restlessness of our mind is reduced to ashes and it becomes forever absorbed in the Lord. If pride exists, let it be over this fact: 'What infinite, boundless, measureless grace of the Lord is upon us, and how great we have become by receiving His grace!' In the same way, if greed exists, let it be only for serving the Lord manifest in the form of the cosmos. Dedicating our body, mind, wealth, our all, with immense love and reverence, let us continuously serve every creature of the world, beholding the Lord directly within them. Even then, let a sense of insatiability persist: 'Alas! I received so little opportunity for service, nor do I have sufficient means.' When shall we attain even more beautiful opportunities and means for the Lord's service? If infatuation does not vanish, let it not vanish; rather, let it increase further, increase so much that it encompasses the entire universe, that the whole world becomes the object of our affection, and by virtue of our relationship with the Lord, all become our very own. There is no fear of jealousy either; let it remain too, but let it arise upon beholding our own fame. May we continuously advance upon the path of progress, but seeing our own fame, seeing our honor and prestige in the world, may jealousy arise within us and may we begin to wish for their eradication. In this manner, if these vices are directed upon ourselves in an appropriate measure, then these very faults will turn into virtues that lead us to the attainment of the Lord, bestowing supreme bliss and supreme peace at every step.

ORIGINAL

अनवरत, दीर्घकालतक, आदरपूर्वक हमें या तो दुर्गुणोंके विरोधी भावोंका पोषण करना होगा, या इनको अपने प्रति ही उपयुक्त ढंगसे जोड़ना होगा। तभी हम इन्हें छोड़ पायेंगे या सहायक बना सकेंगे। पर यदि ऐसी साधनामें लगना, इतना परिश्रम करना हमारे लिये सम्भव न हो तो उस परिस्थितिमें हम एक काम करें-जिन प्रभुसे जगत्में अनन्त सद्गुण आते हैं, जो अनन्त सद्गुणोंकी खान हैं, उनके हाथोंमें हम अपने-आपको पूर्णरूपसे सौंप दें। सौंपते ही हमारे 'अहम्' के स्थानपर प्रभुकी सत्ता व्यक्त हो जायगी, उनके परम दिव्य आलोकमें हमारा अनादि अन्धकार उसी क्षण विलीन हो जायगा। हमारे दोष-दुःख सदाके लिये मिट जायेंगे। यह संसार ही हमारे लिये कुछ और हो जायगा। आज जो हमें यह सर्वत्र पाप-तापसे भरा दीखता है, वह फिर दिव्य मधुसे भरा प्रतीत होगा।

'मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः।'

वायुमें मधु भरा है, मधुर मन्दगतिसे वह प्रवाहित हो रही है।

नदियाँ मधुरसका स्राव कर रही हैं-ऐसी अनुभूति करके हम कृतार्थ हो जायँगे।

ENGLISH TRANSLATION

Unceasingly, for a long duration, and with reverence, we must either nurture feelings contrary to our vices, or channel these vices towards ourselves in an appropriate manner. Only then will we be able to renounce them or make them our aids. But if engaging in such spiritual practice and expending so much effort is not possible for us, then in that situation let us do one thing: let us surrender ourselves completely into the hands of the Lord, from whom infinite virtues flow into the world, who is the mine of infinite good qualities. The moment we surrender, the Lord's presence will manifest in place of our 'ego', and in His supremely divine light, our beginningless darkness will dissolve that very instant. Our faults and sorrows will be eradicated forever. This very world will become something entirely different for us. That which today appears to us filled everywhere with sin and torment will then seem filled with divine sweetness. [Sanskrit] 'The winds blow sweet for the righteous, the rivers flow with sweetness.' The air is filled with sweetness, flowing softly and gently. The rivers are pouring forth sweet nectar-experiencing this, we shall be fully blessed and fulfilled.

CHAPTER 20

भयकी निवृत्ति

Freedom from Fear

Source coverage: 178–186

ORIGINAL

भयकी निवृत्ति

हम किसी स्थानपर भयका सर्वथा कोई भी कारण न होनेपर भी वैसे कारणोंकी कल्पना करके भयभीत हो जाते हैं, अन्धकारमें ठूँठ देखकर किसी हिंस्र-जन्तुकी, चोरकी अथवा भूतकी कल्पना करके सिहर उठते हैं, सर्वथा मिथ्या धारणासे डर जाते हैं, किन्तु जो सर्वत्र निरन्तर विराजित हैं, समस्त पदार्थ जिनकी सत्तापर ही अवलम्बित हैं, जो त्रिकाल सत्य हैं, उन भगवान्‌की अनुभूति करके हम निर्भय नहीं हो पाते। जहाँ ठूँठ है, वहाँ न तो हिंस्र-जन्तु है, न चोर है, न भूत है, पर वहाँ उसी ठूँठके अणु-अणुमें निरन्तर भगवान् तो अवश्यमेव हैं, निस्सन्देह हैं। फिर भी हम झूठ-मूठकी मलिन कल्पनासे तो डरने लगते हैं, पर वहाँ नित्य वर्तमान परम सुन्दर सत्यस्वरूप भगवान्‌का अनुभव करके निर्भय नहीं होते। यह है हमारी समझका फेर। इसमें सुधार कर लेना अत्यन्त आवश्यक है, हमारा सर्वप्रथम कर्तव्य है, अन्यथा हमारा भय कभी भी मिटनेका नहीं है।

किसी अवसर-विशेषपर हम कुछ इने-गिने कारणोंसे ही भयभीत होते हैं, इतनी बात नहीं है। हमें तो भय पद-पदपर घेरे हुए है। लाड़ला पुत्र है, हम डरते रहते हैं कि हमारे इस पुत्रको कुछ हो न जाय। कुछ सम्पत्ति है, सदा शङ्का बनी रहती है, यह छिन न जाय, कोई चुरा न ले। समाजमें, देशमें हमारा बड़ा प्रभुत्व है, बड़ा सम्मान है, बड़ी कीर्ति है, सदा आशङ्का लगी रहती है कि कहीं हमारा प्रभुत्व मिट न जाय; हमारा सम्मान कम न हो जाय; हमारी कीर्ति कोई छीन न ले। सुन्दर स्वस्थ शरीर है-इसको लेकर भय करनेके कारणोंकी तो गणना ही

ENGLISH TRANSLATION

Cessation of FearEven when there is absolutely no cause for fear in a place, we become terrified by imagining such causes; seeing a tree stump in the dark, we shudder imagining a wild beast, a thief, or a ghost, frightened by an entirely false notion; yet, by experiencing that Supreme Lord who is ever present everywhere, upon whose existence all entities depend, and who is the truth throughout the three divisions of time, we do not become fearless. Where the stump is, there is neither a wild beast, nor a thief, nor a ghost; but there, in every single particle of that very stump, the Lord is ever present indeed, beyond all doubt. Even so, we begin to fear due to false, impure imagination, but we do not become fearless by experiencing the ever-present, supremely beautiful, truth-personified Lord right there. This is a flaw in our understanding. Correcting this is utterly essential and our foremost duty; otherwise, our fear will never cease. It is not merely that we become fearful on some special occasion due to a few handful of reasons. Fear surrounds us at every step. If there is a darling son, we keep fearing lest something happen to him. If there is some wealth, apprehension always lingers lest it be snatched away or someone steal it. If we have great influence, great honor, and great fame in society and the country, the apprehension always remains lest our influence vanish, our honor diminish, or someone steal away our fame. If there is a beautiful, healthy body-the reasons to fear on its account cannot even be

ORIGINAL

नहीं की जा सकती। गाँवमें हैजा फैला है, बस, आजसे गरम जल ही पीना है। प्लेग फैला है, बस, अभी इसी क्षण दूसरी जगह भाग चलें। चेचक फैला है, बस, टीका अभी तुरन्त इसी क्षण लगवा ही लें। अमुक सगे-सम्बन्धीको क्षय हो गया है, उनसे तो जैसे हो अलग ही रहना है। पेटमें दर्द है, कहीं अपेण्डिक्स तो नहीं है? एक छोटी फुन्सी है, कहीं सेप्टिक तो नहीं हो जायगा?--सारांश यह है कि शरीरमें किञ्चिन्मात्र भी अनिष्ट उत्पन्न होते ही, अनिष्टकी आशङ्कामात्रासे हम भयसे भर जाते हैं। हममें जो अपेक्षाकृत अधिक धैर्यशाली हैं, उनकी अन्तश्चेतनामें भी मृत्युका भय तो निरन्तर वर्तमान रहता ही है। यहाँतक कि मृत्युको 'खेल', प्रकृतिका स्वाभाविक परिणाम बतलानेवाले अधिकांश प्राणियोंका अन्तर्मन भी--यदि वे गम्भीरतासे अपने हृदयकी परख करें तो दीखेगा--मृत्युके भयसे शून्य नहीं है। मृत्युसे निडर रहनेकी, बननेकी, होनेकी बात कहना-सुनना और बात है तथा वास्तवमें मनका मृत्युसे सर्वथा भयरहित हो जाना दूसरी बात है।हम इन भयोंसे बचनेके लिये न जाने कितना प्रयास करते हैं।

एड़ी-चोटीका पसीना एक कर देते हैं। फिर भी ये तो आते ही हैं। यह आवश्यक नहीं है कि ये सब-के-सब हम सभीके जीवनमें एक ही समान क्रमसे आवें। क्रममें, मात्रामें, विभावमें तो अन्तर होगा ही, क्योंकि हममेंसे प्रत्येकके संस्कार, वासना एवं कर्म भिन्न-भिन्न हैं, किन्तु यह अन्तर रहनेपर भी ये आते तो हैं ही! हम देखते ही रह जाते हैं तथा हमारे किसी अत्यन्त प्रियका हमसे वियोग हो जाता है। हमारे आकाश-पाताल एक कर देनेपर भी हमारी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है। कल-बल-छल--सब लगा देनेपर भी हमारा प्रभुत्व, हमारा सम्मान, हमारी कीर्ति धूलमें मिल जाती है। सारा कौशल लगा देनेपर भी, पूरी

ENGLISH TRANSLATION

counted. Cholera has broken out in the village-well, from today onwards only boiled water must be drunk. Plague has broken out-well, let us flee to another place right this very moment. Smallpox has spread-well, let us get vaccinated right now this very instant. Such-and-such a relative has contracted tuberculosis-one must stay away from them by any means possible. There is a pain in the abdomen-could it be appendicitis? There is a small pimple-could it turn septic? In short, the moment even the slightest ailment arises in the body, or merely at the apprehension of harm, we are filled with fear. Even among those of us who are comparatively more patient, the fear of death ever persists within their inner consciousness. So much so that even the inner mind of most beings who describe death as 'child's play' or a natural outcome of nature-if they examine their own heart deeply, it will be seen-is not free from the fear of death. To speak and hear of remaining, becoming, or being fearless of death is one thing, and for the mind to truly become entirely free from the fear of death is quite another. To escape these fears, who knows how much effort we put forth! We strain every nerve and toil to our utmost. Even then, they do come. It is not necessary that all of them come into the lives of all of us in the exact same sequence. There will certainly be a difference in sequence, degree, and manifestation, because the latent impressions, desires, and actions of each one of us are different; but despite this difference, they do come! We stand watching helplessly, and separation from someone dearly beloved to us occurs. Despite our moving heaven and earth, our wealth is destroyed. Even after applying all skill, power, and deceit, our influence, our honor, and our fame are reduced to dust. Despite applying all our ingenuity, and full...

ORIGINAL

सावधानी रखनेपर भी आधि-व्याधिसे जर्जर होकर अथवा किसी आकस्मिक घटनाको निमित्त बनाकर हमारा सुन्दर प्रिय शरीर, नर-कङ्कालके रूपमें परिणत हो ही जाता है। तथा ऐसा जब हो जाता है अथवा होने लगता है, तब उस समय हममेंसे जो आस्तिक होनेका—ईश्वरकी सत्तामें विश्वास करनेका दम भरते हैं, वे भी हाहाकार कर उठते हैं—'हाय रे भगवन् ! तुमने यह क्या कर दिया।' काश, जब कहीं ऐसे अवसरोंपर हम यह सोच पाते—क्या भगवान् इतने निष्ठुर हैं कि जननीकी गोदसे पुत्रको छीन लेनेमें, पिताकी दृष्टिसे पुत्रको ओझल कर देनेमें, पति-पत्नीके प्रेमिल सम्बन्धको छिन्न-भिन्न कर देनेमें उन्हें तनिक भी दया नहीं आती ? भगवान् भी क्या चोर-डाकूकी तरह धनके लोलुप हैं, जो हमारी सम्पत्ति हरण कर लेते हैं ? क्या वे भी हम-जैसे जागतिक प्राणीकी भाँति ईर्ष्यालु हैं, जो हमारा प्रभुत्व, सम्मान, कीर्ति वे सहन नहीं कर पाते और उसे नष्ट कर देते हैं ? क्या प्रभुको भी यह स्वस्थ-सुन्दर कलेवर असह्य हो गया, जो उन्होंने नजर लगा दी और शरीर सूखकर अस्थि-पञ्जर हो गया। इस प्रकार यदि हम एकान्तचित्तसे भयके पूर्व एवं पश्चात्की स्थितिको प्रभुसे जोड़कर उनपर विचार कर पाते तो अन्तर्यामी प्रभु हमें उत्तर देकर हमारा समाधान अवश्य कर देते तथा हम ठीक-ठीक अनुभव करने लगते कि नहीं, प्रभु निष्ठुर नहीं, वे तो दयाके सागर हैं। वे लोलुप नहीं, वे तो नित्य पूर्णकाम, आप्तकाम हैं। वे ईर्ष्यालु नहीं, बल्कि हमारा उत्कर्ष तो उन्हें परम उल्लाससे भर देता है। उनकी दृष्टिमें अशुभका लेश नहीं; परम शुभ, परम मङ्गल एवं अमृतका स्रोत उनकी दृष्टिसे सतत झरता है। वे लेनेकी दृष्टिसे कुछ भी नहीं लेते; जो कुछ लेते हैं उसे कई गुना बनाकर देनेके लिये लेते हैं। हमारी मलिन अवस्था उन्हें सह्य नहीं है,

ENGLISH TRANSLATION

Even despite taking every precaution, worn down by mental anguish and physical disease or made a pretext of some unforeseen calamity, this beautiful, beloved body of ours inevitably turns into a human skeleton. And when this happens or begins to happen, even those among us who claim to be believers-who profess faith in the existence of God-cry out in lamentation: "Alas, O Lord! What have You done?" If only on such occasions we could reflect: Is God so cruel that He feels not the slightest pity in snatching a son from a mother's lap, in taking a son away from his father's sight, or in shattering the loving bond between husband and wife? Is God also greedy for wealth like a thief or bandit, that He robs us of our possessions? Is He envious like worldly creatures such as us, unable to bear our power, honor, and renown, and thus destroys them? Did this healthy, handsome body become intolerable even to the Lord, that He cast an evil eye upon it, causing it to wither into a frame of bones? If in this manner, with an undistracted mind, we could link the conditions before and after fear to the Lord and contemplate them, the Indwelling Lord would surely grant us an answer and resolve our doubt. We would then truly begin to realize that no, the Lord is not cruel; He is an ocean of mercy. He is not covetous; He is ever fully satisfied, one whose every desire is eternally fulfilled. He is not envious; rather, our elevation fills Him with supreme joy. There is not the slightest trace of evil in His sight; an eternal stream of the supreme good, supreme auspiciousness, and nectar continuously flows from His vision. He takes nothing with the intent of depriving; whatever He takes, He takes only to return it manifold. Our impure state is intolerable to Him,

ORIGINAL

इसीलिये मलिनता मिटाकर, उसमें अपना निर्मल तेज भरकर लौटानेके लिये ही वे लेते हैं। वे तो किसीका भी अपने प्रियजनसे वियोग नहीं कराते। जहाँ वियोग होते दीखता है, वहाँ वे वास्तवमें भ्रान्ति मिटाते हैं। वे देखते हैं कि मेरी यह भोली सन्तान मेरी ही कृत्रिम मूर्तिको, मेरी ही एक छायाको प्रियजन मानकर इतनी भ्रान्त हो गयी है कि इसकी आँखें बन्द हो गयी हैं, जिस पथसे इसे जाना चाहिये, उस ओर न जाकर यह भोला मानव उधर जा रहा है, जहाँ कँटीली बेलोंका बीहड़ वन है। उसमें फँसकर यह अत्यधिक दुःख पायेगा, इसे बड़ी यन्त्रणा होगी। मेरी इस कृत्रिम मूर्तिमें यह इतना आसक्त हो गया है कि अन्य सारे कर्तव्योंकी अवहेलना कर रहा है, इसके तो उत्थान एवं सुखका द्वार बन्द हो रहा है। यह देखकर प्रभु अपनी ही उस कृत्रिम मूर्तिको, अपनी ही एक छायाको जिसे हम 'लाड़ला लाल,' 'प्रियतमा,' 'प्रियतम' आदि-आदि नामोंसे पुकारते हैं, कुछ समयके लिये स्थानान्तरित कर देते हैं। फिर हमारी आँखें खुल जाती हैं तथा हम गन्तव्यकी ओर चलने लगते हैं। प्रभुकी यह चेष्टा क्या निष्ठुरता है? यह तो परम स्नेहकी परिचायक है। इसी तरह प्रभु किसीकी सम्पत्ति नहीं हरते। वे तो देखते हैं कि ओह! धन-सम्पत्तिके भ्रममें इसने अपने अङ्गोमें, हाथोंपर गन्दे कीचड़की पंद्रह तहें लपेट ली हैं, पंद्रह बुराइयोंमें नीचेसे ऊपरतक यह सन गया है*। बस, यह देखकरधनसे पंद्रह दोष उत्पन्न होते हैं—चोरी, हिंसा, झूठ, पाखण्ड, काम, क्रोध, गर्व, अहंकार, भेदबुद्धि, वैर, अविश्वास, स्पर्धा, लम्पटता, जुआ, शराब।

स्तेयं हिंसानृतं दम्भः कामः क्रोधः स्मयो मदः।
भेदो वैरमविश्वासः संस्पर्धा व्यसनानि च॥
(श्रीमद्भा० ११ । २३ । १९)

ENGLISH TRANSLATION

and therefore He takes it only to erase the impurity, infuse it with His pure radiance, and give it back. He never truly causes anyone to be separated from their beloved. Where separation appears to occur, He is in reality dispelling an illusion. He sees that this innocent child of Mine has mistaken a mere artificial image of Mine, a mere shadow of Mine, for a beloved person and has become so deluded that its eyes are shut; instead of treading the path it ought to travel, this innocent human being is heading toward a dense forest of thorny vines. Getting ensnared there, it will suffer extreme grief and undergo immense agony. It has become so attached to this artificial image of Mine that it neglects all other duties, and the doorway to its elevation and true happiness is closing. Seeing this, the Lord temporarily removes that very artificial form, that very shadow of His, which we address by names like "darling child," "beloved wife," "beloved husband," and so forth. Then our eyes are opened, and we begin walking toward our true destination. Is this action of the Lord cruelty? It is the very token of supreme love. In the same way, the Lord does not rob anyone of wealth. He sees: Oh, in the delusion of wealth and possessions, this soul has covered its limbs and hands with fifteen layers of filthy mire, and is smeared from head to foot with fifteen vices.* Thus, seeing this,Fifteen evils arise from wealth: theft, violence, falsehood, hypocrisy, lust, anger, pride, arrogance, divisive intellect, enmity, distrust, rivalry, debauchery, gambling, and wine.
[Sanskrit] Theft, violence, falsehood, hypocrisy, lust, anger, pride, arrogance, divisiveness, enmity, distrust, rivalry, and addictions [arise from wealth]. (Srimad Bhagavatam 11.23.19)

ORIGINAL

दयापरवश हुए वे अपने हाथोंसे हमारा कीचड़ धो देते हैं। हमें दीखता है कि वे हमारी सम्पत्ति हर ले रहे हैं, पर वास्तवमें वे हमारा मल धोते रहते हैं। स्वयं पूर्णकाम होनेपर भी हमारे हितका उन्हें कितना अधिक ध्यान है ! ऐसे ही किसीकी सच्ची प्रतिष्ठाको भी वे नहीं मिटाते। उन्हें जब दीखता है कि इसके लिये यह प्रतिष्ठा नहीं, घोर विष है और यह इसे पीने लग गया है, इसपर जहर चढ़ने लगा है और प्रतीकार हुए बिना इस विषकी ज्वालामें यह भस्म हो जायगा—तब वे पहला काम यह करते हैं कि प्रतिष्ठाके प्यालेको फोड़ देते हैं, फिर अपमानके रूपमें विरोधी ओषधि (antidote) देकर चढ़े हुए जहरको उतार देते हैं। तथा यदि कहीं वे किसीकी सच्ची प्रतिष्ठा भी ले लेते हैं तो हीरेको खरादपर चढ़ाकर और भी चमकीला बना देनेकी भाँति उस प्रतिष्ठाको स्थायी—परमोज्ज्वल बना देनेके लिये, उसमें अपना प्रकाश भर देनेके लिये ही वे लेते हैं। अकारण, निरर्थक वे हमारी प्रतिष्ठाका अपहरण कदापि नहीं करते। इसी तरह जिस मृत्यु (शरीरवियोग) को हम अत्यन्त भयङ्कर मानते हैं, जो हमारे लिये 'हौवा' बनी रहती है, वह भी वास्तवमें भगवान्‌का वरदान है। मृत्यु वस्तुतः प्रभुके द्वारा दिये जानेवाले नवजीवनके उपहारके लिये स्थान बनाने आती है। हम देखते हैं कि यह हमारा प्यारा शरीर है। पर प्रभु देखते हैं कि यह मेरे अमुक प्यारे शिशुपर लपेटा हुआ वस्त्र है, यह जीर्ण हो गया है, जगह-जगह इसमें छेद हो गये हैं। अमुकका वस्त्र ऊपरसे देखनेमें तो सुन्दर दीखता है, पर विषैले कीटाणुओंसे भर गया है, अमुकका तो अत्यन्त म्लान हो गया है। इन बातोंकी ओर उनकी परम शुभ दृष्टि ठीक उपयुक्त समयपर चली ही जाती है तथा वे हमारा वस्त्र बदल देते हैं, पुराना उतारकर हमारी वासनाके अनुरूप नवीन वस्त्र (शरीर) हमपर लपेट देते हैं। अबोध शिशुकी भाँति हम उस समय चीत्कार करते हैं और वे स्नेहमयी

ENGLISH TRANSLATION

compelled by compassion, He washes away our mud with His own hands. To us it seems that He is taking away our wealth, but in truth He is washing away our impurities. Despite being ever completely fulfilled in Himself, how deeply He cares for our welfare! In the same manner, He never destroys anyone's true honor. When He sees that for this person this renown is not honor but deadly poison, and that they have begun to drink it, the venom is rising, and without an antidote they will be consumed in the flames of this poison-He first shatters the goblet of prestige, and then administers the antidote in the form of humiliation to dispel the accumulated poison. And if anywhere He does take away someone's true honor, He does so only as a diamond is put on a lathe to make it even more brilliant, to make that honor enduring and supremely luminous, and to fill it with His own light. He never deprives us of our honor without reason or in vain. Similarly, death (the soul's parting from the body), which we regard as utterly terrifying and which remains a bogey to us, is also in truth God's blessing. Death actually comes to clear the space for the gift of a new life bestowed by the Lord. We see that this is our beloved body. But the Lord sees that this is merely a garment wrapped around such-and-such beloved child of His, that it has worn out and become torn with holes everywhere. Another's garment may appear beautiful on the surface, yet is infested with poisonous germs; another's has grown utterly faded and soiled. His supremely auspicious gaze inevitably falls upon these matters at the exact right moment, and He changes our garment, removing the old one and wrapping around us a new garment (body) suited to our inner inclinations. Like an ignorant infant, we scream and wail at that moment, while He, like an affectionate

ORIGINAL

जननीकी भाँति हँस-हँसकर अपने लाड़भरे हाथोंसे हमें नवीन वस्त्र धारण कराते हैं। निःसन्देह हमें ऐसी ही अनुभूति होती यदि हम उन-उन भयके अवसरोंपर अपने एवं भयके बीचमें प्रभुको, उनके मङ्गलमय हाथोंको देख पाते। फिर भयका दीखना तो बन्द हो ही जाता।बात यह हो गयी है कि हम निरन्तर अपनी सीमित बुद्धिके आधारपर वस्तुओंको दो भागोंमें बाँटते रहते हैं—ये तो हमारी 'इष्ट' हैं और ये 'अनिष्ट' हैं। आज जो इष्ट हैं, कल अनिष्ट प्रतीत हो सकती हैं, अनिष्ट इष्ट बन सकती हैं, किन्तु वर्गीकरण तो सदा चलता ही रहता है। दो वर्ग बनाकर हम इष्टका स्वागत करते हैं, अनिष्टसे भय करते हैं। अब कदाचित् हम ठीक-ठीक यह समझ जाते कि जिस अनिष्टसे हम भय करते हैं, वह तो हमारे आनेवाले इष्टकी ही पूर्वभूमिका है तो फिर उसी क्षण भय जाता रहता। यदि हम आँख उठाकर देख सकते तो हमें दीखता कि प्रभुकी सृष्टिमें घटनाएँ यह प्रमाणित कर रही हैं कि अनिष्ट आता ही है इष्टको लानेके लिये। अमावस्याका तम आता है चन्द्रज्योत्स्नाको प्रकट करनेके लिये। ग्रीष्मका ताप आता है वर्षाकी शीतल धारासे पृथ्वीको सींचकर प्रफुल्लित कर देनेके लिये। पतझड़ आता है नववसन्तके लिये। आँधी आती है आकाशको निर्मल बना देनेके लिये। ऐसे अगणित उदाहरण मिलेंगे जहाँ हम गम्भीरतासे विचार करनेपर प्रत्यक्ष देख सकते हैं कि अनिष्ट आया है इष्टको ही प्रकाशित करनेके लिये। फिर यदि हमारी टूटी झोंपड़ी जली है तो हम क्यों नहीं ऐसा मानें कि जली है सुन्दर मकान या महल बनानेके लिये, जो कुछ भी ध्वंस हुआ है, वह हुआ है इससे अधिक सुन्दर नवीन निर्माणके लिये, जितने अनिष्ट हुए हैं, वे सब-के-सब हुए हैं परम इष्टकी योजना बनानेके लिये। हमने ऐसा जहाँ माना कि भय भागा।

ENGLISH TRANSLATION

mother, smilingly dresses us in new garments with His tender, loving hands. Without doubt, we would experience it in just this way if, on every occasion of fear, we could perceive between ourselves and that fear the Lord and His auspicious hands. Then all sight of fear would simply cease. The matter is that we constantly keep dividing things into two categories on the basis of our limited intellect: "these are desirable to us" and "these are undesirable." What is desirable today may seem undesirable tomorrow, and what is undesirable may become desirable, yet this categorization goes on forever. Having made two divisions, we welcome the desirable and fear the undesirable. Now, if we could truly understand that the very adversity we fear is nothing but the prelude to our forthcoming blessing, then that very instant fear would vanish. If we could lift our eyes and see, we would perceive that events across the Lord's creation prove that adversity comes solely to usher in the desirable. The darkness of the new moon night comes to manifest the radiant moonlight. The scorching heat of summer arrives so that the earth may be drenched and gladdened by cooling showers of rain. Autumn's falling leaves come for the sake of fresh spring. The storm comes to cleanse the sky. Countless such examples can be found where, upon deep reflection, we can clearly see that the adverse has come only to illuminate the good. Then, if our broken hut has burned down, why should we not believe that it burned down to make way for a beautiful house or palace; that whatever has been destroyed was destroyed for a far more beautiful, new creation; and that whatever adversities have occurred, have all occurred to fulfill the design of the supreme good? The moment we accept this, fear takes flight.

ORIGINAL

हममेंसे कई कह सकते हैं कि झोंपड़ीको जलते समय तो हमने देखा, पर वहाँ महल बनते नहीं देखा; ध्वंसकी विभीषिका देखी, किन्तु पुनर्निर्माणका सुन्दर दृश्य सामने नहीं आया; अनिष्ट तो आये, पर इष्टकी झाँकी नहीं हुई तो इसके लिये हमें तनिक और भी गम्भीरतासे सोचना पड़ेगा। हमारा जीवन तो अनादि-अनन्त इतिहासकी एक पोथी है। वर्तमान जीवन उसी पोथीका एक पृष्ठ है। यदि इस पृष्ठपर जलनेकी, ध्वंसकी, अनिष्टकी कथा लिखी हो, इनके चित्र अङ्कित हों तो यह आवश्यक नहीं कि इसी पृष्ठपर पुनर्निर्माणकी, इष्टकी सुखद गाथा भी लिखी ही जाय। ध्वंसका वर्णन पूरा होनेपर ही तो निर्माणकी कथा लिखी जायगी। यदि ध्वंसके वर्णनमें ही पृष्ठ पूरा हो गया है तो अगले पृष्ठोंमें (अगले जन्मोंमें या मरणानन्तरकी गतिमें) नवीन निर्माणके वर्णन (दृश्य) अवश्य मिलेंगे। इस पृष्ठपर नहीं हैं तो इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि अगले पृष्ठोंपर भी नहीं होंगे। पृष्ठ उलटें, फिर देख पायेंगे कि जगन्नियन्ताके इस क्रममें—अनिष्टके बाद इष्टकी प्राप्तिवाले विधानमें कभी व्यतिक्रम होता ही नहीं। अनिष्टके बाद इष्टकी झाँकी मिलेगी ही।दार्शनिक दृष्टिकोणसे यदि हम भयके हेतुपर विचार करें तो हमें यह पता चलता है—'द्वितीयाद्वै भयं भवति', 'परमात्माके अतिरिक्त अन्य वस्तुकी अनुभूति होनेपर ही भय होता है।'यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमन्तरं कुरुते। अथ तस्य भयं भवति। तत्त्वेव भयं विदुषो मन्वानस्य।'जब कोई परमात्मामें थोड़ा-सा भी भेद-दर्शन करता है, उनके अतिरिक्त किसी और सत्ताका अनुभव करता है, तब उसे भय होता है, भेददर्शन करनेवाले विद्वान्के लिये वे परमात्मा ही भयरूप बन जाते हैं।'

ENGLISH TRANSLATION

Many among us may say that we have seen the hut burning down, but we did not see a palace being built there; we saw the horror of destruction, but the beautiful sight of reconstruction did not appear before us; adversity arrived, but a glimpse of the desirable was never seen. To understand this, we need to reflect a little more deeply. Our life is a book of beginningless and endless history. The present life is merely one page of that book. If the story of burning, destruction, and adversity is written on this page, if their pictures are inscribed here, it is not necessary that the delightful tale of reconstruction and of the desirable must also be written on this very page. Only after the description of destruction is complete will the story of creation be written. If the page is filled solely with the account of destruction, then on the following pages (in future births or in the state after death), the descriptions (sights) of new creation will surely be found. If they are not on this page, it by no means implies that they will not be on subsequent pages either. Turn the page, and you will see that in this order established by the Ruler of the universe-in the dispensation where the attainment of the desirable follows the undesirable-there is never any deviation. A glimpse of the desirable after adversity is inevitable. If we reflect upon the cause of fear from a philosophical perspective, we discover this: [Sanskrit] 'Fear arises from duality alone', 'Fear occurs only when something other than the Supreme Self is experienced.' [Sanskrit] 'Indeed, whenever one creates even the slightest differentiation in Him, then fear overtakes him. That very Reality becomes fear for the wise person who conceives of separation.''When someone perceives even the slightest distinction in the Supreme Lord, when he experiences an existence apart from Him, then he experiences fear; for the learned person who perceives differentiation, that very Supreme Lord becomes the embodiment of fear.'

ORIGINAL

'भयं द्वितीयाभिनिवेशतः स्यात्।'

‘देह आदि अनात्मपदार्थमें अभिनिवेश होनेसे ही भय होता है।’निष्कर्ष यह कि यदि हम एकमात्र प्रभुकी सत्ता ही सर्वत्र अनुभव करने लगें; हम प्रभुमें स्थित हो सकें तो हमारा भय सदाके लिये छूट जाय। वास्तवमें ही प्रभुके अतिरिक्त अन्य कोई वस्तु है ही नहीं। हमें जो कुछ भी प्रतीत होता है, उन सब-के-सब रूपोंमें एकमात्र वे ही अभिव्यक्त हो रहे हैं, किन्तु उनके अतिरिक्त अन्यकी सत्ता न होनेपर भी जब हम अन्यकी सत्ता मान लेते हैं तथा मानकर अन्यका चिन्तन करते हैं, अन्यमें मन लगाते हैं, तब हमें इस ओर मन ले जानेके कारण ही अन्यकी प्रतीति होती है। स्वप्नके समय यह मन ही तो एक विचित्र सृष्टिकी रचना करता है। जागते समय भी जब हम मनोरथके प्रवाहमें बहने लगते हैं, तब मन कितना विचित्र संसार खड़ा कर देता है? मनकी कल्पनामें ही तो यह स्वप्नकी सृष्टि, मनोरथका संसार प्रतीत होता है। इस स्वप्नकी सृष्टि, मनोरथके संसारमें सर्वथा सब ओरसे केवल हम-ही-हम भरे हैं या नहीं? ठीक इसी प्रकार यह जगत् प्रभुका सङ्कल्प है। एकमात्र वे ही इस जगत्में सर्वथा सब समय सब ओरसे सर्वथा परिपूर्ण हैं। फिर भी, उनकी ही एकमात्र सत्ता रहनेपर भी हमारे मनकी कल्पनासे अन्यकी प्रतीति हो रही है। इसीलिये सीधा उपाय यह है कि हम अन्यका सङ्कल्प-विकल्प करनेवाले मनको प्रभुमें निरुद्ध कर दें। मन उनमें निरुद्ध हुआ कि एकमात्र उनकी ही सत्ता बच रहेगी। फिर भय सदाके लिये निवृत्त हो जायगा। आत्मविद्याविशारद ‘कवि’ नामक योगीश्वर भी भयसे त्राण पानेका उपर्युक्त सङ्केत ही करते हैं—

अविद्यमानोऽप्यवभाति हि द्वयो-
र्ध्यातुर्धिया स्वप्नमनोरथौ यथा।

ENGLISH TRANSLATION

[Sanskrit] 'Fear arises from absorption in duality.'
'Fear arises solely due to deep attachment and absorption in non-Self entities such as the physical body.' The conclusion is that if we begin to experience the sole existence of the Lord everywhere and can become established in the Lord, our fear will depart forever. In truth, there is no entity whatsoever other than the Lord. Whatever appears to us, He alone is expressing Himself in all those forms; yet, even though there is no existence other than His, when we assume the existence of another, and having assumed it, contemplate the other and fix our mind upon it, then, solely because of directing the mind toward it, the perception of otherness arises. In the dream state, it is this very mind that constructs a wondrous creation. Even while awake, when we begin to drift in the stream of desires and mental projections, how fantastical a world does the mind erect! It is only within the imagination of the mind that this creation of dreams and this world of mental desires appear. In this dream creation and world of mental projections, are we not entirely and from all sides present as our very self alone? In precisely the same manner, this universe is the divine resolve of the Lord. He alone is utterly and perpetually pervasive throughout this universe from every direction. Nevertheless, despite His being the sole reality, the perception of otherness arises through the imagination of our mind. Therefore, the direct remedy is to restrain within the Lord this mind that creates conceptual distinctions and doubts of otherness. Once the mind is absorbed and restrained in Him, His presence alone will remain. Then fear will be dispelled forever. The great master of yoga named Kavi, well-versed in the science of the Self, also gives this very indication for attaining freedom from fear:[Sanskrit] 'Though non-existent, duality certainly appears to the intellect of one who contemplates it, just like a dream or a mental daydream.'

ORIGINAL

तत्कर्मसङ्कल्पविकल्पकं मनो
बुधो निरुन्ध्यादभयं ततः स्यात्॥
(श्रीमद्भा० ११। २। ३८)किन्तु हम यदि इस सिद्धान्तको न समझ सकें, मनको निरुद्ध न कर सकें, तो क्या करें? हमारा भय फिर कैसे मिटे? क्या हम निराश हो जायें? नहीं, निराश होनेकी बिल्कुल आवश्यकता नहीं। इससे भी अत्यन्त सरल मार्ग है, जिसका अनुसरण निर्बाध-रूपसे हममेंसे प्रत्येक कर सकता है। वह है—प्रभुकी शरणमें चले जानेका मार्ग। उनके दिव्य अमर सन्देशको स्मरणकर, समस्त देहधारियोंके आत्मरूप प्रभुकी शरण हम सम्पूर्ण अन्तःकरणसे ग्रहण कर लें, हम सब प्रकारसे एकमात्र उनकी ही शरण ले लें। बस, फिर उनसे जुड़कर, एक होकर हम सदाके लिये समस्त भयोंसे मुक्त हो ही जायँगे—मामेकमेव शरणमात्मानं सर्वदेहिनाम्।
याहि सर्वात्मभावेन मया स्या ह्यकुतोभयः॥भयकी निवृत्ति यदि हम चाहते हों तो अविलम्ब हमें ऐसा कर ही लेना चाहिये।

ENGLISH TRANSLATION

[Sanskrit] 'Therefore, the wise person should restrain the mind, which is prone to actions, resolves, and doubts; thereby, fearlessness shall be attained.'
(Srimad Bhagavatam 11.2.38)However, if we are unable to grasp this principle and cannot restrain the mind, what should we do? How then can our fear be eradicated? Should we lose hope? No, there is absolutely no need to despair. There is a far simpler path than this, which every one of us can follow without hindrance. That is the path of taking refuge in the Lord. Remembering His divine and immortal message, let us take shelter with all our heart in the Lord, who is the very Self of all embodied beings; let us surrender completely and in every way to Him alone. Then, uniting with Him and becoming one with Him, we shall certainly be liberated from all fears forever:[Sanskrit] 'Take refuge with your whole being in Me alone, who am the inner Self of all embodied beings; through Me, you shall truly become free from fear from all sides.' If we desire the cessation of fear, we must do this without any delay.

CHAPTER 21

शान्तिकी खोज

The Search for Peace

Source coverage: 187–192

ORIGINAL

शान्तिकी खोज

सागरके वक्षःस्थलपर उठती हुई लहरोंको देखकर हम सोचते हैं—ओह! सागर कितना क्षुब्ध है, कितना चञ्चल है? पर कदाचित् हम उसी समय सागरके भीतर प्रवेश कर देख पाते तो हमें दीखता कि इन तरङ्गोंसे कुछ ही दूर नीचे जानेपर समुद्रका गर्भ तो बिलकुल शान्त है। ठीक इसी प्रकार जब हम अपने मनको टटोलते हैं तो दीखता है कि यहाँ तो विषयोंकी आँधी चल रही है, किन्तु यदि मनके भीतर प्रवेश करते, मन जिस परमात्माके आधारपर अवलम्बित है, उस परमात्माको छूने लगते, तब अनुभव होता कि यहाँ तो अखण्ड शान्ति छायी हुई है। क्षोभ नहीं, विकलता नहीं; यहाँ तो पूर्ण शान्तिका साम्राज्य छाया हुआ है।क्या यह सम्भव है कि हम मनके भीतर चले जायें, परमेश्वरको छू लें, हमें यह पूर्ण शान्ति मिल जाय! अवश्य सम्भव है। वह शान्ति तो हमारी प्रतीक्षा कर रही है, प्रभु तो हमारी बाट देख रहे हैं कि कब हम बाहरकी ओर शान्ति ढूँढ़ना छोड़कर भीतरकी ओर चल पड़ें, प्रभुसे जा मिलें, उनसे मिलकर हमारी जलन शान्त हो जाय, सदाके लिये हमें पूर्ण शान्ति मिल जाय। पर हम तो उस ओर जा रहे हैं, जिधर शान्ति मिलनेकी नहीं। चाहते हैं हम शान्तिको ही, हममेंसे प्रत्येक निरन्तर शान्ति ही ढूँढ़ रहा है, पर ढूँढ़ रहा है वहाँ, जहाँ शान्ति नहीं है। शान्ति तो एकमात्र प्रभुमें है। प्रभु नित्य हमारे अन्दर ही विराजित हैं, हमारे इसी अशान्त मनकी ओटमें वे अवस्थित हैं, उन्हींके आश्रित हमारा मन है। अपने इतने निकट वर्तमान प्रभुसे जब हमारा मिलन होगा, तभी शान्ति मिलेगी।अभी हमारी बुद्धि प्रभुको छोड़कर अन्यको विषय कर रही है, हमारा मन प्रभुको भूलकर अन्यका मनन कर रहा है, इन्द्रियाँ प्रभुकी

ENGLISH TRANSLATION

The Quest for PeaceLooking at the waves rising upon the bosom of the ocean, we think-Oh! How agitated the ocean is, how restless it is! But if at that very moment we could enter beneath the surface of the ocean, we would see that just a little distance below these waves, the depths of the sea are entirely tranquil. In exactly the same manner, when we examine our mind, it appears as though a tempest of sensual objects is raging here; yet if we were to enter deep within the mind and touch the Supreme Lord upon whose support the mind rests, we would realize that unbroken peace reigns here. There is no agitation, no anguish; here lies the realm of absolute peace. Is it possible for us to go within the mind, touch the Supreme Lord, and attain this perfect peace? It is certainly possible. That peace is waiting for us, and the Lord is looking out for our arrival, waiting for the moment when we cease seeking peace outside, turn inward, and unite with Him, so that upon meeting Him our burning anguish may be pacified and we may attain complete peace forever. But we are proceeding in that direction where peace cannot be found. What we desire is peace alone; each one of us is unceasingly searching for peace, but searching for it where peace does not exist. Peace resides exclusively in the Lord. The Lord is ever seated within us; He dwells behind the veil of this very restless mind of ours, and our mind is dependent upon Him. Only when our union occurs with the Lord, who is ever present so close to us, will peace be attained. Presently, our intellect is engaging with other objects instead of the Lord, our mind is contemplating other things while forgetting the Lord, and our senses are

ORIGINAL

ओर न जाकर दूसरी ओर दौड़ रही हैं, शरीर प्रभुकी सेवासे विमुख हो रहा है, हमें झूठी ममता फाँसे हुए है और मिथ्या अहङ्कार भ्रमित किये हुए है। इसीसे हम अशान्त हैं। हमारी बुद्धि प्रभुको समर्पित हो जाय, मन प्रभुपर न्योछावर हो जाय, इन्द्रियाँ प्रभुपरायण हो जायें, शरीर प्रभुकी सेवामें संलग्न हो जाय, झूठी ममता टूट जाय और मिथ्या अहङ्कार मिट जाय—बस, फिर अशान्ति भी सदाके लिये मिट जायगी।हमें इसीके लिये प्रयत्न करना है। बुद्धिके द्वारा हम प्रभुके स्वरूपका निश्चय करें—'शान्तिसमृद्धममृतम्', हमारे प्रभु शान्तिरूप हैं, पूर्ण हैं, अमृतस्वरूप हैं; 'शान्तं ब्रह्मेदमुक्थ्यम्', प्रभु पूर्ण शान्त हैं, पूर्ण प्रसन्न हैं; 'विज्ञानमानन्दं ब्रह्म', प्रभु विज्ञानस्वरूप हैं, आनन्दस्वरूप हैं; 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म', प्रभु सत्य हैं, ज्ञानस्वरूप हैं, अनन्तस्वरूप हैं; 'रसो वै सः, रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति, को ह्येवान्यात्कः प्राण्याद् यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्, एष ह्येवानन्दयति', प्रभु रसस्वरूप हैं, प्रेमस्वरूप हैं; रसस्वरूप-प्रेमरूप प्रभुको ही पाकर तो पुरुष आनन्दभाजन बन जाता है। यदि हृदयके आकाशमें स्थित आनन्दस्वरूप प्रभु न होते तो प्राण-अपानकी क्रिया कौन कर सकता! ये प्रभु ही तो सारे विश्वको आनन्द दान करते हैं; 'एतस्यैवानन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति', इन्हीं आनन्दस्वरूप प्रभुके कलामात्र आनन्दके आश्रित रहकर ही तो समस्त जीव जीवन धारण करते हैं; 'आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्तीति', आनन्दस्वरूप प्रभुसे ही सब प्राणी उत्पन्न होते हैं, उत्पन्न होनेपर आनन्दस्वरूप प्रभुके द्वारा ही जीवित रहते हैं एवं प्रयाण करते समय आनन्दस्वरूप प्रभुमें ही समा जाते हैं।एको देवः सर्वभूतेषु गूढः
सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः
साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च॥

ENGLISH TRANSLATION

...instead of turning toward the Lord, they are running in the opposite direction; the body has turned away from the service of the Lord, false attachment has ensnared us, and illusory ego has led us astray. This alone is why we are restless. If our intellect is surrendered to the Lord, our mind is devoted entirely to Him, our senses become dedicated to Him, our body becomes engaged in His service, false attachment is shattered, and illusory ego is eradicated-then, restlessness will also vanish forever. We must strive precisely for this. Through our intellect, let us firmly ascertain the true nature of the Lord-[Sanskrit] "He is rich in peace and immortal"; our Lord is the embodiment of peace, complete, and immortal. [Sanskrit] "Brahman is tranquil and worthy of praise"; the Lord is utterly tranquil and perfectly blissful. [Sanskrit] "Brahman is pure consciousness and bliss"; the Lord is the embodiment of transcendental knowledge and bliss. [Sanskrit] "Brahman is truth, knowledge, and infinity"; the Lord is truth, consciousness, and infinite. [Sanskrit] "He is verily the aesthetic essence (Rasa); indeed, attaining this essence, the soul becomes filled with bliss. Who indeed could inhale, who could exhale, if this bliss were not present in the ether of the heart? For He alone bestows bliss." The Lord is the embodiment of divine bliss and divine love. It is solely by attaining the Lord, who is bliss and love personified, that a person becomes a vessel of bliss. If the Lord of bliss were not situated in the ether of the heart, who could perform the functions of breathing in and breathing out! It is this Lord alone who grants joy to the entire universe. [Sanskrit] "All other beings live by subsisting upon merely a fraction of His bliss." It is by depending upon a mere fragment of the joy of this very Lord of bliss that all living beings sustain their lives. [Sanskrit] "From bliss alone indeed all these beings are born; having been born, by bliss they live; and into bliss they depart and enter." From the Lord of bliss all creatures emerge; having emerged, by the Lord of bliss they are sustained; and at the time of departure, into the Lord of bliss they dissolve. [Sanskrit] "The one non-dual Lord is hidden within all beings, all-pervading, the innermost Self of all creatures, the overseer of all actions, the dwelling-place of all entities, the witness, the conscious animator, absolute, and devoid of attributes."

ORIGINAL

हमारे प्रभु ही वे प्रसिद्ध एक देव हैं जो सब प्राणियोंमें छिपे हुए हैं, सर्वत्र व्याप्त हैं, सब जीवोंके अन्तरात्मा हैं, कर्मोंके अध्यक्ष हैं, सब भूतोंके अधिष्ठान हैं, सबके साक्षी हैं, सबको चेतना देनेवाले हैं, केवल हैं, निर्गुण हैं। 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्', प्रभु ही तो इस विश्वकी रचना करके इसमें प्रवेश कर गये। 'स एष इह प्रविष्ट आ नखाग्रेभ्यः', प्रभु तो हमारे शरीरमें नखसे लेकर शिखापर्यन्त अनुप्रविष्ट हैं; 'सर्वेषां भूतानामन्तरः पुरुषः स म आत्मेति', समस्त प्राणियोंके भीतर जो पुरुष विराजित हैं, वे हमारे अन्तरात्मस्वरूप प्रभु ही तो हैं; 'पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्', भूत, वर्तमान, भविष्यका समस्त जगत् हमारे प्रभुका ही तो स्वरूप है।नित्योऽनित्यानां चेतनश्चेतनाना-
मेको बहूनां यो विदधाति कामान्।
तमात्मस्थं येऽनुपश्यन्ति धीरा-
स्तेषां शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्॥'प्रभु अनित्य पदार्थोंमें नित्यस्वरूप हैं, चेतनोंके भी चेतन हैं, वे अकेले ही अनेककी कामनाएँ पूर्ण करते हैं; जो धीर पुरुष अपनी बुद्धिमें स्थित उन प्रभुको देख लेते हैं, उन्हींको नित्य शान्ति प्राप्त होती है, औरोंको नहीं।' इस प्रकार बार-बार निश्चय करके हम बुद्धिको इन भावोंमें स्थित कर दें, इन भावोंपर दृढ़ अटल संशयहीन विश्वास कर लें, यही बुद्धिका प्रभुमें समर्पण है।बुद्धिका निश्चय हो जानेपर भी इन भावोंको बार-बार मनसे मनन करनेकी आवश्यकता है, क्योंकि हम देखते हैं—बुद्धिसे हमें यह दृढ़ निश्चय रहता है कि जिधर सूर्योदय होता है, उधर ही पूर्व दिशा है, किंतु यदि हमें दिशाका भ्रम हो जाय तो मनको, नेत्रोंको यह अनुभव होता है कि सूर्योदय तो पश्चिम, दक्षिण या उत्तरमें हुआ है। दिशाभ्रमकी दशामें—कल्पना करें—जहाँ हम कभी पहले नहीं गये, ऐसे किसी अपने घरमें पूर्वकी ओर यदि हमें जाना होता है तो हम मनकी प्रतीतिकी

ENGLISH TRANSLATION

Our Lord alone is that renowned, singular Divinity who is hidden within all beings, who pervades everywhere, who is the innermost Soul of all creatures, the presiding Lord of all actions, the substratum of all entities, the witness of all, the animator of all, absolute, and beyond the material qualities (Gunas). [Sanskrit] "Having created it, He entered into it." The Lord Himself created this cosmos and entered into it. [Sanskrit] "He has entered into this body up to the very tips of the nails." The Lord has entered and permeated our body from the nails to the crown of the head. [Sanskrit] "The Person residing within all beings, He is my own Inner Self." The supreme Person seated within all creatures is verily our Lord, our very Inner Self. [Sanskrit] "The Supreme Person alone is all this-all that has been and all that is yet to be." The entire universe of the past, present, and future is verily the form of our Lord. [Sanskrit] "He is the Eternal amidst the non-eternal, the Consciousness amidst the conscious, the One who fulfills the desires of the many. The wise who perceive Him seated within their own self attain eternal peace, and not others.""The Lord is the eternal essence amidst transient objects, the consciousness of all conscious beings; He alone fulfills the desires of the many. The wise who behold that Lord dwelling within their own intellect attain everlasting peace, and none else." Having resolved this repeatedly, let us establish our intellect firmly in these realizations, holding an unwavering, steadfast, and doubt-free conviction in them. This alone is the surrender of the intellect unto the Lord. Even after the intellect reaches this firm conviction, there is a need to contemplate these truths repeatedly with the mind. For we observe that through our intellect we hold the firm certainty that the direction of sunrise is the East; however, if we become disoriented, our mind and eyes perceive that the sun has risen in the West, South, or North. In a state of disorientation-imagine-if we must go toward the East to a home of our own where we have never been before, we disregard the mind's deceptive impression...

ORIGINAL

अवहेलना कर देते हैं, जिधर सूर्योदय हुआ दीखता है, उसी ओर चल पड़ते हैं। साथ ही बार-बार इधर सूर्योदय हुआ है, इधर ही पूर्व है, इधर ही हमारा घर है, यह बात हम अपने भ्रान्त मनको समझाते हुए चलते हैं, अन्यथा पथ भूल जानेकी सम्भावना है। ठीक ऐसे ही बुद्धिमें प्रभुके स्वरूपका निश्चय हो जानेपर भी उसके मननकी, अधिकाधिक स्मरणकी आवश्यकता रहती है, नहीं तो विषयोंके बाजारमें दौड़ते हुए मनके लिये पथ भूल जाना साधारण बात है। हमें चाहिये प्रभुके उपयुक्त स्वरूपका खूब मनन करें। मनन करते-करते मन तदाकार हो जाय यही मनका प्रभुपर न्योछावर हो जाना है।

मन प्रभुमें तन्मय हो जानेपर तो इन्द्रियाँ अपने-आप उनमें लग ही गयीं। पर इससे पूर्व हमें इन्द्रियोंको प्रभुकी ओर मोड़ना पड़ेगा। हमारे नेत्रोंके सामने जो भी रूप आवे, हम अनुभव करें यह तो हमारे प्रभुका ही रूप है, हमें प्रभुके ही दर्शन हो रहे हैं। कानोंमें जो भी शब्द सुन पड़ें, हम सोचें ये तो हमारे प्रभु बोल रहे हैं। हमें प्रभुके शब्द सुन पड़ रहे हैं। नासिकामें किसी प्रकारकी गन्ध आवे, हम अनुभव करें कि इस गन्धके रूपमें प्रभु ही व्यक्त हो रहे हैं, कैसा भी स्पर्श प्राप्त हो, यह प्रतीत हो कि हमें प्रभुका ही स्पर्श प्राप्त हो रहा है। रसनेन्द्रिय जिस रसका आस्वाद ले उसके लिये हमें यह भान हो कि रसरूपमें प्रभु ही हमारे आस्वाद्य बने हुए हैं। ऐसा कर लेना ही इन्द्रियोंको प्रभुपरायण बना देना है।

वाणीके द्वारा भी प्रभुकी सेवा ही हो। चिथड़ा लपेटे राहका भिखारी मिलने आवे, हमें अनुभव हो कि प्रभु पधारे हैं तथा हम आगे बढ़कर अमृतमयी वाणीसे उनका यथायोग्य स्वागत करें। इसी तरह कदाचित् सम्राट् पधारें, तो हमें यह अनुभव हो कि 'जो प्रभु चिथड़े लपेटे आये थे, वे ही सम्राट् बनकर आये हैं।' सम्राट्की सेवा तो उनके अनुरूप ही होनी चाहिये, पर उस भिखारीमें एवं इनमें आभ्यन्तरिक आदरभाव, अपनत्व एवं प्रेमका तिलमात्र भी तारतम्य नहीं हो। यदि

ENGLISH TRANSLATION

...and we proceed in the direction where the sun appears to have risen. At the same time, we keep reassuring our confused mind: "The sun has risen here, this direction is the East, and our home is right here." Otherwise, there is a risk of losing the way. In the exact same manner, even when the intellect has attained certainty regarding the true nature of the Lord, continuous reflection and ever-increasing remembrance are essential; otherwise, it is very easy for a mind running in the marketplace of worldly desires to lose its way. We ought to reflect deeply on this aforementioned nature of the Lord. When, through continuous reflection, the mind becomes one with that divine form, that is what it means for the mind to be entirely devoted to the Lord. Once the mind is absorbed in the Lord, the senses will naturally become engaged in Him. But prior to that, we must intentionally turn our senses toward the Lord. Whatever form appears before our eyes, let us feel: "This is indeed the form of our Lord; we are beholding the Lord Himself." Whatever words reach our ears, let us think: "These are spoken by our Lord; we are hearing the words of the Lord." Whatever scent reaches our nose, let us feel that the Lord Himself is manifesting through this fragrance. Whatever touch we experience, let it be felt as the touch of the Lord. Whatever taste the tongue savors, let us be conscious that the Lord Himself has become the object of our relish in the form of taste. To do this is to make the senses wholly dedicated to the Lord. Through speech as well, let there be only the service of the Lord. If a roadside beggar wrapped in rags comes to meet us, let us feel that the Lord Himself has arrived, and let us step forward to welcome him fittingly with nectar-like words. Similarly, if an emperor should arrive, let us feel: "The very Lord who came wrapped in rags has now come as an emperor." The external service rendered to an emperor must indeed be appropriate to his station, but between that beggar and this emperor, there must not be the slightest difference in our inner reverence, sense of oneness, and love. If...

ORIGINAL

कमी-बेशी हुई तो हमें समझना चाहिये कि परीक्षामें हम अनुत्तीर्ण हो गये। तथा आगेके लिये प्रयास करना चाहिये कि समानभावसे हम सबमें प्रभुको विराजित देख सकें, समान प्रेम कर सकें, समान अपनत्व दे सकें। हमारी वाणी किसीके लिये भी कभी उद्वेगका कारण न बने, वाणीमें सदा मधुरता भरी हो, कभी किसीको रूक्षताकी गन्ध भी न मिले, पूर्ण सत्य भरा हो, उसमें झूठ-कपट-दम्भकी छायातक नहीं हो, सबके हितकी भावनासे ओतप्रोत हो, वैर-विरोध तथा द्वेष-ईर्ष्यासे सर्वथा शून्य हो। इस कसौटीपर कसी हुई वाणी ही हमारे मुँहसे आवश्यक व्यवहारके समय जगत्-रूप प्रभुकी सेवाके लिये निकले तथा इसके अतिरिक्त समयमें भी निरन्तर प्रभुके स्तवन, विशुद्ध प्रार्थना, प्रभुके स्वरूपके प्रवचन, गुण-वर्णन आदिमें ही वाणी डूबी रहे। यह हो गया तो हम समझें कि वाणी भी प्रभुकी ओर मुड़ गयी।
शरीरकी सेवाका कोई अवसर हम खो न दें, इसके लिये सावधान रहें। हमारे शरीरका अणु-अणु प्रभुकी सेवामें ही लगे। अनेक रूपोंमें प्रभु हमारी सेवा लेनेके लिये उपस्थित होते हैं। कभी जेठकी दोपहरीमें केवल पानी पिला देनेके लिये कहते हैं। कभी पथके किनारे अन्धे बने हुए खड़े पथ दिखा देनेकी प्रार्थना करते हैं। कभी हमारे औषधालयके सामने फोड़ेकी वेदना लिये हमसे मरहमपट्टी कर देनेको, अपने जर्जर शरीरके लिये अच्छी-सी ओषधि देनेकी भीख माँगते हैं तथा कभी स्टेशनसे छूटती हुई गाड़ीके डिब्बेके सामने आकर हमसे किवाड़ खोल देने, भीतर आ जाने देनेकी प्रार्थना करते हैं। माता-पिता, भाई-बन्धु, गुरुजन, परिजन आदि बनकर विविध भाँतिसे विविध अवसरोंपर वे हमारे शरीरसे सेवा लेने आते हैं, सेवा कर देनेकी प्रेरणा करते हैं। पशु-पक्षी, कीट-पतङ्ग, वृक्ष-लता बनकर भी हमारे सामने आते हैं, हमें सेवाका अवसर देते हैं। दिनभरमें न जाने कितनी बार किन-किन रूपोंमें आते हैं और हमें धन-जनसे नहीं, केवल शरीरमात्रसे सम्पन्न होनेवाली अपनी सेवाका मौका देते हैं। हमें चाहिये कि इन सभी

ENGLISH TRANSLATION

...any disparity arises, we must understand that we have failed the test. And we should strive for the future so that with equanimity we may behold the Lord dwelling within all, love all equally, and extend equal intimacy to all. Let our speech never become a cause of agitation for anyone; let our words ever be filled with sweetness; let no one ever perceive even a trace of harshness in them; let them be filled with complete truth, untouched even by the shadow of falsehood, deceit, or hypocrisy; let them be imbued with goodwill for the welfare of all; and let them be entirely devoid of enmity, opposition, malice, and jealousy. Only speech tested on this touchstone should issue from our lips during necessary worldly interactions for the service of the Lord who manifests as the universe. Moreover, during all remaining time, let our speech remain constantly immersed in chanting the praises of the Lord, in pure prayers, in discourses on the divine nature of the Lord, and in describing His attributes. When this is accomplished, we may know that our speech too has turned toward the Lord. Let us remain vigilant so that we do not lose any opportunity for physical service. Let every single atom of our body be engaged in the service of the Lord. In numerous forms the Lord presents Himself to accept our service. Sometimes, in the scorching noon of the month of Jyeshtha, He asks merely for a sip of water. Sometimes, standing by the roadside as a blind person, He pleads to be shown the path. Sometimes, carrying the pain of an ulcer before our dispensary, He begs of us a dressing and a soothing medicine for His frail body. And sometimes, standing before the compartment of a train departing from the station, He requests us to open the door and let Him step inside. Becoming parents, siblings, elders, and family members, He comes in diverse ways and on diverse occasions to receive service from our bodies, inspiring us to serve. He also appears before us as beasts, birds, insects, trees, and creepers, granting us opportunities to serve. Who knows how many times throughout the day and in what varied forms He comes, offering us opportunities to serve Him-not through wealth or manpower, but simply through our physical body alone! We ought to utilize all these...

ORIGINAL

अवसरोंपर पूरे उत्साहसे हम अपने शरीरको प्रभुकी यथायोग्य सेवामें
नियोजित कर दें। साथ ही पूरी सावधानी रखें कि सेवाके श्रममें कहीं
प्रभुके किसी रूपको हमारे इस शरीरसे पीड़ा न पहुँच जाय।उपर्युक्त चारों बातें यदि हो गयीं, बुद्धि प्रभुके स्वरूपमें स्थित हो
गयी, मन प्रभुमें तन्मय हो गया, इन्द्रियाँ प्रभुमें लग गयीं, शरीर सेवामें
समर्पित हो गया, तब फिर तो इनका अनिवार्य परिणाम यह होगा कि
झूठी ममता टूट जायगी, मिथ्या अहङ्कार विलीन हो जायगा। जहाँ
अहङ्कार है, वहीं ममता है। जब वास्तवमें सर्वस्वरूप भगवान्‌की
अनुभूति हो जायगी, तब हमारा यह 'मैं' नहीं रहेगा और इसीलिये 'मैं'
की सन्तान 'मेरा' भी नहीं रहेगा। 'मैं' के स्थानपर एकमात्र प्रभु बच
रहेंगे और 'मेरा' के स्थानपर भी प्रभुका ही पसारा रहेगा। यहाँ एक
अखण्ड अनन्त असीम अनिर्वचनीय शान्तिका साम्राज्य फैला होगा
तथा यहीं हमारी शान्तिकी खोज भी समाप्त होगी।

ENGLISH TRANSLATION

Whenever an opportunity arises, let us engage our body with full enthusiasm in the fitting service of the Lord. At the same time, let us take complete care that in the labor of service, no manifestation of the Lord suffers any hurt or distress through this body of ours. If these four aforesaid conditions are fulfilled-if the intellect becomes established in the divine nature of the Lord, the mind becomes absorbed in the Lord, the senses become devoted to the Lord, and the body is surrendered in service-then the inevitable consequence will be that false attachment will be shattered and illusory ego will dissolve away. Wherever ego exists, attachment exists there as well. When the direct realization of the all-pervading Supreme Lord truly dawns, this 'I' of ours will no longer remain, and therefore the offspring of 'I', which is 'mine', will also cease to exist. In place of 'I', the Lord alone will abide, and in place of 'mine', there will only be the expanse of the Lord Himself. Here, an unbroken, endless, boundless, and ineffable reign of peace will prevail, and here alone our quest for peace will attain its fulfillment.